RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 137
लखनऊ, सोमवार, 8 मार्च, 2021
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर





विनेश फोगाट ने जीता स्वर्ण पदक
स्पोर्ट्स-10



www.dailypioneer.com


# बंगाल में होगा असली बदलाव: मोदी

- कोलकाता में ब्रिगेड ग्राउंड में अपनी पहली चुनावी रैली का किया आगाज, ममता बनर्जी पर जमकर बोला हमला
- कहा-जनता की दीदी बनने के बजाये अपने भतीजे की बुआ बनना ज्यादा पसंद किया





**सौगर सेनगुप्ता।** कोलकाता

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कोलकाता के ब्रिगेड मैदान में पश्चिम बंगाल में असली पोरिबोर्तन का नारा देते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जमकर निशाना साधा। मोदी ने रविवार को अपनी मेगा रैली में सीधा आरोप लगाया कि बंगाल ने वाम शासन के बाद परिवर्तन लाने के लिए 2011 में बनर्जी पर भरोसा जताया था लेकिन उन्होंने राज्य के लोगों को धोखा दिया और उनका अपमान किया। मोदी ने ममता पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने जनता की दीदी बनने के बजाय अपने भतीजे की बुआ बनना पसंद किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब ऐसा नहीं होगा, राज्य में असली परिवर्तन देखने को मिलेगा। भाजपा ममता बनर्जी पर आरोप लगाती रही है कि वह डायमंड हार्बर से सांसद और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी को अगला मुख्यमंत्री बनाने के प्रयास में जुटी हैं।

मोदी ने तृणमूल कांग्रेस प्रमुख पर हमला करते हुए कहा कि आपने बंगाल के उन लोगों को धोखा दिया और अपमान किया, जिन्होंने भरोसा किया था कि वाम षासन के बाद आप परिवर्तन लाएंगी। आपने उनकी उम्मीद और सपनों को चकनाचूर कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि बनर्जी ने उन लोगों को नजरअंदाज कर, भाई-भतीजावाद को बढ़ावा दिया, जोकि उन्हें प्यार से दीदी कहते हैं। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी और बनर्जी जैसे प्रतिद्वंद्वी नेताओं पर पलटवार करते हुए मोदी ने कहा कि वह मित्रता का मूल्य समझते हैं। कई विरोधी नेता मोदी पर कुछ खास उद्योगपति मित्रों का पक्ष लेने का आरोप लगाते रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के सभी 130 करोड़ लोग मेरे मित्र हैं। मैं उनके लिए कार्य करता हूं। उन्होंने अंदरूनी-बाहरी की बहस को बढ़ावा देने के लिए भी ममता बनर्जी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वह पष्चिम बंगाल में असली परिवर्तन लाने को प्रतिबद्ध हैं, जहां हर वर्ग का विकास हो और घुसपैठ रोकी जाए। मोदी ने कहा कि असली परिवर्तन तभी होगा, जब युवाओं एवं युवतियों को नौकरियां और बेहतर शिक्षा मिलेगी। साथ ही निवेष आएगा और राज्य के लोगों को काम करने के लिए अन्य राज्यों में नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भारत माता के आषीर्वाद से हम राज्य को सोनार बांग्ला बनाएंगे। तृणमूल कांग्रेस के चुनावी नारे खेला होबे पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि अब तृणमूल कांग्रेस का खेल खत्म और विकास शुरू होगा।

## मिथुन भाजपा में शामिल, कहा वंचितों की सेवा को मिला मंच

**पायनियर समाचार सेवा।** कोलकाता



**अभिनेता** मिथुन चक्रवर्ती रविवार को यहां ब्रिगेड परेड मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी रैली से पहले भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप घोष एवं अन्य ने मिथुन चक्रवर्ती का पार्टी में स्वागत किया। घोष ने चक्रवर्ती को पार्टी का झंडा सौंपा। इसके बाद राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित अभिनेता ने कहा कि वह हमेशा से वंचितों के ( शेष पेज 9 )

# ममता का पलटवार, मोदी-शाह को सबसे बड़ा लुटेरा बताया

**पायनियर समाचार सेवा।** सिलीगुड़ी



सिलीगुड़ी में एलपीजी मूल्यवृद्धि के खिलाफ प्रदर्शन मार्च को संबोधित करतीं ममता बनर्जी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के खिलाफ नए सिरे से मोर्चा खोलते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री अमित शाह सबसे बड़े लुटेरे हैं और जानना चाहा कि किस तरह सार्वजनिक उपक्रम के विनिवेश के माध्यम से धन जुटाया गया। एलपीजी मूल्य में बढ़ोतरी के खिलाफ प्रदर्शन मार्च के बाद यहां एक रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने आरोप लगाया कि मोदी-शाह के शासनकाल में एक सिंडिकेट फल-फूल रहा है और उनकी देखरेख में धन का हेरफेर हो रहा है।

कोलकाता में एक रैली के दौरान वास्तविक बदलाव के मोदी के बयान पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा, परिवर्तन दिल्ली में होगा, बंगाल में नहीं। प्रधानमंत्री पर राज्य में मतदाताओं को गुमराह करने के लिए झूठ का सहारा लेने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने हर नागरिक के बैंक खाते में 15 लाख रुपए क्यों नहीं जमा किए, जैसा कि उन्होंने 2014 के लोकसभा चुनावों से पहले वादा किया था। बनर्जी ने पूछा, रेल, एअर इंडिया और कोल इंडिया लिमिटेड को बेचकर कितना धन इकट्ठा किया गया? पूरा देश मोदी-शाह सिंडिकेट के बारे में जानता है। वह भाजपा के इन आरोपों का जवाब दे रही थीं कि उनके शासन में राज्य में कट मनी की संस्कृति को संस्थागत रूप दिया गया है। टीएमसी सुप्रीमो ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में पूरी दुनिया में कमी आई है लेकिन भारत में ईंधन की कीमतें आसमान छू रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने इतने वर्षों में कई खोखले वादे किए और लोगों को अब उन पर विश्वास नहीं है। बनर्जी ने अपने संबोधन में कहा, आपने कई खोखले वादे किए हैं। लोग हमेशा आपके झूठ को स्वीकार नहीं करेंगे। हम मांग करते हैं कि आप एलपीजी सिलेंडर देश के हर नागरिक के लिए सस्ता करिए। आपने एलपीजी सिलेंडर आम आदमी की पहुंच से दूर कर दिया है। ममता ने राज्य में अपनी सरकार की उपलब्धियां भी गिनाईं। टीएमसी के खेला होबे नारे पर मोदी द्वारा कटाक्ष किए जाने का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, इसका मतलब है कि हम आपकी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं। और हम हैं... चुनावों से पहले खेल होगा। मैं आमने-सामने चर्चा के लिए तैयार हूं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि मोदी को झूठ बोलने की अपनी आदत पर शर्मिंदा होना चाहिए। उन्होंने कहा, वह बंगला में भाषण देते हैं जबकि स्क्रिप्ट हमेशा गुजराती में लिखा होता है और उनके सामने पारदर्शी शीशे के अंदर रखा होता है। वह बहाना करते हैं कि वह अच्छी तरह बांग्ला भाषा जानते हैं। उन्होंने कहा, आपकी पार्टी ने विद्यासागर की प्रतिमा तोड़ी। आपकी पार्टी ने बिरसा मुंडा का अपमान किया। आपकी पार्टी ने गलत तरीके से कहा कि रबिंद्रनाथ टैगोर का जन्म शांतिनिकेतन में हुआ।

## मवेशी तस्करी मामला
## सीबीआई ने बंगाल के दो अफसरों को किया तलब

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**विधानसभा** चुनावों की सरगर्मियों के बीच पश्चिम बंगाल में सीमा पार से अवैध पशु तस्करी के एक मामले में सीबीआई ने दो वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को नोटिस भेजा है। सूत्रों ने कहा कि डीआईजी रैंक के आईपीएस अधिकारी कल्लोल गनाई और एसपी रैंक के अधिकारी अंशुमान साहा से जांच एजेंसी सोमवार को कोलकाता स्थित में अपने कार्यालय में पूछताछ करेगी। गनाई पहले मुर्शिदाबाद रेंज के डीआईजी के रूप में तैनात थे, जबकि साहा मुर्शिदाबाद जिले के एडिशनल एसपी थे; यहीं कथित सरगना मोहम्मद इनामुल हक अवैध पशु व्यापार को चलाता था। सीबीआई ने पिछले साल 21 सितंबर को चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इनमें कुछ सीमा सुरक्षा बल और सीमा शुल्क अधिकारी भी शामिल थे। आरोप है कि इन अधिकारियों को अंतरराष्ट्रीय मवेशी तस्करों ने कथित रूप से रिश्वत दी थी, ताकि वे उनके पशुओं को ( शेष पेज 9 )

## भारत में विकसित किए गए कोरोना के टीके ने दुनिया को महामारी से बचाया

- शीर्ष अमेरिकी वैज्ञानिक ने कहा

**भाषा।** ह्यूस्टन



**दुनिया** के शीर्ष संस्थानों के साथ मिलकर भारत में निर्मित कोविड-19 के टीके ने दुनिया को खतरनाक महामारी से बचाया है और देश के योगदान को कमतर नहीं समझा जाना चाहिए। यह बात अमेरिका के एक शीर्ष वैज्ञानिक ने कही।

महामारी के दौरान दवा के क्षेत्र में व्यापक अनुभव एवं ज्ञान के कारण भारत को फार्मेसी ऑफ द वर्ल्ड कहा गया। दुनिया में सबसे बड़ा दवा निर्माता देश भारत है और ज्यादा संख्या में देशों ने कोरोना वायरस का टीका खरीदने के लिए इससे संपर्क किया है। ह्यूस्टन में बायलोर कॉलेज ऑफ मेडिसिन के नेशनल स्कूल ऑफ ट्रॉपिकल मेडिसिन के डीन डॉ. पीटर होटेज ने हाल में एक वेबिनार के दौरान कहा कि एमआरएनए के दो टीकों का दुनिया के कम एवं मध्यम आय वाले देशों पर प्रभाव नहीं पड़ता, लेकिन भारत के टीके ने दुनिया को बचाया है और इसके योगदान को कमतर नहीं समझा जाना चाहिए। वेबिनार कोविड-19 : वैक्सीनेशन एंड पोटेंशियल रिटर्न टू नॉर्मल्सी - इफ एंड व्हेन में डॉ. होटेज ने कहा कि कोविड-19 के टीके का विकास वायरस से लड़ने में दुनिया को भारत का तोहफा है।

# प्रदेश में सभी किसानों का बनेगा क्रेडिट कार्ड

- योगी ने अधिकारियों को 15 अप्रैल तक अभियान चलाकर कार्य पूरा करने के दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने किसानों को क्रेडिट कार्ड से जोड़ने के लिए बड़ी पहल की है। उन्होंने प्रदेश में प्रधानमंत्री किसान योजना के सभी लाभार्थियों को 15 अप्रैल तक अभियान चलाकर किसान क्रेडिट कार्ड देने के निर्देश दिए हैं। योजना में छोटी जोत वाले किसानों के भी क्रेडिट कार्ड बनाए जाने का आदेश दिया है। प्रदेश सरकार किसानों की आय को वर्ष 2022 तक दोगुना करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है। विभिन्न योजनाओं के बेहतर उपयोग, अवस्थापना से संबंधित गैप्स को पूरा करने की योजना पर काम शुरू कर दिया गया है। प्रदेश में पहली बार ऐसा हुआ है कि किसानों के लिए 27 विभागों को एक साथ जोड़ा गया है। पीएम किसान योजना के सभी लाभार्थियों को किसान क्रेडिट कार्ड से जोड़ने के लिए कृषि विभाग की ओर से जिलों में अभियान चलाकर किसानों के प्रार्थना पत्र वित्तीय संस्थाओं को दिए हैं, लेकिन कोरोना संकट के चलते सभी किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड नहीं दिया जा सका। जिसका संज्ञान लेते हुए अब गांव-गांव में अभियान चलाकर किसानों के क्रेडिट कार्ड बनाया जा रहा है। पैक्स के सदस्य किसानों को भी उनका केसीसी जिला सहकारी बैंकों से सीधे बनवाने के निर्देश भी दिए गए हैं। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव कृषि ने प्रदेश के सभी डीएम, सीडीओ और डिप्टी डायरेक्टर कृषि को पत्र जारी किए हैं, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री किसान योजना के सभी लाभार्थियों का कृषि विभाग के कर्मचारी शत प्रतिशत सत्यापन कराते हुए सभी इच्छुक लाभार्थियों का किसान क्रेडिट कार्ड भरवाने के निर्देश दिए हैं। यह सत्यापन 15 अप्रैल तक चलेगा। प्रदेश सरकार आत्मनिर्भर कृषक समन्वित विकास योजना भी जल्द शुरू करने वाली है। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2021-2022 के बजट में 100 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। योजना में प्रदेश के हर एग्रो क्लाईमेटिक जोन में अधिक होने वाली फसलों का चिह्नीकरण, कृषि के लिए नई तकनीक और निवेश को बढ़ावा, चयनित उत्पादों का मूल्य संवर्धन, विपणन के लिए बाजार तैयार करने और हर ब्लॉक स्तर पर कृषक उत्पादन संगठनों की स्थापना करने की योजना है। पराली की समस्या को देखते हुए प्रदेश के कई जिलों में बायोमास प्लांट लगाने की तैयारी है। फिलहाल तीन जिलों बहराइच, बागपत और फैजाबाद में यह प्लांट लगा दिया गया है और इससे तैयार होने वाले पैलेट्स की सप्लाई भी एनटीपीसी ऊंचाहार को की जा रही है। इससे एक तरफपराली की समस्या का निदान हो रहा है।

# कांग्रेस का द्रमुक से समझौता 25 सीटों पर लड़ेगी चुनाव



चेन्नई में समझौता पत्र के साथ डीएमके प्रमुख एमके स्टालिन और तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केएस अलागिरी।

**कुमार चेलप्पन।** चेन्नई

**तमिलनाडु** में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कई दिन की रस्साकशी के बाद आखिरकार रविवार को कांग्रेस और डीएमके के बीच सीटों को लेकर समझौता हो गया। डीएमके जहां राज्य की 234 में से 180 सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी, वहीं कांग्रेस 25 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नेता दिनेश गुंडू राव की उपस्थिति में डीएमके प्रमुख एमके स्टालिन और तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केएस अलागिरी ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। दिनेश गुंडू राव ने कहा कि दोनों दलों के बीच विधानसभा सीटों का बंटवारा हो गया है। साथ ही कांग्रेस कन्याकुमारी लोकसभा सीट पर उपचुनाव भी ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 50,405 | |
| निफ्टी | 14,938 | |
| सोना | 43,887 | /10g |
| चांदी | 64,805 | /kg |

## क्विक न्यूज

### संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार से आरंभ होगा। चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव केलिए चल रहे प्रचार केबीच यह चरण महीने भर चलेगा। सत्र के दूसरे चरण में सरकार का ध्यान मुख्य रूप से वित्त विधेयक और वित्त वर्ष 2021-22 के लिए अनुदान की अनेक अनुपूरक मांगों को पारित कराने पर होगा। इन अनिवार्य एजेंडा के अलावा, सरकार ने इस सत्र में कई विधेयकों को भी पारित कराने के लिए सूचीबद्ध किया है। इस सत्र का समापन आठ अप्रैल को होगा। सरकार ने जिन विधेयकों को सूचीबद्ध किया है उनमें पेंशन निधि नियामक एवं विकास प्राधिकरण (संशोधन) विधेयक, राष्ट्रीय वित्त पोषण अवसंरचना और विकास बैंक विधेयक, विद्युत (संशोधन) विधेयक, क्रिप्टो करेंसी एवं आधिकारिक डिजिटल मुद्रा नियमन विधेयक शामिल है।

# जनवरी के बाद पहली बार 18 हजार के पार कोरोना मामले

- महाराष्ट्र, केरल, पंजाब और गुजरात समेत छह राज्यों से 84.71 फीसदी केस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देश** में लगातार दूसरे दिन कोरोना वायरस संक्रमण के 18,000 से अधिक नए मामले सामने आए और इसी के साथ अब तक संक्रमित हुए लोगों की कुल संख्या बढ़कर 1,12,10,799 हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक महाराष्ट्र, केरल, पंजाब और गुजरात सहित छह राज्यों में कोविड-19 के रोजाना नए मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को कहा कि 18,711 नए मामलों में से 84.71 फीसदी मामले इन्हीं राज्यों से हैं। महाराष्ट्र में सर्वाधिक 10,187 नए मामले सामने आए हैं। इसके बाद केरल में 2791 मामले जबकि पंजाब में 1159 नए मामले सामने आए हैं। मंत्रालय ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार उन राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के संपर्क में है जहां कोरोना वायरस के उपचाराधीन मरीजों की संख्या ज्यादा है और जहां कोविड-19 के नए मामले बढ़ रहे हैं। इसने महाराष्ट्र और पंजाब में उच्चस्तरीय टीम तैनात की है जहां रोजाना नए मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। कोविड-19 के रोजाना मामले जिन अन्य राज्यों में बढ़ रहे हैं उनमें कर्नाटक और तमिलनाडु भी हैं।

मंत्रालय ने बताया कि रोजाना नए मामलों में आठ राज्यों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। मंत्रालय के मुताबिक उपचाराधीन मरीजों की संख्या में लगातार पांचवें दिन बढ़ोतरी देखी गई है और देश ( शेष पेज 9 )





# कोरोना का खतरा अभी टला नहीं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## ● कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग तथा सर्विलांस कार्य को पूरी सक्रियता से संचालित करने के निर्देश

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि संक्रमण की दर में कमी के बावजूद कोरोना का खतरा अभी समाप्त नहीं हुआ है। उन्होंने कोविड.19 से बचाव व उपचार की प्रभावी व्यवस्था को बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। प्रत्येक स्तर पर पूरी सतर्कता बरतना आवश्यक है।

मुख्यमंत्री रविवार को अपने सरकारी आवास पर अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण की चेन को तोड़ने में टेस्टिंग की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने टेस्टिंग कार्य पूरी क्षमता से संचालित करने के निर्देश देते हुए फोकस टेस्टिंग किए जाने पर बल दिया। उन्होंने कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग तथा सर्विलांस कार्य को पूरी सक्रियता से संचालित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कोरोना वैक्सीनेशन कार्य में देश में उत्तर प्रदेश का प्रथम स्थान होने पर संतोष व्यक्त करते हुए कोविड टीकाकरण की कार्यवाही को पूरी गति से संचालित करने के निर्देश दिए। ज्ञातव्य है कि प्रदेश 20 लाख से अधिक कोविड वैक्सीन की डोज़ लगाने वाला देश का प्रथम राज्य बन गया है। मुख्यमंत्री ने समस्त जिलाधिकारियों तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने जनपद में वैक्सीनेट किए गए लोगों का डाटा नियमित रूप से प्रतिदिन शाम 5 बजे तक पोर्टल पर दर्ज कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को कोविड वैक्सीनेशन कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश देते हुए कहा कि लक्षित आयु वर्ग के अधिक से अधिक लोगों को टीकाकरण के



लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया जाए। मुख्यमंत्री ने प्रदेश द्वारा ई-संजीवनी एप के माध्यम से देश में सर्वाधिक ऑनलाइन कंसल्टेशन प्रदान किये जाने पर संतोष व्यक्त किया है। उन्होंने ई-संजीवनी एप का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश देते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोगों को इसके माध्यम से ऑनलाइन चिकित्सीय परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड चिकित्सालयों की व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त रखा जाए। लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाव के सम्बन्ध में निरन्तर जागरूक करते हुए मास्क के अनिवार्य उपयोग तथा सोशल डिस्टेंसिंग अपनाने के सम्बन्ध में जानकारी दी जाए। उन्होंने जागरूकता सृजन की कार्यवाही में विभिन्न संचार माध्यमों के साथ-साथ पब्लिक एड्रेस सिस्टम का भी व्यापक उपयोग किए जाने के निर्देश दिए।

बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, मुख्य सचिव आरके तिवारी, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद, अपर मुख्य सचिव पंचायतीराज एवं ग्राम्य विकास मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एवं सूचना संजय प्रसाद, सचिव मुख्यमंत्री आलोक कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सीएम ने दी बधाई

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और समाज की प्रगति के लिए विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की समान भागीदारी आवश्यक है। हमारे इतिहास में अनेक महिलाओं के सन्दर्भ मिलते हैं जिन्होंने अपने व्यक्तित्व और कृतित्व से उपलब्धियों के उच्चतम आयाम स्थापित किये। वर्तमान समय में भी महिलाएं अपने विशिष्ट कार्यों से समाज को राह दिखा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं तथा बालिकाओं की सर्वांगीण प्रगति के लिए संकल्पित है। इस उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षाए सम्मान और स्वावलम्बन के लिए प्रदेश में मिशन शक्ति अभियान संचालित किया जा रहा है।



पंडित गोविंद बल्लभ पंत की पुण्यतिथि पर हजरतगंज स्थित लोक भवन में उनकी मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

# सेफ सिटी परियोजना का दूसरा चरण आज से होगा शुरू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**महिलाओं** को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के लिए चल रही सेफ सिटी परियोजना के दूसरे चरण का लोकार्पण कल 8 मार्च को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन गोमतीनगर स्थित इंदिरागांधी प्रतिष्ठान में होगा। सेफ सिटी परियोजना के लिए 194 करोड़ में 60 प्रतिशत अनुदान केन्द्र व 40 प्रतिशत अनुदान राज्य सरकार की ओर से दिया जाता है।

महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए लखनऊ समेत देश के 8 महानगरों में सेफ सिटी परियोजना शुरू की गई है। सेफसिटी परियोजना के तहत पहले चरण में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में महिला सुरक्षा के लिए 100 पिंक बूथ बनाए जा रहे हैं। इसमें से 70 पिंक बूथ बनकर तैयार हो चुके हैं। महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिसकर्मियों को 100 टू व्हीलर पिंक पेट्रोल व 10 फोर व्हीलर पिंक पेट्रोल दिए गए हैं। जिनसे व लगातार स्कूल, कॉलेज व बाजारों में गश्त कर रही हैं।

महिलाओं की सुविधाओं के लिए शहर के 74 स्थानों पर विशेष सुविधा युक्त पिंक टॉयलेट का निर्माण भी कराया जा रहा है, जिसमें से 18 पिंक टॉयलेट बनकर तैयार हो चुके हैं। सेफ सिटी परियोजना के तहत शहर के डार्क स्पाटस को चिन्हित कर वहां पर प्रकाश की व्यवस्था की जा रही है। अब तक 3625 डार्क स्पाटस चिन्हित किए गए हैं। इसमें से 660 पर प्रकाश की व्यवस्था की जा चुकी है जबकि 2965 स्थानों पर मार्च के अंत लाइट लगा दी जाएगी। इससे रात में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों पर अंकुश लगेगा।

सेफ सिटी परियोजना के अन्तर्गत संचालित वीमेन पावर लाइन 1090 भी महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रही है। बेहतर परिणाम मिलने के बाद वीमेन पावर लाइन की क्षमता बढ़ाने का काम भी किया जा रहा है। इसके अलावा टेक्नोलॉजी को बढ़ाते हुए यूपी 112 से इंटीग्रेशन, साइबर फारेंसिक सुविधा, डाटा एनालिटिक केन्द्र भी स्थापित किए गए हैं। हॉट स्पॉट पर सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन, कंट्रोलरूम के जरिए निगरानी की जा रही है। सिटी बसों में पैनिक बटनए सीसीटीवी कैमरे व जीपीएल लगाने का काम भी दिसम्बर 2021 तक पूरा कर लिया जाएगा।

### ये जिले भी सेफ सिटी परियोजना में

लखनऊ सेफसिटी परियोजना की तरह ही प्रदेश के अन्य 12 जिले गोरखपुर, वाराणसी, गोतमबुद्धनगर, मेरठ, आगरा, कानपुर नगर, प्रयागराज, अलीगढ, बरेली, झांसी, मुरादाबाद व सहारनपुर में महिलाओं की सुरक्षा के लिए सेफ सिटी परियोजनाएं लागू किए जाने के लिए संबधित मंडलों के मंडलायुक्त की अध्यक्षता में एक अधिकारिता समिति का गठन किया जाएगा।

## अलीगढ़ के थाना इगलास के ग्राम गोरई में बनेगा नया पुलिस थाना

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने अलीगढ़ के थाना इगलास के ग्राम गोरई में नवीन पुलिस थाना गोरई तथा प्रतापगढ़ के थाना रानीगंज परिक्षेत्र में सुदूरवर्ती कसेरूआ में नवीन रिर्पोटिंग पुलिस चौकी कसेरूआ व लखनऊ ग्रामीण में महिला थाना की स्थापना किये जाने के निर्देश दिये है। यह निर्णय इस क्षेत्र में शांति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने, अपराधों पर और अधिक प्रभावी तरीके से अंकुश लगाये जाने, महिलाओं एवं जन.सामान्य को और अधिक सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से लिया गया है। एसीएस गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि प्रदेश के अलीगढ़ के थाना-इगलास के ग्राम गोरई में नवीन पुलिस थाना गोरई तथा प्रतापगढ़ के थाना रानीगंज परिक्षेत्र में सुदूरवर्ती कसेरूआ में नवीन रिर्पोटिंग पुलिस चौकी कसेरूआ व लखनऊ ग्रामीण क्षेत्र में महिला थाना की स्थापना के संबंध में आवश्यक कार्यवाही प्राथमिकता से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये है। श्री अवस्थी ने बताया कि इन नवीन थानों, चौकी में जनशक्ति, पदों के सृजन आदि के संबंध में निर्देश पृथक से निर्गत किये जाएंगे। इससे अधिक से अधिक आबादी की पुलिसिंग व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरूस्त व सुदृढ़ बनाया जा सकेगा।

# वरासत अभियान को पूरी सक्रियता से चलाएं: योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने वरासत अभियान को पूरी सक्रियता से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अभियान के माध्यम से निर्विवाद उत्तराधिकार को खतौनियों में दर्ज करने की कार्यवाही प्राथमिकता पर करने और जनपद स्तर पर नियमित समीक्षा किये जाने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री रविवार को अपने सरकारी आवास पर विभिन्न विभागों के कार्य की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कल 8 मार्च को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रदेश में मिशन शक्ति अभियान के द्वितीय चरण का शुभारम्भ हो रहा है। समस्त सम्बन्धित विभागों को अन्तर्विभागीय समन्वय के माध्यम से अभियान की विभिन्न गतिविधियों को संचालित करने के सीएम ने निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने गेहूं खरीद वर्ष 2021-22 में एमएसपी के तहत की जाने वाली गेहूं खरीद की सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गेहूं खरीद का कार्य सुचारु ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जनपद स्तर पर जिलाधिकारी द्वारा गेहूं खरीद की तैयारियों की नियमित समीक्षा की जाए।

बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, मुख्य सचिव आरके तिवारी, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद, अपर मुख्य सचिव पंचायतीराज एवं ग्राम्य विकास मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री संजय प्रसाद, सचिव मुख्यमंत्री आलोक कुमार सहित अन्य वअधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में मिला 259688 को स्वास्थ्य लाभ

**लखनऊ।** समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े लोगों को स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन पूरे प्रदेश में किया गया। मेले के दौरान 259688 लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिला।

मुख्यमंत्री आरोग्य मेला कोविड.19 के प्रोटोकाल का पालन करते हुये पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह् 4 बजे तक संचालित किया गया। आकस्मिकता की स्थिति में रक्त की आवश्यकता के दृष्टिगत स्वैच्छिक मतदान को बढाने के उद्देश्य से विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। लोगों से लाउडस्पीकर के माध्यम से यह अपील की गयी कि बुखारए खांसी, जुकाम की शिकायत होने पर तुरन्त जांच एवं इलाज हेतु नजदीकी मेरा कोविड केन्द्र से तुरन्त संपर्क कर सेवायें प्राप्त करें। कोविड.19 हेतु 40980 एण्टीजन टेस्ट किये गये, जिनमें 10 धनात्मक पाये गये। आज 16वें मुख्यमंत्री आरोग्य मेलें में कुल 259688 रोगी, पुरूष 96455, महिलायें 122041, बच्चे 41192 लाभान्वित हुए एवं 2908 गम्भीर रोगियों को उच्च चिकित्सालयों में उपचारार्थ संदर्भन किया गया तथा 20099 गोल्डेन कार्ड वितरित किये गये।

# राजभवन में महिला समृद्धि महोत्सव व प्रदर्शनी आज से

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## ● 10 मार्च तक अपरान्ह 3 बजे से सायं 7 बजे तक आमजन के लिये खुली रहेगी

**प्रदेश की** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की पहल पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सोमवार को राजभवन स्थित बड़ा लान में महिला समृद्धि महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह महोत्सव 10 मार्च तक रहेगा। महोत्सव का आयोजन नाबार्ड तथा सहयोगी संस्थाओं किंग जार्ज मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय, शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय एवं डॉ एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय के सहयोग से हो रहा है।

राज्यपाल की तरफ से महिलाओं हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रात: 10 बजे तथा महिला स्वयं सहायता समूहों की प्रदर्शनी एवं बिक्री का शुभारम्भ अपरान्ह 3 बजे किया जायेगा। कार्यक्रम में प्रदेश के ग्रामीण विकास मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह तथा बाल विकास मंत्री स्वाती सिंह भी भाग लेंगे।। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुये राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव महेश कुमार गुप्ता ने बताया कि इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों के ग्रामीण क्षेत्रों से आयी स्वयं सहायता समूहों की महिलायें भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण महिलाओं को जागरूक करने के लिये उन्हें उनके कानूनी अधिकार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य, कार्य स्थल पर लिंग भेद दूर कर समानता लाने के उपाय तथा स्वरोजगार के क्षेत्र में महिलाओं को जागरूकता विषयक जानकारी विभिन्न विषय विशेषज्ञों तथा विभिन्न लोक विधाओं जैसे पपेट, जादू, नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से दी जायेगी। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर राज्य के महिला समूहों, कृषक उत्पादक संगठनों, दस्तकारों हस्तशिल्प कारीगरों को विपणन हेतु मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदर्शनी भी आयोजित की गयी है, जिसका अवलोकन प्रतिदिन अपरान्ह 3 बजे से सायं 7 बजे शाम तक आम जन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में आने वाले आगन्तुकों को प्रवेश राजभवन के गेट नं 3 से दिया जायेगा तथा आगन्तुकों को अपने साथ फोटो युक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा।

# सेवा व रोजगार दोनों का माध्यम है जन औषधि योजना: स्वतंत्र देव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश अध्यक्ष** स्वतंत्रदेव सिंह ने बीजेपी लखनऊ महानगर द्वारा जन औषधि दिवस की तीसरी वर्षगांठ के अवसर पर गोल मार्केट महानगर स्थित प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद रमापतिराम त्रिपाठी एवं उपस्थित लाभार्थियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव संबोधन को सुना गया। प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने लाभार्थियों को दवा भी वितरित की और संबोधित करते हुए में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से देश के 7500 जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया है। जन औषधि योजना सेवा व रोजगार दोनों का माध्यम है। गरीब से गरीब व्यक्ति भी इस योजना से सस्ती और अच्छी दवा प्राप्त करते हुए बीमारी का इलाज कराकर स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सकता है। जनऔषधि केंद्रों पर मिलने वाली दवाओं की कीमत बाजार से 50 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक कम होती है। जैसे कैंसर की बीमारी के इलाज में उपयोग होने वाली एक दवा जो बाजार में करीब साढ़े 6 हजार रुपए की मिलती है वो जनऔषधि केंद्रों पर सिर्फ साढ़े 8 सौ में उपलब्ध है। इससे पहले की तुलना में इलाज पर खर्च बहुत कम हो रहा है। उपस्थित सभी लाभार्थियों से यह आवाहन भी किया की ज्यादा से ज्यादा लोगों तक इस योजना को पहुंचाने का कार्य किया जाए जिससे कि अधिक से अधिक लोग प्रधानमंत्री जन औषधि योजना से लाभान्वित हो। कार्यक्रम में विधायक देवमणि द्विवेदी, जन औषधि केंद्र के संचालक विनय शुक्ला, सुनील शुक्ला, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, दिलीप श्रीवास्तव, राकेश सिंह, लाभार्थी व क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

## डायल 112 के जरिए 121509 महिलाओं तक पहुंचाई सहायता

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत प्रदेश पुलिस की आपात सेवा 112 ने 17 अक्तूबर 2020 से 28 फरवरी 2021 तक 121509 महिलाओं को सहायता पहुंचाई। वर्ष भर में 112 ने घरेलू हिंसा से पीड़ित 327833 महिलाओं तक मदद पहुंचाई गई। महिलाओं में सुरक्षा का भाव पैदा करने के लिए पूरे प्रदेश 300 महिला पीआरवी तैनात की गई है। यूपी 112 के एडीजी असीम अरुण ने बताया कि मिशन शक्ति के तहत घरेलू हिंसा पर अंकुश लगाने और महिलाओं को त्वरित सहायता उपलब्ध के लिए 112 द्वारा प्रदेश भर में 300 महिला पीआरवी चलाई जा रही हैं। इस पीआरवी पर महिला पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है ताकि पीड़ित महिला बेझिझक अपनी बात महिला पुलिस कर्मियों को बता सकें। घरेलू हिंसा के मामलों में महिलाओं को 112 की तरफ से प्रबल प्रतिक्रिया दी जाती है। एडीजी ने बताया कि मिशन शक्ति के तहत विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रदेश भर की महिलाओं को सुरक्षित माहौल प्रदान करना 112 का मुख्य उद्देश्य है।

# 100 शिक्षिकाओं को प्रमोशन का तोहफा

**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से राज्य सरकार ने राजकीय कॉलेजों में तैनात शिक्षिकाओं को प्रमोशन का तोहफा दिया है। प्रमोशन में शामिल 100 शिक्षिकाओं को राजकीय हाईस्कूलों में प्रधानाध्यापक और राजकीय इंटर कॉलेजों में उप प्रधानाचार्य के पद पर तैनाती दी गई है। उनकी विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) करीब छह माह पहले हुई थी और उनसे विकल्प भी मांगे गए थे। अपर शिक्षा निदेशक राजकीय अंजना गोयल ने 100 शिक्षिकाओं का पदस्थापन आदेश जारी कर दिया है। प्रवक्ता संवर्ग से पदोन्नति पाने वाली शिक्षिकाओं की संख्या 16 है और 84 स्नातक शिक्षक यानी एलटी ग्रेड संवर्ग की महिलाओं को सभी उन जिलों के राजकीय कालेजों में तैनाती दी गई है, जहां पद रिक्त चल रहे थे। इनमें सीतापुर, बुलंदशहर, महराजगंज, अमरोहा, प्रयागराज, कौशांबी, वाराणसी, मेरठ, रामपुर, रायबरेली, मीरजापुर, बागपत, बरेली, भदोही, आजमगढ़, आगरा, गाजीपुर, झांसी, बांदा, जालौन, हमीरपुर, इटावा, मैनपुरी, कन्नौज, ललितपुर, शाहजहांपुर, महराजगंज, बस्ती, कुशीनगर, अलीगढ़, हरदोई, बहराइच, प्रतापगढ़, सोनभद्र, अमेठी, संभल, मऊ, अयोध्या, चंदौली, सुलतानपुर, अमरोहा, बिजनौर आदि शामिल हैं। अपर निदेशक की तरफ से जारी निर्देश में कहा गया है कि शिक्षिकाएं वर्तमान पद के प्रभार से अवमुक्त होकर पदोन्नत पद पर अविलंब कार्यभार ग्रहण करें।


**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी,चतरा-सोनभद्र।**

पत्रांक-5084 / 15वॉ-क्षे०पं० / सा0आ0 / नि0का0 / 2020-21 दिनाक-06-03-2021

**अल्पकालिन निविदा सूचना/सामग्री आपूर्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 15वां केन्द्रीय वित्त आयोग क्षेत्र पंचायत/खण्ड विकास अधिकारी चतरा के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में समरसिबल पम्प व सोलर वाटर पम्प तथा विकास खण्ड चतरा के ग्राम पंचायतों में सोलर स्ट्रीट लाईट के कार्य हेतु वर्ष 2020-21 में प्राप्त धनराशि से कार्य को पूर्ण कराने तथा प्राकलन में वर्णित सामग्री की आपूर्ति चिन्हित स्थल पर कार्य हेतु निविदा दर आमंत्रित की जाती है जिसका निविदा प्रपत्र का विक्रय दिनांक-08.03.2021 से 13.03.2021 तक प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक विकास खण्ड के कैशियर से कार्यालय कार्य दिवस में निविदा मूल्य जमा कर प्राप्त किया जा सकता है निविदा दर के साथ धरोहर के रूप में सामग्री के लागत का 0.5 प्रतिशत धरोहर धनराशि का एफ0डी0आर0 एन0एस0सी0 जो खण्ड विकास अधिकारी चतरा के नाम बन्धक या बैंक गारण्टी संलग्न करना अनिवार्य होगा। अन्य नियम व शर्त की जानकारी कार्यालय अवधि में लेखाकार पटल से देखी व पढ़ी जा सकती है। निविदा दिनांक-15.03.2021 को सुबह 10.00 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे तक खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय में जमा की जायेगी तथा खण्ड विकास अधिकारी द्वारा गठित निविदा समिति के समक्ष दिनांक-15.03.2021 को 02:00 बजे अपरान्ह यथा स्थान खोली जायेगी। जिसमें निविदा दाता उपस्थित रह सकते हैं। निविदा स्वीकृति/अस्वीकृति करने एवं तिथि परिर्वतन का अधिकार अधोहस्तक्षरी में निहित होगा। अन्य नियम व शर्ते फार्म क्रय के समय लेखा पटल से प्राप्त किया जा सकता है।

| क्र० सं० | परियोजना का नाम | विकास खण्ड | परियोजना की अनुमानित लागत(लाख में) | निविदा फार्म का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | ग्राम पंचायतों में समरसीबल पम्प व सोलर वाटर पम्प (10नग) | चतरा | 0.50 प्रति नग | 500 |
| 2 | ग्राम पंचायतों में सोलर स्ट्रीट लाईट (15नग) | चतरा | 0.25 प्रति नग | 500 |

**खण्ड विकास अधिकारी
चतरा-सोनभद्र।**


# परिषदीय विद्यालयों में आज लगेगी चौपाल सुरक्षा व स्वावलंबन पर होगी चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## ● महिला दिवस को मिशन शक्ति अभियान के तहत मनाएगी सरकार

**अंतर्राष्ट्रीय** महिला दिवस इस साल प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति अभियान के तहत कुछ खास तरीके से मनाया जाएगा। स्कूलों में चौपाल लगाकर महिला स्वावलंबन और सुरक्षा की बात की जाएगी तो वहीं सरकार के निर्देश पर महिलाओं शहर की प्राचीन इमारतों की सैर नि:शुल्क कर सकेंगी। इसके अलावा महिला दिवस पर नारी सुरक्षा को लेकर शपथ ग्रहण समारोह के आयोजन भी किए जाएंगे।

कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रत्येक स्कूल को एक हजार रूपए की राशि भी विभाग की ओर से जारी की गई है। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला दिवस पर प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों व कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में चौपाल का आयोजन किया जाएगा। इसमें बच्चों के साथ साथ उनके अभिभावकों को भी बुलाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान महिला व बालिकाओं के सम्मान, सुरक्षा व स्वावलंबन की शपथ भी अभिभावकों को दिलाई जाएगी। स्कूलों में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता छात्रों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

### घरेलू हिंसा व लिंग भेद पर होगी चर्चा


इस मौके पर स्कूलों में इस दौरान बच्चों की ओर से पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा। प्रदर्शनी के जरिए बच्चें घरेलू हिंसा, बाल विवाह, लिंग भेद, बाल अधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक करने का काम करेंगे। साथ ही विद्यालय में प्रोजेक्टर के जरिए फिल्म खुशी, स्वशक्ति, पहेली का प्रदर्शन भी किया जाएगा। चौपाल में पावर एंजिल द्वारा मुझे स्कूल अच्छा लगता है विषय पर वाचन किया जाएगा। कार्यक्रम में बालिकाओं को सेफ टच-अनसेफ टच जैसे विषय पर जानकारी भी दी जाएगी। सरकार की महिला हेल्पलाइनों की जानकारी भी अभिभावकों व बच्चों को दी जाएगी। वहीं अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सरकार ने महिलाओं को बड़ा तोहफा दिया है। लखनऊ के एतिहासिक बड़ा इमामबाड़ा, भूल भुलैया, पिक्चर गैलरी, रूमी गेट व घंटाघर की सैर महिलाएं नि:शुल्क कर सकेंगी। जिलाधिकारी के निर्देश के बाद हुसैनाबाद ट्रस्ट ने इसे लेकर आदेश जारी कर दिया है।

# लोकतंत्र में जनता की अदालत सर्वोपरि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि लोकतंत्र में जनता अदालत सर्वोपरि होती है। सरकार का कर्तव्य लोककल्याण करना होता है। जब हजारों किसान कोई मांग उठा रहे हैं तो भाजपा सरकार को उसका समाधान करना चाहिए। लेकिन भाजपा सरकार ने तो किसानों की मनमर्जी के बगैर अपना कानून थोप दिया है। किसानों को आशंका है कि नए कृषि कानूनों से उसकी खेती छिन जाएगी और वह खेत का स्वामी न रहकर खेतिहर मजदूर बन जाएगा। केन्द्र सरकार किसानों को सुरक्षा देने के मामले में आश्वस्त करने में विफ्ल रही है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की किसानों के प्रति हठधर्मिता के चलते अब अतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी किसान आंदोलन की गूंज होने लगी है। कई देशों के समाजसेवियों ने भारत



के किसान आंदोलन को अपना समर्थन दिया है।

किसान निर्भीकता के साथ आंदोलनरत है। इससे जाहिर है कि भारत का किसान आंदोलन अंतर्राष्ट्रीय बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश भाजपा सरकार के हवा हवाई वादे का परिणाम पिछले 4 साल से किसान भुगत रहे हैं। हमीरपुर के राठ में कर्ज से परेशान किसान मजदूर ने जान दे दी। रायबरेली में कर्ज तले दबे किसान ने आत्महत्या की। भाजपा द्वारा कर्जमाफी का वादा अभी तक पूरा नहीं हो पाया है जिसके कारण अब तक प्रदेश में हजारों किसान अपनी जान गंवा चुके हैं। भाजपा जो कहती है करती नहीं इसलिए किसानों का भरोसा भाजपा से उठ गया है। भाजपा किस तरह असली मुद्दों से लोगों को भटकाने का काम करती है इससे जाहिर है कि वह छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन देने के नाम पर एक जिला एक उत्पाद का बैनर टांग देती है लेकिन उत्पाद के विपणन की सुचारू व्यवस्था नहीं करती है। माटी कला बोर्ड का बोर्ड लगा दिया गया लेकिन एक नुमाइश के बाद उनको कोई पूछता तक नहीं है। प्रदेश की भाजपा सरकार ने राजधानी में गुड़ महोत्सव का खूब प्रचार किया लेकिन जब गन्ना किसानों का बकाया देने का मौका आया तो सरकार ऊंघने लगी है। गन्ना किसानों को न एमएसपी मिली, न ही 14 दिन में गन्ने का भुगतान हुआ। बकाये पर ब्याज का तो सवाल ही नहीं। किसान की आय दुगनी होने का दूर.दूर तक सम्भावना नहीं। सच तो यह है कि किसान की जो आमदनी थी, भाजपा सरकार में वह भी खत्म हो गई।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

## महापौर ने बुलाया पहला ऐतिहासिक महिला सदन

# खुल कर बोलीं पार्षद, कई मुद्दों पर मांगे जवाब

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अंतर्राष्ट्रीय** महिला दिवस की पूर्व संध्या पर महापौर संयुक्ता भाटिया ने महिला सदन का आयोजन किया। कांग्रेस महिला पार्षदों ने महापौर के समक्ष महिला सुरक्षा, लाइटिंग और सीवर व्यवस्थाओं को सुधारने की मांग की। बीजेपी पार्षदों द्वारा पार्कों में कैमरे लगाने, असमाजिक तत्वों का जमावड़ा पार्कों में होने जैसे कई दूसरे अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। हालांकि पेयजल के लिए खराब टयूबवेल की मरम्मत पर कांग्रेस और बीजेपी दल नेता भिड़ते हुए भी दिखे।






रविवार को नगर निगम में अनौपचारिक महिला सदन महापौर संयुक्ता भाटिया द्वारा बुलाकर महिलाओं को अनोखा सम्मान दिया। महिला सदन शुरू होने से पूर्व कार्यकारिणी सदस्य कुमकुम राजपूत, मिथलेश चौहान, रुपाली गुप्ता, रानी कनौजिया, खुशबू राखी मिश्रा, सुनीता सिंघल ने महापौर को अंगवस्त्र, माला और बुके देकर सम्मानित करते हुए सदन के लिए आभार जताया। साथ ही पार्षदों द्वारा नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी और अपर नगर आयुक्त अर्चना द्विवेदी को भी सम्मानित किया गया। कांग्रेस पार्षद दल नेता ममता चौधरी ने महापौर को महिला सदन बुलाने के लिए प्रशंसा की। साथ ही महिला पार्षदों को दूसरे सदनों की भांति बोलने का मौका देने की वकालत की। वहीं, पार्षद रुपाली गुप्ता ने महिला सदन में महिला बाजार का प्रस्ताव पेश किया, जिसके तहत महिला बाजार में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने, महिलाओं से जुड़ी हर वस्तु को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के लिए लखनऊ में एक महिला बाजार की स्थापना की जाएगी, जिसमें महिलाओ को समर्पित करते हुए सिर्फ महिला विक्रेताओं द्वारा महिला उपयोग की वस्तुएं ही बेची जाएंगी। महापौर ने कहा कि इस संबंध में बजट की व्यवस्था करते हुए कार्य किया जयेगा। रुपाली गुप्ता ने सभी कॉप्लेक्स में अनिवार्य रूप से महिला टॉयलेट बनवाने और महिला टॉयलेट होने पर ही कॉप्लेक्स का मानचित्र स्वीकृत करने का प्रस्ताव पेश किया, जिसपर महापौर ने एलडीए वीसी को पत्र भेज आवश्यक कार्यवाही के लिए आश्वस्त किया। कांग्रेस पार्षद ने नगर आयुक्त से कामर्शियल बिल्डिंग कीसूची पार्षदों को देने की मांग की। हालांकि इस दौरान भाजपा पार्षद दल नेता सुनीता सिंघल और ममता चौधरी की भिड़त हो गयी।

**अराजक तत्व बैठते हैं पार्कों में**

पार्षद खुशबू रखी मिश्रा ने बताया कि वार्ड के पार्कों में अराजक तत्व आ जाते है, जिससे महिलाओ को परेशानियों का सामना करना पड़ता है, उन्होंने पार्कों में महिलाओ के लिए गार्ड लगाए जाने का प्रस्ताव रखा। सदन को बताया कि प्राइवेट ठेले से जो लोग कूड़ा कलेक्शन कर रहे है वह सड़क पर खुले में कूड़ा फेंक देते है, इसके लिए वह गरीब महिलाओ द्वारा जूट के झोले बनवाकर कूड़ा इक्ठा करने हेतु एक पायलट प्रोजेक्ट चलाना चाहती है जिससे गरीब महिलाओ को रोजगार प्रदान करवा सके जिसपर महापौर और नगर आयुक्त ने कहा कि इसके लिए हर संभव सहयता की जाएगी।

**बिना पानी दिए भेजा जा रहा 50 हजार का बिल** :कांग्रेस की पार्षद अमिता सिंह चौहान ने जेएनयूआरएम के तहत डाली गयी सीवर एवं पेयजल 2016 में डाली गयी हैं, जबकि बिल 2010 से भेजा जा रहा है। ऐसे में कोरोना की मार झेल रहे नागरिकों से 50 हजार के बिल को भेजकर परेशान किया जा रहा है। कई बार सदन में इन मुद्दों को उठाया जा चुका है, लेकिन कोई परिणाम नहीं आया। वहीं महिला पार्षद मिथलेश सिंह चौहान ने ईईएसएल द्वारा लाइट्स ठीक न कराये जाने पर प्रश्न पूछा जिसपर नगर आयुक्त ने बताया कि हड़ताल खत्म हो गयी है, जहाँ जहाँ शिकायत आ रही है लाइटे ठीक कराई ज रही है।

**महिला पार्षद कक्ष में पुरुषों का कब्जा, गार्ड लगाने की मांग**

पार्षद कुमकुम राजपूत ने नगर निगम के महिला कक्ष में पुरूष पार्षदों के जमावड़े पर नाराजगी जताते हुए कहा कि वहाँ महिला कक्ष में ही महिला पार्षद नही जाती है, पुरूष पार्षद बैठे होते है और उन्हें कुर्सी तक नही मिलती है, साथ ही महिला कक्ष में महिलाएं खुल कर वार्ता भी नही कर सकती इसलिए महिला कक्ष में एक महिला गार्ड की तैनाती की जाए। साथ ही जीजाबाई के नाम पर पार्क, सड़क अथवा मार्ग का नामकरण का प्रस्ताव दिया है।

**महिला सफाई कर्मियों को मिली आधे घंटे की छूट:** महिला सफाई कर्मचारियों को सुबह ड्यूटी पर आने में आधे घंटे की छूट सपा पार्षद करुणा प्रसाद के अनुरोध पर महापौर ने महिला सफाई कर्मचारियों को सुबह ड्यूटी पर आने में आधे घंटे की छूट प्रदान करने की घोषणा की। महिला सफाई कर्मचारी गर्मी में अब 6 की जगह 6:30 बजे और सर्दियों में 7 की जगह 7:30 बजे आने की छूट प्रदान रहेगी।

**महिलाओं के लिये निशुल्क 86 पिंक टॉयलेट की सौगात:**पार्षद रेखा रोशनी ने अपनी बात की शुरुआत संस्कृत श्लोक से करते हुए महिला सदन बुलाने के लिए महापौर को धन्यवाद दिया, उन्होंने महिलाओ को पार्किंग शुल्क में 50 प्रतिशत छूट प्रदान करने का प्रस्ताव पेश किया, उन्होंने मंदिरो और बाजारों में पिंक टॉयलेट बनाने की मांग की। जिसपर महापौर ने बताया कि विभिन्न स्थानों पर महिलाओ के लिए 86 पिंक टॉयलेट बनाए जा रहे है, जो महिलाओ के लिए नि:शुक्ल उपलब्ध है।

**पांच प्रतिशत तक गृहकर और जलकर में मिले छूट**

पार्षद वीना रावत ने प्रस्ताव रखा कि सुबह हम यह देखते है कि इस पुरुष सत्तात्मक समाज में घर और जमीन में महिलाओं को दोयम दर्जे का स्थान दिया जाता है, जिससे संपतियों में उनकी हिस्सेदारी न के बराबर होती जा रही है। महिलाओ की स्थिति सुधारने के लिए नगर निगम द्वारा लिए जा रहे गृह कर में उन घरो को 5 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाए जिन घरों की रजिस्ट्री महिलाओं के नाम पर है। जिसपर महापौर ने कहा कि यह प्रस्ताव अच्छा है, इससे महिलाओ की स्थित सुधारने में प्रयास मिलेगा, इस प्रस्ताव को सामान्य कार्यकरिणी बैठक में लाकर पास किया जाएगा। सपा महिला पार्षद दल नेता श्रीमती चरणजीत गांधी ने भी महिलाओ को पार्किंग शुल्क में छूट प्रदान करने, पार्को में टॉयलेट और बेबी फीडिंग सेंटर बनाने और महिला के नाम पर रजिस्ट्री होने पर गृहकर और जलकर में 5 की छूट प्रदान करने का प्रस्तावों का समर्थन करते हुए अपना प्रस्ताव रखा।

**नैपकिन पैड मशीन लगायी जाएं:**नेहा सौरभ सिंह ने शहर के पार्को , बाजारों, पिंक टॉयलेट्स, नगर निगम के स्कूलों और प्रतिष्ठानों में सेनेटरी नैपकिन पैड मशीन और इंसीनरेटर लगाने का प्रस्ताव भी रखा जिसपर महापौर ने कहा कि वह विगत 3 वर्षो से इसके लिए प्रयासरत है, उन्होंने कई जगहों पर इसका शुभारंभ भी किया है, आगे और स्थानों पर नैपकिंग पैड मशीन और इंसीनरेटर लगाया जाएगा।

## डकैती की योजना बना रहे छह लुटेरे गिरफ्तार



**लखनऊ।** डकैती की योजना बना रहे छह लुटेरों को डीसीपी साउथ क्राइम टीम ने काकोरी पुलिस के साथ मिलकर के धर दबोचा। जिनके पास से 162300 रुपए, 14 मोबाइल, विभिन्न कंपनियों के 30 सिम, एक मोटरसाइकिल, एक तमंचा व चोरी के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले सामान बरामद हुए। डीसीपी दक्षिणी रवि कुमार ने बताया कि अपर पुलिस उपायुक्त पूर्णेन्दु सिंह व सहायक पुलिस आयुक्त काकोरी डॉ अर्चना सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक काकोरी कुलदीप सिंह की अगुवाई में काकोरी थाना से करीब 8 किलोमीटर दूर सब्जी मंडी के पीछे झाड़ियों में छुपे संदिग्ध लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम व पता पश्चिम बंगाल निवासी गौस मियां, कुद्दुस, असदुल गाजी, फिरोज उर्फ उज्जवल, दिल्ली निवासी मुहम्मद फारूक, बिहार निवासी मुकेश बताया। यह सब लखनऊ के विभिन्न थाना क्षेत्रों में निवास करते हैं जिनके पास से भारी मात्रा में चोरी का सामान बरामद हुआ है पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि दुबग्गा तिराहा कानपुर बाईपास पर डेढ़ लाख रुपए की लूट उन्होंने की थी जिनके खिलाफकाकोरी थाने में लूट के कई मुकदमे पहले से दर्ज हैं

**14 मोबाइल, विभिन्न कंपनियों के 30 सिम, एक मोटरसाइकिल, एक तमंचा, 162300 रुपए बरामद**

## सूबेदार का हत्यारा पुलिस गिरफ्त से दूर

**लखनऊ।** कैंट थाना क्षेत्र स्थित सेंटर कमांड आफिसर्स मेस में हुई सूबेदार की हत्या मामले में 10 दिन बाद भी हत्यारा पुलिस गिरफ्त से दूर है। फिलहाल पुलिस की तफ्तीश घायल सूबेदार के बयान पर आकर रूक गई है। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल से करीब 200 मीटर की दूरी पर संदिग्ध हालत में घायल मिले साथी सूबेदार रमेश राय की हालत में सुधार है लेकिन डॉक्टरों ने अभी बयान लेने से मना किया है। कैंट इंस्पेक्टर के मुताबिक हत्याकांड मामले में घायल सूबेदार का बयान अभी नहीं दर्ज हो पाया है। सिर में चोट लगने से चिकित्सकों ने बयान देने की स्थिति में न होने की बात कही है। वहीं जिस जगह वारदात को अंजाम दिया गया है। वह स्थान कैमरे की पहुंच से दूर है। फिलहाल हत्याकांड में किसी सैन्यकर्मी का हाथ होना बताया जा रहा है। अन्य बिन्दुओं पर तफ्तीश की जा रही है। मामले में पुलिस कुछ भी बोलने से बच रही है। गौरतबल हो कि कमांड आफिसर्स मेस के इंचार्ज के पद तैनात दार्जिलिंग निवासी 11 जीआरआरसी के नायब सूबेदार पेम्बा शेरपा बीती 26 फरवरी को अपने कमरे में मृत अवस्था में मिले थे। जबकि साथी सूबेदार रमेश कुमार राई को रहस्यमय हालात में लहूलुहान अवस्था में छावनी के कमांड अस्पताल पहुंचा था। सूत्रों की मानें तो सूबेदार पेम्बा शेरपा के पास आफिसर्स मेस के इंचार्ज के पद का चार्ज था जो कि रमेश कुमार को सौंपना था। इसी बात को लेकर दोनों में कई दिनों से विवाद भी चल रहा था।

## प्रारंभिक जांच में सिपाही मिला दोषी, निलंबित

**लखनऊ।** सोशल मीडिया के प्लेटफार्म ट्विटर पर जेल में बंद बंदी अकील अंसारी द्वारा व्यापारी से फिरौती मांगने का ऑडियो वायरल होने के मामले में प्रारंभिक जांच में दोषी पाए गए आरोपी सिपाही रवींद्र को एसपी हरदोई अनुराग वत्स ने निलंबित कर दिया है । बताया जा रहा हे अपराधी ने ठाकुरगंज में रहने वाले फैजान को फोन कर रंगदारी मांगी थी और धमकी दी थी। इस मामले में डीजी जेल आनंद कुमार ने रविवार को कहा कि दोषियों के खिलाफकठोर कार्रवाई की जायेगी। डीजी जेल ने रविवार को ट्वीट कर यह जानकारी देते हुए बताया कि बंदी अकील अंसारी ने जेल से किसी व्यापारी को कॉल नहीं किया है। अभी तक उन्हें यह जानकारी मिली है कि बीते दिनों व पेशी पर आया था। हो सकता है कि उसी दौरान उसने फोन किया होगा। अगर बंदी अकील ने फिरौती के लिए व्यापारी को फोन किया है। उसका जो ऑडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है उसकी गहनता से जांच कराई जायेगी, जो भी तथ्य सामने आयेगा उसके आधार पर आगे की कार्रवाई अमल में लायी जायेगी।

## अवैध रूप से संचालित हुक्काबार सील, नौ गिरफ्तार

**लखनऊ .** ठाकुरगंज पुलिस ने शनिवार रात इलाके में अवैध रूप से संचालित एक हुक्काबार में छापेमारी कर उसे सील कर दिया। इसके साथ ही पुलिस ने भारी मात्रा में हुक्का बरामद कर नौ लोगों को गिरफ़्तार कर जेल भेज दिया है। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज ने बताया कि हरदोई रोड स्थित दानिश कॉमपेलक्स के प्रथम तल पर स्काई जेसी कैफे नाम से अवैध हुक्काबार संचालित था। शनिवार रात अधिकारियों के निर्देश पर टीम ने हुक्काबार में छापेमारी कर उसे सील कर दिया। वहीं पुलिस ने मौके से दर्जनों की संख्या में हुक्का बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक इस कार्रवाई में हुक्काबार के अंदर मौजुद सआदतगंज निवासी मोहम्मद नासिर, अली खान, वजीरगंज निवासी नदीम, चौक निवासी विश्वास सागर, हरदोई निवासी सुधांशु, काकोरी निवासी तौफिक, ठाकुरगुज निवासी सिद्वार्थ सिंह, शैलेश सिंह, दीपक जायसवाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जबकि हुक्काबार के दो मालिक दानिश व सलमान अभी भी फरार है। पुलिस दोनों की तलाश में जुट गई है।

## बैग से डॉक्टर की दो अंगूठियां चोरी

**लखनऊ।** महानगर थाना क्षेत्र में रविवार को ऑपरेशन करने वाली महिला डॉक्टर का चोर सोने की दो अंगूठी उठा ले गए। पुलिस पीड़ित महिला डॉक्टर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के जरिए चोरों को तलाश रही है। रेजिडेंट डॉक्टर गर्ल्स हॉस्टल विवेकानंद अस्पताल महानगर निवासी सुरम्य्या् पांडे ने पुलिस को सूचना दी कि बीते शनिवार करीब 9.30 बजे वह ऑपरेशन करने के लिए ओटी में गई थी। आपरेशन से पहले वह अपनी एक सोने की अंगूठी हीरा जड़ित, एक नीलम की अंगूठी ओटी स्थित लेडीस रूम में अपने बैग में रख कर गई थी। ऑपरेशन से लौटने के बाद 4 बजे जब उसने वापस आकर देखा तो दोनों अंगूठियां गायब थी जिसकी सूचना उसने पुलिस को दी। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

## गोमतीनगर में सरेराह शोहदे ने की छेड़छाड़, गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी में जहां एक तरफमहिला सशक्तिकरण अभियान के तहत लखनऊ पुलिस कई तरह के प्रोग्राम कराकर फोटो खिंचवा रही है और सोशल मीडिया पर वाह वाही लूट रही हैं वही दूसरी तरफजमीनी हकीकत देखें तो महिला पूरी तरह से खुद को असुरक्षित मान रही हैं। ताजा मामला गोमतीनगर जैसे पॉश इलाके का है जहाँ ईको बैंक के पास पैदल जा रही दो युवतियों के साथ बाइक सवार एक शोहदा बीच सड़क पर छेड़छाड़ शुरू कर दी। हद तो तब हो गई जब विरोध पर उन्हें धक्का देकर फरार हो गया। आसपास के लोग पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल घायलों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है मामला सोशल मीडिया पर पहुंचने के बाद हरकत में आये पुलिस अधिकारियों के आदेश के बाद तत्काल सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तत्काल बाइक का नम्बर ट्रेस कर आरोपी को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## कार की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**मोहनलालगंज।** धनुवासांड़ मोड़ के निकट रविवार को बेकाबू कार की टक्कर से बाइक सवार बुजुर्ग की मौत हो गई। जबकि बाइक चला रहा बेटा जख्मी हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजकर आरोपी कार ड्राइवर की तलाश शुरु कर दी है। पुलिस के मुताबिक नटकुर निवासी बीरपाल रविवार को अपने पिता किशोरी लाल के साथ बाइक से सिसेण्डी की ओर से आ रहे थे तभी धनुवासांड़ मोड़ के निकट भागूखेड़ा की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में जख्मी बुजुर्ग किशोरी लाल को सीएचसी में डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जबकि बीरपाल को भी मामूली चोटें आई हैं। इंस्पेक्टर दीनानाथ मिश्र ने बताया पीड़ित बीरपाल की तहरीर पर केस दर्ज कर कार को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# डीएम के आदेश पर भी नहीं नसीब पीएम आवास की छांव

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

### आवास निर्माण के लिए जमीन पाने को भटक रही बुजुर्ग महिला

**सालों** से आसरे के लिए भटक रही उतरावां के गढ़ी गांव की बुजुर्ग निर्मला सिंह को विश्व महिला दिवस पर भी प्रधानमंत्री आवास की छांव नसीब नहीं हो सकी है। योजना से आवास निर्माण के लिए पहली किश्त के तौर पर मिली चालीस हजार की धनराशि महीने भर से उसके बैंक एकाउण्ट में पड़ी हुई है। डीएम अभिषेक प्रकाश भी अदला-बदली के जरिए उसे आवास निर्माण के लिए जमीन मुहैया कराने के निर्देश दे चुके हैं। फिर भी राजस्व टीम और ब्लाक प्रशासन बेसहारा निर्मला सिंह के खुद के मकान का सपना साकार कराने में मददगार बनने के बजाए टालमटोल करते नजर आ रहे हैं।

मोहनलालगंज के उतरावां गढ़ी गांव की बेवा निर्मला सिंह मकान ढ़हने के बाद से आसरे की तलाश में भटकती फिर रही हैं। पेन्शन और राशनकार्ड के जरिए मिलने वाली मदद से किसी तरह उनका गुजारा तो चल रहा है। लेकिन सिर छिपाने के लिए पक्की छत पाने के लिए वह लम्बे समय से ब्लाक और तहसील की परिक्रमा करती फिर रही हैं। प्रशासन की पहल पर उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना से मकान बनाने के लिए पहली किश्त के रुप में चालीस हजार रुपये की धनराशि भी मिल चुकी है। लेकिन कुछ लोगों से अनबन का आरोप लगा रही बुजुर्ग निर्मला सिंह अपने पुश्तैनी मकान की जमीन पर आवास बनाने से जान का खतरा होने का अंदेशा जता रही है और प्रशासन से दूसरी जमीन देने के लिए



फरियाद करती घूम रही हैं। 2 फरवरी को तहसील समाधान दिवस में जनसुनवाई करने पहुंचे जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने उनकी शिकायत सुनकर ब्लाक और तहसील प्रशासन को समन्वय स्थापित कर विनिमय से जरिए बुजुर्ग को दूसरी जगह जमीन दिलाकर आवास निर्माण कराने में हरसंभव मदद करने के निर्देश देकर 15 दिन बाद खुद फोन कर बुजुर्ग फरियादी से फीडबैक लेने का भरोसा दिया था। लेकिन जमीन नहीं मुहैया कराए जाने से महीने भर बाद भी बुजुर्ग निर्मला के आवास निर्माण की शुरुआत तक नहीं हो सकी है।

**पंचायत भवन में ले रखी है शरण:**आसरे की समस्या लेकर भटक रही बुजुर्ग निर्मला सिंह को फिलहाल प्रशासन ने उतरावां के पंचायत भवन में शरण दिला रखी है। लेकिन खुद के मकान का सपना साकार करने के लिए पूरे महीने तक पाई-पाई जुटाकर किराए का इंतजाम होते ही निर्मला महीने के दोनों तहसील समाधान दिवस में अधिकारियों को अपनी फरियाद सुनाने पहुंच जाती हैं। निर्मला का कहना है कि वह अपना मकान बनाकर हंसी-खुशी गुजर-बसर करना चाहती है।

**क्या कहते हैं बीडीओ:** बीडीओ अजीत कुमार सिंह ने बताया निर्मला सिंह के नाम प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ है। पहली किश्त के तौर पर चालीस हजार रुपये की धनराशि उनके बैंक एकाउण्ट में भेज दी गई है। आवास निर्माण के लिए वह जमीन की समस्या बता रही हैं जिसका निराकरण कराने के लिए लेखपाल से कहा गया है।


**क्या कहते हैं एसडीएम:** बुजुर्ग निर्मला सिंह ने जिन लोगों पर परेशान करने का आरोप लगाया उन्हें तलब कर बयान दर्ज किए जा चुके हैं। निगोहां पुलिस को बुजुर्ग को सुरक्षा देने के लिए पत्र भी लिखा जा चुका है। फिलहाल उन्हें पंचायत भवन में आसरा दिलाकर लेखपाल को आवास निर्माण के लिए जमीन दिलाने के लिए निर्देशित किया गया है। बुजुर्ग निर्मला की हरसंभव मदद की जा रही है।

# लीक से हटकर काम ने दिला दी पहचान


**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सेवा** में रहते हुए समाज में अपने बलबूते पर सकारात्मक बदलाव लाने वाली महिलाओं का मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला कल्याण और बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग ने उत्साहवर्धन कर नई पहचान दी है। ऐसी महिलाओं की कृति को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सोमवार को अनंता मेगा इवेंट के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाएगा।


महिला कल्याण विभाग के निदेशक और मिशन शक्ति के नोडल अधिकारी मनोज कुमार राय का कहना है कि जिन्होंने महिलाओं और बच्चों के विकास, सुरक्षा व संरक्षण के लिए असाधारण कार्य किये हैंए वह सचमुच सम्मान के हकदार हैं। इसी को ध्यान में रखकर समाज में लीक से हटकर सकारात्मक बदलाव लाने वालों की पहचान की गयी है, जिनकी सफलता की कहानियों का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार किया जाएगा ताकि अन्य महिलाओं के लिए वह प्रेरक की भूमिका अदा कर सकें । इसी के तहत महिला दिवस पर मेगा इवेंट अनंता के माध्यम से टीवी, रेडियो, एफएएम, कम्युनिटी रेडियो, टाक शो, गोष्ठियों, समाचार पत्रों के माध्यम से जन-जन तक उनकी प्रेरक कहानियों को पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।


राजेश


निशा


अर्चना


निरुपमा


नीता

**बरेली की नीता अहिरवार ने पेश की मिसाल:** महिला कल्याण विभाग के बरेली मंडल की उप मुख्य परिवीक्षा अधिकारी-उप निदेशक नीता अहिरवार ने नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी निभाते हुए स्वैच्छिक संगठनों और उद्यमियों को मिशन से जोड़ने के साथ मिशन के उद्देश्यों को जन जन तक पहुंचाकर मिसाल कायम की है । इसका नतीजा रहा कि जनपद में मिशन शक्ति की अवधि के दौरान पति की मृत्यु के बाद निराश्रित महिला पेंशन योजना से लगभग 7000 नई महिलाओं और मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में करीब 8000 नए लाभार्थियों को जोड़ा जा सका । विद्यालय स्तर पर 250 मास्टर प्रशिक्षक तैयार कर करीब 25 हजार बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिलाया गया है जनपद में हुनर कार्यक्रम और हुनर की पाठशाला के नवप्रयोगों की भी खूब वाहवाही हुई है ।

**बाल विवाह के खिलाफ मुहिम से मिली पहचान:**वाराणसी की संरक्षण अधिकारी निरुपमा सिंह ने मिशन के दौरान 18 बाल विवाहों को रुकवाकर किशोरियों को नई जिन्दगी देने का काम किया है । उन्होंने जिला बाल संरक्षण इकाई में कार्यरत होने के साथ-साथ वन स्टाप सेंटर, बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ योजना, उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मी बाई महिला एवं बाल सम्मान कोष आदि के क्रियान्वयन में भी अहम् भूमिका निभाई । इसके अलावा जनपद के 193 बच्चों को स्पांसरशिप योजना से जोड़ने के लिए चिन्हित किया गया है। बड़ी संख्या में महिलाओं और किशोरियों तक पहुँच बनाने के लिए व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जिसके माध्यम से उनकी समस्याओं को प्रशासन तक पहुँचाया।

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष**

**मिशन शक्ति को परवान चढ़ाया राजेश कुमार ने** :मिशन शक्ति अभियान में महिलाओं ने ही नहीं बल्कि पुरुषों ने भी अहम् भूमिका निभाई है, इन्हीं में शामिल हैं रामपुर के जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार। अभियान के शुरुआत से दैनिक कार्यक्रमों के साथ ही कई अभिनव पहल में उनकी अहम् भूमिका रही । जनपद की कमान बेटियों के हाथ के तहत जिला से लेकर ग्राम पंचायत स्तर पर 797 बेटियों को कार्यालय अध्यक्ष के रूप में नामित कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। गृहणी शक्ति, वीरता शक्ति, किसान शक्ति, स्वयं सहयता समूह शक्ति आदि की झांकियों को प्रदर्शित करते हुए रैली निकली गयी, जिसमें करीब 6000 महिलाएं शामिल हुई । विकास भवन में फीडिंग रूम, शिशु गृह की स्थापना हुई । शक्ति संवाद के तहत फेसबुक के माध्यम से जिलाधिकारी से महिलाओं एवं बेटियों ने संवाद स्थापित किया । 35 महिला कैदियों को मानसिक स्वास्थ्य परामर्श के लिए विशेष सत्र आयोजित कराया। गणतंत्र दिवस पर विभिन्न स्थानों पर बालिकाओं द्वारा ध्वजारोहण कराया।

**रंग लायी पहल, राष्ट्रपति से मिला नारी शक्ति पुरस्कार:**लखनऊ वन स्टाप सेंटर की केंद्र प्रबंधक अर्चना सिंह को शुरू से ही हिंसा पीड़ित महिलाओं की मदद को तत्पर रहने का एक जूनून था । पिछले 10 वर्षों से सामाजिक कार्यों में भागीदारी दे रहीं अर्चना की मेहनत का ही नतीजा रहा कि वन स्टाप सेंटर लखनऊ को पूर्व में राष्ट्रपति द्वारा नारी शक्ति पुरस्कार से नवाजा जा चुका है । मिशन शक्ति अभियान के तहत करीब 478 महिलाओं के प्रकरणों की उन्होंने व्यक्तिगत निगरानी की और महिलाओं को जरूरी सुविधाएँ मुहैया करायीं । बिखराव के कगार पर पहुँच चुके करीब 270 परिवारों को खुद के प्रयास से एकजुट किया।

**संघर्षों से मिली ताकत से निशा कर रहीं दूसरों की मदद:**महिला कल्याण विभाग की विधि सह परिवीक्षा अधिकारी निशा रावत की संघर्षों की कहानी किसी को भी झकझोर कर रख देने वाली है । समाज में लैंगिक उत्पीडन और रुढ़िवादी मान्यताओं की शिकार निशा ने खिलौने और मोमबत्तियां बनाकर अपनी पढ़ाई की। मुश्किलों की इन्तहां उस वक्त हो गयी जब उनके पति ने चलती कार में जहर देकर मरने के लिए अकेला छोड़ दिया लेकिन सौभाग्य से वह बच गयीं । होश आने पर पता चला कि उनके पति ने महज 2000 रूपये के लिए उनके बच्चे को भी बेचने की कोशिश की । इसके बाद निशा ने हिंसा पीड़ित महिलाओं और बच्चों की मदद को अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया और साबित कर दिखाया एक अकेली महिला बगैर किसी की मदद के दो छोटे बच्चों को लेकर कैसे अपना वजूद साबित कर सकती है । मिशन शक्ति के दौरान उन्होंने 24 जरूरतमंद महिलाओं को राष्ट्रीय ग्रामीण योजना से जोड़ा और तीन महिलाओं को रोजगार से जोड़ने का पुनीत कार्य किया।

## पारिवारिक न्यायालय में लोक अदालत, 22 मुकदमे निस्तारित

**विधि संवाददाता।** लखनऊ।जिला जज दिनेश कुमार शर्माए तृतीय की संरक्षता व पारिवारिक न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश जितेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में रविवार को पारिवारिक न्यायालय में लोक अदालत का आयोजन हुआ। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव सपना त्रिपाठी के मुताबिक इस लोक अदालत में 13 वैवाहिक व नौ भरण पोषण के मामलों का निस्तारण हुआ। उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार महिला पखवारा के अनुक्रम में यह लोक अदालत आयोजित की गई थी। पारिवारिक न्यायालय के अपर प्रधान न्यायाधीश अगस्त कुमार तिवारी लोक अदालत के नोडल अधिकारी थे।



# पूर्ववर्ती सरकारों ने सिर्फ चीनी मिलें बंद कीं: सुरेश राणा

● पुरस्कार वितरण के साथ ही दो दिवसीय गुड़ महोत्सव का समापन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मंत्री चीनी** उद्योग एवं गन्ना विकास सुरेश राणा ने कहा कि पूर्वर्ती सपा व बसपा सरकारों ने सिर्फ चीनी मिलों को बंद करने का काम किया। उन्होंने कहा कि पिछली दोनों सरकारों ने अपने 10 वर्ष के कार्यकाल में 29 चीनी मिलों को बंद किया। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार बनी उस दौरान सबसे पहले प्रदेश सरकार ने गन्ना किसानों के बकाए की रकम उनके खातों तक पहुंचाई। इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साफनिर्देश दिए कि उन नियमों को तत्काल बदल दो जो किसानों के खिलाफ जाते हैं।

गन्ना मंत्री सुरेश राणा ने यह बात रविवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित दो दिवसीय गुड़ महोत्सव के समापन अवसर पर कही। इस मौके पर गन्ना मंत्री ने प्रतिभागी गुड़ उत्पादको के मध्य स्वस्थ प्रतिस्पर्धा कायम करने की दृष्टि से गुड़ उत्पादक प्रतिभागियो एवं गुड़ निर्माण हेतु मशीनरी निर्माण करने वाली प्रतिभागी फर्मों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाणपत्र से पुरस्कृत भी किया गया। गुड़ उत्पादकों की श्रेणी में लखनऊ की फर्म शिवन्या फूड्स (प्रभा शर्मा), गाजियाबाद की फर्म हिमालयनी एग्रो (नीतू कौशिक) तथा बरेली की क्रियेशन बायोटेक क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहीं वहीं वसन्धुरा आर्गेनिक्स सीतापुर, जैगरी फाउन्डेशन अयोध्या को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। साथ ही गुड़ निर्माण हेतु मशीनरी निर्माण करने वाली फर्म कैलाश ट्रेडर्स बाजपुर को भी पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर गन्ना मंत्री सुरेश राणा ने कहा कि पिछली सरकारों ने चीनी मिलों से सांठगांठ करके 15 किलोमीटर तक क्रेशर लगाने पर प्रतिबंध लगा दिया था लेकिन मौजूदा योगी सरकार ने इस नियम को खत्म करते हुए सभी को क्रेशर लगाने की छूट दी। वहीं इसके साथ ही बड़ी मात्रा में खांडसारी के लिए लाइसेंस जारी किए गए। गन्ना मंत्री ने कहा कि 14 नई मिलों के बराबर खांडसारी को लाइसेंस जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से योगी सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में 50000 लोगों को रोजगार देने का काम किया है। इस मौके पर अपर मुख्य सचिव संजय आर भूसरेड्डी ने बताया कि गन्ना विकास विभाग ने प्रदेश के 60 लाख गन्ना किसानों के समग्र विकास एवं समृद्धि के लिए तथा खाण्डसारी उद्योग के छोटे उद्यमियों को पुनर्जीवित करने तथा किसानों को विकसित करने के लिए भी भरसक प्रयास किया है।

समापन समारोह के दौरान संस्कृति विभाग के सौजन्य से विभिन्न सांस्कृति कार्यक्रमों एवं लोक नृत्य आदि का आयोजन किया गया जिनमें दीपिका मिश्रा, प्रज्ञा सिंह, जितेन्द्र सिंह, पल्लवी शुक्ला, प्रीति वर्मा, अभिषेक श्रीवास्तव, अराधना आदि को प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। महोत्सव में गुड़ विक्रेताओं ने अपने स्टाल लगाये हैं उनमें से प्रथम दिवस ही 15 प्रतिशत गुड़ विक्रेताओं के शतप्रतिशत, 25 प्रतिशत विक्रेताओं के 60 प्रतिशत तथा 25 प्रतिशत के 50 प्रतिशत गुड़ के उत्पादों की बिक्री हो गयी। इन सभी को पुनः अपने जिलों से गुड़ उत्पाद मंगवाने की आवश्यकता पड़ गयी। कई विक्रताओं को गुड़ निर्माण हेतु अग्रिम आर्डर भी प्राप्त हो गये हैं।

## इंडियन बैंक की प्रबंध निदेशक का लखनऊ दौरा आज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**इंडियन बैंक** की प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी पद्मजा चुन्डूरू का सोमवार को लखनऊ में आगमन होगा। इंडियन बैंक में पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक के सफल समामेलन व एकीकरण के बाद यह उनका पहला लखनऊ दौरा है। राज्य की अर्थव्यवस्था में बैंक की भागीदारी को और अधिक मजबूत बनाने व विभिन्न सरकारी पररयोजनाओ, प्रायोजित योजनाओं के वित्त पोषण के लिए उत्तर प्रदेश शासन के शीर्ष पदाधिकारियों के साथ उनकी मुलाकात होगी। उत्तर प्रदेश राज्य में बैंक के व्यवसाय, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के विभिन्न अंचलों में एमएसएमई, कृषि और रिटेल ऋण में बढ़ोतरी के लिए अंचल प्रबंधकों से संवाद करेंगी।

## पेश की ईमानदारी की मिसाल, यात्री को लौटाया बैग

**लखनऊ।** रोडवेज बस में यात्री का छूटा रुपए और ज्वैलरी से भरा बैग लौटाकर आलमबाग बस टर्मिनल के कर्मियों ने ईमानदारी की मिसाल पेश की है। पूर्वी दिल्ली निवासी फर्मोद कौशांबी बस स्टैंड से लखनऊ आने के लिए सोनौली डिपो की बस संख्या यूपी 32 एनएन 0347 में बीती रात दिल्ली से सवार होकर आलमबाग बस टर्मिनल पहुंचे। बस से उतर गए पर अपना बैग लेना भूल गए। बैग में लगभग 2 लाख रूपए समेत ज्वैलरी बस में ही छूट गया। जब तक उन्हें बैग छूटने का अहसास हुआ तब तक बस लखनऊ से सोनौली के लिए निकल चुकी थी। उन्होंने तुरंत इस बात को आलमबाग बस टर्मिनल के एआरएम मतीन अहमद को बताया। वहां तैनात बस टर्मिनल प्रभारी रुपेश कुमार और वसीम सिद्दिकी ने बस में छूटे यात्री के बैग के लिए काफी मशक्कत की। रूपए और ज्वैलरी से भरा बैग सोनौली से मंगाकर सुरक्षित वापस किया। यात्री ने रोडवेज कर्मियों के इस प्रयास पर भूरी भूरी प्रशंसा की है।

## पुलिसकर्मी ने युवती का खोया मोबाइल लौटाया



**लखनऊ।** अमीनाबाद पुलिस ने रविवार को बाजार में खरीदारी करने आई एक युवती का खोया मोबाइल कुछ ही घंटे में खोजकर उसके सुपुर्द कर दिया। वहीं पुलिस के इस कार्य की प्रशंसा करते हुए युवती ने उनका धन्यवाद व्यक्त किया। इंस्पेक्टर के मुताबिक रविवार सुबह मनिकापुर गोण्डा निवासी युवती प्रीती प्रजापति अमीनाबाद बाजार में खरीदारी करने आई थी। उन्होंने बताया कि इस दौरान उनका स्मार्ट फोन कहीं खो गया। युवती ने थाने आकर इसकी सूचना पुलिस को दी। बताया जा रहा है कि पीड़िता के मोबाइल की गुमशुदगी दर्ज कर कांस्टेबल खलीक महिला कांस्टेबल अर्चना साहू व अंतिमा साहू ने बाजार में उसकी खोजबीन शुरू कर दी, कुछ ही घंटे में बाटा शोरूम के पास लगे ठेले से मोबाइल बरामद कर युवती के सुपुर्द कर दिया गया।

## परिवहन निगम मुख्यालय पर सालों से 300 से ज्यादा पद खाली

**लखनऊ।** परिवहन निगम मुख्यालय पर ग और घ श्रेणी के खाली पदों पर दो दशकों से भर्ती नहीं हुई। जबकि मुख्यालय पर कर्मचारी और चपरासी मिलाकर 400 पद स्वीकृत है। इनमें 300 से ज्यादा पद कई वर्षो से खाली पड़े हैं। पद खाली होने का नतीजा यह है कि क्षेत्रों में बुलाए गए बस कंडक्टर, स्टेशन इंचार्ज और फोरमैन मुख्यालय पर फाइलों को संभाल रहे है। प्रधान प्रबंधक डीवी सिंह बताते है कि चतुर्थ श्रेणी कर्मियों की भर्ती के लिए एक प्रस्ताव बनाकर शासन भेजा गया है। अभी तक कोई मंजूरी नहीं मिली है। ऐसे में क्षेत्रों से आए कर्मियों को वापस भेजने के लिए विचार किया जाएगा। फिलहाल इस मामले में रोडवेज इम्प्लाइज यूनियन के मुख्यालय के क्षेत्रीय मंत्री सुनील दत्त शर्मा ने एक पत्र एमडी को देकर क्षेत्रों से आए कर्मियों को वापस भेजने की बात कहीं है। वहीं मुख्यालय पर तैनात क्षेत्रों के स्टेशन इंचार्ज बड़े बड़े अफसरों की फाइल निपटा रहे है। निगम के कार्यकलापो, प्राविधानों, नियम एवं उपनियम का संज्ञान ले रहे है। ऐसे में अनुभाग में लिपिकों को संबंद्ध करके काम को पूरा कराए जाने के लिए एमडी से विचार करने की मांग की गई है।

## ट्रैफिक पंचायत में डीसीपी यातायात ने दिए टिप्स

**लखनऊ।** पुलिस उपायुक्त यातायात डा. ख्याति गर्ग के नेतृत्व में 1090 चौराहा पर ट्रैफिक की पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अपर पुलिस आयुक्त यातायात, एआरटीओ प्रशासन अखिलेश द्विवेदी, एआरटीओ प्रवर्तन सिद्धार्थ यादव एवं अमित राजन और रेडियो मिर्ची से आरजे ताशी मौजूद रहे। डीसीपी डॉ ख्याति गर्ग ने चालक व परिचालकों को सुरक्षा संबंधी दिशा निर्देश देते हुए बताया कि प्रत्येक स्कूली वाहन में हमेशा फर्स्ट ऐड बाक्स तथा फायर एग्जिट होना अनिवार्य है। साथ ही वाहन को हमेशा निर्धारित गति सीमा में ही चलायें। इसके अलावा यातायात नियमों तथा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें। एआरटीओ प्रवर्तन सिद्धार्थ यादव ने चालकों से तेज गति से वाहन ना चलाना, गलत साइड से वाहन ना चलाना आदि का विशेष ध्यान रखने को कहा। इस कार्यक्रम में लखनऊ कमिश्नरेट के स्कूली बसों व वाहनों के चालक-परिचालक भी मौजूद रहे।

## चलती कार में लगी आग

**लखनऊ।** पीजीआई थाना क्षेत्र के एल्डिको कॉलोनी के पास रविवार शाम एक रिटायर्ड इंस्पेक्टर की चलती कार में अचानक आग लग गई। कार से तेज लपटें उठती देख उन्होंने किसी तरह बाहर निकल कर अपनी जान बचाई और सूचना पुलिस व दमकल विभाग को दी। वहीं दमकल की गाड़ी जब तक मौके पर पहुंचती उससे पहले आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। फिलहाल फायर की एक गाड़ी ने थोड़ी देर बाद आग पर काबू पा लिया। पुलिस के मुताबिक पीजीआई निवासी रिटायर्ड इंस्पेक्टर राम कृष्ण रविवार शाम अपनी एक्सयूवी कार से घर जा रहे थे। इसी दौरान एल्डिको कॉलोनी के पास उनकी कार में अचानक आग लग गई।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले ईएमटी और पायलट किये गये सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश में** निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा देकर आमजन को राहत देने वाले ईएमटी और पायलट को रविवार को सम्मानित किया गया। एम्बुलेंस सेवा प्रदाता कंपनी के लखनऊ के रीजनल मैनेजर विकास मणि त्रिपाठी ने बेहतर कार्य के साथ इमर्जेंसी में मरीजों को बेहतर सेवाएं देने के लिए चेक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

उन्होंने बताया कि जनवरी माह में बेस्ट केस के लिये आदेश कुमार और राहुल सिंह को चेक और प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा अश्विनी, राजपालए विनय श्रीवास्तव, राजीव, राजकुमार, रवी और हेल्पडेस्क की पूजा को उपहार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रोग्राम मैनेजर इंद्रजीत सिंह व अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इस बारे में जानकारी देते हुए विकास मणि ने बताया कि निःशुल्क एम्बुलेंस सेवाप्रदाता कम्पनी हमेशा से ही अच्छा काम करने वालों को पुरस्कृत करती रही है, एम्बुलेंस सेवा एक ऐसी सेवा है जो आपातकालीन सेवा में आती है, कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार की मेडिकल इमर्जेंसी के समय सरकारी अस्पताल जाने के लिये 108 पर नंबर कॉल करके एम्बुलेंस सेवा प्राप्त कर सकता है।

## लखनऊ महानगर कांग्रेस अध्यक्षों का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**लखनऊ।** शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पार्क रोड पर रविवार को लखनऊ शहर कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त शहर अध्यक्षों (शहर अध्यक्ष लखनऊ उत्तर एवं शहर अध्यक्ष लखनऊ दक्षिण) का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। शपथ ग्रहण समारोह में भारी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे। जिसमें प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस के महासचिव एवं प्रभारी लखनऊ सैफअली नकवी एवं प्रदेश कांग्रेस के सचिव व प्रभारी लखनऊ रमेश कुमार शुक्ल मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि अजय कुमार श्रीवास्तव को लखनऊ शहर उत्तरी का शहर अध्यक्ष एवं दिलप्रीत सिंह को लखनऊ शहर दक्षिणी का अध्यक्ष कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के अनुमोदनोपरान्त कुछ दिनों पूर्व नियुक्त किया गया है। शहर कांग्रेस कार्यालय में आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस के सचिव रमेश शुक्ल प्रभारी लखनऊ ने दोनों अध्यक्षों को शपथ दिलाकर पदभार ग्रहण करवाया।

## अंतराष्ट्रीय महिला दिवस: कोविड टीकाकरण इस बार महिलाओं को होगा समर्पित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● टीकाकरण की टीम में और लाभार्थी के तौर पर महिला ही होंगी शामिल

**कोरोना** संक्रमण से बचाने के लिए चलाए जा रहे कोविड वैक्सीनेशन अभियान के अंतर्गत इस बार आठ मार्च को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर कोविड टीकाकरण महिलाओं को समर्पित होगा। इस दिवस पर टीकाकरण की टीम में और लाभार्थी के तौर पर महिला ही शामिल होंगी। इसके लिए तीन सत्र आयोजित किये जायेंगे।

कोविड टीकाकरण को लेकर अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि कल अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदेश में महिलाओं के लिए अनूठी पहल की जा रही है। जनपदों में तीन वैक्सीन बूथों पर सिर्फ महिला स्वास्थ्य कर्मी होंगी जिनके द्वारा बूथ पर आने वाली 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिलाओं तथा 45 से 60 वर्ष की आयु वाली महिलाएं जो पहले से चिन्हित बीमारियों से ग्रसित है उनका भी वैक्सीनेशन किया जायेगा। शासन स्तर पर 45 वर्ष से लेकर 60 वर्ष तक के व्यक्तियों के लिए गाइडलाइन जारी की गई है। जारी गाइडलाइंस के मुताबिक जिन स्वास्थ्यकर्मियों/फ्रंटलाइन वर्कर्स को निजी अस्पतालों में सेशन साइट बनाकर वैक्सीन की पहली डोज दी गई हैए उन्हें दूसरी डोज जिला अस्पताल या सरकारी केंद्र पर दी जायेगी। इसके लिए एंटीग्रेटेड कमांड सेंटर से लाभार्थियों को मैसेज भेजा जाएगा। वही निजी अस्पतालों में वैक्सीनेशन के लिए भुगतान करना होगा। इसके अलावा प्रदेश के सभी जिला अस्पतालों एवं मेडिकल कालेजों में सोमवार से शनिवार और अन्य सभी केंद्रों पर सोमवारए गुरुवार और शुक्रवार को टीकाकरण होगा। जबकि निजी अस्पताल सप्ताह में 4 दिन वैक्सीनेशन कर सकेंगे। वही शहरी कोविड वैक्सीनेशन सेंटर पर 60 फीसदी स्लॉट प्री रजिस्ट्रेशन के लिए और 40 फीसदी स्लॉट वॉक इन के आधार पर तय होंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में 50 फीसदी स्लॉट प्री रजिस्ट्रेशन के लिए और 50 फीसदी स्लॉट वॉक इन के आधार पर तय होंगे। वैक्सीनेशन का कार्य प्रातः 9 बजे से 5 बजे तक किया जाएगा। प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक का समय प्री रजिस्ट्रेशन वालों के लिए और 11 बजे के बाद पहले आओ पहले पाओ के आधार पर वैक्सीनेशन होगा। निजी टीकाकरण केंद्रों के लिए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से नोडल आफिसर की तैनाती की जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में इन्टरनेट कनेक्टिविटी में समस्या के बावजूद किसी लाभार्थी को वापस नही किया जाएगा। वैक्सीनेशन के साथ डाक्यूमेनेटेशन की औपचारिकता पूरी करने के बाद इन्टरनेट कनेक्टिविटी की समस्या दूर होने पर डेटा अपलोड किया जाएगा।

## फ्लोर मिल में भड़की आग, मची भगदड़

संवाददाता। मोहनलालगंज



**बनी रोड** पर जेएमपी फ्लोर मिल में रविवार को अचानक आग लगने अफरा-तफरी मच गई। बोरियों में भड़की चिंगारी ने थोड़ी ही देर में चोकर गोदाम में विकराल रुप अख्तियार कर लिया। चारों तरफ फैली धुएं की धुंध ने इलाके में हड़कम्प मचा दिया। करीब चार घण्टे तक कड़ी मशक्कत के बाद बेकाबू आग पर काबू पाया जा सका।

मोहनलालगंज के भसण्डा स्थित जेएमपी फ्लोर मिल में रविवार की सुबह बोरियों में अचानक आग भड़क गई। मजदूरों ने भागकर आग बुझाने की कोशिश की लेकिन तब तक बेकाबू आग की लपटें चोकर गोदाम में फैल गईं। आग का विकराल रुप देखकर भगदड़ मच गई। पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दिए जाने के बावजूद फायर ब्रिगेड को पहुंचने में देरी से हालात और बिगड़ गए। बाहर निकल रहीं आग की लपटों और धुएं की भयावह धुंध ने पूरे इलाके में घबराहट फैला दी। अधिकारियों की फटकार पर एक के बाद एक पहुंची सात फायर ब्रिगेड की गाड़ियों और एयरफोर्स की एक अन्य गाड़ी की मदद से फायर कर्मियों ने मिलकर करीब चार घण्टे तक कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने में सफलता हासिल की। हालांकि पूरी तरह से आग बुझाने में दस घण्टे लग गए। देरशाम फायर ब्रिगेड की सभी गाड़ियों को वापस लौटने की फुरसत मिल सकी। गनीमत रही कि किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक आग लगने की सही वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। फिलहाल शार्ट सर्किट की वजह से आग भड़कने का अंदेशा है। नुकसान का आंकलन अब तक नहीं हो सका है।

## अच्छे स्वास्थ्य व फिटनेस को लेकर साइकिल वाक मैराथन आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**आप कैसे** फिट रहें, आपका स्वास्थ्य ठीक रहे। इसको लेकर रविवार को 1090 चौराहे पर पैदल यात्री साइकिलिंग एसोसिएशन की पहल मानवी के तत्वाधान में साइकिल वॉक मैराथन एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त डीके ठाकुर, रेणुका मिश्रा एडीजी भर्ती बोर्ड नोडल अधिकारी, मिशन शक्ति एवं एडीजी, असीम अरूण डायल.112 मौजूद रहे। महिला दिवस के पूर्व रविवार को लखनऊ वासियों को उनके स्वास्थ्य एंव फिटनेस को लेकर जागरूक करने के लिये साइकिल वॉक मैराथन को पुलिस कमिश्नर लखनऊ डीके ठाकुर व रेणुका मिश्रा एडीजी भर्ती बोर्ड नोडल अधिकारी मिशन शक्ति द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया। स्वास्थ्य और फिटनेस पर केंद्रित कार्यक्रम में शहर की महिलाओं ने साइकिल वॉक मैराथन में हिस्सा लिया। इस अवसर डीसीपी ट्रैफिक ख्याती गर्ग, डीसीपी महिला अपराध सुचिता चौधरी व अन्य आधिकारीगणों के साथ साथ शहर के विभिन्न स्थानों से आये बच्चे इस रैली का हिस्सा बने। रैली से लोगों को संदेश दिया कि पुलिस कमिश्नरेट में हम सुरक्षित हैं।

## महिला सशक्तीकरण की दिशा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है सीएमएस: भारती गांधी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अन्तर्राष्ट्रीय** महिला दिवस की पूर्व संध्या पर एक अनौपचारिक वार्ता में सिटी मोन्टेसरी स्कूल की संस्थापिका-निदेशिका डा. (श्रीमती) भारती गाँधी ने कहा कि महिला सशक्तीकरण की दिशा में सीएमएस दशकों से अग्रणी भूमिका निभा रहा है। वर्ष 1959 में, अपनी स्थापना के समय से ही सीएमएस महिला सशक्तीकरण का अलख जगा रहा है। सामाजिक विकास में महिलाओं के योगदान को सीएमएस ने गहराई से आत्मसात किया है और आज उसके 52,000 छात्रों को शिक्षा देने वाली 90 प्रतिशत शिक्षिकाएं हैं, जो भावी पीढ़ी के भविष्य निर्माण में संलग्न हैं। डा. गाँधी ने आगे कहा कि हमारे छात्र-छात्राएं विभिन्न माध्यमों से महिला सशक्तीकरण की जोरदार आवाज बुलन्द कर समाज में महिलाओं को उचित सम्मान देने हेतु जन-मानस को लगातार जागरूक कर रहे हैं। इसी कड़ी में अभी हाल ही में राजाजीपुरम में 1090 पुलिस के पिंक बूथ के उद्घाटन अवसर पर कानपुर रोड एवं आरडीएसओ कैम्पस के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के प्रस्तुतिकरण द्वारा महिला सशक्तीकरण का उद्घोष किया तो वहीं विगत सप्ताह राजेन्द्र नगर (प्रथम कैम्पस) के छात्र-छात्राओं ने मनोवैज्ञानिक काउन्सलर श्रीमती हेमा टंडन के मार्गदर्शन में लैंगिक समानता पर विचार-विमर्श किया। डा. भारती गाँधी ने कहा कि वर्तमान समाजिक विकास में महिलाओं की अतुलनीय भागीदारी के बावजूद लिंगभेद की असमानता चिंतनीय है। इसी संदर्भ में लैंगिक असमानता, बाल विवाह, कन्या भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा आदि सामाजिक कुरीतियों के खत्म करने, महिलाओं पर होने वाले अपराध व हिंसा पर अंकुश लगाने एवं समाज में महिलाओं का उचित सम्मान व प्रतिनिधित्व प्रदान करने के उद्देश्य से सीएमएस द्वारा विगत कई वर्षों से लगातार इण्टरनेशनल मीडिया कान्फ्रेन्स का आयोजन किया जा रहा है।

## अब न रास्ते की दिक्कत होगी, न जलनिकासी की समस्या

● नगर पंचायत में शिकायतों का भी तय समय में होगा समाधान

संवाददाता। मोहनलालगंज





**न रास्ते** की दिक्कत होगी, न जलनिकासी की समस्या पेयजल और मार्ग प्रकाश से जुड़ी शिकायतों का भी आसानी से निदान कराया जाएगा। मोहनलालगंज नगर पंचायत प्रशासन ने इसके लिए कमर कस ली है। विकास कार्यों की प्राथमिकता तय करने के लिए नगर पंचायत की टीम ने सर्वे भी शुरु कर दिया है। वहीं जनशिकायतें दर्ज करने के लिए नगर पंचायत दफ्तर में शिकायत पंजीकरण पुस्तिका भी रखवाई गई है।

मोहनलालगंज नगर पंचायत में जल्द ही विकास कार्यों की शुरुआत कराने की तैयारी है। रास्ते और नाली से जुड़ी समस्याओं को चिन्हित करने के लिए नगर पंचायत की एक टीम प्रतिदिन गांवों में जाकर सर्वे कर रही है। प्रशासन की सहमति से कुछ चिन्हित कार्यों का नगर पंचायत के अवर अभियन्ता प्राक्कलन भी तैयार कर रहे हैं। अधिशाषी अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी के मुताबिक वित्तीय स्वीकृति लेकर शीघ्र ही विकास कार्यों का शुभारम्भ किया जाएगा। फिलहाल हैण्डपम्प और पेयजल योजना की पाइपलाइन मरम्मत के कार्य शुरु कर दिए गए हैं। पेयजल आपूर्ति की समय अवधि भी एक घण्टे बढ़वाई गई है। जहां कहीं से भी शिकायतें आ रही हैं उनका समाधान कराया जा रहा है। नगर पंचायत कार्यालय में भी शिकायतें दर्ज करने के लिए रजिस्टर रखवाया गया है। सामग्री आ चुकी है जल्द ही मार्ग प्रकाश के लिए हाईमास्क लाइटें लगवाने की भी शुरुआत कराई जाएगी। ईओ ने बताया इसके अतिरिक्त नाली ,रास्ते ,पोल ,टॉयलेट ,पेयजल और आवास समेत अन्य योजनाओं के लिए नगर पंचायत की टीम सर्वे करने के लिए जुटाई गई है। जिसके आधार पर प्राथमिकता तय कर इन सुविधाओं का भी लाभ दिया जाएगा।

### मच्छरों के लिए होगी फागिंग रखी जाएंगी डस्टबिन

मौसम में तब्दीली के साथ मच्छरों ने नगर पंचायत वासियों को परेशान करना शुरु कर दिया है। लिहाजा मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के लिए जल्द ही नगर पंचायत प्रशासन फागिंग की शुरुआत कराएगा। जिसके लिए संसाधन भी जुटा लिए गए हैं। सफाईकर्मियों को बेहतर साफ-सफाई की भी हिदायत दी गई है। ईओ ने बताया सफाईकर्मियों को देने के लिए 50 ठेले और नगर पंचायत के विभिन्न मोहल्लों में रखवाने के लिए 100 डस्टबिन भी मंगवा ली गई हैं। जिन्हें जल्द ही नगर पंचायत क्षेत्र में रखवाकर लोगों को कचरा उनमें डालकर साफ-सफाई रखने में सहयोग देने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

### मिलेगी मोबाइल टायलेट की सौगात

मोहनलालगंज नगर पंचायत में जल्द ही भीड़-भाड़ वाले आयोजनों में लोगों को स्वच्छ शौचालय की सुविधा देने के लिए मोबाइल टायलेट मुहैया कराया जाएगा। ईओ ने बताया मोबाइल टायलेट की खरीद कर उसे फंक्शन में लाया जा रहा है। जल्द ही इसकी सुविधा आम लोगों को मयस्सर होने लगेगी। इसके अतिरिक्त तहसील परिसर के शौचालय की मरम्मत शुरु कराई जा चुकी है। शीघ्र ही कस्बे में टायलेट निर्माण की भी योजना बनाई गई है।

### सरकारी जमीनों से हटेगा अवैध कब्जा

मोहनलालगंज नगर पंचायत में सरकारी जमीनों को अवैध कब्जा मुक्त कराने का अभियान भी छेड़ने की तैयारी है। राजस्व विभाग की मदद से सरकारी जमीनों पर कब्जे चिन्हित करने की कार्रवाई शुरु कर दी गई है। जेसीबी भी खरीदकर आ चुकी है। ईओ ने बताया नगर पंचायत में खाली कराई जाने वाली सरकारी जमीनों को बहुपयोगी बनाने की योजना भी तैयार की जाएगी।

# बंगाल में गूंजेगा जय श्रीराम : दिनेश शर्मा

**● अंतर्राष्ट्रीय शहर बनने की तरफअग्रसर है अयोध्या, श्री राम के भव्य मंदिर की नींव खोदाई का कार्य देखकर मन हुआ गद्‌गद्**

संवाददाता। अयोध्या





**भगवान** श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या पहुंचकर श्री राम लला और हनुमान जी का पूजन अर्चन करने के बाद हनुमानगढ़ी के गद्दी नशीन महंत प्रेम दास से मिलकर आशीर्वाद लिया इस दौरान महाराज जी के शिष्य डॉ महेश दास भी मौजूद रहे। मुलाकात के बाद हनुमानगढ़ी पर प्रेस से मुखातिब होते हुए उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा ने कहा श्री राम लला का दर्शन कर मन प्रसन्न है जिसकी परिकल्पना हम बचपन मे जोर से नारा लगाते थे रामलला आएंगे हम मंदिर वहीं बनाएंगे। वह परिकल्पना साकार हो रही है और रामलला के भव्य मंदिर की नींव की खुदाई देखा तो मन शुभकामनाओं में सुप्रीम कोर्ट के प्रति कृतज्ञ भाव अंतर्मन में गुजने लगे और अयोध्या अंतरराष्ट्रीय स्तर का शहर बनने की तरफ अग्रसर है। अयोध्या में मुख्यमंत्री की कल्पना राम नगरी के चारों तरफ पुलों और सड़क का निर्माण सीवरेज और स्मारकों का मंदिरों के जीर्णोद्धार का सरयू तट के सौंदर्यीकरण का रामलला की विशालकाय प्रतिमा का कार्य जल्द होने वाला है। भगवान से प्रार्थना की है अयोध्या में जल्द ही श्री राम विश्वविद्यालय की स्थापना भी हो।निजी क्षेत्रों में लोगों से गुजारिश की है कि रामायण रामचरितमानस और अन्य ग्रंथों पर विभिन्न भाषाओं में लिखी गई रामायण के शोध का अध्ययन केंद्र बन जाए। उन्होंने कहा भारतवर्ष के तमाम समाचार पत्रों में लिखा गया है कि उत्तर प्रदेश में शैक्षिक क्रांति आई है।हमने पाठ्यक्रमों का परिवर्तन किया है जो आजादी के बाद से चलता आया था। माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में 248 विद्यालयों का 4 साल के अल्प अवधि में हुआ है निर्माण। 167 दीनदयाल उपाध्याय मॉडल स्कूल बने हैं 79 राजकीय महाविद्यालय बने हैं।आजमगढ़ सहारनपुर और अलीगढ़ में राजकीय विश्वविद्यालय बनने जा रहे हैं।जल्द ही विश्व विधि विश्वविद्यालय स्पोर्ट विद्यालयएआयुष विद्यालयए मेडिकल विश्वविद्यालय इनकी स्थापना हम लोग करेंगे।सत्ता में आने पर 12 मेडिकल कॉलेज थे आज 30 मेडिकल कॉलेज कार्य कर रहे हैं। अमेठी और गोरखपुर में एम्स काम कर रहा है पूरा प्रदेश विकास के लंबे दौर से गुजर रहा है।राम राज्य की स्थापना के तरफ हम लोग आगे बढ़ रहे हैं। पश्चिम बंगाल पर बोलते हुए डॉ दिनेश शर्मा ने कहा वहां पर जय श्री राम का नारा ही बुलंद होगा। शिक्षा डॉ दिनेश शर्मा ने बोर्ड परीक्षा संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि यूपी 24 अप्रैल से होने वाली बोर्ड परीक्षाएं कोविड.19 अनुरूप होंगी और 30 प्रतिशत कोर्स कम कर दिया गया है। 12 दिन में हाई स्कूल और 15 दिन में इंटरमीडिएट की परीक्षा संपादित होगी। जिसमे 1लाख 91 हजार सीसीटीवी कैमरे और एक लाख 80 हजार परीक्षा केंद्र में लगाए गए हैं। आज हमारे परीक्षा केंद्रों का निर्धारण समाप्त हो चुका है और पूरी परीक्षा की तैयारी की जा रही है। कोरोना संक्रमण काल के कारण पाठ्यक्रम में 30 प्रतिशत कम करके ही बच्चों को पढ़ाया जा रहा है और उसमें 30 प्रतिशत कम पाठ्यक्रम से ही हमारी परीक्षाएं होंगी समय से परीक्षा और समय से रिजल्ट का नियमितीकरण हो यह हमारा प्रयास है।

## उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने जयपुरिया स्कूल के नवनिर्मित स्वीमिंग पूल और बैडमिन्टन कोर्ट का किया शुभारम्भ





**अयोध्या।** सेठ एमआरजयपुरिया स्कूल के नवनिर्मित स्वीमिंग पूल एवं बैडमिंटन कोर्ट का उद्घघाटन समारोह पूर्वक किया गया। उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने शिलापट का अनावरण स्कूल के चेयरपर्सन एवं नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ताए निदेशक विशाल गुप्ताएअमल गुप्ता, जयपुरिया स्कूल ग्रुप के निदेशक कनक गुप्ताए प्रधानाचार्य अनिल कुमार की उपस्थिति में किया।इस अवसर पर स्पोर्ट्स टीचर रेगन सिंह चौहान ने उपमुख्यमंत्री डॉ. शर्मा को बैडमिंटन देकर उनसे एक शॉट भी खेला। सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल के चैयरपर्सन एवं नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मानकों पर आधारित जयपुरिया स्कूल के नवनिर्मित स्वीमिंग पूल के उद्घघाटन अवसर पर निदेशक विशाल गुप्ता ने उपमुख्यमंत्री डॉ. शर्मा को राममंदिर का मॉडल स्मृति चिन्ह के तौर पर प्रदानकर सम्मानित किया। जयपुरिया स्कूल ग्रुप के निदेशक कनक गुप्ता ने उपमुख्यमंत्री को ग्रीनकार्ड सर्टिफिकेट प्रदान किया।निदेशक विशाल गुप्ता ने बताया कि सीबीएसई स्कूल के राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं के आयोजन भी इस पूल में कराये जा सकेंगे। प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने कहा कि हमारी कोशिश होगी कि भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर के तैराक इस स्कूल से निकल कर प्रदेश और देश का नाम रोशन करें। इस अवसर पर जयपुरिया स्कूल के प्रशासनिक अधिकारी सतीश गुप्ताए समन्वयक डॉ. प्रगति श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक शिक्षिकायें एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जर्नी फॉर इक्वलिटी यात्रा अयोध्या पहुंची

**● गैरबराबरी की समाप्ति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सभी के लिए सामान्य हो के उद्देश्य के साथ हो रही है यात्रा**

संवाददाता। अयोध्या

**श्रावस्ती** से चल कर सारनाथ तक जाने वाली राइड फॉर इक्वलिटी साइकिल यात्रा 6 मार्च शाम को अयोध्या पहुंची जहाँ अयोध्या के ही साथी विनीत मौर्या जी ने सभी यात्रियों को दही जलेबी खिला कर स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं। इसके बाद आगे बढ़ते ही श्रृंगार हाट के पास डॉ महेंद्र सिंहए एडवोकेट नितिन मिश्राए एडवोकेट दीनदयाल शर्मा और विष्णु प्रताप सिंहए आदि साथियों के साथ जनता होमियो हॉल पर साईकिल यात्रा में शामिल होने पर सभी यात्रियों का स्वागत किया और चर्चा शुरू हुई। डॉ महेंद्र ने सभी यात्रियों को भेट स्वरूप लकड़ी का ब्रश और कान साफकरने के जैविक समान दिए। इसके साथ ही यात्रा के उद्देश्य पर चर्चा शुरू करते हुए शिवांशु मिश्रा ने बताया कि यह यात्रा गैर बराबरी की समाप्तिए बेहतर शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाएं सभी को बराबर मिलने के संबंध में की जा रही हैं। फिर हमारी यात्रा हार्ट ऑफ सिटी दिलकुशा पहुंची जहाँ बच्चों और किशोरियों ने के साथ सांस्कृतिक संध्या का कार्यक्रम किया गया। जर्नी फ़ॅर इक्वलटी यात्रा आज अमर शहीद अशफक उल्लाह के शहीदी स्थल पर माल्यर्पण और श्रद्धांजलि से हुई। इसके बात यात्रा के साथियों ने प्रेस क्लब में अवध पीपुल्स फोरम द्वारा आयोजित गर्ल्स कन्वेंशन में भाग लिया जिसमे लड़कियों की शिक्षा एवं चुनौतियों पर बात हुई और साथियों ने अपने विचार रखेए कन्वेंशन में यात्रा के साथी शुभम पांडेय ने विचार रखते हुए कहा कि लड़कियों की शिक्षा आज के युग में भी चुनौती बानी हुई है आज भी हमारे स्कूलों में लड़कियों के लिए सही टॉयलेट, हाइजीन के सामान और कॉमन रूम नहीं हैं जिससे लड़कियों को रोज समस्या का सामना करना पड़ता है। इस विषय पर सरकार को ध्यान देना चाहिए। इसके बाद यात्रा अपने अगले पड़ाव में शाम की चाय पर कैंट के सभासद अमरजीत निषाद और उनके साथयों के साथ नदी और पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा हुई की कैसे आज हम सब नदियों को दूषित करते हुए। उन्हें मार रहे हैं सरयू नदी जीवनदायनी है। इसे कितने लोगों के रोजगार जुड़ें हैं अगर हम इसे नहीं बचाएंगे तो खुद बड़े संकट को न्यौता देंगे। शाम में समानता साथियों के साथ जेंडर आधारित फिल्म स्क्रीनिंग और चर्चा का आयोजन यूथ रिसोर्स सेंटरए सहादत अली की छावनी में किया गया। यात्रा का आखरी कार्यक्रम ओ पी एस एकेडमी के प्रबंधिक अमर सिंह के निवासए निरालानगरए खोजनपुर में संवाद और यात्री भोजन के साथ स्टार क्रिकेट क्लब के टीम सदस्यों के साथियों के साथ किया गया। यात्रा का आयोजन अवध यूथ कलेक्टिवए ऑक्सफेम इंडियाए जन शिक्षण केंद्रए सरजू फाउंडेशनए दिशा फाउंडेशनए प्रेरणा किशोरी विकास केंद्र साझे तौर पर कर रहे हैं। यात्रा में गुफ्रान सिद्दीकी, विनीत मौर्या, शिवांशु मिश्राए देवेंद्र सोनकर, आशीष कुमारए लाल प्रकाश राहीए शुभम पांडेय और आफ़क़ उल्लाह लगातार चल रहे हैं। यात्रा अपने अगले पड़ाव में 8 मार्च को सुबह सुबह माया बाजार होते हुए अकबरपुर के लिए निकलेंगी। यात्रा का उद्देश्य समाज में व्याप्त असमानता और गैरबराबरी के विरुद्ध लोगों में जागरूकता लाने, किशोरियों के लिए शिक्षा के पर्याप्त अवसर बनाना और पर्यावरण के लिए लोगों में चेतना का विस्तार करना है। यात्रा का समापन फ़ैज़ाबादए अकबरपुरए जौनपुर होते हुए 12 मार्च को सारनाथ वाराणसी में प्रस्तावित है।

# मजगवां में आयोजित हुआ क्रिकेट टूर्नामेंट

**● पूर्व सांसद ने किया उद्घाटन**

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



प्रतियोगिता का उद्घघाटन करते घनश्याम चंद्र खरवार पायनियर

**राष्ट्रीय** एकता की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से जमां नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट के तत्वाधान में मजगवां में क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया गया। टूर्नामेंट में पूर्व सांसद एवं बसपा नेता घनश्याम चंद खरवार ने बतौर मुख्य अतिथि फीता काटकर उद्घाटन करते हुए कहा कि पूर्ण मनोयोग से खेला गया खेल उपयोगी होता है। तथा खिलाड़ियों में टीम भावना का विकास होता है। और खिलाड़ी में सद्भावना, ईमानदारी, सहयोग और नेतृत्व जैसे गुण विकसित होते हैं। और खेलों के जरिये ही युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा मिलती है जो उनके विकास में सहायक बनती है। टांडा विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी एवं बसपा नेता मनोज वर्मा ने कहा कि खेलों के दौरान सीखा गया अनुशासन जीवन भर उपयोगी सिद्ध होता है।खेल हमें सिखाते हैं कि जीत और हार महत्वपूर्ण नहीं होती है बल्कि ईमानदारी से खेला गया खेल ही अहम होता है। नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के बसपा नगर अध्यक्ष दबीर अहमद एडवोकेट ने कहा कि खेल से धैर्य और संयम बढ़ता है।खेल में संलग्न नहीं रहने वाले युवा अपनी इस ऊर्जा को गलत कार्यों में लगाकर अपने भविष्य को संकट में डालते हैं। उद्घाटन मैच मजगवां और किछौछा के मध्य खेला गया जिसमें किछौछा ने निर्धारित ओवर में 36 रन बनाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए मजगवां 34 रन ही बना सकी। टूर्नामेंट में किछौछा की टीम विजेता घोषित हुई। किछौछा के कप्तान सरफराज तथा मजगवां के कप्तान बादशाह अहमद थे।अवसर पर डॉ दयाराम राजभर, जिला अध्यक्ष बसपा अरविंद गौतम, पवन कुमार मौर्य , बब्लू पाल , टांडा विधानसभा अध्यक्ष राम वचन गौतम, सुनील वर्मा, शहाबुद्दीन उर्फ भुद्धू भाई अनीस खान, मोहम्मद अरबाज, मोहम्मद शेबू, मोहम्मद मेराज, मोहम्मद दानिश आदि लोग उपस्थित थे।

# रसोई गैस सिलेंडर में रिसाव से लगी आग

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**शहर** के गोरखनाथ क्षेत्र के शास्त्री नगर में रविवार सुबह रसोई गैस सिलेंडर में रिसाव के कारण आग लग गई। स्वजन ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन थोड़े ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। पूरे घर में आग फैलने पर घरवालों ने भाग कर जान बचाई और पुलिस कंट्रोल रूम में घटना की सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही सिलेंडर में विस्फोट होने से भगदड़ मच गई। आसपास रहने वाले लोग भी अपने घरों से बाहर निकल गए।

## खाना बनाते समय हुआ हादसा

**बताया** जाता है कि शास्त्रीनगर में भगवती चौराहा के पास रहने वाले हरिशंकर यादव बीमा सलाहकार हैं। परिवार के साथ वह मकान के दूसरे मंजिल पर रहते हैं। नीचे दोनों छोटे भाइयों का परिवार रहता है। सुबह हरिशंकर की पत्नी सुनीता भोजन बना रही थीं। बेटी पूजा, ज्योति और बेटे कन्हैया के साथ वह कमरे में बैठे थे। सुबह 9.30 बजे रसोई गैस सिलेंडर में रिसाव से आग लग गई। सुनीता ने शोर मचाया तो हरिशंकर ने बच्चों के साथ आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन थोड़े ही देर में आग पूरे किचन में फैल गई और कमरे तक पहुंच गई। घरवालों के शोर मचाने पर नीचे रहने वाले भाई और पड़ोसी पहुंच गए। आग के विकराल होने पर सभी लोग नीचे आ गए और घटना की जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम को दी। इसी बीच गैस सिलेंडर में विस्फोट होने से किचन की दीवार दरक गई। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि डर की वजह से पड़ोस में रहने वाले लोग भी अपने-अपने घरों से बाहर निकल गए। 10 बजे के करीब पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। किचन में रखे रसोई गैस के दो सिलेंडर में भी आग लग गई, लेकिन गनीमत रही की विस्फोट नहीं हुआ। हरिशंकर यादव ने फायर ब्रिगेड की टीम को बताया कि घर में आग लगने से 80 हजार रुपये नकदी, दो लाख के जेवरात, फ्रिज व घरेलू उपयोग के सभी सामान जलकर राख हो गया। विस्फोट के दौरान प्लास्टर का एक टुकड़ा छिटककर हरिशंकर की कान में लग गया। उनके घायल होने की सूचना पर 108 नंबर एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई, लेकिन वह अस्पताल नहीं गए।

# पीएम आवास योजना व सीएम आवास योजना के लाभार्थियों को विधायक अनीता कमल ने दी चाबी

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



महिलाओं को स्वरोजगार के लिए सामान की किट सौंपतीं विधायक

**जहाँगीरगंज** विकासखण्ड के ड्वाकरा हाल में रविवार को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) योजना अंतर्गत 50 पूर्ण आवासों एवं मुख्यमंत्री आवास योजना अंतर्गत 03 पूर्ण आवासों की चाबी मुख्य अतिथि विधायक आलापुर द्वारा दिया गया।

इस मौके पर अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा अनुसूचित जाति की महिलाओं/युवतियों के लिए स्वरोजगार हेतु टेलरिंग शॉप योजना के अंतर्गत 25 लाभार्थी महिलाओं/युवतियों को टेलरिंग सामग्री(उषा कंपनी की 02 सिलाई मशीन,01 प्रेस,02 स्टूल,01 टूल किट)प्रत्येक को विधायिका आलापुर के द्वारा वितरण किया गया।

इसी अवसर पर युवा कल्याण विभाग द्वारा युवक/महिला मंगल दल से जुड़े 10 दलों को प्रोत्साहन सामग्री का भी वितरण किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला समाज कल्याण अधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी आर0के0 चौरसिया एवं संचालन अवर अभियंता अशोक कुमार तथा यूथ आइकॉन प्रवीण गुप्ता द्वारा किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अनीता कमल ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार सबका साथ-सबका विकास के अपने वादे को पूरा करने पर लगातार काम कर रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए कृतसंकल्पित है जिसके लिए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व दिवस पर मिशन शक्ति अंतर्गत विभिन्न योजनाओं का संचालन कर रही है।

इस मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि अवधेश कमल, प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी अखण्ड प्रताप, मुकर्रम खान, सूर्यनाथ, उपमा पांडेय, ज्ञानेंद्र सिंह, महेंद्र वर्मा, सत्यवर्धन पांडेय, जयनाथ पांडेय, राम सूरत यादव, सुरेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# महिला आरक्षी को मिला प्रशंसा पत्र



पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**एडीजी** अखिल कुमार ने बीट सिस्टम प्रणाली को मजबूत करने के लिए बीट आरक्षियों से प्रार्थना पत्र जांच, जनता से संवाद, ह्वाटसएप ग्रुप पर संभ्रांत व्यक्तियों का एक ग्रुप बनाकर आपसी तालमेल बनाते हुए समस्या का निराकरण करने के संबंध में निर्देश जारी किया है। उन्होंने कहा कि बीट आरक्षियों के प्रोत्साहन के लिए एडीजी दफ्तर प्रथम पांच बीट आरक्षी जो सबसे पहले 250 लोगों का ग्रुप बनाकर कार्यालय को सूचना देगा। उसे पुरस्कृत किया जाएगा। रेंज स्तर पर आईजी रेंज एवं कमिश्नर के साथ चाय पर भी आमंत्रित किया जाएगा। उक्त को पीआरओ के मोबाइल पर सूचना देना होगा। इसी प्रकार महिला मुख्य आरक्षी पार्वती यादव जो 100, 200, 400 मीटर फर्राटा की गोल्ड मेडल विजेता हैं, को उत्साहनवर्धन के लिए दफ्तर में प्रशंसा पत्र दिया गया। एडीजी ने कहा कि खेल से ही मनुष्य का मानसिक व शारीरिक विकास होता एवं शरीर सुडौल बनी रही है। ऐसे में हर किसी को इस दिशा में बढने की आवश्यकता है।

# एसपी की मौजूदगी में मासिक अपराध गोष्ठी का हुआ आयोजन

**● अपराध नियंत्रण समेत विभिन्न बिन्दुओं पर दिये गये निर्देश**

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



बैठक में भाग लेते एसपी व एएसपी पायनियर

**रविवार** को पुलिस लाईन स्थित सभागार में पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी व अपर पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार मिश्र द्वारा जनपद के सभी क्षेत्राधिकारी /समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष व अन्य शाखाओं के प्रभारी/कर्मचारीगण की मौजूदगी मे मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम करने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।अपराध-गोष्ठी में महिला हेल्पडेस्क/आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का डिस्पोजल जल्द किये जाने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा लूट , डकैती, नकबजनी व गोवध के अपराधियों का वेरिफिकेशन एवं अनवेरीफिकेशन संबंधी सूचना व दिशा-निर्देश की जानकारी ली गयी। थानों पर विवेचनाधीन अभियोगों की सूची व कार्यवाही एवम एसआर के वांछित/पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी की सूचना ली गयी।

बैठक में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन की तैयारी व निरोधात्मक कार्यवाही व एन्टी-रोमियो स्क्वायड द्वारा कृत प्रभावी कार्यवाही का विवरण लिया गया। एसपी ने सवेंदनशील मतदान केंद्रों के निर्धारण व जिलाबदर अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही की भी जानकारी ली।उन्होंने कहा कि गुण्डा एक्ट की कार्यवाही (मेरिट के आधार पर) किया जाए व पंचायत चुनाव के दृष्टिगत ग्रामों का भ्रमण जारी रखा जाए। स्थानांतरण आदेश का अनुपालन शत-प्रतिशत करने के भी निर्देश दिए।

# विधायक के आक्रोश का शिकार हुआ ईओ, हुआ ट्रांसफर

**अम्बेडकर नगर।** टांडा के सभी नगरवासियों की समस्या के निस्तारण हेतु विगत एक सप्ताह के अंदर दो-दो बार व्यापार मण्डल,एसडीएम और विधायक के साथ नगर की तमाम समस्याओं के समाधान हेतु बैठक आयोजित की गई जिसमें सभी का आना व बैठना हुआ पर अधिशाषी अधिकारी का बैठक में न आना और विधायक द्वारा तय इस बैठक को नजर अंदाज किया जाना मनोज कुमार सिंह ईओ को महंगा पड़ा। ईओ की इस अनुशासन हीनता को विधायक संजू देवी ने गम्भीरता से लेते हुये शासन में शिकायत कर दिया जिसे शासन ने संज्ञान में लिया और तत्काल प्रभाव से ईओ का तबादला करके कार्यमुक्त कर दिया। इस खबर के आते ही टांडा में खुशी की लहर दौड़ गयी ।जहाँ लोगो ने राहत की सांस ली वही टाण्डा व्यापरियों मे खुशी की लहर के बाद विधायक संजू देवी के घर पर बधाई का तांता लग गया।

# सदस्य चुने जाने पर मियां साहब का स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**मियां साहब** इमामबाड़ा इस्टेट के सज्जादा नशीन सैयद अदनान फर्रुख अली शाह मियां साहब को उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड का लगातार तीसरी बार निर्विरोध सदस्य चुने जाने की खुशी पर हजरत मुबारक खां शहीद रहमतुल्लाह अलैह दरगाह के अध्यक्ष इकरार अहमद के नेतृत्व में ओलमाओ सहित सर्वधर्म व सर्वसमाज के लोगों ने बड़ी संख्या में मोटरसाइकिल व चार पहिया वाहनों के काफिले के साथ जुलूस की शक्ल में दरगाह शरीफ से होकर रुस्तमपुर, पैडलेगंज के रास्ते होते हुए मियां साहब के मोहद्दीपुर स्थित आवास पर काफिला पहुंचा। जहां पर बड़ी संख्या में लोगों ने इकरार अहमद के नेतृत्व में भव्य तरीके से मियां साहब का खैरमकदम व इस्तकबाल किया। स्वागत से अभिभूत मियां साहब ने कहा कि जिस भरोसे के साथ लोगों ने मुझे उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड का सदस्य बनाकर भरोसा जताया है। यकीनी तौर पर मैं इस भरोसे को हमेशा कायम रखने का प्रयास करता रहूंगा। इस मौके पर जाफर अली जिप्पू, संजीव चौधरी, मंजूर आलम, सैयद शहाब अहमद, मौलाना व कारी अफजल बरकाती, अब्दुल्लाह, हाजी कलीम अहमद फरजंद, शकील अहमद अंसारी, मुर्तजा हुसैन रहमानी, हाफिज नूर मोहम्मद, पार्षद मतीउद्दीन मतीन, पार्षद असलम सन्नू, पार्षद प्रतिनिधि अनस चौधरी, हाफिज बदरुद्दीन, परवेज खान,अरुण सिंह, राम यादव टीटीई शकील खान, इकराम हुसैन, रियाजुद्दीन खान राजू, अकील अहमद राजू, रमजान, कुतुबुद्दीन खान, गुफरान, सद्दाम, सदफ गोलू प्रधान, तबरेज, अरमान, वकार एवं बाबू सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहें।

# राम मंदिर निर्माण
## छुद्र राजनीति का हिस्सा नहीं

**कुछ** राजनेता राम मंदिर के नाम पर मतदाताओं को ललचा रहे हैं, पर मतदाताओं को ऐसी राजनीतिक से सतर्क रहना चाहिए। भगवान राम सबके हैं। करोड़ों लोगों के लिए वे उनके अस्तित्व का अंग और 'भारतवर्ष की आत्मा' हैं। हिंदी पट्टी में 'राम राम' अभिवादन का अंग है और भगवान राम की तरह कोई भी करोड़ों लोगों का हृदय नहीं स्पर्श करता है। हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के मुख से भी अंतिम शब्द 'हे राम' निकले थे, जब नाथूराम गोडसे ने उनको तीन गोलिया मारी थीं। चाहे 'जय श्रीराम' हो या 'हे राम' या 'राम राम', इस नाम में कुछ भी विवादासपद नहीं है। लेकिन इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि कुछ लोग इस नाम का प्रयोग मतदाताओं के ध्रुवीकरण के लिए कर रहे हैं और यह कुछ समय पहले सांप्रदायिक विवादों के केन्द्र में था। इस बार अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर निर्माण के लिए दान प्राप्त करने के अभियान का प्रयोग चार राज्यों व एक केन्द्रशासित क्षेत्र में विधानसभा चुनावों से पहले विवादास्पद मुद्दे के रूप में हो रहा है। इस विवाद में नवीनतम तीर महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने छोड़ा है। राज्य विधानसभा में बोलते हुए उन्होंने दान प्राप्त करने के अभियान को चुंगी वसूली बता दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राम मंदिर निर्माण के लिए दान न देने के कारण उनको धमकी दी गई। उन्होंने व्यंग्य से आरोप लगाया कि क्या भाजपा भगवान राम का प्रयोग उनके नाम में 'चुंगी' वसूली के लिए कर रही है? किसी को यह उम्मीद नहीं थी कि नाना पटोले जैसे



शक्तिशाली नेता ऐसी बात करेंगे जिनकी पार्टी शिवसेना और रांकापा के साथ सत्ता में है। यह भी कल्पना से परे है कि व्यापक प्रभाव रखने वाले नेता को कोई दान प्राप्त करने के लिए 'धमकी' दे सकता है। इस प्रकार का आरोप छुद्र राजनीति है तथा इस बात का संकेत देता है कि कुछ लोग समाज में अशांति पैदा करना चाहते हैं। लगभग इसी तरह कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री व जेडीएस नेता एच.डी. कुमारस्वामी ने पिछले महीने राम मंदिर दान प्राप्त अभियान की छवि खराब करने का प्रयास किया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि दान प्राप्त करने वाले पैसा न देने वाले लोगों के घरों पर निशान लगा रहे हैं। उन्होंने कहा था कि यह कृत्य एडोल्फ हिटलर के शासनकाल में नाजियों के कृत्य जैसा है। राजनीतिक के दृष्टिकोण से देखें तो नाना पटोले का बयान कांग्रेस को कुछ लाभ दिलाने का प्रयास है जो विधानसभा चुनावों में अल्पसंख्यक वोटों पर निर्भर है। पश्चिम बंगाल में वोटों के लिए इस्लामी संगठन इंडियन सेक्युलर फ्रंट के साथ गठबंधन हो या केरल यात्रा के समय राहुल गांधी के विवादास्पद बयान, सभी 'देश की सबसे पुरानी पार्टी' की विभाजनकारी राजनीति की ओर संकेत करते हैं। इस बीच दुनिया भर से भव्य राम मंदिर निर्माण के लिए लगभग 2,000 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। निश्चित रूप से भाजपा मंदिर निर्माण के नाम पर हिंदू मत प्राप्त करना चाहती है। लेकिन मतदाताओं के लिए यह उचित होगा कि वे अपने मतों का प्रयोग सावधानी से तथा न्यायोचित रूप से करें और केवल राजनेताओं की घोषणाओं पर निर्भर न हों। उनको भगवान के नाम पर वोट नहीं देने चाहिए क्योंकि धर्म को राजनीति से दूर रखना चाहिए। इसके बजाय जन कल्याण नीतियों, कार्य क्रमों और विकास को मतदाताओं के लिए प्राथमिकता बनाना चाहिए। याद रखें कि भगवान राम 'मर्यादा पुरुषोत्तम' हैं, पर अनेक राजनेताओं की कोई मर्यादा नहीं है।

# जलवायु परिवर्तन की चुनौती

ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिए कार्रवाई को आगे बढ़ाने के लिए बिडेन प्रशासन का एक महत्वाकांक्षी एजेंडा है लेकिन रास्ते में बाधाएं हैं।



**हिरण्यमय कार्लेकर**
(लेखक दि पायनियर के परामर्शकारी संपादक हैं)



**ट्रम्प** प्रशासन, पर्यावरण को बचाने की लड़ाई के लिए एक अनियंत्रित आपदा बनकर सामने आया था, जिसे जनता ने अपदस्थ कर दिया। हालांकि, इसके लिए स्वर्ग को धन्यवाद देना पर्याप्त नहीं होगा। बुद्धिमान नेतृत्व, निधियों का व्यापक आवंटन और पिछले चार वर्षों के दौरान हुई क्षति को पूर्ववत करने के लिए वैश्विक स्तर पर राजनीतिक इच्छाशक्ति की आवश्यकता है जो उस भूमंडलीय तापन से निपटने के लिए आगे कदम बढ़ाने में सक्षम हो, जिससे मानव जाति का सफाया होने का खतरा है।

यहां दो सवाल उठते हैं। ग्लोबल वार्मिंग से लड़ने के लिए राष्ट्रपति जो बिडेन की प्रतिबद्धता कितनी गहरी है? उनके प्रशासन को किस तरह की बाधाओं को पार करना होगा? पहला यह , उन्होंने घोषणा की है कि जलवायु परिवर्तन ग्रह के लिए एक संभावित खतरा है। उन्हें जलवायु परिवर्तन अग्रणी कहा गया है, जो मानते हैं कि लोगों के पास इस मुद्दे को संबोधित करने के लिए एक नैतिक और आर्थिक अनिवार्यता है। उनके पास 2 ट्रिलियन डॉलर की स्वच्छ ऊर्जा योजना है, और अपने वर्तमान कार्यालय को संभालने से पहले बताते हुए रिकॉर्ड पर है कि, राष्ट्रपति के रूप में, वो यह सुनिश्चित करेंगे कि अमेरिका ने 2050 तक 100 प्रतिशत स्वच्छ ऊर्जा अर्थव्यवस्था और शुद्ध-शून्य उत्सर्जन हासिल किया है। इस लक्ष्य का एक हिस्सा, वह 2035 तक अमेरिकी पावर ग्रिड कार्बन को तटस्थ बनाना चाहता है।

उनकी प्रतिबद्धता उनके ट्रैक रिकॉर्ड में दिखाई देती है। 1986 में, उन्होंने अमेरिकी कांग्रेस में पहले जलवायु विधेयकों में से एक को पेश किया। 1998 में, उन्होंने उष्णकटिबंधीय वन संरक्षण अधिनियम के अधिनियमन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसने अमेरिका को ऋण राहत के बदले में उष्णकटिबंधीय जंगलों के संरक्षण के लिए विदेशी सरकारों के साथ समझौतों तक पहुंचने की अनुमति दी। अमेरिकी सीनेट विदेश संबंध समिति (2001-2003 और 2007-2009) के अध्यक्ष के रूप में, उन्होंने जलवायु परिवर्तन पर कई सुनवाई आयोजित की और इस मुद्दे पर कई गैर-बाध्यकारी प्रस्तावों के लिए समर्थन प्राप्त किया।

राष्ट्रपति के रूप में, वह जलवायु परिवर्तन को अपने प्रशासन का केंद्रीय मुद्दा बना रहे हैं और इसका मुकाबला करने के लिए दो-आयामी दृष्टिकोण का विषय है। पहला एक दुर्जेय प्रशासनिक बुनियादी ढाँचे की स्थापना है; दूसरा इसके सभी आयामों और इसके साथ सामना करने के लिए सक्षम और समर्पित लोगों की नियुक्ति में समस्या की अवधारणा है। वह पहले ही दूसरे के साथ प्रगति कर चुका है। नवंबर 2020 में, राष्ट्रपति चुनाव जीतने के लंबे समय बाद, उन्होंने जॉन केरी का नाम लिया, जो ओबामा प्रशासन में राज्य सचिव और जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौते के एक प्रमुख वास्तुकार (दिसंबर 2015) थे, जलवायु के लिए उनके विशेष राष्ट्रपति दूत के रूप में। परिवर्तन। उन्होंने अपने जलवायु एजेंडे के कार्यान्वयन के समन्वय के लिए घरेलू जलवायु परिवर्तन नीति का एक व्हाइट हाउस कार्यालय स्थापित किया है। दरअसल, राष्ट्रपति के रूप में, उन्होंने व्हाइट हाउस में इकट्ठे किए गए जलवायु परिवर्तन विशेषज्ञों की सबसे बड़ी टीम को इकट्ठा किया है। अधिक, एनविल पर एक राष्ट्रीय जलवायु कार्य बल है जिसमें 21 सरकारी एजेंसी के नेता शामिल हैं, और एक पर्यावरणीय न्याय अंतर-एजेंसी परिषद है जो जलवायु परिवर्तन और वायु और जल प्रदूषण से उत्पन्न नस्लीय और आर्थिक असमानताओं को संबोधित करती है।

राष्ट्रपति बिडेन ने पहले ही कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। कार्यालय में अपने पहले दिन, जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौते में अमेरिका की वापसी के लिए कागजी कार्रवाई पूरी हो गई थी। उसने मैक्सिको की खाड़ी में रिफाइनरियों में कनाडा के अल्बर्टा से तेल लाने के लिए कीस्टोन एक्सएल ऑयल पाइपलाइन के निर्माण के लिए टीसी एनर्जी कॉर्पोरेशन को दी गई अनुमति को रद्द कर दिया। ओबामा प्रशासन ने पर्यावरण को होने वाले गंभीर नुकसान के लिए 2015 में इसकी अनुमति देने से इनकार कर दिया था, लेकिन ट्रम्प ने इसे आगे बढ़ने की अनुमति दी थी। इसके अलावा, व्हाइट हाउस के एक बयान के अनुसार, बिडेन आंतरिक विभाग को निर्देश दे रहे थे कि वे संघीय भूमि और पानी पर सभी तेल और गैस ड्रिलिंग पट्टों को रोकें और जहां तक संभव हो, मौजूदा ऊर्जा पट्टों की समीक्षा करें। कार्यों में उनके घरेलू जलवायु एजेंडे से संबंधित इन और अन्य उपायों के अलावा, उनका प्रशासन ट्रम्प के कार्यकाल के दौरान अमेरिकी पर्यावरण संरक्षण एजेंसी द्वारा पर्यावरण के लिए हानिकारक उपायों पर एक सख्त नज़र दे रहा है। उनमें से कई स्क्रैपिंग के लिए ऊपर होंगे।

राष्ट्रपति बिडेन ने पहले ही कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। कार्यालय में अपने पहले दिन, जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौते में अमेरिका की वापसी के लिए कागजी कार्रवाई पूरी हो गई थी। उसने मैक्सिको की खाड़ी में रिफाइनरियों में कनाडा के अल्बर्टा से तेल लाने के लिए कीस्टोन एक्सएल ऑयल पाइपलाइन के निर्माण के लिए टीसी एनर्जी कॉर्पोरेशन को दी गई अनुमति को रद्द कर दिया। ओबामा प्रशासन ने पर्यावरण को होने वाले गंभीर नुकसान के लिए 2015 में इसकी अनुमति देने से इनकार कर दिया था, लेकिन ट्रम्प ने इसे आगे बढ़ने की अनुमति दी थी। इसके अलावा, व्हाइट हाउस के एक बयान के अनुसार, बिडेन आंतरिक विभाग को निर्देश दे रहे थे कि वे संघीय भूमि और पानी पर सभी तेल और गैस ड्रिलिंग पट्टों को रोकें और जहां तक संभव हो, मौजूदा ऊर्जा पट्टों की समीक्षा करें। कार्यों में उनके घरेलू जलवायु एजेंडे से संबंधित इन और अन्य उपायों के अलावा, उनका प्रशासन ट्रम्प के कार्यकाल के दौरान अमेरिकी पर्यावरण संरक्षण एजेंसी द्वारा पर्यावरण के लिए हानिकारक उपायों पर एक सख्त प्रतिक्रिया दे रहा है। उनमें से कई खत्म किए जाने के लिए सूची में सबसे ऊपर होंगे।

जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर दुनिया से विमुख होने की ट्रम्प प्रशासन की नीति के उलट, व्हाइट हाउस के एक बयान में कहा गया है कि पेरिस समझौतों के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में अमेरिका को वैश्विक नेतृत्व का अभ्यास प्रदान करना चाहिए। जाहिर है, जलवायु परिवर्तन का मुकाबला राष्ट्रपति बिडेन के साथ एक मिशन है, जो कि अमेरिकी कमांडों को भारी शक्ति और संसाधनों को देखते हुए प्रोत्साहित कर रहा है। फिर भी, लंबी बाधाएं रास्ते में रहती हैं। जीवाश्म ईंधन उद्योग की लॉबी ग्लोबल वार्मिंग के लिए ड्रिलिंग और तेल के उपयोग को प्रतिबंधित करने वाली उनकी नीतियों का जमकर विरोध करेगी, और अपनी योजनाओं को पटरी से उतारने के लिए सीनेटरों और प्रतिनिधियों को जुटाने की कोशिश करेगी।

दूसरा, उनके कदम कार्यकारी आदेशों के माध्यम से उठाए गए हैं। इन्हें भविष्य के राष्ट्रपति द्वारा संशोधित किया जा सकता है, जैसा कि वह ट्रम्प के उपायों के संबंध में कर रहे हैं। स्थायित्व के लिए उसे कानून की आवश्यकता होती है, जिसके लिए सीनेट और प्रतिनिधि सभा के माध्यम से सावधानीपूर्वक नेविगेशन की आवश्यकता होगी जहां डेमोक्रेट के पास एक पतली बहुमत है। अंत में, उसे उस आलोचना का सफलतापूर्वक सामना करना होगा जो पर्यावरण की रक्षा के उपायों का मतलब होगा नौकरी का नुकसान। उन्होंने उत्तरार्ध का समर्थन करने वाले स्वच्छ ऊर्जा और अनुसंधान संगठनों का निर्माण करने वाले नए उद्योगों में नौकरियों की संभावनाओं पर संदेह किया है। लेकिन फिर रोजगार का वास्तव में पालन करना चाहिए।

# गरीबों की अघोषित सामाजिक सुरक्षा

"वैश्विक महामारी के समय सामाजिक क्षेत्र पर सबका ध्यान गया, पर इसने अतीत में भी राहत के अनेक कार्य किए हैं।"

**अनुराधा प्रसाद**
(लेखिका इंडिया लीडर्स फार सोशल सेक्टर की निदेश हैं)



**भारत** सरकार द्वारा कोरोनावायरस वैश्विक महामारी पर लगाम लगाने के लिए 25 मार्च, 2020 को राष्ट्रव्यापी लाकडाउन घोषित करने के 12 घंटे के भीतर राष्ट्रीय राजमार्गों पर चलने वाले हजारों प्रवासी मजदूरों के हृदय-विदारक दृश्य सामने आए। रोजगार छिन जाने एवं भूख और गरीबी का सकट सामने आने के कारण विभिन्न शहरों व गांवों से दूर जाकर नौकरी व मजदूरी करने वाले बड़ी संख्या में श्रमजीवी विवश होकर अपने घरों को वापस लौटने लगे।

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अनुसार, लाकडाउन के दौरान 1.06 करोड़ से अधिक प्रवासी कामगार अपने घरों को लौटे। सरकार के समक्ष उनके लिए व्यवस्था करने की जबदग्स्त चुनौती सामने आ गई। उनकी यात्रा बहुत थकाने वाली तथा घातक थी क्योंकि आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, कम से कम 29,415 श्रमिक अपना जीवन खो बैठे। जहां समृद्ध नगरवासी घर पर काम करने की नई व्यवस्था से संघर्ष कर रहे थे, वहीं समाज का एक हिस्सा कोविड-19 के खतरे तथा भूख, बेरोजगारी और विस्थापन का शिकार था। इस मानवीय संकट में पहली सहायता भारत के सामाजिक क्षेत्र तथा सिविल सोसाइटी संगठनों-सीएसओ की ओर से आई। उन्होंने सुनिश्चित किया कि हाशियाकृत जनसंख्या, खासकर प्रवासी व दिहाड़ी मजदूर भूखे न रहें। इस प्रकार सीएसओ ने लाकडाउन के पहले चरण में 30.11 लाख भोजन बांटे। अनेक राज्यों में सिविल सोसाइटी ने सरकार से भी पहले प्रतिक्रिया की। यह ऐसे समय महत्वपूर्ण था जब लाकडाउन की घोषणा के कुछ दिन बाद तक लोगों की पहुंच सार्वजनिक वितरण प्रणाली तक नहीं थी।



अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय द्वारा तैयार रिपोर्ट 'कोविड-19 पैनडेमिक: सिविल सोसाइटी रिस्पांस एंड चैलेजेंस अहेड' के अनुसार, सीएसओ ने स्थानीय सरकारों की सहायता से सुदूर क्षेत्रों में अनाज बंटवाने व राहत सेवाओं में साझीदारी निभाई। तत्काल राहत के साथ ही सीएसओ ने कोविड-19 स्वास्थ्य व्यवहारों के बारे में जागरूकता पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मास्क और सेनीटाइजर्स बांटने के साथ सीएसओ ने सोशल डिस्टेंसिंग व स्वच्छता के बारे में जागरूकता भी पैदा की। बुंदेलखंड इनीशियेटिव फार वाटर एग्रीकल्चर एंड लाइवलीहुड्स जैसी पहलों ने स्वयंसहायता समूहों के माध्यम से संयुक्त कार्रवाई की, बुंदेलखंड में परंपरागत जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया ताकि पानी की कमी से निपटने के साथ ही हैंडपंपों व कुंओं पर भीड़ से बचा जा सके।

महिलाओं पर महामारी का ज्यादा प्रभाव पड़ा। उनके श्रमबल में 13 प्रतिशत कमी आई, जबकि पुरुषों में यह कमी 2 प्रतिशत थी। इससे उनकी गरीबी बढ़ी, स्वास्थ्य खराब हुआ तथा उनके प्रति घरेलू हिंसा का खतरा बढ़ा। राष्ट्रीय महिला आयोग ने पिछले साल मार्च-सितंबर में 13,410 जेंडर-आधारित हिंसा के मामले दर्ज किए जिनमें 4,350 घरेलू हिंसा के मामले थे। सामाजिक क्षेत्र ने हिंसा की महामारी के खिलाफ भी प्रतिक्रिया की। दिल्ली के एनजीओ शक्ति शालिनी जैसे संस्थानों ने चौबीसों घंटे की हेल्पलाइन शुरू की। असोसियेशन फार एडवोकेसी एंड लीगल इनीशियेटिव ने महिलाओं को शिकायतें दर्ज कराने तथा सेल्फ इम्प्लायेड वीमेन्स असोसियेशन ने लाकडाउन के कारण दीर्घकालीन रणनीति बनाने मे सहायता की। यह तीन चरणों वाली रणनीति थी जिसमें स्वास्थ्य सुरक्षा, आजीविका बहाली तथा सामाजिक सुरक्षा व खाद्य सुरक्षा शामिल थे।

सामाजिक क्षेत्र ने इस महामारी के दौरान लोगों का ध्यान काफी मात्रा में आकर्षित किया, लेकिन अतीत में भी उसने खामोशी से अनेक पहलें की थीं, चाहे वह अम्फान तूफान से सहायता हो या अभी हाल में उत्तराखंड बाढ़ के दौरान सहायता। इसे देखते हुए यदि भारत को विकास के ज्यादा समतापूर्ण रूप का टिकाऊ विकास लक्ष्य प्राप्त करना हो तो उसे सीएसओ की भूमिका अनदेखी नहीं करनी चाहिए। इस क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के निवेश की आवश्यकता है जिसमें पैसा, जनता तथा उद्देश्य शामिल हैं। हमें कुशल व संवेदनशील नागरिकों की आवश्यकता है जो इस क्षेत्र में सार्थक योगदान कर सकें तथा फेसबुक पर 'डोनेट नाऊ' का बटन भी दबा सकें।

## आप की बात

### नीरव का प्रत्यर्पण

**सरकार** के इरादे अगर अटल हों तो समस्या कोई भी हो उसका निदान पाताल से भी संभव है। इसके अलावा बिरादरी में अपनी अहमियत हो तो सोने पर सुहागा। नीरव मोदी कांड में भी यही जाहिर हुआ है। आखिरकार भगोड़े हीरा कारोबारी का भारत प्रत्यारोपण तय हो गया है जहां ब्रिटेन से उसे लाकर बैंकिंग घोटाले की पाई पाई वसूली जा सकेगी। पंजाब नेशनल बैंक में करीब 11:30 हजार करोड़ का घोटाला करके लंदन जा बसे नीरव मोदी की भागदौड़ अब खत्म हो गई है। लंदन के वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट सैमुअल गुजी ने सबूतों को पर्याप्त मानते हुए दोनों देशों के बीच करार के तहत नीरव के प्रत्यारोपण को मंजूरी दे दी है। इतना ही नहीं भारतीय न्यायपालिका को निष्पक्ष भी करार दिया है जो बड़ी बात है। भारत सरकार अब मोदी से बैंकिंग घोटाले की पाई पाई मय हर्जाने के वसूलने की हकदार होगी। भारत की इस बड़ी जीत से माल्या जैसे घोटाले बाजों सहित अन्य दागदारों के दिमाग की बत्ती जल गई होगी। प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा भोगती व्यवस्था से सरकार को सबक लेने की जरूरत है ताकि भविष्य में न तो ऐसे घोटाले हो और ना ही दुनियां में कोर्ट कचहरी की दौड़ लगाना पड़े।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

### महिला दिवस की सार्थकता

**भारत** देश संस्कृति सभ्यताओं का ऋषियों, मुनियों का वो देश है जो विश्व पटल पर सफलता का परचम लहरा रहा है। हमारे यंहा विगत वर्षों से दिनों की महत्ता के लिए कहि आयोजन होते है।उसी तारतम्य में 8 मार्च अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। अनेको स्थानों पर प्रतियोगिता वेबिनार , नारी शक्ति की सुरक्षा , महत्व पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। खेर रचनात्मक गतिविधियों की आवश्यकता जरूर होना चाहिए ताकि जागरूकता कायम रह सके। परन्तु समझ से परे जब यह लगता है कि कोई भी दिन हो एक दिन बनकर सिमट कर रह जाता है। क्या अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एक दिन ही सार्थकता हासिल करें। अन्य दिन फिर ढाक के तीन पात क्यो नजर आते है... ? इस भारत भूमि पर और विश्व की धरा पर नारी हर समय पूज्यनीय है। परन्तु विगत वर्षों से इनके साथ होने वाले अत्याचारों पर , इनके साथ होने वाली दरिन्दगी की घटनाओं पर अगर गौर करे तो नारी का सम्मान कहि न कही हमारी सभ्यता पर कुठाराघात करते नजर आता है। नाबालिगों के साथ शोषण और महिलाओं के साथ होने वाली अशोभनीय घटनाओं से हमे जागरूक होने की जरूरत है।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

### एक देश, एक चुनाव

**भारत** जैसे विशाल लोकतंत्र में पंचायत से संसद तक चुनाव कराने में अरबो रुपये लगते हैं। जो धन विकास के कार्यो में लगना चाहिये। वह धन चुनावों में खर्च होता है। देश मे लम्बे समय तक चुनावी प्रक्रिया होती है। जिससे तमाम समस्याएं और अर्थव्यवस्था पर भारी बोझ पड़ता है। प्रधानमंत्री ने एक राष्ट्र एक चुनाव की बात किया था। चुनाव आयोग एक साथ संसद और विधानसभाओं में चुनाव करने को तैयार है। केंद्र सरकार को साहसिक कदम उठाते हुए एक साथ चुनाव करने के लिये कदम उठाना चाहिये।दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अमेरिका में चुनाव कराने में दस हजार करोड़ रु व्यय वर्ष 2020 में व्यय हुये । जबकि भारत में वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में 60 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा लगे। हर पांचवें वर्ष चुना कराने का व्यय दुगना हो जाता है। देश के करोड़ों लोग गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने, बेरोजगारी की समस्या और असमानताओं से जूझता समाज। देश हित मे कम खर्चे में चुनाव कराना जरूरी है। सरकार को ई-वोटिंग पर ध्यान देना चाहिए।

– **कुलदीप त्रिवेदी**, उन्नाव

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**किसानों** के भले के लिए किए गए सतत प्रयास राज्य में फलीभूत हो रहे हैं और उन्हें अब अपने उत्पादों का बेहतर बाजार मूल्य मिलने लगा है।

– **योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश

**क्या** भगवान राम ने भाजपा को धन एकत्र करने का ठेका दिया है? भगवान राम के नाम का इस्तेमाल कर चंदा एकत्र करने वाले वे कौन होते हैं।

– **नाना पटोले**
महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष





**जो** पैसे की उगाही करने के लिए जाने जाते हैं वे भक्ति को नहीं समझ सकते। यदि आप में साहस है तो चलिए हम राम मंदिर पर चर्चा करें।

– **देवेंद्र फड़नवीस**
भाजपा नेता

# राजघाट से संत रविदास घाट तक चलाया गया स्वच्छता अभियान

● मौके पर कमिश्नर व डीएम दोनों पहुंचे,श्रमदान में दो हजार से ज्यादा कार्यकर्ता जुटे

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**गंगा किनारे** के 84 घाटों पर रविवार को सुबह सात से आठ बजे तक एक साथ सफाई महाअभियान चलाया गया। इसके लिए 2000 से ज्यादा लोग श्रमदान में जुटे रहें। इससे पहले नवंबर 2014 में भाजपा महानगर की ओर से महाअभियान चलाकर 84 घाटों की सफाई की गई थी। उस दौरान पीएम मोदी ने अस्सी घाट पर फावड़ा चलाकर देशव्यापी स्वच्छता अभियान की शुरुआत की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गंगा स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन ने प्रथम चरण में संत रविदास घाट से राजघाट तक के 84 घाटों पर रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया जिसका नेतृत्व वाराणसी के कमिश्नर दीपक अग्रवाल तथा जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने किया। जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा के निर्देशन में एक बार फिर नगर निगम ने सभी घाटों की सफाई का बीड़ा उठाया गया। इसके लिए डीएफओ को समन्वयक बनाया गया। नगर निगम ने एक सफाई सुपरवाइजर पर 10 सफाईकर्मियों का जिम्मा सौंपा गया। इसमें नगर निगम के 700 कर्मचारी व ग्रामीण क्षेत्र के 600 सफाईकर्मियों सहित स्वयंसेवी संस्थाओं के करीब 700 लोग सहभागी रहे। घाटों पर पांच बाई पांच मीटर का ब्लाक एक.एक सुपरवाईजर के जिम्मे रहे। घाटों की सफाई के साथ ही गंगा में जहां तक नाव लगती हैए वहां तक पानी से फूल.मालाओं को निकाला गया। सभी घाटों से कचरा नाव में रखकर खिड़किया घाट लाया जाएगा, जहां से निस्तारण के लिए इसे करसड़ा प्लांट भेजा जाएगा। कचरा निस्तारण का प्रभारी नगर स्वास्थ्य अधिकारी डाण् एनपी सिंह को बनाया गया। निगरानी के लिए अस्सी घाट पर आला अधिकारी मौजूद रहे। वहीं पहले की स्थिति व सफाई के बाद की स्थिति का मूल्यांकन करने के लिए ड्रोन से फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी कराई गई। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डाण् एनपी सिंह के मुताबिक नगर निगम इस अभियान को स्वच्छता सर्वेक्षण के मद्देनजर कर रहे है। इसका मकसद गंगा की सफाई और इसके प्रति लोगों को जागरुक करना है। वहां तक पानी से फूल.मालाओं को निकाला गया। सभी घाटों से कचरा नाव में रखकर खिड़किया घाट लाया जाएगाए जहां से निस्तारण के लिए इसे करसड़ा प्लांट भेजा जाएगा। कचरा निस्तारण का प्रभारी नगर स्वास्थ्य अधिकारी डाण् एनपी सिंह को बनाया गया। निगरानी के लिए अस्सी घाट पर आला अधिकारी मौजूद रहे। वहीं पहले की स्थिति व सफाई के बाद की स्थिति का मूल्यांकन करने के लिए ड्रोन से फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी कराई गई। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एनपी सिंह के मुताबिक नगर निगम इस अभियान को स्वच्छता सर्वेक्षण के मद्देनजर कर रहे है। इसका मकसद गंगा की सफाई और इसके प्रति लोगों को जागरुक करना है।

**समाजसेवी संस्थाओं ने जिला प्रशासन के साथ की सफाई और चलाया जागरूकता अभियान:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गंगा स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन ने प्रथम चरण में संत रविदास घाट से राजघाट तक के 84 घाटों पर रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया जिसका नेतृत्व वाराणसी के कमिश्नर दीपक अग्रवाल तथा जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने किया। इस कार्यक्रम में सभी विभाग के अधिकारियों ने स्वच्छता अभियान में भाग लिया। अस्सी घाट पर कार्यक्रम का संचालन सृजन सामाजिक संस्था के चेयरमैन अनिल सिंह ने किया तथा रैली निकालकर जागरूकता अभियान भी चलाया। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एनपी सिंह ने घाटों पर स्वच्छता अभियान का निरीक्षण किया।

## नदेसर में अज्ञात बदमाशों ने चाय विक्रेता को मारी गोली, गंभीर

● मौके पर तत्काल एसएसपी अमित पाठक पहुंचे



**वाराणसी।** नदेसर क्षेत्र में रविवार की दोपहर चाय विक्रेता अशोक गुप्ता को गोली मारने की घटना से सनसनी फैल गई। आनन.फानन चाय विक्रेता को कबीरचौरा स्थित मंडलीय अस्पताल ले जाया गया। अशोक की हालत गंभीर देखते हुए उसे मलदहिया स्थित निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पाकर पहुंची कैंट थाने की पुलिस वारदात की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, असलहे से निकली गोली चाय विक्रेता अशोक के कंधे में लगी है। पुलिस वारदात की वजह पुरानी रंजिश सहित अन्य कारणों को मान कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। वहीं, एसएसपी अमित पाठक मलदहिया स्थित निजी अस्पताल में घायल चाय विक्रेता का हालचाल जानने पहुंचे हैं। उधर, स्थानीय लोगों का कहना था कि उन्होंने जब गोली चलने की आवाज सुनाई दी और फिर उन्होंने अशोक को लहूलुहान देखा तो घटना की जानकारी हुई। फिलहाल यह समझ नहीं आया कि गोली मारने वाले कौन थे और क्यों फायरिंग की गई।

## गर्मी आते ही झंझरा चौबे में पेयजल संकट गहराया

● ग्रामीणों ने अधिकारियों से लगाई गुहार

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**अभी ठीक** से गर्मी आयी भी नही कि विकासखंड शंकरगढ़ के झंझरा चौबे गांव में पानी का संकट अभी से गहरा गया। ग्रामीणों को पीने के पानी की भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। झंझरा चौबे सम्पूर्ण गांव पानी का जलस्तर नीचे जाने के कारण गांव के हैंडपंप पानी की जगह हवा उगल रहे हैं। तालाब पूरी तरह से सूख गए हैं। पूरे गांव में एक दो बोर व नल पर सैकड़ों परिवारों को निर्भर रहना पड़ रहा है। ग्रामीण महिला पुरूष बच्चे युवा सभी सुबह शाम दोपहर बड़ी बडी बाल्टी लेकर लम्बी लम्बी लाइनों मे लगकर पानी भरकर प्यास बुझा रहे हैं। गांव वालों के सामने पानी भरने को लेकर आपस मे गुत्थम गुत्था तक की नौबत आ जा रही है। ग्रामीणों का सबसे बड़ा कार्य पीने के



पानी के लिए लाइन में खड़े ग्रामीण

पानी के साथ साथ पशुओं को पीने के पानी के व्यवस्था में उनका ज्यादातर समय बीत रहा है। ग्रामीण जतन तिवारी गिरीश कुमार चतुर्वेदी बाल कुमार तिवारी मुकेश चतुर्वेदी जगत नारायण चतुर्वेदी दिव्यांशू चतुर्वेदी आदि ने शासन प्रशासन के साथ जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई है कि पेयजल जैसे गम्भीर समस्या के निदान हेतु तत्काल कदम उठाया जाए। जिससे ग्रामीणों को पीने का पानी आसानी से उपलब्ध हो सके। दिलीप कुमार चतुर्वेदी जिला मीडिया प्रभारी भारतीय जनता पार्टी ने खंड विकास अधिकारी शंकरगढ़ देवेन्द्र ओझा से दूरभाष पर बात कर समस्या से अवगत कराया है। उप जिलाधिकारी बारा सुभाष यादव ने पानी के समस्या को तत्काल संज्ञान में लेकर निराकरण कराने की बात कही है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मासिक धर्म स्वच्छता अभियान के बारे में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**देश में** मासिक धर्म स्वच्छता और स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य सेएभारत में भारतीय निर्मित विदेशी शराब के सबसे बड़े निर्माताओं में से एक रेडिको खेतान ने शीविंग्स के साथ मिलकर एक अभियान शुरू किया है। इस अभियान का उद्देश्य मासिक धर्म चक्र से निपटने के पारपंरिक अस्वस्थ तरीकों को समाप्त करना और महिलाओं को उनसे जुड़े स्वास्थ्य संबंधी खतरों से अवगत करवाना है। इसका दूसरा लक्ष्य है मासिक धर्म से जुड़ी गलत धारणाओं को समाप्त करना है। एक महीने तक चलने वाले इस अभियान में डॉक्टरों और स्त्री रोग विशेषज्ञों के साथ कार्यशालाओं का आयोजनए स्वच्छता उत्पादों का वितरणए मासिक धर्म कचरे के उचित निपटान पर चर्चा सत्र आदि गतिविधियां शामिल हैं।

## प्रधान से लेकर प्रधानमंत्री तक का चुनाव भाजपा के लिए महत्वपूर्णः लक्ष्मण आचार्य

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी महानगर कार्यालय सिविल लाइन में आज भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत चुनाव के संदर्भ में वार्ड नंबर 48 49 एवं 50 की वार्ड स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की मानिटरिंग करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य लक्ष्मण आचार्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लिए प्रधानमंत्री से लेकर प्रधान स्तर तक के सभी चुनाव महत्वपूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण है। हर चुनौतियों को जब भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संकल्प लेकर चलता है तो परिणाम सुखद आता है और होने वाले त्रिस्तरीय ग्राम पंचायत चुनाव में सुखद एवं अच्छे परिणाम के लिए हमको और आपको वार्ड स्तर पर चुनाव संचालन समिति का सामाजिक समीकरण के आधार पर गठन करते हुए पूरी योजनाबद्ध तरीके से हमें चुनाव लड़ना है। भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराना है और यह संकल्प लेकर चलना है कि हमें हर हाल में चुनाव जीतना है क्योंकि अच्छी नियोजन पर ही चुनाव के अच्छे परिणाम आते हैं। उन्होंने कहा कि पांच मार्च से लेकर दस मार्च तक ग्राम पंचायत स्तर की बैठक एवं चौपाल का आयोजन होना है। जिसमें उस क्षेत्र के रहने वाले भारतीय जनता पार्टी के बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को एवं विचार परिवार के लोगों को और लाभार्थियों को एवं क्षेत्रीय प्रबुद्ध जनों को आमंत्रित कर करना है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने कहा कि पार्टी के सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ता एकजुट होकर एक योजना बनाकर कार्य करेंगे और अच्छे परिणाम आएंगे। बैठक का संचालन देवेश सिंह ने किया। बैठक में पदुम जायसवाल शशि वार्ष्णेय राजेश केसरवानी रमेश पासी प्रमोद मोदी राघवेंद्र कुशवाहा राजू राय ज्ञान बाबू केसरवानी दीनानाथ कुशवाहा रॉबिन साहू मनोज कुशवाहा आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जीएम एनसीआर ने किया नए कानपुर मेमू शेड का निरीक्षण

● नए शेड में होगी तीस मेमू के अनुरक्षण की सुविधा

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**महाप्रबंधक उत्तर** मध्य रेलवे एवं पूर्वोत्तर रेलवे विनय कुमार त्रिपाठी ने नए मेमू शेड का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक को इस नए शेड के विषय में और उपलब्ध अनुरक्षण सुविधाओं के विषय में वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर कोचिंग राम सूरत सिंह ने पॉवर प्वाइंट के माध्यम से अवगत कराया। नए शेड में मासिक रूप से तीस मेमू के अनुरक्षण की क्षमता होगी। इस अवसर पर शेड की ओएचई को चार्ज किया और ईआईजी सैंक्शन प्रदान किया। इसके उपरांत नए अत्याधुनिक मेमू रेक को चला कर देखा गया। मेमू शेड में कार्य प्रारंभ करने से उत्तर



निरीक्षण करते जीएम विनय कुमार त्रिपाठी

मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल एवं झांसी मंडल में परिचालनरत अधिकांश परंपरागत यात्री सवारी गाड़ियों को मेमू से बदलना संभव हो सकेगा। इस अवसर पर महाप्रबंधक विनय कुमार त्रिपाठी ने सर्विस शेड में सामानों के मूवमेंट के लिए क्रेनों को लगाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने ओएचई संबंधी संरक्षा निर्देशों के अनुपालन सुनिश्चित करने संबंधी सुधारों सहित अन्य संरक्षा विषयक सुझाव भी दिए। महाप्रबंधक ने शेड परिसर में पौधारोपण किया। बताया कि मेमू शेड को रेल विकास निगम लिमिटेड द्वारा निर्मित किया गया है।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की निंदा करने वालों को भारतीयता का ज्ञान नहीं: त्रिपाठी

● जय शिवसेना के तत्वावधान में 11 मार्च को धूमधाम से निकलेगी भगवान की दर्शन शोभायात्रा

**प्रयागराज।** जय शिवसेना भारत त्रिशूल भगवान दर्शन शोभायात्रा आयोजन समिति की बैठक मीरापुर स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित की गई। इस अवसर पर जय शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओंकार नाथ त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की निंदा करने वालों को भारतीयता और मनुष्यता का ज्ञान नहीं है। वास्तव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पीड़ित मनुष्यता एवं महिला शक्ति की एवं सुरक्षा के लिए गठित किया गया संगठन है। जिसका राष्ट्र से संबंध है राजनीति से नहीं। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी राजेश केसरवानी ने कहा कि भारतीय राजनीति के लिए इतिहास में स्वर्णिम युग है। जब किसी धर्म जाति पंथ और संप्रदाय के आधार पर कहीं कोई भेदभाव नहीं किया जाता है। ऐसी स्थिति में सबको मिलकर राष्ट्रीय गौरव के लिए हर प्रकार से जुड़ जाना चाहिए। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक ठाकुर एवं दिगंबर त्रिपाठी ने उपस्थित जय शिव सैनिकों को जानकारी देते हुए कहा कि महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर जय शिवसेना के तत्वाधान में श्री वेद रक्षित धर्म गुरु त्रिशूल भगवान की दर्शन शोभायात्रा 11 मार्च को निकलेगी। कहा कि विभिन्न क्षेत्रों से निकलने वाली यात्रा मुख्य रुप से मुट्ठीगंज शास्त्रीनगर करैलाबाग मीरापुर जॉनसेनगंज नकाशकोना गढ़ीकला एवं लकड़ मंडी क्षेत्रों से निकलेगी। जिसका समापन कल्याणी देवी मंदिर में होगा।बैठक में दिगंबर त्रिपाठी राजेश केसरवानी बिरजू सोनकर रजत सोनकर संतोष अग्रहरी अभिलाष केसरवानी सुमित सिंह कुलदीप केसरवानी शुभम सोनकर मोनू सेठ विशाल साहनी आदि उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर विकास इंटरमीडिएट कॉलेज में छात्राओं व खिलाड़ियों का हुआ सम्मान



**वाराणसी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व संध्या पर विकास इंटर मीडिएट कालेज, परमानंदपुर, शिवपुर में रविवार को मेधावी छात्राओं व खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली दो सौ से अधिक छात्राओं निवेदिता यादव, खुशी सिंह व गरिमा गुप्ता तथा उनकी माताओं को प्रतीक चिन्ह् व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी विपिन सिंह, क्षेत्रीय संगठन मंत्री आर एन सिंह, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी आर पी0 सिंह एवं प्रधानाचार्य ए0के0 सिंह रहे। जादूगर आर आर सिंह ने अपने अद्भुत एवं आश्चर्यजनक जादू से सभी दर्शकों का मन मोह लिया। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी आर पी0 सिंह ने कहा कि विद्यालय में खिलाड़ियों को अधिक से अधिक राष्टीय स्तर की सुविधा प्रदान की जाएगी जिससे खिलाड़ी अपने विद्यालय के साथ देश का नाम रोशन करें।विद्यालय के प्रधानाचार्य ए0के0 सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि जितनी सुविधाएं आज के इस युग में बालिकाओं को मिल रही है उतनी ही छात्राएं को भी सुविधा मिले जिससे वे देश का नाम रोशन करें।

### मूल लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाना सभी की जिम्मेदारी

**प्रयागराज।** कोरोना काल के समय लगाए गए लॉकडाउन में कई तरह के उतार चढ़ाव आये। देश में मोबाइल फोटोग्राफी तकनीक के क्षेत्र में नेतृत्व करने की अपनी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए एक वैश्विक पहल विज़न प्लस लेकर आया है। वीवो ने आज पहल का उद्देश्य कंटेंट को क्रिएशन शिक्षा और सांस्कृतिक आदान प्रदान के साथ ही मोबाइल फोटोग्राफी के शौक़ीन लोगों के लिए एक विज़ुअल कंटेंट इकोसिस्टम बनाना है। लोगों को अभिव्यक्ति के लिए बेहतर टूल देने और लगातार तस्वीरें लेने के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए समर्पित वीवो का विज़न प्लस जॉय इमेज की अपनी मूल भावना पर केंद्रित है। यह पहल चार स्तंभों पर आधारित है। वीवो विज़न प्लस मोबाइल फोटोग्राफी अवार्ड्स विज़न प्लस मोबाइल फोटोग्राफी अकादमी विज़न प्लस मास्टर क्लास और विज़न प्लस फोटोग्राफर फेडरेशन शामिल है। डायरेक्टर निपुण मार्य ने कहा कि लोगों के लिए तस्वीरें लेने के अनुभव को और सुखद बनाने के अपने मूल लक्ष्य की ओर हैं।

### कार्यक्रमों को लेकर लोगों में दिख रहा उत्साह

**प्रयागराज।** मौजूदा समय में किसी प्रकार की कला को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। ऐसे ही बेहद नाटकीय मोड़ में सभी के फेवरेट शातिर मास्टरमाइंड पृथ्वी की वापसी हुई है। यह खलनायक अब करण और प्रीता की जिंदगी में हलचल मचाने वापस लौट आया है। जहां इस शो में इतना कुछ ड्रामा हो रहा है। इसके कलाकार भी अपने दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए दिन रात काम कर रहे हैं। ज़ी टीवी के टॉप रेटेड शो कुंडली भाग्य ने शुरुआत से ही दर्शकों को कई रोमांचक मोड़ दिखाए हैं। बीते कुछ महीनों से इस शो में करण धीरज धूपर और प्रीता श्रद्धा आर्य की जिंदगी में हो रहा ड्रामा दर्शकों में भारी उत्सुकता जगा रहा है। पिछले कुछ महीनों से लगातार शूटिंग करने के बाद इस शो के लीड सितारे श्रद्धा आर्य धीरज धूपर और अंजुम फकीह सृष्टि ने आखिर एक शॉर्ट वेकेशन पर जाने का फैसला किया। क्या होगा यह जानने के लिए कुंडली भाग्य हर सोमवार से शुक्रवार रात साढ़े नौ बजे ज़ी टीवी पर देखना होगा। उन्होंने कुछ नए प्राकृतिक नजारों का आनंद लिया।

### शक्ति-कला के प्रभाव से समाज में आएगा सकारात्मक बदलाव

**प्रयागराज।** युवाओं और नागरिक समाज की सक्रिय भागीदारी से प्रेरित होकर डीएनए फाइट्स रेप सेव दी एविडेन्स जागरुकता अभियान ने देशव्यापी रचनात्मक चौलेंज आर्ट ऑफ फ्रीडम शुरू किया है। यह पहल बलात्कार और यौन हिंसा के शिकार लोगों के साथ समाज के व्यवहार को बदलने की कोशिश कर रही है। इसके तहत अपराध की जिम्मेदारी रेप सर्वाइवर के बजाए अपराध करने वाले पर डालने के लिए समझाया जा रहा है। यूनाइटेड नेशंस एनटाइटी फॉर जेंडर इक्वैलिटी एंड वीमेन एम्पावरमेंट यूएन वीमेन इंडिया और गर्ल अप यूएन फाउंडशन द्वारा समर्थित अभियान रचनात्मकता की शक्ति को उकसाना चाहता है। इसके तहत समाज पर कला के प्रभाव को भी आगे किया जाना है। ख्यातिप्राप्त शिक्षा संस्थान जैसे नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफफैशन टेक्नालॉजी दिल्ली एनआईएफटी तथा सिम्बियोसिस इंस्टीट्यूट ऑफबिजनेस मैनेजमेंट पुणे एसआईएमबी द्वारा समर्थित अभियान रचनात्मकता की शक्ति और कला के प्रभाव से समाज में एक सकारात्मक बदलाव लाना चाहता है। निष्ठा सत्यम डिप्टी कंट्री रिप्रजेनटेटिव यूएन वीमेन इंडिया ने कहा सामाजिक सांस्कृतिक और व्यवहार के उन नियमों को बदलना जरूरी है। जो स्त्री.पुरुष में गैर बराबरी और महिलाओं के खिलाफ हिंसा का कारण बनते हैं। संस्कृति और समझ को आकार देने में कला की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रविष्टियों को कलाकार और गैर कलाकार श्रेणी में छांटा और चुना जाएगा। नामांकनों की घोषणा 15 अप्रैल को वर्ल्ड आर्ट डे पर की जाएगी। सर्वश्रेष्ठ कृतियों को वर्चुअल आर्ट शोकेस में प्रदर्शित किया जाएगा। विजेताओं का चुनाव निर्णायकों के अंतिम मूल्यांकन के आधार पर किया जाएगा। इनमें विशिष्ट लोग होंगे जो कला डिजाइन जननीति कानून और सामाजिक न्याय तथा शिक्षा क्षेत्र से जुड़े होंगे।

### एआरटीओ कार्यालय में दम तोड़ रही भ्रष्टाचार पर शासन की जीरो टॉलरेंस नीति

**उन्नाव।** जिले के परिवहन विभाग में भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस नीति की खुले आम धज्जियां उड़ रही हैं। कोडवर्ड में पेडिंग के नाम पर यह खेल खेला जा रहा है। कार्यालय में तैनात आरआई जिनके पास कार्यालय के रजिस्ट्रेशन सीट को छोड़कर लगभग हर काम के अप्रूवल देने की जिम्मेदारी है। सूत्रों की माने तो अप्रूवल देने के बदले रिश्वत का खेल कुछ खास लोगों के जरिए यहां अंजाम दिया जाता है। इस खेल को पेडिंग का नाम दिया गया है। एआरटीओ कार्यालय आने वाले लगभग आवेदकों से पेडिंग के नाम पर एजेंट स्तर पर ही रिश्वत ले ली जाती है। जो एजेंट स्तर से बचकर आगे खुद कराने की बात कहकर चले जाते हैं। फिर वह लोग परेशान होकर कुछ खास लोगों के जरिए यह फीस अदा करके ही अपना काम करा पाते है। सूत्रों की माने तो पेडिंग के नाम पर ली जाने वाली रिश्वत एजेंट के माध्यम से साहब तक पहुंचाई जाती है। ऐसा दावा कार्यालय से जुड़े जानकार करते हैं। जानकारों का कहना है, जो आवेदक बिना पेडिंग फीस अदा किये सीधे काम कराने की जुगत से फाइल लेकर पहुंचते हैं उन्हें विभिन्न प्रकार की कमियां बताकर फाइल वापस कर दी जाती है। फिर वह कमियां पूरा करने में ही वह हफ्तों दौड़ते रहते हैं। एक आवेदक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि सुरक्षा से लेकर साहब की जी हुजूरी में लगे कई लोग साहब के लिए यह काम करते है। जबतक फाइल पर उन लोगों का कोडवर्ड नहीं पड़ता फाइल पर अप्रूवल नहीं मिलता है। एक अन्य आवेदक ने बताया कि स्पीड गवर्नर लगवाने के बाद फाइल पूरी कर प्रमाणपत्र के साथ सभी औपचारिकताएं पूरी करके जमा कर दी थी। लेकिन पेडिंग फीस न देने के चलते उसे लंबित कर रखा गया है।

## आदर्श विकासखंड के नाम से विख्यात है नवाबगंजः साक्षी महाराज

● ब्लॉक प्रमुख अरुण सिंह ने कई विकास कार्यों को किया जनता को समर्पित

**संवाददाता।** नवाबगंज

**विकासखंड नवाबगंज** मुख्यालय परिसर में आयोजित पं दीनदयाल उपाध्याय स्मृति कक्ष एवं स्व हेमराज लोधी द्वार के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उन्नाव सांसद डॉ स्वामी सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज, सांसद जय प्रकाश रावत, सदस्य विधान परिषद प्रदेश महामंत्री भाजपा विजय बहादुर पाठक पंचायत चुनाव प्रभारी शंकर लाल लोधी व विशिष्ट अतिथि विधायक श्रीकांत कटियार, विधायक अनिल सिंह जिला महामंत्री अवधेश कटियार ने ब्लॉक प्रमुख



अरुण सिंह की अध्यक्षता में प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य ग्राम पंचायत सदस्य एवं कोटेदारों के बैठने के लिये क्षेत्र पंचायत विकास निधि से नवनिर्मित पं दीनदयाल उपाध्याय स्मृति कक्ष व स्व .हेमराज लोधी विधायक द्वार व महामहिम महिपाल सिंह यादव शास्त्री राज्यपाल ब्लॉक अतिथि गृह का लोकार्पण किया।

सांसद साक्षी महाराज ने उपस्थित क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि नवाबगंज विकासखंड पूरे जनपद में एक आदर्श विकासखंड के नाम से जाना जाता है जो कार्य पिछले पांच साल में नही हुए है वह अरुण सिंह ने पांच साल में कर दिखाया है मैने खुद अरुण सिंह के साथ विकासखंड के प्रत्येक गाँव जाकर विकासकार्यो के लोकार्पण किया है।

वही ब्लॉक प्रमुख ने अपने संबोधन में कहा कि नवाबगंज विकासखंड पहले भ्रष्टाचार के नाम से जाना जाता था आज विकासखंड विकास के नाम से जाना जाता है। ब्लॉक प्रमुख ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का हृदय से आभार प्रकट किया। ब्लॉक प्रमुख अरुण सिंह ने सांसद सहित सभी अतिथियों को प्रतीक चिंह व अंगवस्त्र भेटकर तथा माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इस मौके पर विकासखंड के समस्त कर्मचारी, भारी संख्या में निवर्तमान प्रधानगण व क्षेत्र पंचायत सदस्य गण मौजूद रहे।

## एक दिन की थाना प्रभारी बनीं पवन सिंह ने सुनी समस्याएं

**पाटन, उन्नाव।** मिशन शक्ति के तहत एक दिन की थाना प्रभारी बनायी गयी महिला ने बेहद सलीके से फरियादियों की समस्याएं सुनकर मौके पर ही निस्तारण के निर्देश दिये।

प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत रविवार को थाना क्षेत्र की मनिकापुर निवासी पवन सिंह को एक दिन का बिहार थाना प्रभारी बनाया गया। थाने का सुबह दस बजे चार्ज लेते ही उन्होने थाने में आये फरियादियों की समस्याएं सुनी व उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये। मिशन शक्ति के तहत पुलिस महिलाओं की समस्या से निपटने के लिए एक टीम बना रही है जिससे महिलाओं का काफी लाभ होगा। इस दौरान अन्य कई मामलों से रूबरू होकर क्षेत्र में भी भ्रमण कर हाल जाना। नेतृत्व उपनिरीक्षक रीता श्रीवास्तव ने किया।

इसी तरह थाना अजगैन में बीएससी बीटीसी की छात्रा शालू ने यहां कमान संभाली तो सोहरामऊ में बीफार्मा की छात्रा कु. शिवानी ने प्रभारी निरीक्षक का पद संभाला। फतेहपुर चौरासी थानें में महिला



सशक्तिकरण के अंतर्गत कस्बे की बी एस सी द्वितीय वर्ष की छात्रा शीतल मिश्रा ने एक घंटे के लिए थाने में एस ओ की कुर्सी सम्भाली। चार्ज में आते ही थाने में आये फरियादियों की समस्याएँ सुनकर उनका निराकरण किया। माखी थाने में भी महिला सशक्तिकरण के अवसर पर एक दिन के लिए चकलवंशी निवासी कु0 अंजली देवी को थाना प्रभारी बनाया गया। एक दिन की थाना प्रभारी ने महिलाओं से सम्बंधित अभिलेखों का अवलोकन किया। बांगरमऊ कोतवाली में में दो शिक्षित युवतियों ने कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक की कुर्सी संभाली। कोतवाल का पदभार ग्रहण करते ही युवतियों ने करीब एक दर्जन फरियादियों का दर्द सुनकर उनके शिकायती पत्रों के आधार पर जांच का निर्देश दिया। नगर एवं क्षेत्र की दो स्नातक छात्राओं ने कोतवाल का दायित्व संभाला। सर्वप्रथम अनुप्रिया गौतम थाने की कोतवाल बनी। बाद में नगर के मोहल्ला गुलाम मुस्तफा लक्ष्मी राठौर ने कोतवाल का पदभार ग्रहण किया।

# स्वास्थ्य योजनाओं के कारण साल में 50 हजार करोड़ रुपए बचाने में कामयाब रहे गरीब और जरूरतमंदः मोदी

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार ने किफायती दवाएं उपलब्ध कराने और चिकित्सा उपकरणों की कीमत कम करने जैसे कदम उठाए जिसके कारण गरीब और जरूरतमंद लोग सालाना 50,000 करोड़ रुपए तक बचत करने में कामयाब रहे हैं। मोदी ने शिलांग में पूर्वोत्तर इंदिरा गांधी क्षेत्रीय स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विज्ञान संस्थान में 7,500वां जन औषधि केंद्र वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए राष्ट्र को समर्पित करते हुए कहा कि जन औषधि योजना के तहत देश भर में किफायती दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

जन औषधि योजना के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए देश में एक मार्च से सात मार्च तक जन औषधि सप्ताह मनाया जा रहा है। उन्होंने इस अवसर पर डिजिटल माध्यम से कहा कि इससे पूर्वोत्तर के जनजातीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सहायता मिल रही है। मोदी ने कहा, आज 7500वें केंद्र का उद्घाटन किया जा रहा है और यह शिलांग में हो रहा है। इससे यह स्पष्ट हो गया है कि पूर्वोत्तर में जन स्वास्थ्य केंद्रों का कितनी तेजी से विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा कि 7500वें केंद्र का लोकार्पण इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि छह साल पहले तक भारत में सौ केंद्र भी नहीं थे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने दस हजार केंद्रों के लक्ष्य को प्राप्त करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने शिमला, भोपाल, अहमदाबाद, मंगलुरु और दीव के मारुति नगर के उन लोगों से बात की जो इस योजना से जुड़े हैं। उन्होंने कहा, जन औषधि केंद्र चलाने वाले लोगों और इसके कुछ लाभार्थियों के साथ मैंने बातचीत की जिससे स्पष्ट हुआ कि यह योजना गरीबों और मध्य वर्ग के परिवारों के लिए बड़ी मददगार साबित हो रही है।

यह योजना सेवा और रोजगार दोनों का माध्यम बन रही है। उन्होंने कहा कि योजना के माध्यम से गरीब और मध्यवर्गीय परिवार के लोग दवाओं पर होने वाले प्रतिवर्ष 3,600 करोड़ रुपए की बचत कर पा रहे हैं। मोदी ने कहा कि इससे महिलाओं में आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन मिल रहा है और एक हजार केंद्र महिलाओं द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा जन औषधि अभियान के तहत अब तक इन केंद्रों के माध्यम से 11 करोड़ से अधिक सेनिटरी नैपकिन बेचे जा चुके हैं और गर्भवती महिलाओं को पोषक चीजें दी जा रही हैं।



भोपाल में पथ संचलन में भाग लेते आरएसएस के कार्यकर्ता

# पूर्व मुख्यमंत्री महंत की परंपरागत सीट जीत की संभावना को ध्यान में रखते हुए भाजपा को दी गईः अगप

**गुवाहाटी।** असम में भाजपा नीत सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल असम गण परिषद (अगप) ने रविवार को कहा कि इस बार बरहामपुर सीट वहां से जीत की संभावना को ध्यान में रखते हुए भगवा पार्टी को दी गई है। गौरतलब है कि नगांव जिला स्थित बरहामपुर विधानसभा क्षेत्र पूर्व मुख्यमंत्री प्रफुल्ल कुमार महंत की परंपरागत सीट रही है। वह 1991 से लगातार छह बार इस सीट से निर्वाचित हुए हैं। अब यह सीट भाजपा के पास चली गई है, जिसने जीतू गोस्वामी को यहां से विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाया है।

अगप प्रमुख अतुल बोरा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, बरहामपुर सीट भाजपा को देने में कोई साजिश नहीं हुई है। हम किसी भी सीट पर जीत की संभावना पर विचार कर रहे हैं। हमें देखना होगा कि क्या राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) वह सीट जीतने जा रही है या नहीं। यह पूछे जाने पर कि क्या अगप संस्थापक महंत की इस बार बरहामपुर सीट से जीतने की संभावना नहीं है, बोरा ने कहा, चर्चा करने के बाद ही फैसला लिया गया है। अगप प्रमुख ने यह बताने से भी इनकार कर दिया कि भाजपा को यह सीट देने से पहले क्या महंत को विश्वास में लिया गया था।

यह पूछे जाने पर कि क्या संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) का महंत द्वारा खुला विरोध किया जाना ही उन्हें यह सीट नहीं मिलने की वजह है, तो बोरा ने कहा, यह कोई कारण नहीं था। उनका स्वास्थ्य भी एक मुद्दा है। बरहामपुर सीट भाजपा को दिए जाने की घोषणा के बाद महंत के समर्थकों ने प्रदर्शन किया और अगप-प्रोग्रेसिव को पुनर्जीवित करने की प्रक्रिया ने गति पकड़ ली। यह अगप से टूट कर अलग हुआ एक गुट है। महंत ने विपक्षी महागठबंधन में शामिल होने को लेकर गुवाहाटी में कांग्रेस नेतृत्व के साथ चर्चा की है।

## कोलकाता पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी मामले में 60 लाख रुपए से अधिक की नकदी जब्त की

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस के एसटीएफ ने रविवार को यहां एक कार्यालय से 60 लाख रुपए से अधिक की बिना हिसाब की नकदी जब्त की। यह जानकारी एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी। अधिकारी ने बताया कि पश्चिम बंगाल के पूर्वी बर्धमान जिले से एक मार्च को गिरफ्तार किए गए एक मादक पदार्थ तस्कर से मिली जानकारी पर कार्वाई करते हुए एसटीएफ ने जोरसांको इलाके में एक व्यक्ति के कार्यालय पर छापा मारा और वहां से 60.97 लाख रुपए की नकदी बरामद की। बरामद नकदी को मादक पदार्थ तस्कर द्वारा हवाला के जरिए कार्यालय में भेजा गया था। हम कार्यालय के मालिक की तलाश कर रहे हैं। मादक पदार्थ की तस्करी में उसकी भूमिका होने का संदेह है। एसटीएफ ने गिरफ्तार किए गए व्यक्ति से अंतरराष्ट्रीय बाजार में 25.09 करोड़ रुपए मूल्य की पांच किलोग्राम से अधिक हेरोइन जब्त की थी।

# वसुंधरा राजे ने कहा, वह उस महिला की बेटी है जिनके खून में भाजपा और राष्ट्रवाद था

**भाषा।** जयपुर

**राजस्थान** की अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार को विकास विरोधी करार देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने रविवार को प्रदेश सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया और कहा कि वह उस महिला की बेटी हैं जिनके खून में भाजपा और राष्ट्रवाद था। भरतपुर जिले के पूंछड़ी के लौठा में समर्थकों को संबोधित करते हुए वसुंधरा राजे ने कहा, आज मैं केवल यह कहना चाहती हूं कि मेरी मां ने दीपक जलाने और कमल को खिलाने का काम किया था। उन्होंने दीए की लौ को कभी कम नहीं होने दिया और कमल को कभी मुरझाने नहीं दिया। उनके खून में भाजपा और राष्ट्रवाद था। मैं उन्हीं की बेटी हूं।

उन्होंने दीपक का उल्लेख जनसंघ के संदर्भ में किया। पूर्व मुख्यमंत्री भरतपुर के कृष्णा सर्किट और सीमावर्ती उत्तरप्रदेश के मंदिरों की दो दिवसीय धार्मिक यात्रा पर है। वह रविवार को आदि बद्रीनाथ मंदिर जाएंगी और उसके बाद गोवर्धन परिक्रमा के पूंछड़ी के लौठा मंदिर सहित रास्ते में पड़ने वाले मंदिरों में पूजा अर्चना करेंगी।

वसुंधरा ने कहा कि उनका धार्मिक स्थलों से गहरा संबंध है इसलिए उन्होंने इन पवित्र स्थानों पर पूजा और प्रार्थना करने तथा जन्मदिन मनाने का फैसला किया है। उन्होंने आरोप लगाया, न केवल इस क्षेत्र में बल्कि पूरे राज्य में विकास के काम रूक गए हैं। दो हिस्सों में बंटी गहलोत सरकार को मिलकर उखाड़ने और रूके हुए विकास कार्यों को फिर से शुरू करने का काम हम सब करेंगे।

पिछले कुछ दिनों से वसुंधरा के समर्थक हाई प्रोफाइल कार्यक्रम की व्यवस्था में लगे हुए हैं। रविवार को शुरू हुई उनकी इस धार्मिक यात्रा में कई पूर्व मंत्री और समर्थक विधायक मौजूद थे। इसी दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनियां भी वागड़ क्षेत्र के बांसवाडा, प्रतापगढ, और डूंगरपुर क्षेत्रों के दौरे पर है। पूनियां ने सोशल मीडिया पर रविवार को गहलोत सरकार के खिलाफ हल्ला बोल आंदोलन शुरू किया है। पार्टी नेताओं के अनुसार प्रदेश में वसुंधरा को दरकिनार किए जाने से वह नाराज हैं और पूनियां जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने में विफल रहने के लिए पूर्वी क्षेत्र के कई नेताओं को बदलने की योजना बना रहे थे, इसके बाद चिंतित नेताओं ने अब पूर्व मुख्यमंत्री को और सक्रिय होने के लिए आग्रह किया है।

## क्विक न्यूज

### राजग के घटक दलों ने असम चुनाव में कायकर्ताओं से एकजुट होने का आह्वान किया

**गुवाहाटी।** असम में राजग के घटक दलों ने रविवार को कार्यकर्ताओं से विधानसभा चुनाव में भाजपा-एजीपी-यूपीपीएल गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने के लिए एक-दूसरे की सहायता करने की अपील की। असम में सीट बंटवारे और टिकट वितरण के बाद ऐसे नेताओं के समर्थक विरोध दर्ज करा रहे हैं, जिन्हें विधानसभा चुनाव में ताल ठोंकने का मौका नहीं मिल सका है। गुवाहाटी में आयोजित संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान तीनों दलों के अध्यक्षों ने स्वीकार किया कि जमीनी स्तर के कार्यकर्ता थोड़े निराश हैं जोकि गठबंधन में सामान्य बात है। असम की भाजपा इकाई के अध्यक्ष रंजीत कुमार दास ने कहा, हर दल के कार्यकर्ता चाहते हैं कि पार्टी के नेता उनके इलाके से चुनाव लड़ें। वे अपने दलों के अधिक से अधिक उम्मीदवारों के लिए टिकट भी चाहते हैं। एक गठबंधन में हमें आदान-प्रदान की समझ को स्वीकार करना पड़ता है। भाजपा नीत गठबंधन का लक्ष्य 126 सदस्ईय विधानसभा में से 100 से अधिक सीटें जीतने का है और इसे सहयोगी दलों असम गण परिषद और यूनाइटेड पीपल्स लिबरल पार्टी की मदद से ही प्राप्त किया जाएगा। मैं सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से अपील करता हूं कि वे एजीपी का 26 सीटों और यूपीपीएल का आठ सीटों पर साथ दें। भाजपा कार्यकर्ताओं को एजीपी और यूपीपीएल को एक दल के रूप में देखना चाहिए और उनकी सहायता करनी चाहिए।

### कुमारस्वामी ने पेट्रोलियम उत्पादों को जीएसटी के दायरे में लाने के प्रयास की आलोचना की

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी ने रविवार को कहा कि पेट्रोलियम उत्पादों को जीएसटी के दायरे में लाना राज्य के लिए मौत की दस्तक के समान होगा। कन्नड़ में किए गए श्रृंखलाबद्ध ट्वीट में जद(एस) के वरिष्ठ नेता ने ईंधन को जीएसटी के दायरे में लाने के प्रयासों पर विरोध जताया और मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा से अपील की कि ऐसा होने से रोकें क्योंकि इस निर्णय से राज्य के संसाधनों को हानि होगी। कुमारस्वामी ने कहा, केंद्र सरकार दाम कम करने की आस में पेट्रोलियम उत्पादों को चरणबद्ध तरीके से जीएसटी के दायरे में ला रही है। ईंधन के दामों में बढ़ोतरी के चलते जनता के गुस्से को देखते हुए ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं। पेट्रोलियम उत्पादों को जीएसटी के दायरे में लाना राज्य के लिए मौत की दस्तक के समान होगा। पूर्व मुख्यमंत्री के मुताबिक, पेट्रोलियम उत्पादों पर लगे उपकर राज्य के राजस्व का प्रमुख स्रोत हैं। आरोप लगाया कि जीएसटी के लागू होने के बाद केंद्र ने राज्यों को मुआवजा उपलब्ध नहीं कराया, जोकि राज्यों को दिया जाना था।

### गोवा में अगले वर्ष होने वाले विस चुनाव में 20-25 सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी शिवसेना : राउत

**पणजी।** शिवसेना के राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी गोवा में अगले वर्ष होने विधानसभा चुनाव में 20 से 25 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। राउत ने दावा किया कि प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर असंतोष है लेकिन विपक्ष इसका लाभ नहीं उठा पा रहा है और इसके कारण आप जैसे दलों को मौका मिल रहा है, जो गोवा में केवल चुनाव के वक्त ही नजर आते हैं। राउत ने कहा कि जो लोग गोवा में शिवसेना की ताकत पर सवाल खड़े कर रहे हैं, उन्हें राज्य में सहयोगियों की ताकत के बूते पर नहीं बल्कि अपने दम पर चुनाव लड़ना चाहिए।

### मनसुख हीरेन के परिवार को न्याय मिलना चाहिएः कांग्रेस

**मुंबई।** कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई ने रविवार को कहा कि उद्योगपति मुकेश अंबानी के आवास के बाहर मिले विस्फोटकों से लदे वाहन के मालिक मनसुख हीरेन के परिवार को जल्द से जल्द न्याय मिलना चाहिए। दक्षिण मुंबई में अंबानी के बहुमंजिला आवास एंटीलिया के पास 25 फरवरी को जिलेटिन की 20 छड़ों के साथ एक स्कॉर्पियो कार पाई गई थी। पुलिस ने कहा था कि वाहन को एयरोली-मुलुंड पुल के पास से आठ फरवरी को चुराया गया। हीरेन (46) ठाणे में एक खाड़ी के किनारे शुक्रवार सुबह मृत पाए गए थे। मामले की जांच महाराष्ट्र का आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) कर रहा है।



पुरवा वर्धमान में सीआरपीएफ के जवान एक ट्रेन में सवार होकर जाते हुए।

# सशक्तिकरण के लिए महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होना जरूरीः बेबी रानी

**हरिद्वार।** सशक्तिकरण के लिए महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने को बेहद जरूरी बताते हुए उत्तराखंड की राज्यपाल बेबी रानी मौर्य ने रविवार को कहा कि आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर महिलाएं वास्तव में सशक्त होती हैं। अर्न्तार्ष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर सभी महिलाओं को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए राज्यपाल बेबी रानी ने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं को कौशल विकास के माध्यम से आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाना बहुत आवश्यक है।

उन्होंने कहा, आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर महिलाएं वास्तव में सशक्त होती हैं तथा वे अपने जीवन के निर्णय स्वयं ले सकती हैं। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लैंगिक समानता और आर्थिक स्वावलंबन अत्यंत आवश्यक है। यहां राजभवन से जारी अपने संदेश में, उत्तराखण्ड की महिलाओं को अत्यंत परिश्रमी एवं साहसी बताते हुए उन्होंने कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास में यहां की मातृशक्ति का अमूल्य योगदान है।

उन्होंने कहा कि रोजगार सृजन, जैविक कृषि, पर्यटन आदि प्रत्एक क्षेत्र में महिलाओं द्वारा उल्लेखनीय योगदान दिया जा रहा है और यहां की महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा बहुत अच्छा कार्य किया जा रहा है। महिला सशक्तीकरण के लिए उन्होंने बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित किए जाने की जरूरत बताई और कहा कि इसके लिए सरकार के साथ ही समाज को भी मिलजुल कर प्रयास करने होंगे।

# ममता ने हेमंत सोरेन से तृणमूल कांग्रेस के लिए प्रचार करने का अनुरोध किया


**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अनुरोध किया है कि वह उनके लिए पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में प्रचार करें और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) भाजपा की चुनावी संभावनाओं को बाधित करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए जल्द ही इस पर निर्णय लेगा। यह बात झामुमो के एक वरिष्ठ नेता ने रविवार को कही। यह घटनाक्रम महत्व रखता है क्योंकि झारखंड में झामुमो और कांग्रेस की गठबंधन सरकार है और सोनिया गांधी के नेतृत्व वाली पार्टी कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल में भाजपा और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के खिलाफ वाम और इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के साथ मिलकर गठबंधन किया है।

राजद, समाजवादी पार्टी और शिवसेना के बाद बनर्जी ने पिछले हफ्ते कहा था कि विधानसभा चुनाव के लिए टीएमसी को झामुमो और राकांपा का समर्थन मिला है। झामुमो के एक वरिष्ठ नेता ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के साथ संवाद होता रहता है। यह हमारी मांग थी कि पं. बंगाल, बिहार और ओडिशा के कुछ क्षेत्रों को झारखंड का हिस्सा बनाया जाना चाहिए था क्योंकि वे राज्य के लिए आंदोलन का हिस्सा थे, लेकिन 2000 में जो सीमा बनाई गई थी, उसमें कुछ क्षेत्रों को छोड़ दिया गया था।

परिणामस्वरूप, आप देखेंगे कि पश्चिम बंगाल के चाय बागानों में, अधिकांश लोग झारखंड के हैं। इसलिए, हमारा वहां प्रभाव है। झामुमो नेता ने कहा कि टीएमसी प्रमुख ने झारखंड के मुख्यमंत्री से उनके लिए प्रचार करने को कहा है। नेता ने कहा कि पार्टी द्वारा जल्द ही इस पर निर्णय लिया जाएगा। नेता ने कहा, हालांकि यह लक्ष्य तय है कि भाजपा को वहां पीछे धकेलना है और इस बात को ध्यान में रखते हुए फैसला लिया जाएगा। झामुमो नेता ने साथ ही ईंधन की उंची कीमतों, कृषि कानून और किसानों के साथ व्यवहार जैसे विभिन्न मुद्दों पर केंद्र सरकार को आड़े हाथ लिया।

# स्वतंत्रता सेनानियों की तलाकशुदा बेटियों की पेंशन पर केन्द्र सरकार से मांगा जवाब

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने केंद्र सरकार से पूछा है कि अगर स्वतंत्रता सेनानियों की अविवाहित या विधवा बेटियों के अलावा उनकी तलाकशुदा बेटियों को भी परिवार पेंशन दी जाती है तो कितना वित्तीय बोझ आएगा। न्यायमूर्ति यू. यू. ललित और न्यायमूर्ति के. एम. जोसेफ की पीठ ने यह सवाल तब किया जब केंद्र ने इससे कहा कि अगर अदालत ने स्वतंत्रता सेनानियों की अविवाहित या विधवा बेटियों के अलावा तलाकशुदा बेटियों को भी परिवार पेंशन देने की अनुमति दी तो इस पर वित्तीय बोझ पड़ेगा और नए विवाद शुरू हो जाएंगे।

पीठ ने टिप्पणी की, कितना वित्तीय बोझ पड़ेगा? तलाकशुदा बेटियों का मामला बहुत कम है और इस प्रकार न्यूनतम बोझ आएगा। देश में तलाकशुदा बेटियों की संख्या बहुत ही कम है। शीर्ष अदालत इस मसले पर सुनवाई कर रही थी कि क्या तलाकशुदा बेटियां उसी तरह अपने स्वतंत्रता सेनानी पिता के परिवार पेंशन की हकदार हैं जिस तरह से अविवाहित या विधवा बेटियां होती हैं। इस मामले में दो अलग-अलग उच्च न्यायालयों ने अलग-अलग विचार व्यक्त किए हैं। हिमाचल प्रदेश की निवासी तुलसी देवी (57) ने यह मामला शीर्ष अदालत के संज्ञान में लाया है जिन्होंने पिछले वर्ष उच्च न्यायालय के एक फैसले को चुनौती दी जिसने इस आधार पर उन्हें स्वतंत्रता सेनानी परिवार पेंशन देने की याचिका खारिज कर दी कि नियमों में ऐसा प्रावधान नहीं है। सुनवाई के दौरान देवी की तरफ से पेश हुए वकील दुष्यंत पाराशर ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी की तलाकशुदा बेटी को विधवा या अविवाहित बेटी की तरह माना जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि उनके मुवक्किल के पिता ने देश के लिए अपना जीवन कुर्बान कर दिया और आय का स्रोत नहीं होने के कारण वह सुगम जीवन नहीं व्यतीत कर पा रही हैं। केंद्र की तरफ से पेश हुईं अतिरिक्त सोलीसीटर जनरल माधवी दीवान ने कहा कि अगर परिवार पेंशन की अनुमति दी जाती है तो इससे वित्तीय बोझ बढ़ेगा और नए विवाद शुरू हो जाएंगे। उन्होंने इस मुद्दे पर और दस्तावेज पेश करने के लिए समय मांगा।




हावड़ा में टीएमसी पार्टी के झण्डों की सिलाई करते हुए दर्जी।

# हार्दिक पटेल ने दिखाए बागी तेवर

## ● कहा, गुजरात कांग्रेस ने चुनावों में मुझे कोई काम नहीं दिया, एक भी सीट पर राय नहीं ली



**भाषा।** नई दिल्ली

**गुजरात** कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष हार्दिक पटेल ने राज्य के स्थानीय निकाय चुनावों में पार्टी की करारी शिकस्त के बाद बागी तेवर दिखाते हुए रविवार को प्रदेश इकाई की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए और दावा किया कि इन चुनावों में उन्हें कोई काम नहीं दिया गया और एक भी सीट पर टिकट को लेकर उनकी राय नहीं ली गई। उन्होंने हालांकि, भविष्य में कांग्रेस छोड़ने की अटकलों को भी खारिज किया और कहा कि वह कांग्रेस में बने रहेंगे और पार्टी उन्हें जो भी जिम्मेदारी देगी, उसे निभाएंगे। पटेल ने पीटीआई -भाषा के साथ एक साक्षात्कार में गुजरात को लेकर पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व की समझ को लेकर भी सवाल किया और कहा कि राज्य में उनकी पार्टी विपक्ष के तौर पर संघर्ष करने में विफल रही है तथा कांग्रेस को फिर से मजबूत बनाने के लिए आलाकमान को गुजरात को समझना पड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि विधायकों को संगठन के काम से अलग रखना होगा।

कभी पाटीदार आरक्षण आंदोलन का प्रमुख चेहरा रहे पटेल ने ए टिप्पणियां उस वक्त की हैं जब कुछ दिनों पहले ही गुजरात में नगर निगम, नगरपालिका, जिला एवं तालुका पंचायत के चुनावों में कांग्रेस को भाजपा के मुकाबले करारी हार का सामना करना पड़ा। पार्टी सूरत नगर निगम में अपना खाता भी नहीं खोल सकी। भाजपा ने नगरपालिका, जिला एवं तालुका पंचायतों की 8,470 सीटों में से 6,236 सीटें जीतकर कांग्रेस को काफी पीछे छोड़ दिया। कांग्रेस केवल 1,805 सीटें ही जीत पाई। पार्टी की हार के कारणों के बारे में पूछे जाने पर हार्दिक पटेल ने कहा, हम लोग जनता का विश्वास हासिल करने में विफल रहे हैं। विपक्ष के तौर पर हमें जो संघर्ष करना चाहिए था उसमें हम नाकाम रहे। जनता को लगता है कि विपक्ष में रहकर कांग्रेस को जो काम करना चाहिए था वो उसने नहीं किया। इस कारण कई जगहों पर आम आदमी पार्टी को वोट मिल गया। उन्होंने कहा, सूरत में हमारे आंदोलन के साथियों ने सिर्फ दो टिकट मांगे थे। पार्टी ने वो भी नहीं दिया। इन दो सीटों के चक्कर में हमारी 36 सीटें चली गईं।

उल्लेखनीय है पिछले निकाय चुनाव में सूरत के पाटीदार बहुल इलाकों में कांग्रेस ने 30 से अधिक सीटें जीतीं थीं। किसी नेता का नाम लिए बगैर पटेल ने दावा किया, मैं सिर्फ कार्यकारी अध्यक्ष हूं और टिकट बंटवारे में मेरी कोई भूमिका नहीं थी। मुझे बुलाया तक नहीं गया... मुझे यही बताया गया कि कार्यकारी अध्यक्ष की कोई भूमिका नहीं होती है। फिर भी मैंने अपने बल-बूते पर कई सभाएं कीं। मुझे प्रदेश कांग्रेस कमेटी की तरफ से कोई कार्यक्रम और काम नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि जब आप लोगों के बीच नहीं जाएंगे, अपने घोषणापत्र की बातें नहीं पहुंचाएंगे तो कैसे होगा? अहमदाबाद जैसे शहर में हमारा कोई बड़ा बैनर नहीं लगा था। लोगों को लगता है कि चुनाव में कांग्रेस है ही नहीं। गुजरात में जनता भाजपा को पसंद नहीं करती, लेकिन हम लोग जनता को विश्वास नहीं दिला पा रहे हैं कि हम उनके साथ खड़े हैं। पटेल के मुताबिक, स्थानीय निकाय के चुनाव की तैयारियां तीन महीने से चल रही थी। तीन महीनों में मुझे एक बार भी नहीं कहा गया कि आपको यह काम करना है। पांच हजार से अधिक सीटों पर टिकटों का बंटवारा हुआ, लेकिन एक सीट पर भी मुझसे नहीं पूछा गया कि क्या करना चाहिए, यहां तक कि पाटीदार बहुल क्षेत्रों में भी मेरी राय नहीं ली गई। प्रदेश अध्यक्ष पद से अमित चावड़ा और नेता प्रतिपक्ष पद से परेश धनानी के इस्तीफे के बारे में पूछे जाने पर पटेल ने कहा, अगर मैं भी अध्यक्ष होता तो जिम्मेदारी लेता। उन लोगों ने इस्तीफा दिया है, लेकिन जिम्मेदारी सबकी है। अब सबको मेहनत करनी पड़ेगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया, संगठन को मजबूत बनाने के साथ ही विधायकों को संगठन से अलग रखना पड़ेगा। विधायक अपने अपने क्षेत्र में काम करें।

भाजपा में संगठन की ताकत देखिए। क्या भाजपा का कोई विधायक या सांसद अपने अध्यक्ष को टिकट को लेकर सलाह देता है? यह पूछे जाने पर कि क्या कांग्रेस आलाकमान ने समय रहते जरूरी कदम नहीं उठाए, पटेल ने कहा, उनको (आलाकमान) गुजरात को समझना पड़ेगा, गुजरात को महत्व देना पड़ेगा। हम 30 साल से प्रदेश की सत्ता में नहीं हैं। गुजरात को नहीं समझेंगे तो हमारे जैसे युवा कार्यकर्ता निराश हो जाएंगे। पार्टी दिन-ब-दिन गिरती जा रही है और कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

# कुंभ में हर स्नान के बाद अधिकारियों कर्मचारियों को करानी होगी कोविड जांच

**भाषा।** हरिद्वार

**हरिद्वार** कुंभ में महाशिवरात्रि के अवसर पर 11 मार्च को होने वाले पहले शाही स्नान तथा उसके बाद होने वाले हर स्नान के बाद ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से कोविड-19 की जांच करानी होगी। पहले शाही स्नान के लिए यहां आयोजित समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी सी रविशंकर ने कहा कि प्रत्एक स्नान के पांच दिन बाद कुंभ डयूटी में लगे कर्मचारियों और अधिकारियों को कोविड-19 की आरटीपीसीआर जांच करानी होगी। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्वाई की जाएगी। मेला पुलिस, जिला प्रशासन व मेला प्रशासन की इस संयुक्त बैठक में जिलाधिकारी ने हर सेक्टर में विभागों के अफसरों और सेक्टर मजिस्ट्रेट को क्विक रिस्पांस टीम बनाने का निर्देश दिया, ताकि किसी भी परिस्थिति में त्वरित कार्वाई की जा सके। उन्होंने कहा कि स्नान के दौरान कोरोना जांच के लिए 70 से अधिक टीमें लगाई जाएंगी जो श्रद्धालुओं की थर्मल स्क्रीनिंग के साथ-साथ कोरोना की जांच भी करेगी। हालांकि अभी तक कुंभ की अधिसूचना जारी नहीं हुई है लेकिन कोविड-19 के मद्देनजर पहला शाही स्नान कुंभ मेला प्रशासन के लिए किसी चुनौती से कम नहीं माना जा रहा है। बैठक में मेला पुलिस महानिरीक्षक संजय गुंज्याल ने कहा कि मेला नियंत्रण कक्ष में एक वॉर रूम बनाया जाए जिसमे हर विभाग का एक-एक सक्षम अधिकारी स्नान के दौरान मौजूद रहे ताकि किसी भी विभाग से जुडी समस्या के सामने आने पर तत्काल उसका निराकरण हो सके।

# गोडसे यात्रा पर बोले दिग्विजय, नफरत के सौदागर हैं भाजपा, संघ और हिंदू महासभा के कुछ तत्व

**भाषा।** इंदौर

**महात्मा** गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे के संपूर्ण जीवन चरित्र से जुड़े तथ्यों को जनता के सामने लाने के मकसद से अखिल भारत हिंदू महासभा की 14 मार्च को प्रस्तावित यात्रा की कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने रविवार को कड़ी निंदा करते हुए आरोप लगाया कि महासभा, भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुछ तत्व नफरत के सौदागर हैं।

गोडसे यात्रा को लेकर प्रतिक्रिया मांगे जाने पर सिंह ने यहां संवाददाताओं से कहा कि भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और हिंदू महासभा के कुछ तत्व भारत वर्ष की सर्वधर्म समभाव की परंपरा, संस्कार और संस्कृति के विरोधी हैं। ए (तत्व) नफरत के सौदागर हैं और नफरत फैला कर हिंसा करते हैं। उन्होंने कहा कि इन तत्वों की कथित तौर पर वही विचारधारा है जिस विचारधारा के चलते नाथूराम गोडसे ने महात्मा गांधी जैसे महान व्यक्तित्व की हत्या की थी, इसलिए वह गोड़से को लेकर हिंदू महासभा की प्रस्तावित यात्रा की निंदा करते हैं।


हिंदू महासभा के नेताओं ने प्रस्तावित कार्यक्रम के हवाले से बताया कि गोडसे के संपूर्ण जीवन चरित्र से जुड़े तथ्यों को जनता के सामने लाने के उद्देश्य से निकाली जाने वाली यह यात्रा 14 मार्च को ग्वालियर से वाहन रैली के रूप में शुरू होकर दिल्ली पहुंचेगी और इसमें महासभा की 17 राज्यों की इकाइयों के प्रमुख शामिल होंगे। बहरहाल, इन दिनों स्वयं कांग्रेस को ग्वालियर नगर निगम के पार्षद बाबूलाल चौरसिया को पार्टी में वापस लेने पर आलोचना का सामना करना पड़ रहा है जो पिछले चुनावों में हिंदू महासभा से जुड़कर पार्षद बने थे और गोडसे की अर्धप्रतिमा की स्थापना में कथित तौर पर शामिल रहे थे। सिंह ने दावा किया कि कांग्रेस में चौरसिया की वापसी को मीडिया निरर्थक तौर पर बढ़ा-चढ़ाकरै पेश कर रहा है। उन्होंने कहा कि चौरसिया ने हिंदू महासभा में रहने के दौरान गोड़से के पक्ष में जो बयानबाजी की थी, हम उसकी निंदा करते हैं। वैसे इस बयानबाजी को लेकर उन्होंने पहले ही माफी मांग ली है। केंद्र के नए कृषि कानूनों के खिलाफ सिंह की अगुवाई में सूबे में जगह-जगह किसान महापंचायतों का आयोजन किया जा रहा है।

लेकिन अब तक इनमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ को शामिल होते नहीं देखा गया है। इस बारे में पूछे जाने पर सिंह ने कहा कि ये किसान महापंचायतें गैर राजनीतिक हैं। इनमें कमलनाथ की ओर से उनके वे प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं जो किसान संगठनों से जुड़े हैं।

# कांग्रेस की 40 उम्मीदवारों की पहली सूची में आधे नए चेहरे

**भाषा।** गुवाहाटी

असम चुनाव



**असम** में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस ने जिन 40 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है, उनमें से आधे प्रत्याशी नए हैं। प्रदेश के टीटाबोर विधानसभा सीट पर उम्मीदवार के नाम को अंतिम रूप देने से पहले पार्टी पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत तरुण गोगोई के परिवार से सलाह-मशविरा करेगी। इस सीट से गोगोई लगातार चार बार विधायक निर्वाचित हुए थे।

प्रदेश में 27 मार्च को पहले चरण में 47 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है। कांग्रेस ने शनिवार रात उनमें से 40 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। पार्टी की पहली सूची में 20 नए चेहरे हैं और छह मौजूदा विधायक हैं। इनमें कांग्रेस विधायक दल के नता देबब्रत सैकिया का नाम भी शामिल है, जो नजीरा से उम्मीदवार बनाए गए हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नजर प्रतिष्ठित टीटाबोर सीट पर है जबकि कांग्रेस इस सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखना चाहती है। प्रदेश के तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके तरुण गोगोई इस सीट से विधायक थे। पिछले साल 23 नवंबर को कोविड के बाद की जटिलताओं के चलते उनका निधन हो गया था।

टीटाबोर के अलावा तिनसुकिया, ढकुआखाना, बेहाली, ढिंग एवं बोकाखत सीटों पर तथा एआईयूडीएफ के खाते वाली नौबोइचा सीट पर अभी उम्मीदवारों के नाम की घोषणा बाकी है। कांग्रेस के एक प्रवक्ता ने बताया कि इन सीटों के बारे में जल्दी ही निर्णय लिया जाएगा। इनमें से कुछ सीटें गठबंधन के सहयोगी दल को दी जाएंगी। सैकिया के अलावा, जिन विधायकों को फिर से टिकट दिया गया है, उनमें समागुरी से रकीबुल हुसैन, रूपोहीहाट से मो. नुरुल हुदा, मरियानी से रूपज्योति कुर्मी, सरूपथार से रोजलीना तिर्की और दुमदुमा से दोमा दुर्गा भूमिज शामिल हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य रिपुन बोरा गोहपुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे, जहां उनकी पत्नी मोनिका बोरा को भाजपा उम्मीदवार ने करीब 30 हजार मतों से पराजित किया था। पार्टी ने चार महिलाओं समेत उन 12 उम्मीदवारों को भी टिकट दिए हैं जो 2016 के विधानसभा चुनावों में कम अंतर से हार गए थे। इनमें जोरहाट से राणा गोस्वामी, थाउरा से सुशांत बरगोहाईं, माहमारा से सूरज दिहिंगिया, बिहपुरिया से भूपेन कुमार बोरा, सूतिया से प्राणेश्वर बसुमतारी, दुलियाजान से ध्रुब गोगोई और टिगखांग से एतुवा मुंडा शामिल हैं। माजुली सीट पर, पार्टी ने रानोज कुमार पेगु को फिर से टिकट दिया है जिन्होंने 2001 से लगातार तीन बार इसका प्रतिनिधित्व किया था, लेकिन 2016 के चुनावों में मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल से 18,000 मतों से हार गए थे। चार महिलाओं को पार्टी ने फिर से उन्हीं विधानसभा सीटों से टिकट दिए हैं जिन पर पिछले चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इन उम्मीदवारों में नाहरकटिया से प्रणती फुकन, खुमटाई से बिस्मिता गोगोई, टियोक से पल्लब गोगोई और आमगुरी से अंगकिता दत्ता शामिल हैं।

पार्टी ने हाल में कांग्रेस में शामिल हुए भाजपा के पूर्व नेता और तेजपुर से सांसद राम प्रसाद सरमा को बरसोला सीट से चुनाव मैदान में उतारा है। असम में कांग्रेस नीत महागठबंधन में एआईयूडीएफ, बीपीएफ, माकपा, भाकपा और आंचलिक गण मोर्चा शामिल हैं। प्रदेश की 126 सदस्ईय विधानसभा सीटों के लिए तीन चरणों में - 27 मार्च, एक और छह अप्रैल को मतदान कराए जाएंगे।

# भारत में कोविड-19 महामारी खात्मे की ओर बढ़ रही है : हर्षवर्धन

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने रविवार को कहा कि भारत में कोविड-19 महामारी खात्मे की ओर बढ़ रही है और कोविड-19 टीकाकरण अभियान को राजनीति से दूर रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोगों को टीके से जुड़े विज्ञान पर भरोसा और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके प्रियजनों को समय पर टीके लग जाएं। हर्षवर्धन ने रविवार को धर्मशिला नारायण अस्पताल के सहयोग से आयोजित दिल्ली चिकित्सा संघ (डीएमए) के 62वें वार्षिक दिल्ली राज्य चिकित्सा सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि देश में अब तक कोविड-19 के दो करोड़ से अधिक टीके लगाए जा चुके हैं और टीकाकरण दर बढ़कर प्रतिदिन 15 लाख हो गई है। उन्होंने कहा, दूसरे देशों के मुकाबले हमने कोविड-19 टीकों की तेजी से आपूर्ति की है, जो सुरक्षित हैं और उनकी प्रभावकारिता साबित हो चुकी है।

## रेलवे स्टेशन पर सफाईकर्मी ने शौचालय के नल से पेयजल टंकी में भरा पानी, स्टेशन मास्टर निलंबित

**मंदसौर।** मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले में गरोठ रेलवे स्टेशन पर दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी द्वारा शौचालय के नल से प्लास्टिक पाइप जोड़कर पेयजल टंकी में पानी भरने के मामले में वहां के स्टेशन मास्टर को निलंबित कर दिया गया है। रेवले के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। गरोठ रेलवे स्टेशन दिल्ली-मुंबई रेल मार्ग पर स्थित है और यह स्टेशन कोटा रेल मंडल में आता है। कोटा रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अजय कुमार पाल ने बताया कि एक मार्च को गरोठ रेलवे स्टेशन पर निजी कंपनी में कार्यरत सफाईकर्मी ने शौचालय के नल से प्लास्टिक पाइप जोड़ दिया।

## जम्मू में अवैध रूप से रह रहे 168 रोहिंग्याओं को भेजा जेल

**जम्मू।** जम्मू में अवैध रूप से रह रहे 168 रोहिंग्याओं को जेल भेज दिया गया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने शनिवार को एक अभियान चलाकर यहां रह रहे रोहिंग्याओं के बायोमीट्रिक और अन्य विवरण एकत्र किए थे। आधिकारिक दस्तावेज के बिना शहर में रह रहे विदेशियों की पहचान करने के लिए यह अभियान चलाया गया है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, कम से कम 168 अवैध प्रवासी रोहिंग्याओं को हीरानगर जेल भेजा गया है। उन्होंने कहा कि म्यांमा से आए रोहिंग्या मुस्लिमों के सत्यापन की प्रकिया, यहां एमएएम स्टेडियम में कड़ी सुरक्षा के बीच की गई। उन्होंने बताया कि विदेशियों का सत्यापन करने की प्रक्रिया जारी है। सरकारी आकंड़ों के मुताबिक रोहिंग्या मुस्लिमों और बांग्लादेशी नागरिकों समेत 13,700 विदेशी जम्मू और सांबा जिलों में रह रहे हैं जहां 2008 से 2016 के बीच इनकी जनसंख्या में छह हजार से अधिक की वृद्धि हुई।

# सीमा पर शत्रु की प्रत्येक गतिविधि पर रहेगी दृष्टि

## ● भारत की 28 मार्च को पृथ्वी अवलोकन उपग्रह का प्रक्षेपण करने की योजना

**पायनियर समाचार सेवा।** बेंगलुरु



**भारत** की 28 मार्च को एक पृथ्वी अवलोकन उपग्रह का प्रक्षेपण करने की योजना है जो उसे अपनी सीमाओं की वास्तविक समय की तस्वीरों को उपलब्ध कराएगा और इससे प्राकृतिक आपदाओं की त्वरित निगरानी भी की जा सकेगी। जीसैट-1 आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले में श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केन्द्र से जीएसएलवी-एफ 10 के जरिए प्रक्षेपित किया जाएगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि हम 28 मार्च को इस जियो इमेजिंग उपग्रह को प्रक्षेपित करना चाहते हैं, हालांकि यह मौसम की स्थितियों पर निर्भर करेगा। यह उपग्रह 36,000 किलोमीटर की ऊंचाई वाली कक्षा में स्थापित किया जाएगा।

जीएसएलवी-एफ 10 के जरिए जीसैट-1 का प्रक्षेपण तकनीकी कारणों के चलते स्थगित कर दिया गया है। इसका प्रक्षेपण पिछले साल पांच मार्च को होने वाला था। अंतरिक्ष विभाग के एक अधिकारी ने कहा, यह भारत के लिए कुछ मायने में महत्वपूर्ण साबित होने जा रहा है। उन्होंने कहा, उच्च स्तर के कैमरों के साथ, इस उपग्रह से भारतीय जमीन और महासागरों, विशेष रूप से इसकी सीमाओं की निरंतर निगरानी की जा सकेगी। यह प्राकृतिक आपदाओं और किसी भी अल्पकालिक घटनाओं की त्वरित निगरानी में मदद करेगा। इसरो ने कहा कि जीसैट-1 का वजन 2,268 किलोग्राम है और यह एक अत्याधुनिक पर्यवेक्षण उपग्रह है। इसरो ने 28 फरवरी को अपनी वाणिज्यिक इकाई न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (एनसिल) के प्रथम समर्पित मिशन के तहत रविवार को ब्राजील के अमेजोनिया-। और 18 अन्य उपग्रहों का पीएसएलवी (ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान) सी-51 के जरिए यहां श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से सफल प्रक्षेपण किया था। इन 18 उपग्रहों में से पांच उपग्रह छात्रों द्वारा निर्मित हैं। अंतरिक्ष विभाग में सचिव और इसरो के अध्यक्ष के सिवन ने पिछले सप्ताह पीटीआई-भाषा से कहा था कि जिन तकनीकी मुद्दों के कारण जीसैट-। मिशन को स्थगित कर दिया था, उसका समाधान हो गया है। कोविड-19 के कारण लगाए लॉकडाउन की वजह से सामान्य कामकाज प्रभावित होने से इसके प्रक्षेपण में और विलंब हुआ।

## देशमुख ने नक्सल-रोधी अभियान के लिए कमांडो इकाई की सराहना की

**मुंबई।** महाराष्ट्र के गृह मंत्री अनिल देशमुख ने रविवार को नक्सलियों की हथियार बनाने की इकाई को नष्ट करने के अभियान को लेकर गढ़चिरौली पुलिस की सी-60 कमांडो इकाई की सराहना की। छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे इलाके में यह अभियान चार-पांच मार्च को चलाया गया जोकि करीब 48 घंटे चला। पुलिस ने बताया था कि गढ़चिरौली के भामरागढ़ तालुका के कोपारशी के जंगलों में चार-पांच मार्च को अभियान चलाया गया था और इस दौरान, छत्तीसगढ़ की सीमा के करीब पांच किलोमीटर अंदर माड इलाके में नक्सलियों की हथियार निर्माण इकाई को नष्ट कर दिया गया था। देशमुख ने कहा कि अच्छी रणनीति एवं बल प्रयोग के चलते जवानों को सफलता मिल सकी। उन्होंने कहा कि इस तरह के अभियान से बड़े स्तर पर नक्सलियों की गतिविधियों को कम करने में सहायता मिलेगी।

# जम्मू-कश्मीर में सेना ने छात्रों के लिए बस स्टैंड को स्ट्रीट लाइब्रेरी में बदला

**भाषा।** अनंतनाग

**एक** अनूठे पहल के तहत भारतीय सेना ने दक्षिण कश्मीर के एक गांव में आसपास के इलाकों के छात्रों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं और उच्च अध्ययन की तैयारी के लिए एक जर्जर बस स्टैंड को स्ट्रीट लाइब्रेरी में तब्दील कर दिया। अधिकारियों ने कहा कि सेना की 18 राष्ट्रीय राइफल्स ने फरवरी के अंतिम सप्ताह में पुस्तकालय की स्थापना की, जिसने रानीपुरा, चिट्टीसिंगपुरा, केजरीवल और देवीपोरा गांवों के छात्रों के बीच उत्साह पैदा किया है। उच्च कक्षाओं के छात्रों को पुस्तकों में तल्लीन होते हुए देखकर, प्राथमिक कक्षाओं के छात्रों ने भी 18 आरआर के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल रोहित झा से निवेदन किया कि उनके लिए कहानी की कुछ पुस्तकें भी रखी जाए। 18 आरआर विक्टर फोर्स के अंतर्गत आता है जो दक्षिण और मध्य कश्मीर की सुरक्षा का जिम्मा संभालता है। अधिकारियों ने कहा कि सुखद आश्चर्य की बात है कि लेफ्टिनेंट कर्नल झा ने तुरंत सामाजिक संदेश देने वाली कुछ कॉमिक्स और कुछ ज्ञानवर्धक किताबों का आदेश दिया।

स्ट्रीट लाइब्रेरी सुबह जल्दी खुल जाती है और जल्द ही बच्चे यहां पुस्तकों के लिए जुटने लगते हैं। राष्ट्रीय राइफल्स के दो-सेक्टर मुख्यालय ने कई किताबें दान की हैं। अनंतनाग जिले के देवीपोरा-चिट्टीसिंगपुरा चौक पर स्थित बस स्टैंड अब वास्तव में ज्ञान का केंद्र बन गया है, जहां अक्सर प्रतियोगी परीक्षाओं और उच्च अध्ययन के लिए आने वाले युवाओं को देखा जाता है। सेना की इकाई ने बुक्स ऑफ इंडिया सोसाइटी के साथ भी करार किया है, जो इसके लिए कुछ पुस्तकों की आपूर्ति करने पर सहमत हुई है।

# पेज 1 का शेष

## मिथुन भाजपा...

लिए काम करना चाहते थे और भाजपा ने उन्हें अपनी आकांक्षा पूरी करने के लिए एक मंच दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें बंगाली होने पर गर्व है। उन्होंने कहा, मैं हमेशा जीवन में कुछ बड़ा करना चाहता था, लेकिन कभी भी इतनी बड़ी रैली का हिस्सा बनने का सपना नहीं देखा था, जिसे दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी द्वारा संबोधित किया जाना है। मैं हमारे समाज के गरीब वर्गों के लिए काम करना चाहता था और वह इच्छा अब पूरी होगी। चक्रवर्ती ने इस मौके पर अपनी एक फिल्म का एक संवाद भी बोले और कहा, अमी जोल्धोराओ नोई, बीले बोराओ नोई ... अमि इक्ता कोबरा, ईक चोबोल-ई छोबी (मुझे एक हानिरहित सांप समझने की गलती न करें, मैं एक कोबरा हूं, लोगों को एक बार में डंसकर मार भी सकता हूं)। विजयवर्गीय ने शनिवार शाम यहां चक्रवर्ती के निवास पर मुलाकात के बाद घोषणा की थी कि वह रैली में शामिल होंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने पिछले महीने मुंबई में अभिनेता के आवास पर उनसे मुलाकात की थी। इसके बाद उनके भाजपा में शामिल होने की अटकलें शुरू हो गई थीं। तृणमूल कांग्रेस से राज्यसभा सदस्य रह चुके अभिनेता ने सारदा पोंजी घोटाले में नाम आने के बाद 2016 में उच्च सदन की सदस्यता छोड़ दी थी। उन्होंने हालांकि इसके लिए स्वास्थ्य ठीक नहीं होने का हवाला दिया था। चक्रवर्ती ने मृणाल सेन की 1976 में आई फिल्म मृगया में एक आदिवासी तीरंदाज की भूमिका निभाई थी, जिसके लिए उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार का सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला था। चक्रवर्ती कोलकाता के प्रतिष्ठित स्कॉटिश चर्च कॉलेज के छात्र रहे हैं, जहां से सुभाष चंद्र बोस, नेपाल के प्रथम प्रधानमंत्री बी पी कोइराला और असम के पहले मुख्यमंत्री गोपीनाथ बार्दोलोई ने भी पढ़ाई की थी।

## सीबीआई ने...

बांग्लादेश से लगी अंतरराष्ट्रीय सीमा से पार करा सकें। सीबीआई ने उस समय देश भर के 34 स्थानों पर छापेमारी की थी और बीएसएफ कमांडेंट सतीश कुमार तथा पशु तस्कर मोहम्मद इनामुल हक को गिरफ्तार किया था। हक फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। तस्कर बॉर्डर पर तैनात बीएसएफ जवानों को रिष्वत देकर अपने मवेशियों को भारत से बांग्लादेष ले गए थे। आरोपी बीएसएफकमांडेंट पष्चिम बंगाल में दिसंबर 2015 से अप्रैल 2017 के बीच तैनात रहा था। एफआईआर के मुताबिक आरोपी कमांडेंट ने कथित रूप से बांग्लादेश ले जाई जा रही 20,000 गायों को सीमा पर ही रोककर जब्त कर लिया था, लेकिन जिन वाहनों में ये गायें ले जायी जा रही थीं, उन्हें सीज नहीं किया था। सीबीआई ने इस साल फ़रवरी में सात लोगों के खिलाफ मामले में आरोप पत्र दायर किया था। केंद्रीय जांच एजेंसी ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता बिनय मिश्रा के भाई बिजय मिश्रा के खिलाफ लुकआउट नोटिस भी जारी किया है। बिनय को पार्टी के सांसद और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी का करीबी बताया जा रहा है।

## जनवरी के...

में अभी 1,84,523 लोगों का इलाज चल रहा है जो संक्रमण के कुल मामलों का 1.65 प्रतिशत है। मंत्रालय ने बताया कि संक्रमित हुए लोगों के स्वस्थ होने की दर गिरकर 96.95 प्रतिशत हो गई है। मंत्रालय द्वारा सुबह आठ बजे अद्यतन किए गए आंकड़ों के अनुसार, देश में पिछले 24 घंटे में संक्रमण के 18,711 नए मामले सामने आए तथा 100 और लोगों की मौत होने के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 1,57,756 हो गई। इससे पहले, 29 जनवरी को संक्रमण के नए मामलों की संख्या 18,855 थी। देश में संक्रमित हुए 1,08,68,520 लोग स्वस्थ हो चुके हैं, यानी देश में संक्रमितों के स्वस्थ होने की दर 96.95 प्रतिशत है, जबकि मृत्यदुर 1.41 प्रतिशत बनी हुई है। देश में पिछले साल सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितम्बर को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितम्बर को 50 लाख, 28 सितम्बर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख, 20 नवम्बर को 90 लाख और 19 दिसम्बर को एक करोड़ के पार चले गए थे। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार, देश में छह मार्च तक 22,14,30,507 नमूनों की कोविड-19 संबंधी जांच की गई है। इनमें से 7,37,830 नमूनों की जांच शनिवार को की गई। देश में पिछले 24 घंटे में जिन 100 लोगों की मौत हुई, उनमें से 47 मरीज महाराष्ट्र के थे। केरल में 16 और पंजाब में 12 मरीजों की मौत हुई है। देश में संक्रमण से अब तक कुल 1,57,756 लोगों की मौत हुई है। महाराष्ट्र में 52,440, तमिलनाडु में 12,517, कर्नाटक में 12,359, दिल्ली में 10,919, पश्चिम बंगाल में 10,277, उत्तर प्रदेश में 8,729 और आंध्र प्रदेश में 7,173 लोगों की मौत हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि जिन मरीजों की मौत हुई है, उनमें से 70 प्रतिशत से अधिक मरीज अन्य बीमारियों से भी पीड़ित थे। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट में कहा कि उसके आकडों का मिलान आईसीएमआर से किया जा रहा है।

## कांग्रेस का...

लड़ेगी। दोनों दल मिलकर काम करेंगे और राज्य में बड़ी जीत हासिल करेंगे। समझौते के बाद हुए फोटो सेषन के दौरान अलागिरी और राव के चेहरे पर छायी उदासी बता रही थी कि कांग्रेस को डीएमके के साथ सीट बंटवारे में वह हासिल नहीं हो पाया जिसकी वह तलबगार थी। कांग्रेस 2016 के विधानसभा चुनाव में 41 सीटों पर चुनाव लड़ी थी, इसी आधार पर वह इस बार डीएमके से 40 सीटें मांग रही थी। 1967 तक राज्य में अकेले दम सत्ता चलाने और देश को के कामराज, एन सत्यमूर्ति, सी राजगोपालाचारी, आर वेंकटरमण और सी सुब्रमण्यन जैसी महान हस्तियां देने वाली कांग्रेस अब सहयोगी की भूमिका में आ गई है और द्रमुक के नेताओं की दया पर निर्भर हो गई है। द्रमुक खुले तौर पर कम स्ट्राइक रेट का हवाला देकर देश की सबसे पुरानी पार्टी को अधिक सीटें देने से अंत तक इंकार करती रही और आखिर अपनी बात मनवाने में कामयाब रही। कांग्रेस के लिए एकमात्र सांत्वना की बात यह रही कि उसे कन्याकुमारी लोकसभा सीट मिल गई, जहां 6 अप्रैल को उपचुनाव होगा। यहां कांग्रेस के मौजूदा सांसद एच. वसंत कुमार की कोविड-19 के चलते मौत होने से यह सीट खाली हो गई थी। ऐसी संभावना है कि कांग्रेस अपनी इस परंपरागत सीट से स्व. वसंत कुमार के पुत्रों में से एक को चुनाव मैदान में उतार सकती है। कांग्रेस नेता गुंडू राव ने कहा कि दोनों दलों के बीच ऐसा समझौता हुआ है कि भाजपा की जीत का कोई अवसर नहीं छोड़ा है। हम इस गठबंधन में जीत के लिए नहीं, बल्कि अपनी विचारधारा को जिंदा रखने के लिए हैं। डीएमके के नेतृत्व वाले गठबंधन में पहली बार वाइको के नेतृत्व वाले एमडीएमके को शामिल किया गया है। एमके स्टालिन के बढ़ते महत्व के सामने चुनौती बनकर खड़े होने वाले वाइको को डीएमके से निकाल दिया गया था। इसके बाद वाइको ने 1984 में एमडीएमके का गठन किया गया था। अब गठबंधन में एमडीएमके के आने को अशुभ माना जा रहा है, क्योंकि अतीत में वह मोर्चा सभी विधानसभा चुनाव हार गया, जिसमें वाइको की पार्टी रही।

## मैंने बेलगावी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए भाजपा से टिकट मांगा है: प्रमोद मुतालिक

**भाषा।** बेंगलुरु

**श्रीराम** सेना प्रमुख प्रमोद मुतालिक ने रविवार को दावा किया कि उन्होंने बेलगावी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए भाजपा से टिकट मांगा है और कहा कि यह सक्रिय राजनीति में प्रवेश करने का उनका अंतिम प्रयास होगा। मुतालिक ने कहा कि मैं बेलगावी से सांसद बनने का इच्छुक हूं और भाजपा से टिकट मांगा है। मुतालिक ने फरवरी में भाजपा की प्रदेश इकाई से पार्टी का टिकट मांगा था और इस संबंध में भाजपा और आरएसएस के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की थी। उन्होंने कहा कि यह सक्रिय राजनीति में आने का उनका अंतिम प्रयास होगा। उन्होंने कहा, यह चुनावी राजनीति में आने का मेरा आखिरी मौका है क्योंकि मैं अभी 66 साल का हूं। अगर मुझे यह मौका नहीं मिला, जिसकी संभावना कम है तो मैं भविष्य में चुनाव नहीं लड़ूंगा।

### बुगाथा और सुधा सिंह ने जीता नई दिल्ली मैराथन

**नई दिल्ली।** श्रीनू बुगाथा ने अपने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ रविवार को यहां आयोजित एजिस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस नई दिल्ली मैराथन के छठे सत्र के पुरूष वर्ग का खिताब अपने नाम किया लेकिन वह तोक्यो ओलंपिक के क्वालीफाईंग मानक समय को हासिल करने मे नाकाम रहे। महिला वर्ग में एशियाई खेलो की स्वर्ण पदक विजेता सुधा सिंह शीर्ष स्थान पर रही।

### तलाउ ने डब्ल्यूबीसी युवा विश्व खिताब जीता

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज लालरिनसांगा तलाउ ने आइजोल में आठ दौर के मुकाबले में घाना के एरिक क्वारम को हराकर डब्ल्यूबीसी का युवा विश्व सुपर फीदरवेट खिताब जीता। सभी तीनों जज ने भारतीय मुक्केबाज के पक्ष में फैसला किया। मुकाबले का स्कोर 80-72, 80-72, 80-72 रहा।

### मुक्केबाज फाइनल से हटे

**नई दिल्ली।** भारत के एक खिलाड़ी के कोविड-19 के लिए पॉजीटिव पाए जाने के कारण उसके तीन मुक्केबाजों को स्पेन के कैस्टेलियोन मे 35वें बोक्साम इंटरनेशनल टूर्नामेंट में फाइनल के अपने मुकाबलों से हटना पड़ा। ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके आशीष कुमार (75 किग्रा) का वायरस के लिए परीक्षण पॉजीटिव आया है और इस कारण उनके साथ एक कमरे में रह रहे मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) और सुमित सांगवान (81 किग्रा) को भी शनिवार को फाइनल मुकाबलों से हटना पड़ा।

### मेसी के शानदार प्रदर्शन से बार्सिलोना जीता

**बार्सिलोना।** लियोनेल मेस्सी के शानदार प्रदर्शन से बार्सिलोना ने ओसासुना को 2-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपना दूसरा स्थान बरकरार रखा। मेसी ने खेल के 30वें मिनट में जोर्डी अल्बा के लिए गेंद बनाई जिससे बार्सिलोना 1-0 से बढ़त हासिल करने में सफल रहा। इसके बाद 83वें मिनट में 18 वर्षीय इलेक्स मोरिबा ने उनके खूबसूरत पास पर दूसरा गोल दागा।

### न्यूजीलैंड ने टी२० श्रृंखला 3-2 से जीती

**वेलिंगटन।** ईश सोढ़ी की शानदार गेंदबाजी और मार्टिन गुप्टिल की 71 रन की तेजर्तार पारी की मदद से न्यूजीलैंड ने रविवार को यहां पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में आस्ट्रेलिया को सात विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला 3-2 से जीती। लेग स्पिनर सोढ़ी ने 24 रन देकर तीन विकेट लिए और इस तरह से श्रृंखला में 10 विकेट हासिल किए। उनकी शानदार गेंदबाजी से न्यूजीलैंड ने आस्ट्रेलिया को आठ विकेट पर 142 रन ही बनाने दिए। न्यूजीलैंड ने 27 गेंद शेष रहते हुए तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर दिया। गुप्टिल और डेवोन कॉनवे (28 गेंदों पर 36) ने पहले विकेट के लिए 11.5 ओवरों में 106 रन जोड़े।

# पहले मैच में महिला टीम की हार



## ● 12 महीने बाद खेले गए मैच में द अफ्रीका ने आठ विकेट से बाजी मारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

दक्षिण अफ्रीका ने पहले एकदिवसीय मैच में भारत को आठ विकेट से करारी शिकस्त देकर पांच मैचों की महिला क्रिकेट सीरीज में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली है। अटल बिहारी बाजपेयी के स्टेडियम में खेले गए मैच में भारत ने पहले खेलकर 50 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 177 रन बनाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने 40.1 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 178 रन बनाकर आठ विकेट से आसान जीत दर्ज की।

लिजली ली ( नाबाद 83) और लॉरा वोलवार्ट के (80) रनों की बदौलत भारत की कमजोर गेंदबाजी का फायदा उठाकर दक्षिण अफ्रीकी की दोनों सलामी बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 169 रन जोड़कर अपनी टीम की राह आसान की। लिजली ली (122 गेंदों पर नाबाद 83) और लॉरा वोलवार्ट (110 गेंदों पर 80) रन बनाए। ली ने अपनी पारी में 11 चौके और एक छक्का जबकि वोलवार्ट ने 12 चौके लगाए। अनुभवी झूलन गोस्वामी (38 रन देकर दो) ने एक छोर से कुछ दबाव भी बनाया लेकिन दूसरे छोर से उन्हें कोई मदद नहीं मिली। इससे पहले भारतीय कप्तान मिताली राज (85 गेंदों पर 50) और हरमनप्रीत कौर (41 गेंदों पर 40) की पारियों के बावजूद उसकी टीम 21 रन के अंदर पांच विकेट गंवाने के कारण नौ विकेट पर 177 रन ही बना पाई। स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (20 गेंदों पर 14 रन) सहित तीन विकेट 40 रन के अंदर गंवा दिए जिसके बाद मिताली और हरमनप्रीत ने चौथे विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी की। अपना 100वां वनडे खेल रही हरमनप्रीत ने आक्रामक रवैया अपनाया तथा कुछ अच्छे शॉट खेले। उनकी पारी हालांकि लंबी नहीं खिची। उन्होंने लॉग ऑफ पर कैच देने से पहले छह चौके लगाए। मिताली को क्रीज पर पांव जमाने में थोड़ा समय लगा लेकिन उन्होंने एक छोर संभाले रखा। उन्होंने बाद में दीप्ति शर्मा (46 गेंदों पर 26) के साथ पांचवें विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी की।

### भारत को मैच अभ्यास का मौका नहीं मिला: हरमनप्रीत

**लखनऊ।** भारतीय महिला एकदिवसीय टीम की उपकप्तान हरमनप्रीत कौर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को पहले एकदिवसीय मैच को गंवाने के बाद कहा कि टीम को मैच अभ्यास की कमी खली और कोविड-19 के कारण लगभग एक साल तक मैदान से दूर रहने के कारण उन्हें लय हासिल करने मे थोड़ा समय लगेगा। हरमनप्रीत ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमें पिछले एक साल से एक भी अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने का मौका नहीं मिला। आईपीएल के दौरान तीन मैचों के अलावा हमें टीम के तौर पर तैयारी करने का कोई मौका नहीं मिला। एक टीम के तौर पर किसी भी श्रृंखला के लिए आपको एक साथ समय बिताने की जरूरत होती है।

### अनुज, सांगवान की साझेदारी से दिल्ली विजय हजारे ट्राफी के क्वार्टर फाइनल में

**नई दिल्ली।** विकेटकीपर बल्लेबाज अनुज रावत की नाबाद 95 रन की पारी और कप्तान प्रदीप सांगवान (नाबाद 58) के साथ सातवें विकेट के लिए 143 रन की अटूट साझेदारी के दम पर दिल्ली ने विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय टूर्नामेंट के प्री-क्वार्टर फाइनल मैच में रविवार को यहां उत्तराखंड को चार विकेट से हराकर अंतिम आठ में जगह पक्की की। सोमवार को खेले जाने वाले क्वार्टर फाइनल में दिल्ली का सामना उत्तर प्रदेश से होगा। उत्तराखंड ने सलामी बल्लेबाज कमल सिंह की 77 (83 गेंद), कप्तान कुणाल चंदेला की 62 (83 गेंद) और विकेट कीपर सौरव रावत 44 रन (23 गेंद) की पारियों से पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में आठ विकेट पर 287 रन बनाए। दिल्ली ने 48.3 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। दिल्ली की टीम 33 ओवर में छह विकेट पर 146 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी लेकिन इसके बाद बाएं हाथ के बल्लेबाज अनुज और सांगवान की जोड़ी ने महज 16 ओवर में 143 रन जोड़कर टीम को जीत दिला दी।

# सिंधु को स्विस ओपन के एकतरफा फाइनल में मारिन ने हराया



**बासेल।** विश्व चैम्पियन पीवी सिंधु को स्विस ओपन के फाइनल में रविवार को यहां ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता कैरोलिना मारिन ने एकतरफा मुकाबले में शिकस्त दी। पच्चीस साल की भारतीय खिलाड़ी के पास मारिन की फुर्ती और सटीक खेल का कोई जवाब नहीं था। स्पेन की इस खिलाड़ी ने सिंधु को सिर्फ 35 मिनट में 21-12, 21-5 से मात दी। सिंधु की यह मारिन के खिलाफ लगातार तीसरी हार है। मारिन ने इससे पहले थाईलैंड में आयोजित दोनों सुपर 1000 स्पर्धा का खिताब अपने नाम किया था। वह एचएसबीसी बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में उपविजेता रही थी। इस जीत से विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज मारिन ने साल का अपना तीसरा खिताब उठाया। विश्व रैंकिंग में सातवें पायदान पर काबिज सिंधु पिछले 18 महीने में अपना पहला फाइनल मुकाबला खेल रही थी। इस मैच से पहले विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी के खिलाफ 13 मैचों में उन्होंने पांच में जीत दर्ज की थी। सिंधु ने पिछले चार मैचों में एक भी गेम नहीं गंवाया था लेकिन वह मारिन के खिलाफ दबाव में इस लय को बरकरार नहीं रख सकी। मारिन ने रियो ओलंपिक (2016) के फाइनल में भी सिंधु को हराया था। सिंधु अब 17 से 21 मार्च तक 8,50,000 डॉलर इनामी ऑल इंग्लैंड चैम्पियनशिप में प्रतिस्पर्धा करेंगी।

### बेयरस्टॉ का इंग्लैंड की टीम से बाहर होना तय : वान

**लंदन।** पूर्व कप्तान माइकल वान का मानना है कि भारत के खिलाफ हाल में समाप्त हुई श्रृंखला में लचर प्रदर्शन करने के कारण जॉनी बेयरस्टॉ के लिए इंग्लैंड की टेस्ट टीम में बने रहना मुश्किल होगा। बेयरस्टॉ ने श्रृंखला में जो चार पारियां खेली उनमें से तीन में वह खाता नहीं खोल पाए जबकि चौथे टेस्ट की पहली पारी में उन्होंने 28 रन बनाए। वान का मानना है कि इस तरह के खराब प्रदर्शन के कारण बेयरस्टॉ के लिए इंग्लैंड की टीम में बने रहना मुश्किल होगा। वॉन ने एक्सप्रेस के हवाले से कहा, जॉनी बेयरस्टॉ का इस टेस्ट टीम से जाना तय है।

### शास्त्री ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप क्वालीफिकेशन मानदंड बदलने के लिए आईसीसी पर निशाना साधा

**अहमदाबाद।** भारत के मुख्य कोच रवि शास्त्री ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए क्वालीफिकेशन मानदंड बदलने की आलोचना की और कहा कि विश्व संचालन संस्था को बार बार नियम बदलने से बचना चाहिए। लेकिन भारतीय कोच इस बात से नाराज थे कि वैश्विक संस्था ने टूर्नामेंट के बीच में ही सबसे ज्यादा हासिल अंक के मानदंड को बदलकर सबसे ज्यादा हासिल प्रतिशत अंक कर दिया। शास्त्री से जब पूछा गया कि जब विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अगले चक्र के दौरान होगी तो वह क्या बदलाव देखना चाहेंगे, उन्होंने आईसीसी पर सीधा निशाना साधते हुए कहा, अगर आप मुझसे पहले चक्र के बारे में पूछोगे तो मैं कहूंगा, कृपया करके गोलपोस्ट (लक्ष्य) मत बदलिए।

# आईपीएल नौ अप्रैल से खाली स्टेडियमों में

## ● फाइनल 30 मई को अहमदाबाद में

**भाषा।** नई दिल्ली

दुनिया के सबसे आकर्षक टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का आयोजन इस साल देश के छह शहरों में नौ अप्रैल से 30 मई के बीच किया जाएगा, जिसमें कोई भी टीम अपने घरेलू मैदान पर मैच नहीं खेलेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने रविवार को यह घोषणा की। कोविड-19 के कारण पिछले साल आईपीएल का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में करना पड़ा था और इस तरह से अब 2019 के बाद इस टूर्नामेंट की भारत में वापसी होगी। मुंबई में कोविड-19 के मामले बढ़ने के बावजूद उसे एक मेजबान स्थल के रूप में चुना गया है। टूर्नामेंट कम से कम शुरुआती चरण में खाली स्टेडियमों में खेला जाएगा। आईपीएल संचालन परिषद ने जो कार्यक्रम जारी किया है उसके अनुसार मैचों का आयोजन मुंबई के अलावा अहमदाबाद, बेंगलुरू, चेन्नई, दिल्ली और कोलकाता में किया जाएगा। पहला मैच चेन्नई में नौ अप्रैल को मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियन्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के बीच खेला जाएगा जबकि फाइनल 30 मई को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा। बीसीसीआई ने यहां जारी बयान में कहा, लीग चरण में प्रत्एक टीम चार स्थलों पर खेलेगी। लीग चरण में कुल 56 मैच होंगे जिनमें से चेन्नई, मुंबई, कोलकाता और बेंगलुरू 10-10 जबकि अहमदाबाद और दिल्ली आठ-आठ मैचों की मेजबानी करेंगे। आईपीएल कार्यक्रम के अनुसार छह मई तक पहले चार सप्ताह में 33 मैच खेले जाएंगे लेकिन बंगाल में आठ चरण के विधानसभा चुनावों को देखते हुए इस दौरान कोलकाता में एक भी मैच नहीं खेला जाएगा। बयान में कहा गया है, इस आईपीएल की एक विशेषता यह होगी कि सभी मैच तटस्थ स्थलों पर खेले जाएंगे तथा कोई भी टीम अपने घरेलू मैदान पर नहीं खेलेगी। सभी टीमें लीग चरण में छह स्थानों में से चार में खेलेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड को उम्मीद है कि वह दो साल के बाद देश में टूर्नामेंट का सफल आयोजन करने में सफल रहेगा। टूर्नामेंट के दौरान मैचों में दर्शकों की मौजूदगी पर फैसला नहीं किया गया है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने बयान में कहा, पिछले साल यूएई में सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल के साथ टूर्नामेंट के सुरक्षित और सफल आयोजन के बाद बीसीसीआई स्वदेश में सभी खिलाड़ियों और टूर्नामेंट से जुड़े लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के साथ आईपीएल के आयोजन के प्रति आश्वस्त है। टूर्नामेंट में 11 दिन दो दो मैच खेले जाएंगे। दिन के मैच दोपहर बाद तीन बजकर 30 मिनट से जबकि रात के मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होंगे। टूर्नामेंट का कार्यक्रम इस प्रकार से तैयार किया गया है कि लीग चरण में प्रत्एक टीम को केवल तीन बार दौरा करने की जरूरत पड़ेगी।

# विनेश ने स्वर्ण पदक जीतकर फिर हासिल की नंबर एक रैंकिंग

## ● बजरंग फाइनल में

**भाषा।** रोम



भारतीय पहलवान विनेश फोगाट ने उम्मीदों पर खरा उतरते हुए माटियो पैलिकोन रैंकिंग कुश्ती सीरीज में जीत दर्ज करके लगातार दूसरे सप्ताह दूसरा स्वर्ण पदक जीता और 53 किग्रा वजन वर्ग में फिर से नंबर एक रैंकिंग हासिल की जबकि बजरंग पूनिया ने रविवार को यहां पुरूष 65 किग्रा स्पर्धा के फाइनल में स्थान सुनिश्चित किया। विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता 26 वर्षीय विनेश तोक्यो ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने वाली एकमात्र भारतीय महिला पहलवान है। उन्होंने 53 किग्रा के फाइनल में कनाडा की डायना मैरी हेलन वीकर को 4-0 से हराया। विनेश ने अपने सभी अंक पहले पीरियड में हासिल किए और दूसरे पीरियड में अपनी बढ़त बरकरार रखकर स्वर्ण पदक जीता। विनेश ने पिछले सप्ताह कीव में स्वर्ण पदक जीता था और इससे उन्हें यह विश्वास हो गया होगा कि ओलंपिक के लिए उनकी तैयारियां सही चल रही हैं। इस भारतीय पहलवान ने प्रतियोगिता में विश्व की नंबर तीन पहलवान के रूप में प्रवेश किया और 14 अंक हासिल करके फिर से नंबर एक बन गई। कनाडा की पहलवान टूर्नामेंट से पहले 40वें नंबर पर थी लेकिन अब वह विनेश के बाद दूसरे नंबर पर पहुंच गई है।

# स्टेट बैंक अखिल भारतीय हाकी टूर्नामेन्ट के फाइनल में चेन्नई ने दिल्ली को 5-0 से हराया



**लखनऊ।** आल इंडिया एसबीआई अर्न्तमण्डलीय हाकी टूर्नामेंट के फाइनल में चेन्नई ने दिल्ली को 5-0 से हराकर शानदार खेल के दम पर मैच अपने नाम कर लिया। मैच के बाद आनन्दी वाटर पार्क में आयोजित हाकी टूर्नामेंट पुरस्कार वितरण समारोह में संजय प्रकाश, उपमहाप्रबन्धक, औद्योगिक सम्बन्ध,कारपोरेट केन्द्र, स्टेट बैंक स्टाफफेडरेशन के महामंत्री संजीव बन्दलिश, स्टेट बैंक की मण्डल कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं मुख्य महाप्रबंधक अजय कुमार खन्ना, सचिव केके सिंह ने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्राफी तथा टूर्नामेंट में सम्मिलित सभी टीमों के खिलाड़ियों को सहभागिता पुरस्कार देकर सम्मानित किया। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का सेडरिक डी कूज, श्रेष्ठ गोलकीपर का नीरज थापा, श्रेष्ठ फारवर्ड का मुन्नालाल रजाक एवं श्रेष्ठ डिफेन्स का पुरस्कार मन्सूर अली को मिला। लखनऊ टीम के अनिल शर्मा तथा शैलेन्द्र सिंह समेत 15 खिलाड़ियों को मैन ऑफद मैच पुरूस्कार प्रदान किये गये।

# वैश्विक रुख, कच्चे तेल के दाम तय करेंगे भारतीय बाजार की दिशा

**नई दिल्ली।** शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह दीर्घावधि में अमेरिकी बांड पर प्राप्ति, कच्चे तेल की कीमतों तथा वृहद आर्थिक आंकड़ों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इसके अलावा विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) और घरेलू निवेशकों के रुख, डॉलर के मुकाबले रुपए के उतार-चढ़ाव और कोरोना वायरस से जुड़े घटनाक्रम भी बाजार को दिशा देंगे। कोटक सिक्योरिटीज के बुनियादी शोध प्रमुख रुस्मिक ओझा ने कहा, अमेरिका में 10 साल की सरकारी प्रतिभूतियों पर प्राप्तियां 1.5 प्रतिशत को पार कर गई हैं, जो काफी हद तक वैश्विक बाजारों की दृष्टि से नकारात्मक है। डॉलर सूचकांक भी 90 से 92 के स्तर पर पहुंच गया है, जो उभरते बाजारों की मुद्राओं तथा शेयर बाजारों की दृष्टि से नकारात्मक है। घरेलू मोर्चे पर किसी तरह के संकेतकों के अभाव में भारतीय बाजार वैश्विक घटनाक्रमों तथा अमेरिकी बाजार से दिशा लेंगे। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स पांच मार्च को 440 अंक टूट गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 15,000 अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे आ गया।

### युवा महिला निवेशक उच्च जोखिम, अधिक रिटर्न वाली संपत्तियों में करती हैं निवेश: सर्वे

**नई दिल्ली।** युवा महिला निवेशक उच्च जोखिम और अधिक रिटर्न देने वाली संपत्तियों मसलन शेयरों आदि में निवेश करना पसंद करती हैं। एक सर्वे के अनुसार 18 से 25 साल की महिला निवेशकों द्वारा सुरक्षित निवेश विकल्प मसलन सावधि जमा (एफडी) के बजाय उच्च जोखिम वाले विकल्पों में निवेश करने की संभावना तीन गुना अधिक रहती है। यह सर्वे ग्रो ने किया है। इसमें 28,000 लोगों से प्रतिक्रियाएं ली गईं। सर्वे में महिलाओं के निवेश लक्ष्य के बारे में भी बताया गया है। सर्वे के अनुसार 57 प्रतिशत युवा महिलाएं अपने निजी लक्ष्य को हासिल करने के लिए निवेश करती हैं। वहीं 28 प्रतिशत अपने यात्रा लक्ष्य को हासिल करने और 28 प्रतिशत उच्च शिक्षा के लक्ष्य को हासिल करने के लिए निवेश करती हैं। सर्वे में कहा गया है कि आय और उम्र के साथ निवेश लक्ष्य बदल जाते हैं।

### उत्तर प्रदेश की महिला निवेशकों के पसंदीदा निवेश

**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च 2021 को है और इसे ध्यान में रखते हुए भारत के अग्रणी इन्वेस्टमेंट प्लेटफॉर्म ग्रो ने हाल ही में भारतीय महिला निवेशकों की निवेश की आदतों को समझने के लिए एक सर्वेक्षण किया। सर्वेक्षण 2.5 लाख से अधिक महिलाओं को भेजा गया और तीन दिन में 28,000 से अधिक महिलाओं ने सर्वेक्षण पर अपने जवाब भेजे हैं। कुल हिस्सेदारी उत्तरदाताओं में से 7.5 प्रतिशत यूपी से थे। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य महिलाओं की निवेश की आदतों के गुणात्मक पहलुओं, उनके लक्ष्यों और सामान्य रूप से धन सृजन की प्रक्रिया को देखने के नजरिये को समझना था। इस अवसर पर ग्रो के सीईओ ललित केशरे ने कहा हमारी स्वतंत्रता के 70 वर्षों के बाद भी निवेश के बारे में निर्णय लेने में महिलाओं की भागीदारी बहुत कम है। इस सर्वेक्षण के जरिए महिला निवेशकों की निवेश प्राथमिकताओंए लक्ष्य, मानसिकता और बाधाओं में हुए बदलाव को प्रतिबिंबित करने की उम्मीद कर रहे हैं। हमने यह भी पाया कि किस तरह उम्रए आयए भौगोलिक स्थिति इन बदलावों पर असर डालती है। सर्वेक्षण से निकली यह बात उत्साह बढ़ाती है कि जो महिलाएं निवेश कर रही हैंए उनमें से अधिकांश अपने फैसले खुद लेती हैं। भले ही उनमें से कई अपने परिवार या पार्टनर्स के साथ अपने वित्तीय विकल्पों पर चर्चा करती हैंए अंतिम निर्णय उनके स्वयं के होते हैं। यह पूर्व.प्रचलित धारणाओं के मुकाबले बड़ा बदलाव है क्योंकि पहले महिलाओं के धन के प्रबंधन की बात आती है तब प्राथमिक निर्णय पुरुषों के ही होते थे।

# एफडीआई चार गुना होकर 24.4 अरब डॉलर पर



## पहले नौ माह में कंप्यूटर सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर क्षेत्र में

**भाषा।** नई दिल्ली

देश के कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर क्षेत्र में चालू वित्त वर्ष 2020-21 के पहले नौ माह (अप्रैल-दिसंबर) के दौरान प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह करीब चार गुना होकर 24.4 अरब डॉलर पर पहुंच गया। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इस पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में इस क्षेत्र में 6.4 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया था। पूरे वित्त वर्ष 2019-20 में इस क्षेत्र को 7.7 अरब डॉलर का विदेशी निवेश मिला था। विशेषज्ञों ने कहा कि महामारी की वजह से घर से काम (वर्क फ्रॉम होम) की वजह से डिजिटलीकरण की रफ्तार तेज हुई है और कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल बढ़ा है। इससे कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर क्षेत्रों के लिए व्यापक संभावनाएं पैदा हुई हैं।

### भारतीय कंपनियों का विदेशी बाजार में निवेश फरवरी में 31 प्रतिशत घटा

**मुंबई।** भारतीय कंपनियों का विदेशी बाजारों में निवेश फरवरी में 31 प्रतिशत घटकर 1.85 अरब डॉलर रह गया। रिजर्व बैंक के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। आंकड़ों के अनुसार, घरेलू कंपनियों ने फरवरी में अपनी विदेशी अनुषंगियों और संयुक्त उपक्रमों में 2.66 अरब डॉलर का निवेश किया था। रिजर्व बैंक के अनुसार, भारतीय कंपनियों के विदेशी बाजारों में कुल निवेश में 1.36 अरब डॉलर ऋण के रूप में में दिए गए। 29.73 करोड़ डॉलर का निवेश इक्विटी के रूप में हुआ और शेष 18.38 करोड़ रुपए गारंटी के रूप में दिए गए।

### सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.94 लाख करोड़ बढ़ा

**नई दिल्ली।** सेसेक्स की शीर्ष 10 मे से आठ कंपनियो के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) मे बीते सप्ताह 1.94 लाख करोड़ रुपए का इजाफा हुआ। सबसे अधिक लाभ मे रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। वही दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के बाजार पूंजीकरण मे गिरावट आई। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 60,034.51 करोड़ रुपए बढ़कर 13,81,078.86 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार मूल्यांकन 41,040.98 करोड़ रुपए बढ़कर 11,12,304.75 करोड़ रुपए और कोटक महिंद्रा बैंक का 28,011.19 करोड़ रुपए के उछाल के साथ 3,81,092.82 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 16,388.16 करोड़ रुपए की वृद्धि के साथ 5,17,325.3 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। इन्फोसिस का बाजार मूल्यांकन 27,114.19 करोड़ रुपए बढ़कर 5,60,601.26 करोड़ रुपए पर और आईसीआईसीआई बैंक का 8,424.22 करोड़ रुपए की वृद्धि के साथ 4,21,503.09 करोड़ रुपए पर पहुंच गया।

### एफपीआई ने मार्च में अबतक भारतीय बाजारों से 5,156 करोड़ रुपए निकाले

**नई दिल्ली।** अमेरिका मे बांड पर प्राप्ति बढ़ने तथा मुनाफावसूली के सिलसिले के बीच मार्च के पहले सप्ताह मे विदेशी पोर्टफोलियो निवेशको (एफपीआई) ने भारतीय बाजारो से 5,156 करोड़ रुपए की निकासी की है। इससे पिछले दो माह के दौरान एफपीआई भारतीय बाजार में शुद्ध निवेशक रहे थे। डिपॉजिटरी के आंकड़ो के अनुसार एक से पांच मार्च के दौरान एफपीआई ने शेयर बाजारो से शुद्ध रूप से 881 करोड़ रुपए और ऋण या बांड बाजार से 4,275 करोड़ रुपए निकाले है। इस तरह उनकी शुद्ध निकासी 5,156 करोड़ रुपए रही है। इससे पहले फरवरी मे एफपीआई ने भारतीय बाजारो मे 23,663 करोड़ रुपए और जनवरी मे 14,649 करोड़ रुपए डाले थे।

### अपनी पुरानी कार को कबाड़ करें, नई खरीद पर करीब पांच प्रतिशत की छूट पाएं: गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि पुराने वाहनों को कबाड़ करने में रूचि रखने वाले ग्राहकों के लिए एक खुशखबरी है। अब वे ऐसा करने पर नई वाहनों की खरीद पर करीब पांच प्रतिशत तक की छूट पा सकते हैं। गडकरी ने कहा, पुराने वाहनों को कबाड़ करने के एवज में वाहन कंपनियां ग्राहकों को नए वाहन की खरीद पर करीब पांच प्रतिशत की छूट देंगी। वाहनों को स्वेच्छा से कबाड़ करने की नीति की घोषणा 2021-22 के केंद्रीय बजट में की गई है। इस नीति के चार प्रमुख घटक हैं। छूट के अलावा, प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों पर ग्रीन टैक्स और अन्य शुल्क के प्रावधान हैं। उन्हें स्वचालित सुविधाओं में अनिवार्य फिटनेस और प्रदूषण परीक्षणों से गुजरना होगा। इसके लिए देश में स्वचालित फिटनेस सेंटर की आवश्यकता होगी और हम इस दिशा में काम कर रहे हैं। स्वचालित फिटनेस परीक्षण सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड के तहत किए जाएंगे, जबकि सरकार निजी भागीदारों और राज्य सरकारों को वाहनों को कबाड़ करने वाले संयंत्र लगाने में सहायता करेगी।

# सरकार का एलआईसी की अधिकृत पूंजी 25,000 करोड़ रुपए करने का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** सरकार ने जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की अधिकृत पूंजी को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाकर 25,000 करोड़ रुपए करने का प्रस्ताव किया है, जिससे अगले वित्त वर्ष में कंपनी की सूचीबद्धता में मदद मिलेगी। फिलहाल 29 करोड़ पॉलिसियों के साथ जीवन बीमा कंपनी की चुकता पूंजी 100 करोड़ रुपए है। एलआईसी की शुरुआत 1956 में पांच करोड़ रुपए की शुरुआती पूंजी के साथ हुई थी। एलआईसी का संपत्ति आधार 31,96,214.81 करोड़ है। जीवन बीमा अधिनियम, 1956 में प्रस्तावित संशोधन के अनुसार एलआईसी की अधिकृत पूंजी को बढ़ाकर 25,000 करोड़ रुपए किया जाएगा। इसे 10 रुपए प्रत्एक के 2,500 करोड़ शेयरों में बांटा जाएगा। वित्त विधेयक, 2021 के तहत प्रस्तावित इस संशोधन से सूचीबद्धता प्रतिबद्धताओं के अनुसार बोर्ड का गठन स्वतंत्र निदेशकों के साथ किया जाएगा। 27 प्रस्तावित संशोधनों में से एक के अनुसार आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के बाद पांच साल तक सरकार एलआईसी में कम से कम 75 प्रतिशत हिस्सेदारी रखेगी। सूचीबद्धता के पांच साल बाद कंपनी में सरकार की हिस्सेदारी कम से कम 51 प्रतिशत रहेगी।

### नीता अंबानी ने महिलाओं के लिए पेश किया सोशल मीडिया मंच हर सर्किल

**नई दिल्ली।** रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन नीता मुकेश अंबानी ने महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से रविवार को एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म हर सर्किल पेश किया। उन्होंने एक बयान में कहा कि हर सर्किल को महिलाओं से जुड़ी सामग्रियों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि यह अपनी तरह का पहला डिजिटल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म है, जिसका उद्देश्य महिलाओं का सशक्तिकरण और वैश्विक स्तर पर महिलाओं के उत्थान के लिए काम करना है।

### महिला अधिकारियों से संचालित एमटी स्वर्ण कृष्ण ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने भारतीय नौवहन निगम के एक जहाज को हरी झंडी दिखाई, जिसमें चालक दल (क्रू) में सिर्फ महिलाएं हैं। एक आधिकारिक बयान में रविवार को इसकी जानकारी दी गई बंदरगाह, नौवहन एवं जलयान मंत्रालय ने रविवार को कहा कि मंत्री ने भारतीय नौवहन निगम के जहाज एमटी स्वर्ण कृष्ण को शनिवार को आभासी माध्यम से हरी झंडी दिखाई।

### मोदी ने 7,500 जन औषधि केंद्र राष्ट्र को समर्पित किए

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को शिलॉन्ग के पूर्वोत्तर इंदिरा गांधी क्षेत्रीय स्वास्थ्य एवं चिकित्सा संस्थान में 7,500 जन औषधि केंद्र राष्ट्र को समर्पित किए। मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए यह नया केंद्र राष्ट्र को समर्पित किया। इस केंद्र पर गुणवत्ता वाली दवाइयां उचित मूल्य पर उपलब्ध होती है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने इस दौरान देश के विभिन्न हिस्सो के लोगो के साथ बातचीत भी की।

### केयर्न ने कहा, मध्यस्थता न्यायाधिकरण के फैसले का सम्मान करे भारत,

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन की ऊर्जा क्षेत्र की कंपनी केयर्न एनर्जी पीएलसी चाहती है कि भारत को पिछली तारीख से कराधान मामले में अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता न्यायाधिकरण के फैसले का सम्मान करना चाहिए और उसे 1.4 अरब डॉलर लौटाने चाहिए। केयर्न एनर्जी ने रविवार को कहा कि उसके शेयरधारक चाहते है कि कंपनी भारत सरकार से 1.4 अरब डॉलर की वसूली के लिए मजबूत प्रवर्तन अधिकारो का इस्तेमाल करे। कंपनी के शेयरधारको मे दुनिया के कई शीर्ष वित्तीय संस्थान शामिल है। केयर्न ने 21 दिसंबर के अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता न्यायाधिकरण के फैसले को लेकर अमेरिका, ब्रिटेन, नीदरलैंड, कनाडा, फ्रांस, सिंगापुर, जापान, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) तथा केमैन आइलैंड की अदालतो मे अपील दायर की है।

### भारतीय उद्योग परिसंघ के दक्षिणी क्षेत्र के चेयरमैन बने सीके रंगनाथन

**चेन्नई।** प्रसिद्ध उद्योगपति एवं एफएमसीजी कंपनी केविनकेयर लिमिटेड के अध्यक्ष सीके रंगनाथन को 2021-22 के लिए सीआईआई के दक्षिणी क्षेत्र का चेयरमैन चुना गया है। सीआईआई ने यहां जारी एक विज्ञप्ति में इसकी जानकारी दी। हैदराबाद स्थित दवा कंपनी भारत बायोटेक इंटरनेशनल की सह-संस्थापक सुचित्रा एला को डिप्टी चेयरपर्सन के रूप मे चुना गया है। उद्योग जगत मे सीकेआर के नाम से लोकप्रिय रंगनाथन लंबे समय से सीआईआई से जुड़े रहे है और विभिन्न पदो पर रह चुके है।

# चीन-भारत को सीमा मुद्दे हल करने का माहौल बनाना चाहिए: वांग



भाषा। बीजिंग

**चीनी** विदेश मंत्री वांग ई ने रविवार को कहा कि चीन और भारत को सीमा मुद्दे के हल के लिए एक-दूसरे को नुकसान पहुंचाना और आपस में संदेह करना छोड़ देना चाहिए तथा द्विपक्षीय सहयोग का विस्तार कर अनुकूल माहौल बनाना चाहिए।

वांग ने चीन और भारत के बीच संबंध के लिए सीमा विवाद के पूरी तरह से जिम्मेदार नहीं होने का जिक्र करते हुए कहा कि दोनों देश मित्र एवं साझेदार हैं, लेकिन उन्हें एक दूसरे पर संदेह करना छोड़ देना चाहिए। उन्होंने पिछले साल मई में पूर्वी लद्दाख में सीमा गतिरोध होने के बाद से भारत-चीन संबंधों की मौजूदा स्थिति पर अपने वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कहा कि यह जरूरी है कि दोनों देश अपने विवादों का निपटारा करें और द्विपक्षीय सहयोग का विस्तार करें। उन्होंने कहा, सीमा विवाद, इतिहास की देन है, यह चीन-भारत संबंध के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार नहीं है। वांग ने चीन की संसद नेशनल पीपुल्स कांग्रेस के वार्षिक सत्र से अलग संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह जरूरी है कि दोनों पक्ष विवादों का उपयुक्त निपटारा करें और साथ ही सहयोग बढ़ाएं, ताकि मुद्दों के हल के लिए अनुकूल स्थिति बन सके। हालांकि, उन्होंने दोनों देशों के बीच 10 दौर की सैन्य स्तर की वार्ता के बाद पूर्वी लद्दाख में पैंगोंग झील के उत्तरी एवं दक्षिणी तटों से सैनिकों के हाल ही में पीछे हटने के विषय पर कुछ नहीं कहा। विदेश मंत्री जयशंकर के साथ टेलीफोन पर 75 मिनट तक हुई बातचीत के बाद सीमा मुद्दे पर वांग की यह टिप्पणी आई है। वहीं, शुक्रवार को भारतीय राजदूत विक्रम मिस्री ने चीन के उप विदेश मंत्री लुओ झाओहुई से मुलाकात की थी और पूर्वी लद्दाख के सभी इलाकों से सैनिकों की वापसी प्रकिया पूरी करने की अपील की थी।

वांग ने अपनी टिप्पणी में कहा कि विश्व यह उम्मीद करता है कि चीन और भारत, दोनों देश विकासशील देशों के साझा हितों की रक्षा करें और विश्व में बहुध्रुवीय व्यवस्था को मजबूत करें। चीन के विदेश मंत्री ने कहा, कई अहम मुद्दों पर, हमारे रुख समान हैं या करीबी हैं और समान राष्ट्रीय वास्तविकताओं के चलते ऐसा है, इसलिए चीन और भारत एक दूसरे के मित्र एवं साझेदार हैं, ना कि खतरा या प्रतिद्वंद्वी हैं। उन्होंने कहा, दोनों देशों को सफल होने के लिए एक-दूसरे को नुकसान पहुंचाने के बजाय एक- दूसरे की मदद करनी चाहिए। हमें एक-दूसरे पर संदेह करने के बजाय सहयोग बढ़ाना चाहिए। उन्होंने पूर्वी लद्दाख गतिरोध का सीधे तौर पर जिक्र किए बगैर कहा, सीमावर्ती क्षेत्र में पिछले साल जो कुछ सही या गलत हुआ, वह स्पष्ट है...। वांग ने कहा, हम सीमा विवाद वार्ता एवं परामर्श के जरिए हल करने को प्रतिबद्ध हैं। साथ ही, हम अपने संप्रभु अधिकारों की भी रक्षा करने का संकल्प लेते हैं।

## चीन ने बाइडन प्रशासन को चेतावनी दी

**बीजिंग।** चीन के विदेश मंत्री वांग ई ने रविवार को अमेरिका के बाइडन प्रशासन को चेतावनी दी कि वह पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ताईवान का समर्थन करने के खतरनाक चलन को वापस लें। चीन, ताईवान को अपना क्षेत्र मानता है। वांग ने चीन संसद की रस्मी सालाना बैठक के दौरान संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 1949 में मुख्य भूमि से अलग हुए ताईवान पर चीन का दावा अलंघनीय लाल रेखा है। अमेरिका का वैसे तो ताईवान की लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित सरकार के साथ आधिकारिक संबंध नहीं है, लेकिन उसके साथ उसका प्रगाढ़ अनौपरचारिक रिश्ता है। जनवरी में अपना कार्यकाल पूरा करके अमेरिकी राष्ट्रपति पद से हटे ट्रंप ने ताईवान के समर्थन में वहां कैबिनेट अधिकारियों को भेज कर चीन को क्षुब्ध कर दिया था। वांग ने कहा, ताईवान मुद्दे पर चीन सरकार के सामने समझौते या रियायत की कोई गुजाइंश नहीं है। हम नए अमेरिकी प्रशासन से ताईवान मुद्दे से जुड़ी गंभीर संवेदनशीलता को पूरी तरह समझने की अपील करते हैं। वैसे तो वांग ने इस संबंध में कोई संकेत नहीं दिया कि अमेरिका यदि अपना रूख नहीं बदलता है तो चीन क्या कर सकता है, लेकिन सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि ताईवान औपचारिक स्वतंत्रता की घोषणा करता है या मुख्य भूमि से जुड़ने की वार्ता में देरी करता है तो चीन उस पर आक्रमण कर सकता है।

# ओली और प्रचंड की पुरानी पार्टियों का एकीकरण रद

भाषा। काठमांडू

**नेपाल** के उच्चतम न्यायालय ने कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूएएमल) और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओइस्ट सेंटर) के 2018 में हुए विलय को रविवार को रद्द कर दिया। इन पार्टियों का नेतृत्व क्रमश: प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली और पुष्प कमल दहल प्रचंड कर रहे थे, जिनका (दोनों पार्टियों का) मई 2018 में आपस में विलय कर एकीकृत नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी का गठन किया गया था। यह घटनाक्रम,2017 के आम चुनावों में दोनों पार्टियों के गठबंधन को मिली जीत के बाद हुआ था। काठमांडू पोस्ट की खबर के मुताबिक रविवार को न्यायमूर्ति कुमार रेगमी और न्यायमूर्ति बाम कुमार श्रेष्ठ की पीठ ने अपना फैसला सुनाते हुए नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) पर वैध अधिकार रिषीराम कत्तेल को सौंप दिया, जिन्होंने ओली और प्रचंड नीत नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) के गठन से पहले चुनाव आयोग में पार्टी का पंजीकरण अपने नाम पर कराया था। रिषीराम ने एनसीपी का मई 2018 में ओली और प्रचंड के तहत पंजीकरण करने के चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती दी थी। पीठ ने कहा कि चुनाव आयोग में ऐसी स्थिति में किसी नई पार्टी का पंजीकरण नहीं हो सकता, जब उसी नाम से कोई पार्टी पहले से पंजीकृत हो। समाचार पत्र ने रिषीराम के वकील दंडपाणि पौडेल को उद्धृत करते हुए कहा, उच्चतम न्यायालय ने हमारे पक्ष में फैसला सुनाया है। हम मुकदमा जीत गए। समाचार पत्र के मुताबिक न्यायालय ने कहा कि सीपीएन-यूएएमल और सीपीएन को विलय पूर्व स्थिति में लौटना होगा और यदि उन्हें आपस में विलय करना है तो उन्हें राजनीतिक दल अधिनियम के तहत आयोग में आवेदन देना चाहिए।

# म्यांमा की सैन्य सरकार पर प्रतिबंध लगाने को बढ़ रहा दबाव

भाषा। बैंकाक

**म्यांमा** में एक फरवरी को हुए सैन्य तख्तापलट के विरोध में बढ़ते जनाक्रोश पर की जा रही हिंसक कार्वाई के बाद से अंतरराष्ट्रीय समुदाय पर दबाव बढ़ रहा है कि वह म्यांमा की सैन्य सरकार पर और अधिक प्रतिबंध लगाए। इसके साथ ही कई देश इस बारे में भी विचार कर रहे हैं कि वैश्विक निंदा के आदी हो चुके म्यांमा के सैन्य अधिकारियों को किस प्रकार हटाया जाए। महामारी के कारण पहले से ही आम नागरिकों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है ऐसे में उन्हें नुकसान पहुंचाए बिना म्यांमा की सैन्य सरकार को अपदस्थ करने की चुनौती और बढ़ गई है। फिर भी, कार्यकर्ताओं और विशेषज्ञों का मानना है कि दमनकारी सरकार के संसाधनों और उसे मिलने वाले धन के स्रोत में कटौती कर दबाव बनाया जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र के विशेष राजनयिक क्रिस्टीन एस. बर्गनर ने शुक्रवार को सुरक्षा परिषद से आग्रह किया था कि सैन्य सरकार के विरुद्ध कार्वाई की जाए। बर्गनर ने कहा था, सामूहिक कार्वाई अनिवार्य है। हम म्यांमा की सेना को कितनी छूट दे सकते हैं? संयुक्त राष्ट्र द्वारा समन्वित कार्वाई करना कठिन है क्योंकि सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्य रूस और चीन इस पर वीटो कर सकते हैं। इसके साथ ही म्यांमा के पड़ोसी देश, उसके सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार और निवेश के स्रोत वाले देश प्रतिबंधों के खिलाफ हैं। शांतिपूर्ण कार्वाई के भी कुछ प्रयास किए गए हैं जिसके तहत अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा ने म्यांमा की सेना, उनके परिजनों और सैन्य सरकार के अन्य वरिष्ठ नेताओं पर प्रतिबंध और कड़े कर दिए हैं। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा था कि म्यामां सेंट्रल बैंक में रखी एक अरब डॉलर से अधिक की राशि को निकालने के म्यांमा की सेना के प्रयासों को अवरुद्ध कर दिया गया है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र के विशेष अधिकारी थॉमस एंड्रयूज ने पिछले सप्ताह एक रिपोर्ट में कहा था कि सैन्य सरकार के ज्यादातर आर्थिक हितों पर कोई फर्क नहीं पड़ता। कुछ देशों ने म्यांमा को दी जाने वाली सहायता पर भी रोक लगा दी है और विश्व बैंक ने कहा है कि उसने भी वित्तपोषण रोक दिया है तथा सहायता कार्यक्रमों की समीक्षा की जा रही है।

## पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी की

**यांगून।** म्यांमा में पिछले महीने हुए सैन्य तख्तापलट का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने देश की पूर्व राजधानी बागान में रविवार को गोलीबारी की जिसमें कई लोग घायल हो गए। सोशल मीडिया पर प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा बताए गए आंखों देखा हाल और वीडियो के जरिए यह जानकारी सामने आई है। बागान में प्रदर्शनकारियों पर सुरक्षा बलों की कार्वाई में पांच लोग घायल हुए हैं। मौके से गोलियां भी एकत्र की गईं। बागान को देश के शीर्ष पर्यटक केन्द्रों में से एक के रूप में जाना जाता है, लेकिन सेना के तख्तापलट के खिलाफ यहां बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन भी हो रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय के अनुसार म्यांमा के कई शहरों और नगरों में हर रोज प्रदर्शन हो रहे हैं और सुरक्षा बल जवाबी कार्वाई करते हुए बल प्रयोग और गिरफ्तारियां भी कर रहे हैं। कार्यालय के अनुसार 28 फरवरी को 18 प्रदर्शनकारी और बुधवार को 38 प्रदर्शनकारी मारे गए थे। राजनीतिक कैदियों के लिए स्वतंत्र सहायता संघ ने दावा किया कि।,500 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। रिपोर्टों के अनुसार रविवार को यांगून और मांडले के दो सबसे बड़े शहरों सहित, अन्य जगहों पर भी विरोध प्रदर्शन हुए। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर काबू पाने के लिए कथित तौर पर बल का उपयोग किया और आंसू गैस के गोले छोड़े।




म्यांमा में तख्ता पलट के विरोध में बैकॉक में म्यांमा के नागरिकों ने किया प्रदर्शन



इराक के मोसल में पोप ने युद्ध पीड़ितों के लिए प्रार्थना की

## नेपाल के प्रधानमंत्री ने लगवाया कोविशील्ड टीका

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली ने रविवार को कोविशील्ड टीके की खुराक ली। नेपाल में टीकाकरण अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत की जा रही है, जिसके तहत 65 साल की उम्र से अधिक के लोगों को टीका दिया जाएगा। ओली और उनकी पत्नी राधिका शाक्य ने रविवार की सुबह त्रिभुवन विश्वविद्यालय शिक्षण अस्पताल में कोविशील्ड टीका लगवाया। यह टीका ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय और फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका ने मिलकर विकसित किया है और भारत स्थित सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया इसका उत्पादन कर रही है। टीका लेने के बाद ओली ने देश के वरिष्ठ नागरिकों से टीका लगवाने का आग्रह किया। वित्त मंत्री स्वास्थ्य मंत्री हृदएश त्रिपाठी तथा विदेश मंत्री प्रदीप कुमार ग्यावली ने भी रविवार को टीका लगवाया।

## प्रतिबंध हटाने के बाद ईरान कदम उठाने को तैयार: रूहानी

एपी। तेहरान

**ईरान** के राष्ट्रपति हसन रूहानी ने रविवार को कहा कि अमेरिका द्वारा ईरान के खिलाफ लगे आर्थिक प्रतिबंधों को हटाने के बाद उनका देश विश्व शक्तियों के साथ 2015 में हुए परमाणु समझौते के उपायों के तहत कदम उठाने के लिए तैयार है।आयरलैंड के विदेश मंत्री साइमन कोवेनी के साथ एक बैठक में रूहानी ने कहा, अमेरिकी प्रतिबंधों को हटाए जाने और दबाव की नीति छोड़े जाने के बाद ईरान परमाणु समझौते पर आधारित क्षतिपूर्ति उपायों को तुरंत शुरू करने और अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा के लिए तैयार है। रूहानी ने ऐतिहासिक परमाणु समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले यूरोपीय देशों की आलोचना की और इसे समझौते के लिए उनकी प्रतिबद्धताओं पर उनकी निष्क्रियता करार दिया। उन्होंने कहा कि ईरान एकमात्र ऐसा देश है जिसने समझौते की अपनी प्रतिबद्धताओं को कायम रखा।2018 में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरानी परमाणु समझौते से अमेरिका को एकतरफा रूप से अलग कर लिया था। उक्त समझौते में तेहरान ने आर्थिक प्रतिबंधों को हटाने के बदले अपने यूरेनियम संवर्धन को सीमित करने पर सहमति व्यक्त की थी। जब अमेरिका ने कुछ प्रतिबंधों को फिर से लागू किया और अन्य प्रतिबंध भी लगाए तो ईरान ने परमाणु विकास को लेकर समझौते की सीमाओं को धीरे-धीरे छोड़ दिया। परमाणु समझौते के कार्यान्वयन में आयरलैंड गणराज्य की भूमिका मध्यस्थ की है।कोवेनी ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समझौते से हटना एक गलती थी। उन्होंने कहा कि नया अमेरिकी प्रशासन समझौते पर लौटने के लिए दृढ़ हैं।

## चीन तीव्र गति बुलेट ट्रेन से तिब्बत को जोड़ेगा

**बीजिंग (भाषा)।** चीन इस साल जुलाई से पहले अरूणाचल प्रदेश से लगने वाली भारतीय सीमा के नजदीक तिब्बत तक बुलेट ट्रेनों का संचालन करेगा, जो सभी प्रांतों तक हाई-स्पीड ट्रेन सेवाओं की एक शुरूआत है। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी।

चीन की सरकारी रेलवे ग्रुप कंपनी लिमिटेड के बोर्ड के अध्यक्ष लू डोंगफू ने सरकारी संवाद समिति शिन्हुआ से कहा कि 435 किलोमीटर लंबे रेल मार्ग पर आंतरिक दहन और बिजली से चलने वाली हाई-स्पीड फक्सिंग ट्रेन चलाई जाएगी। प्रांतीय राजधानी ल्हासा और पूर्वी तिब्बत के निंगची के बीच रेलवे लाइन का निर्माण 2014 में शुरू हो गया था। यह तिब्बत का पहला ऐसा रेल मार्ग है जहां बिजली से ट्रेन चलेगी और इस पर मार्ग पर जून 2021 में परिचालन शुरू होना है। खबर में कहा गया है कि रेल पटरी बिछाने का काम 2020 में पूरा हो चुका है।

# कोरोना से महिलाओं की आय, स्वास्थ्य, सुरक्षा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा: भाटिया

भाषा। न्यूयार्क

**संयुक्त** राष्ट्र महिला आयोग (यूएन वूमेन) में भारतीय मूल की शीर्ष अधिकारी अनिता भाटिया ने कहा है कि कोविड-19 महामारी ने महिलाओं की आय, स्वास्थ्य और सुरक्षा को नकारात्मक रूप से प्रभावित किया है।आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से पहले भाटिया ने कहा कि अब उनके सामने एक समस्या यह है कि देखभाल को लेकर बढ़ी जिम्मेदारी के कारण उनके लिए कार्यस्थल पर फिर से लौटना असंभव सा हो गया है।वैश्विक संस्था की महिला सशक्तीकरण एवं लैंगिक समानता पर केंद्रित एजेंसी यूएन वूमेन में असिस्टेंट सेक्रेटरी जनरल और उप कार्यकारी निदेशक भाटिया ने शनिवार को पीटीआई-भाषा से साक्षात्कार में कहा, महामारी के एक वर्ष में हम इन चीजों का वास्तविक प्रभाव देख रहे हैं। लेकिन एक बात महामारी के माध्यम से स्पष्ट हो गई है जो शुरुआत में इतनी स्पष्ट नहीं थी कि महिलाओं पर देखभाल का बोझ बढ़ा है। भाटिया ने कहा कि महिलाओं पर महामारी का प्रभाव पुरुषों के मुकाबले असंगत रहा है और वैश्विक स्वास्थ्य संकट के कारण महिलाओं की आय, स्वास्थ्य और सुरक्षा नकारात्मक रूप से प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि महामारी से पहले महिलाएं पुरुषों की तुलना में तीन गुना अधिक देखभाल के काम, बिना वेतन के कर रही थीं लेकिन अब यह काम और बढ़ गया है क्योंकि महिलाओं को अपने घर का काम करना पड़ रहा है, बच्चों को उनके गृहकार्यों में मदद करनी पड़ रही है और यह सुनिश्चित करना पड़ रहा है कि भोजन उनकी मेज पर हो। भाटिया ने कहा, नई समस्या जो अब हम देख रहे हैं, महामारी के एक वर्ष में, न केवल महिलाओं ने नौकरी गंवाई हैं बल्कि अब अर्थव्यवस्थाओं के खुलने के बाद भी आप महिलाओं को उसी समान संख्या में फिर से नौकरी करते हुए नहीं देख पा रहे हैं। उन्होंने आगाह किया कि अगर यह सिलसिला जारी रहा तो देशों में उत्पादकता में गिरावट देखी जाएगी क्योंकि आधी आबादी काम नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्पादकता में गिरावट के बाद जीडीपी में गिरावट होगी। उन्होंने कहा कि इसका मतलब है कि सरकारों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का विस्तार करने और नकदी अंतरण योजना के बारे में सोचना होगा। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को भी महिलाओं को बाल देखभाल की सुविधा और सुविधाजनक काम के घंटे उपलब्ध कराने के बारे में सोचना होगा। भाटिया ने कहा कि सरकारों को डिजिटल संरचना और कौशल में निवेश जारी रखना होगा और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को सुनिश्चित करना होगा जिससे महिलाओं पर देखभाल का बोझ कम हो सके। उन्होंने कहा, यह केवल सार्वजनिक क्षेत्र के लिए नहीं है बल्कि निजी क्षेत्र के लिए भी है क्योंकि ऐसा सिर्फ केवल सरकार द्वारा नहीं किया जा सकता है।

## पाक नौसेना के दो कर्मी मारे गए

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत के तटीय जिले ग्वादर में अज्ञात बंदूकधारियों द्वारा सुरक्षाबलों के एक वाहन पर किए गए हमले में नौसेना के दो कर्मी मारे गए और एक अन्य घायल हो गया। पाकिस्तानी नौसेना का वाहन शनिवार को उस समय अंधाधुंध गोलीबारी की चपेट में आया जब वह गंज से ग्वादर जिले में जेवनी जा रहा था।एक अधिकारी ने कहा कि इस गोलीबारी में पाकिस्तानी नौसेना के दो कर्मी मारे गए और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया।इस हमले में मारे गए नौसैनिकों की पहचान नाविक सोहेल और नाई का काम करने वाले नोमान के रूप में की गई है। घायल की पहचान रजा के रूप में हुई है। घटना के तुरंत बाद सुरक्षा बल घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। ग्वादर के सहायक आयुक्त कैप्टन (सेवानिवृत्त) अतहर अब्बास ने कहा कि जिस इलाके में हमला हुआ है, वहां घेराबंदी कर दी गई है लेकिन अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।



पाकिस्तान के रोहरी में ट्रेन की दुर्घटना के बाद मौजूद बचाव दल के लोग



# जानें अपने काम को

**डॉ. रामकृष्णन रमन कहते हैं कि बिक्री और विपणन के क्षेत्र में एमबीए का शुरूआती दौर आमतौर पर अनुसंधान में समय लगाता है और संभावित ग्राहकों की सूची तैयार होती है ग्राहक की संक्षिप्त जानकारी प्रदान होती है, प्रस्तुतीकरण और बिक्री साहित्य तैयार होती है**

एक प्रमुख भारतीय बी स्कूल से एमबीए की डिग्री अर्जित करने योग्य अनेक आकर्षक अवसर प्रदान कर सकती है। कई लोगों के मन में यह सवाल हो सकता है कि बिजनेस स्कूल के बाद एमबीए स्नातक स्पष्टतया काम क्या करते हैं? यह काफी हद तक उस विशेषज्ञता के क्षेत्र व उस संगठन पर निर्भर करता है जिसे वे चुनते हैं और जिसमें वे शामिल होते हैं। कुछ संगठन यह सुनिश्चित करते हैं कि एमबीए स्नातकों को सभी कार्यात्मक क्षेत्रों में अनुभव होना चाहिए।वे उन्हें विपणन, वित्त, संचालन मानव संसाधन और यहां तक कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में एक छोटा कार्यकाल देते हैं। ऐसे अन्य लोग हैं जो उन्हें कार्यकारी सहायक भूमिकाएँ भी देते हैं, और उन्हें संगठन के शीर्ष नेतृत्व के साथ काम करने का अनुभव प्राप्त करते हैं। ऐसे भी लोग हैं जो उन्हें व्यवसाय के मुख्य कार्यात्मक क्षेत्रों में काम करने का मौका देते हैं। छह महीने की शुरुआती अवधि संगठनात्मक राजनीति की कंपनी की कार्य परिवेश को समझने में बीत जाती है।

प्रारंभिक वर्षों के दौरान बिक्री और विपणन में एमबीए कर्ता आम तौर पर अनुसंधान में समय बिताते हैं और संभावित ग्राहकों की सूची निर्मित करते हैं, ग्राहक की संक्षिप्त जानकारी प्रदान करते हैं, प्रस्तुतियाँ और बिक्री साहित्य तैयार करते हैं। वे ग्राहक संबंधों को विकसित करने और मौजूदा खातों को बनाए रखने में भी मदद करते हैं। वे नए ग्राहकों का मूल्यांकन करने और रिकॉर्ड बनाए रखने में सहायता करते हैं। वे अनुभवी बिक्री और विपणन पेशेवरों के साथ भी काम करते हैं, बैठकों में भाग लेते हैं, और अन्य नेटवर्किंग गतिविधियों में भाग लेते हैं। एक एमबीए वित्त बजट को विकसित करने और समीक्षा करने की प्रक्रिया में सहायता करता है।

वे वित्त प्रभाग को सटीक नकदी-प्रवाह संभावना भी प्रदान करते हैं। वे मासिक बजट पर काम करते हैं और निर्णय लेने में अनुभवी वित्त अधिकारियों के साथ मिलकर काम करते हैं। वे सामान्य लेजर प्रबंधन, बैलेंस शीट के सामंजस्य में मदद करते हैं। विभिन्न आंतरिक हितधारकों पर ध्यान देते हैं, विशिष्ट खातों के लिए मासिक शेड्यूल तैयार करते हैं और व्यय और लेखा समायोजन के लिए मासिक हिसाब किताब प्रक्रिया में सहायता करते हैं और प्रीपेड खर्चों का प्रबंधन भी करते हैं। कुछ संगठन एमबीए वित्त स्नातकों को वैधानिक वित्तीय तैयार करने में सहायता करते हैं, खातों और अनुसूचियों के लिए नोट्स बनाते हैं। बाहरी और आंतरिक ऑडिट का समायोजन करते हैं। ऑडिट प्रश्नों का उत्तर देते हैं। वे उन्हें खर्च और बैलेंस शीट विश्लेषण पर लेखा प्रबंधक / वित्त निदेशक का समर्थन करने, आंतरिक नियंत्रणों का अनुपालन करने और लेखांकन कार्यों के लिए आंतरिक नियंत्रणों का अनुपालन करने में भी मदद करते हैं।

> ऑपरेशन्स में एमबीए करने वाले से उम्मीद होती है कि वो एक तेजतर्रार माहौल में काम करने के साथ-साथ दबाव में काम करने की क्षमता रखता है खासकर जब वे उन क्लाइंट के साथ होते हैं जो ऑपरेशन भूमिकाओं का सामना करते हैं।

एक एमबीए ऑपरेशंस वाले व्यक्ति से ग्राहक केंद्रित- सेवा पहले वाली मानसिकता की उम्मीद की जाती है। उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे तेजी से आंकड़ों को समझें और सभी स्तरों के हितधारकों के लिए समय पर संकल्प और समाधान तैयार करें। उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे प्रक्रियाओं और प्रक्रियाओं का आकलन करने और वृद्धि के लिए कमरे का मूल्यांकन करने में सक्रिय रहें।

ऑपरेशन्स में एमबीए करने वाले से उम्मीद होती है, कि वो एक तेज-तर्रार माहौल में काम करने के साथ-साथ दबाव में काम करने की क्षमता रखता है, खासकर जब वे उन क्लाइंट के साथ होते हैं जो ऑपरेशन भूमिकाओं का सामना करते हैं। मानव संसाधन (एचआर) में विशेषज्ञता प्राप्त एमबीए, एचआर बिजनेस पार्टनर और एचआर ऑपरेशंस टीमों के साथ-साथ स्थानीय प्रबंधन टीम को व्यवसाय के लिए सामान्य एचआर सहायता प्रदान करने के लिए काम करता है। एक जनरलिस्ट उत्कृष्टता केंद्र के साथ काम करता है और अन्य कर्मचारियों के बीच ऑनबोर्डिंग, एचआर प्रोग्राम समर्थन, ऑफबोर्डिंग सहित कर्मचारियों के प्रबंधन और प्रशासन के लिए जिम्मेदार होता है।

विशेषज्ञता के बावजूद एमबीए स्नातकों से संगठन के आंतरिक और बाहरी ग्राहकों के लिए प्रभावशाली प्रस्तुति बनाने और उन्हें प्रस्तुत करने की उम्मीद की जाती है। उनसे सॉफ्टवेयर और डेटा प्रबंधन टूल का उपयोग करने में भी माहिर होने की उम्मीद रहती है, जो उनके रिपोर्टिंग प्रबंधकों को बेहतर निर्णय लेने में मदद कर सकते हैं।

**-लेखक - सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफबिजनेस मैनेजमेंट (एसआईबीएम) के निदेशक हैं।**

# उपयोगी बने रहने के नुस्खे

**अनुज गोयल का कहना है कि निर्माण लागत की बुनियादी गणना, प्रशंसा का अनुमान और बिल्डिंग कोड का बुनियादी ज्ञान बहुत काम में आता है।**



यदि आप अपने बचपन के दौरान इमारतों और गगनचुंबी इमारतों से मंत्रमुग्ध रहे हैं, तो रियल एस्टेट क्षेत्र में इसका कैरियर एक पुरस्कार योग्य विकल्प हो सकता है। प्रॉपर्टी मार्केट में आगे बढ़ने के लिए रिलेशनशिप मैनेजर से लेकर डायरेक्ट सेल्स एक्जीक्यूटिव की कई भूमिकाएँ होती हैं। हालांकि, हर दूसरे काम की तरह, आपको रियल एस्टेट उद्योग में सफल और प्रासंगिक बने रहने के लिए योग्यता की शर्तों से लैस होना चाहिए।

निर्माण लागत की बुनियादी गणना, प्रशंसा का अनुमान, स्टांप शुल्क और पंजीकरण शुल्क से संबंधित नियमों का ज्ञान और भवन कोड का बुनियादी ज्ञान आदि योग्यताएं, एक अचल संपत्ति प्रबंधक के बहुत काम आते हैं। रियल एस्टेट फर्म में नौकरी के लिए आवश्यक पाँच महत्वपूर्ण योग्यताओं की सूची इस प्रकार है :

**संचार कौशल:** यदि आप रियल एस्टेट क्षेत्र में करियर की शुरुआत कर रहे हैं, तो संभावित खरीदारों के साथ व्यक्तिगत रूप से जुड़ने के लिए तैयार रहें। उत्कृष्ट संचार कौशल नौकरी का एक अनिवार्य हिस्सा हैं। अधिकारियों को सरल शब्दों में परियोजना की विशेषताओं को पूरा करने में सक्षम होना चाहिए।

जैसा कि रियल एस्टेट निवेश एक गहन लागत युक्त प्रस्ताव है, ऐसे में व्यक्ति को फायदों व नुकसानों के साथ-साथ अनुमानित ई -रिटर्न-ऑन-इन्वेस्टमेंट '(आरओआई) को स्पष्ट रूप से समझने में सक्षम होना चाहिए। आप इन योग्यताओं को धीरे-धीरे, एक दर्पण के सामने अभ्यास करके व अपनी भाव भंगिमा के संबंध मे दोस्तों से प्रतिक्रिया लेकर, विकसित कर सकते हैं।

**ध्यान से सुनना**- प्रभावी बोलने के कौशल के साथ-साथ ध्यान से सुनना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। ग्राहक की सटीक आवश्यकताओं को ध्यानपूर्वक सुनना आवश्यक है। इसके बाद ही आप उसे दिए गए बजट और प्रारूपों में विकल्प सुझा पाएंगे।

ग्राहक के साथ उत्साही, सहानुभूतिपूर्ण और ईमानदार होना अपने आप में आपकी रुचि को उकसाएगा। आप ऑनलाइन पॉडकास्ट सुनकर और उनमें से नोट्स बनाकर सक्रिय श्रवण योग्यता भी **विकसित कर सकते हैं।**

**लेन-देन योग्यताएं:** अंततोगत्वा यह एक व्यापार है। आपको ग्राहकों को यह समझाने में सक्षम होना चाहिए कि वे सही विकल्प निर्मित कर रहे हैं। हालांकि, चूंकि रियल एस्टेट निवेश जेब के फैसले पर भारी होता है, इसलिए बहुत सारे सवालों के लिए तैयार रहें।

विस्तृत विवरण के साथ पूर्णतया तैयार रहें और प्रभावी ढंग से संवाद करें। ग्राहकों को उनके सभी प्रश्नों से संतुष्ट करना और ईमानदार होना आपको सही दिशा में ले जाएगा। प्रभावी ढंग से बातचीत करना सीखें। फालोअप करना प्रक्रिया का एक हिस्सा है, और आपको एक लाभदायक राह पर बने रहने के लिए इसमें निरंतर सक्रिय होना चाहिए।

**तकनीक-सक्षम हों :** टेक-सेवी होना एक साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ होना नहीं होता है। यह आवश्यक कंप्यूटर कौशल से संबंधित है -जैसे कि प्रस्तुति बनाना, एक्सेल शीट और सोशल मीडिया का उपयोग करना। तकनीक के साथ सहज होने से काफी समय बचता है और आपको अपने ग्राहकों का बेहतर प्रबंधन करने में मदद मिलती है।

**सामाजिक संकेत और स्थानीय बोली:** हर आय वर्ग और पृष्ठभूमि के लोगों का सामना करने के लिए तैयार रहें। किसी अंतरराष्ट्रीय ग्राहक से मिलते समय, आपको पर्याप्त सक्षम ढंग से खुद को प्रस्तुत करना चाहिए। एक देशी ग्राहक के साथ काम करते समय, आपको कुछ स्थानीय बातों को शामिल करना होगा और तदनुसार उनकी सेवा करनी होगी। स्थानीय बोलियों, सामाजिक प्रवृत्तियों और सौदे को अंतिम रूप देने के लिए इसका उपयोग करने संबंधी ज्ञान बेहद उपयोगी होगा।

**- लेखक गोयल गंगा डेवलपमेंट के प्रबंध निदेशक हैं।**

# साइबर सुरक्षा पेशेवरों की बढ़ रही है मांग

**डॉ. संजीव कुमार शर्मा कहते हैं कि डिजिटलीकरण की प्रगति ने साइबर विकल्प के समाधान में वृद्धि की है, जिससे आकर्षक विकल्प बढ़ रहे हैं।**



**डॉ. संजीव कुमार शर्मा**
डीन अकादमिक, संस्कृत विश्वविद्यालय

कोविड-19-युग में विश्व अर्थव्यवस्था और समाज अब सप्लाई चैन, संचार प्रौद्योगिकी और यात्रा से जुड़े हुए हैं। उपकरणों, यंत्रों, वाहनों और बुनियादी ढांचे की संख्या में तीव्र वृद्धि हुई है जो कि अत्यधिक परस्पर जुड़े दुनिया के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। डिजिटलीकरण सेवाओं की मांग में वृद्धि बेहतर उपभोक्ता अनुभव प्राप्ति में सक्षम होने हेतु इंटरनेट ऑफ थिंग्स उपकरणों का एक नेटवर्क निर्मित करती है, लेकिन यह साइबर हमलों की घटनाओं में वृद्धि को भी खुराक देती है।

साइबर सुरक्षा नौकरियां आज छात्रों के लिए सर्वाधिक मांग वाली नौकरियों में से एक हैं। यह मांग किसी भी अन्य प्रौद्योगिकी क्षेत्र की तुलना में बेजोड़ है। दुनिया भर की कंपनियों को साइबर-हमलों के लिए लगातार निशाना बनाया गया है। इस परिदृश्य ने सुरक्षा क्षेत्र में प्रवेश करने के इच्छुक पेशेवरों के लिए बड़े पैमाने पर अवसर दिए हैं।

साइबर सुरक्षा आज रोजगार के प्रमुख स्रोत और आकर्षक कैरियर विकल्प के रूप में कार्य करती है। पहला कदम है बुनियादी साइबर सुरक्षा कौशल हासिल करना, इसके बाद व्यक्तिगत रुचि और बाजार की मांग के आधार पर एक विशिष्ट कार्यक्षेत्र चुनना है। एक सफल कैरियर के लिए, छात्रों को गहन प्रशिक्षण प्राप्त करने, कौशल विकसित करने और सुरक्षा में विशिष्ट प्रमाणपत्र प्राप्त करने की आवश्यकता होती है।

मिआईटी द्वारा अगस्त 2020 की रिपोर्ट के अनुसार भारत को लगभग सात लाख साइबर हमलों का सामना करना पड़ा। रिपोर्ट के अनुसार हाल के वर्षों में भारत तीसरा और साइबर हमलों के सबसे बड़े पीड़ितों में से एक था, यह इसे और भी अधिक प्रासंगिक व अत्यावश्यक बना देता है।

हाल के वर्षों में सरकारी और निजी संस्थानों ने साइबर सुरक्षा पर विशेष और अनोखे पाठ्यक्रमों की शुरूआत की है। समय-समय पर दूरस्थ शिक्षा से लेकर प्रमाणन, डिप्लोमा और डिग्री कार्यक्रमों के विभिन्न प्रावधानों के साथ ऑनलाइन मोड में, इन पाठ्यक्रमों ने छात्रों के साथ-साथ कैरियर पेशेवरों में भी बहुत लोकप्रियता पाई है।

पेशेवरों को ऐसी तकनीकें प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है जो संवेदनशील जानकारी को संरक्षित करते हुए व्यावसायिक संचालन को आगे बढ़ाने में मदद करती हैं। एक कोर्स के रूप में साइबर सुरक्षा की हालिया वृद्धि के बावजूद हमारे देश में विश्वविद्यालय, कॉलेज और संस्थान बहुत ज्यादा संख्या में उपलब्ध नहीं हैं। भारत में साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों की मांग 10,000 पेशेवरों से भी कम है। विश्व में दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आबादी के रूप में भारत डिजिटल फुटप्रिंट्स के विस्तार के साथ खुद को टिकाए हुए है।

इसलिए, यह समय आ गया है कि अपने सभी सहयोगी उप-विषयों के साथ एक विशेष अनुशासन के रूप में साइबर सुरक्षा हमारे विश्वविद्यालय प्रणालियों समेत, बाहर भी पढ़ाए जा रहे किसी भी आईटी पाठ्यक्रम का एक अभिन्न अंग बन जाए।

प्रौद्योगिकी में नवाचारों और रुझानों का डिजिटल सुरक्षा पर सीधा प्रभाव पड़ता है। डिजिटलीकरण की हालिया उन्नति और चीजों पर इंटरनेट ने साइबर स्पेस समाधान में उल्लेखनीय वृद्धि की है। हम आगे बढ़ रहे हैं और एक डिजिटल और स्मार्ट दुनिया का निर्माण कर रहे हैं जो कमजोर साइबर सुरक्षा और औसत दर्जे के लिए कोई गुंजाइश नहीं छोड़ती है। प्रौद्योगिकी में प्रासंगिक डिग्री के अलावा, छात्रों को उन्नत साइबर सुरक्षा अवधारणाओं, व्यापक साइबर सुरक्षा कार्य अनुभव, उद्योग प्रमाणपत्रों के बारे में बुनियादी ज्ञान होना चाहिए। नियामक नीतियों का ज्ञान आमतौर पर साइबर सुरक्षा में कैरियर बनाने के लिए आवश्यक होता है। साइबर हमलों में वृद्धि उन सभी पृष्ठभूमि के पेशेवरों के लिए अवसरों को बढ़ा रही है जो साइबर सुरक्षा में अपना कैरियर बनाना चाहते हैं। यहां तक कि मानविकी के लोग साइबरसिटी में करियर बना सकते हैं।

## माइंड इट

# शिक्षा और कौशल में तालमेल पर टिका है रोजगार का खेल



हाल ही में एक संसदीय रिपोर्ट में कहा गया है कि मौजूदा-19 महामारी और उसके बाद के लॉकडाउन के कारण, भारतीय मोटर वाहन उद्योग को प्रति दिन 2,300 करोड़ रूपयों का नुकसान हुआ है और इस क्षेत्र में अनुमानित नौकरी का नुकसान लगभग 3.45 लाख रहा। रिपोर्ट स्पष्ट रूप से इंगित करती है कि अभी भी हम युवाओं को शिक्षा और नौकरी की अपेक्षा के बीच एक बेतालमेल वाली स्थिति प्रदान करते हैं।

यदि हम अगले केंद्रीय बजट में संरचित सुधारों और पहल की पहल नहीं करते हैं, तो यह अंतर और अधिक चौड़ा होता जाएगा। आत्मनिर्भरता 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था प्राप्त करने का सपना पूरी तरह से अपने नागरिकों की शिक्षा और कौशल स्तर पर निर्भर करता है।

### डिजिटल सेटअप के अनुकूल होने के लिए कार्यबल को प्रशिक्षित करना

कोविड 19 टीकों के आगमन और चिकित्सा उद्योग में सॉफ्ट.पॉवर के रूप में भारत के उभरने के साथ, कंपनियां वर्ष 2021 को आशाओं से भरपूर मान रही हैं। वे इस डिजिटल युग में अपनी प्रासंगिकता और प्रतिस्पर्धा को बनाए रखने के लिए उन्नत तकनीकों के महत्व को बढ़ा-चढ़ाकर, प्रसारित करके और सीखकर नए सहजता के लिए धीरे-धीरे और निरंतर रूप से खुद को ढाल रही हैं। इस मोड़ पर,

सार्वजनिक और निजी साझेदारी सरकारी कौशल कार्यक्रमों के साथ मिलकर कार्यक्रम में बड़ी रूपांतरण या पुनर्कौशल कार्यक्रमों को लाने में मदद कर सकती है।

इसके अलावा, स्कूलों - कॉलेजों में अकादमिक पाठ्यक्रम को महामारी के बाद के दौर की मौजूदा वास्तविकताओं के साथ चलने के लिए पुनगर्ठित किया जाना चाहिए। यह देखना चिंताजनक है कि भारत अपने बड़े प्रतिभा भंडार के लिए प्रसिद्ध होने के बावजूद कुशलता के मामले में उद्योग की आवश्यकताओं के साथ तालमेल नहीं बना पा रहा है जिसके कारण योग्यता बेमेल होने के कारण अधिकांश स्नातक बेरोजगार हैं। शिक्षा मंत्रालय और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय को उद्योग मानकों के अनुसार एक नए पाठ्यक्रम और कौशल कार्यक्रमों के साथ उभरने पर काम करना चाहिए।

### नए रोजगार अवसर नए कौशल की मांग करते हैं

कंपनी के नए रूपांतरण के साथ ढलने के लिए, मौजूदा और नए कर्मचारियों को निरंतर कौशल, पुनर्कौशल और योग्यता निखार की आवश्यकता है। नई नौकरी की आवश्यकताएं आईओटी, मेक्ट्रोनिक्स, रोबोटिक्स, 3 डी प्रिंटिंग, एआई, मशीन और डीप लर्निंग, एनालिटिक्स, वर्चुअल कोऑपरेशन, ऑटोमोटिव डिजाइन और कम्प्यूटेशनल सोच सहित क्षेत्रों के एक प्रकार के ज्ञान की मांग करेगी। इन कार्यबलों के क्षमता निर्माण के लिए बहुत सारे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की आवश्यकता है।

यहां तक कि वर्तमान समय भी युवाओं व उनके माता-पिता की मानसिकता में पूर्ण परिवर्तन की मांग करता है। एक इंजीनियरिंग छात्र का लक्ष्य नौकरी पाना होना चाहिए, महज डिग्री पाना नहीं वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनना होना चाहिए। एक बार जब यह मानसिकता सेट हो जाती है, तो कोई प्रश्न नहीं उठता कि भारत विनिर्माण का गढ़ बनने में नेतृत्व कर सकता है, और वह कुशल प्रतिभाओं का आपूर्तिकर्ता बन सकता है।

### संगठनों में लगातार चलने वाले कार्यक्रम

सर्वेक्षणों से पता चला है कि कंपनियों ने सफल पुनर्कौशल कार्यक्रम शुरू किए हैं, और इनमें वे भी हैं जो तकनीकी व्यवधानों के कारण होने वाले कौशल अंतराल को बेहतर ढंग से संबोधित करने या प्रासंगिक और प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए नए व्यापार मॉडल या रणनीतियों को लागू करने में सक्षम थीं। यहाँ सीखने वाली बात यह है कि बस पुनर्कौशल कार्यक्रमों पर शुरूआत करने से संभावित भविष्य की भूमिका में आड़े आने वाली समस्याओं व संभावितत समस्याओं के प्रति संगठनों को बेहतर ढंग से तैयार किया जाता है। लगातार योग्यता कार्यक्रमों की आवश्यकता है और उन्हें अल्पावधि के लिए नहीं होना चाहिए। कंपनियों को यह समझने की आवश्यकता है कि वे जो भी प्रतिभाएँ तैयार कर रही हैं या फिर से तैयार कर रही हैं, उनका उपयोग भी उनकी क्षमताओं को आगे बढ़ाने के लिए किया जाना चाहिए।

**लेखक अंकित श्यामसुख, सीईओ, आईसीए एडु कौशल हैं**

# इटौंजा में धमाका, सीतापुर में कोहराम, शव रखकर प्रदर्शन

## ● कोल्ड स्टोरेज धमाके में मारे गए सीतापुर के दो मजदूर

संवाददाता। सीतापुर

**लखनऊ के** इटौंजा कोल्ड स्टोरेज में हुए धमाके में मारे गए सीतापुर के दो पल्लेदारों केशव जब उनके गांव थाना सदना के नंदवन पहुंचे तो चीत्कारों से इलाका गूंज उठा बता दें कि शनिवार की देर रात इटौंजा के बिंदेश्वरी कोल्ड स्टोरेज में अमोनिया गैस रिसाव होने से सिलेंडर फट गया था जिससे चार पल्लेदार घायल हो गए थे गैस आधा किलोमीटर के दायरे में फैल गई थी लोगों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी थी इस बाबत कोल्ड स्टोरेज के मालिक संतोष पांडे और मैनेजर के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया गया है एफआई आर मी कहां गया है की क्षमता से अधिक आलू को स्टोर किए जाने से कोल्ड स्टोरेज में अमोनिया गैस का रिसाव हुआ बहरहाल धमाके में मारे गए सीतापुर की दो मजदूरों 30 साल के मिश्रीलाल और 27 साल के धर्मेंद्र के शव नंदवन गांव पहुंचते ही इलाका करुण रुदन से गूंज उठा मृतक जिन बच्चों की खातिर मजदूरी करने गए थे अब उनके बच्चों कि कैसे परवरिश होगी यह सवाल खड़ा हो गया है हास्य की सूचना पाकर सिधौली के पूर्व विधायक मनीष रावत भी मृतकों के परिजनों को सांत्वना देने गांव पहुंचे उधर भारी तादाद में पुलिस फोर्स तैनात हो गया परिजन मुआवजा दिए जाने की मांग कर रहे थे पुलिस प्रशासन जल्दी से अंतिम संस्कार कराने में जुटा हुआ था मृतक के परिजनों का कहना है कि जब तक 10 लाख मुआवजा नहीं दिया जाएगा तब तक वह शव का अंतिम संस्कार नहीं करने देंगे अगर उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो वह सिधौली–मिश्रिख मार्ग पर चक्का जाम कर प्रदर्शन किया।


सीतापुर-घटना के बाद मौजूद भीड़

# महमूदाबाद में आज अजीमो शान हस्तियों की होगी आमद

## ● मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट महमूदाबाद में आज होगी तृतीय राष्ट्रीय उर्दू कांफ्रेंस

## ● मशहूर गीतकार साहिर लुधियानवी की जन्म शताब्दी बनाएगी प्रोग्राम को खास

संवाददाता। महमूदाबाद सीतापुर



**मौलाना आजाद** रूरल यूनिवर्सटी महमूदाबाद का प्रांगण आठ मार्च को देश–विदेश की अजीमो षान हस्तियों के आमद का गवाह बनेगा। मौका होगा तृतीय राश्ट्रीय उर्दू कांफ्रेंस का। पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री व भाजपा नेता डा. अम्मार रिजवी की जानिब कराए जा रहे इस आयोजन की तैयारियों को अमली जामा पहनाए जाने का काम अंतिम दौर में है। आठ मार्च को देष के मषहूर गीतकार व षायर साहिर लुधियानवी की जन्म शताब्दी इस प्रोग्राम को बेहद खास बना रही है। बतौर मुख्य अतिथि केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान षाम साढ़े चार बजे तक यहां तषरीफ लाएंगे। अध्यक्षता केरल यूनीवर्सटी के चांसलर प्रोफेसर वसीम अख्तर करेंगे। इससे पहले सेमिनार सुबह 10 बजे से षुरू हो जाएगा। सेमिनार जां निसार अख्तर, रियाज खैराबादी, विलायत जाफरी इत्यादि हस्तियों पर होगा। वरिश्ठ पत्रकार सईद नकवी, ब्रितानिया हुकूमत में उर्दू अखबार निकालने वाले मौलवी मोहम्मद बाकीर साहब जिन्हें अंग्रेजों ने तोप से उड़ा दिया था के अलावा कई नामचीन पत्रकारों को अवार्ड भी दिया जाएगा। आई इंडिया को इस अंतरराश्ट्रीय कांफ्रेंस के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि षाम को होने वाले मुषायरे में देष–विदेष के षायर हिस्सा लेने आ रहे।

# साप्ताहिक बन्दी और श्रम कानूनों का पालन सख्ती से करें: एसडीएम

संवाददाता। महोली सीतापुर

**शनिवार को** महोली कस्बे में साप्ताहिक बन्दी और श्रम कानूनों के पालन का अभियान चलाया गया । एस डी एम पंकज राठौर के नेतृत्व में चले इस अभियान में श्रम अधिकारी इंद्रभूषण और नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार तथा कोतवाली से इंस्पेक्टर क्राइम वासुदेव यादव और कस्बा प्रभारी विजय मिश्रा सहित पुलिस बल मौजूद रहा। पैदल भृमण करते हुए अधिकारी गणों ने शनिवार को साप्ताहिक बन्दी होने के बाद भी दुकान खोलने वाले दुकानदारों को जम कर फटकार लगाई और पुनरावृत्ति होने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। इस दौरान श्रम अधिकारी ने सभी दुकानदारों को लेबर एक्ट के पालन का निर्देश दिया अन्यथा की दशा में कार्रवाई की चेतावनी दी। इस बीच महोली उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू ने बताया कि साप्ताहिक बन्दी को लेकर गत सप्ताह उनकी जिलाधिकारी से वार्ता हुई थी जिसमें उन्होंने इस बन्दी का समान रूप से पालन कराए जाने का अनुरोध किया था। यह भी कहा था कि कुछ दुकानदारों को सभी दिन दुकानें खोलने की परमिशन दिया जाना गलत है क्योंकि इससे छोटे दुकानदारों को परेशानी होती है जिससे उनमें नाराजगी है । श्री गुप्त के मुताबिक इस पर जिलाधिकारी ने इस शनिवार को एस डी एम के साथ श्रम अधिकारी को भी भेजने और सम्पूर्ण बन्दी सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया था लेकिन श्रम अधिकारी ने फिर से मनमानी करते हुए बड़ी दुकानें न केवल खुली रहने दी बल्कि अन्य कई दुकानदारों से भी शनिवार की परमिशन लेने के लिए कहा। श्री गुप्त ने कहा कि श्रम अधिकारी के इस कृत्य से छोटे व्यापारियों में काफी नाराजगी है , आगे होली और सहालग का सीजन आ रहा है तब इस बन्दी का पालन होना काफी दुश्वार हो जायेगा।

# कोरोना वारियर्स का किया गया सम्मान

संवाददाता। महमूदाबाद सीतापुर

**मानव जीवन** के इतिहास में बीते वर्ष कोविड–19 बीमारी ने पूरे देश को हिला कर रख दिया है। जब पूरा विश्व कोरोना महामारी से जूझ रहा था और पूरे देश में लॉक डाउन चल रहा था। ऐसे में कुछ लोगों द्वारा अपने जीवन की परवाह किए बगैर लोगों की मदद में आगे आकर सहायता की गई। ऐसे लोगों का समय–समय पर मनोबल बढ़ाने के लिए सम्मान किया जाना चाहिए। यह बात महमूदाबाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनिल पांडेय ने रविवार को शिव म्यूजिकल डांस इंस्टीट्यूट की ओर से आयोजित करोना वेरियर्स सम्मान समारोह के दौरान कही। सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुये सीता ग्रुप आफ एजूकेशन के चेयरपर्सन आरके वाजपेयी ने कहा कि समाज में अच्छे काम करने वाले लोगों का मनोबल बढ़ाने के लिए ऐसे कार्यक्रमों का होना नितांत आवश्यक है। सम्मान समारोह को सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य सुनील सिंह, डॉ. प्रियंका पोरवाल, अनुज जैन ने भी संबोधित किया। सम्मान समारोह के दौरान कोरोना वेरियस के रूप में काम करने वाली आरती मिश्र, रजत अग्रवाल, शिव म्यूजिकल डांस इंस्टीट्यूट की डायरेक्टर लेखा गुप्ता एवं श्री संकटा देवी मंदिर समिति व जल विहार महोत्सव समिति के पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण पुरवार ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। संचालन मातृ भारती समिति की नेहा अग्रवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर मातृभारती समिति की शिखा वर्मा, निधि, धीरज, श्रद्धा, शीला गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।


महमूदाबाद-कोरोना वारियर्स को सम्मानित करते रमेश मंगल बाजपेयी

# रामभंदिर को लेकर निकली विशाल यात्रा


यात्रा निकालते श्रद्धालु

संवाददाता। महोली सीतापुर

**जय श्री** राम जनमानस कल्याण समिति दिल्ली द्वारा पैदल यात्रा 24 फरवरी को दिल्ली से निकली , इस यात्रा का 13 मार्च को अयोध्या पहुंचकर समापन होगा। इस यात्रा में भारी संख्या में राम भक्त जय श्री राम के उद्घोष के साथ राम मंदिर का मॉडल लेकर पैदल निकले हैं। रास्ते में श्रद्धालु गण मंदिर मॉडल के दर्शन लाभ उठा रहे हैं। कस्बे के श्री बिहारी वाटिका में इस यात्रा का रात्रि विश्राम किया जाना है , यह जानकर नगर के सैकड़ों राम भक्त श्री बिहारी वाटिका पहुंचे और यात्रा मे शामिल राम मंदिर मॉडल के दर्शन किए। इस यात्रा में कैलाश जोशी, , सूर्यकांत शर्मा ,परमजीत सिंह, सुरेंद्र मलिक ,विकास भारद्वाज, शशिभूषण समेत तमाम रामभक्त यात्रा में शामिल है।

# किसान ने खुद को मार ली गोली, मौत

संवाददाता। ऐलिया सीतापुर



**इमलिया सुल्तानपुर** थाना इलाके के शहादतनगर में रहने वाले विषाल सिंह पुत्र गुड्डू सिंह ने खुद को गोली मार ली। जख्मी हालत में परिजन आनन–फानन में उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने षव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के संबंध में परिजन भी कुछ नहीं बता पा रहे हैं। मृतक ने यह आत्मघाती कदम उस वक्त उठाया जब वह खेत की जोताई कर रहा था। अपने छोटे भाई को पानी लाने को कहकर घर भेज दिया और यह घटना अंजाम दे दी। थाना प्रभारी इमलिया सुल्तानपुर संत कुमार सिंह ने बताया अभी घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## ● खेत में जुताई करने के दौरान दिया घटना को अंजाम

## ● परिजन व पुलिस किसी को नहीं पता घटना की वजह

# महिलाओं को अन्नपूर्णा संस्थान ने किया सम्मानित

संवाददाता। सीतापुर

## ● अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हुआ कार्यक्रम

**अंतर्राष्ट्रीय महिला** दिवस के पूर्व संध्या पर अन्नपूर्णा सेवा संस्थान की महिला प्रकोष्ठ 'स्वावलंबी' की ओर संगीत महाविद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्रीय अल्प बचत की 160 अभिकर्ताओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि एसआर ग्रुप के चेयरमैन पवन सिंह चौहान ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मुस्कान तिवारी ने राधे .ष्ण वंदना गाई। काराओक ग्रुप ने संगीमय प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, अल्प बचत सहायक निदेशक आर0के0 त्रिवेदी, ए.आर.टी.ओ. डॉ. उदित नारायण पाण्डेय, विवेक अग्रवाल, बबिता गुप्ता, मोनिका आनन्द, संस्थान के अध्यक्ष अनिल द्विवेदी, स्वावलंबी अन्नपूर्णा महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष जया सिंह, सत्य प्रकाश सभासद, पीयूष सिंह चौहान, गुंजन अवस्थी, अशोक प्रजापति, डॉ0 अरुण कुमार त्रिपाठी, अपूर्व अग्निहोत्री, संस्थान संरक्षिका पुष्पा अवस्थी, विद्यालय प्रबन्धक ब्रजेन्द्र नाथ श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।


सीतापुर-जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा को सम्मानित करते चेयरमैन पवन सिंह चौहान, अनिल द्विवेदी, सत्यप्रकाश मिश्रा व अन्य

# पूर्व प्रधान की मौत हादसा या साजिश?

## ● जनसंपर्क कर वापस आते समय बाइक को कार ने मारी टक्कर, चार बार प्रधान रहे, इस दफा थे जिला पंचायत सदस्य पद के दावेदार, मृतक के भाई ने कहा-यह हादसा एक सोची-समझी साजिश

**लहरपुर सीतापुर।** थानाक्षेत्र तालगांव के टिकोली निवासी डा. संतोश कुमार पुत्र श्रीराम वर्मा अपनी ग्राम पंचायत में चार बार प्रधान रह चुके थे। वर्श 2015 में वह चुनाव नहीं लड़े थे। इस बार डा. संतोश वार्ड नंबर 11 से जिला पंचायत सदस्य पद के दावेदार थे। रविवार को वह बाइक से अकेले ही जनसंपर्क के लिए निकले थे। रविवार की सायं करीब चार बजे जनसंपर्क कर वापस आते समय लहरपुर–बिसवां मार्ग पर एक कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वे बुरी तरह से जख्मी हो गए। हादसे की खबर पाकर पहुंची पुलिस उन्हें लेकर सीएचसी लहरपुर जा रही थी लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मृतक के छोटे भाई अवधेश कुमार ने आई इंडिया को बताया कि यह साधारण हादसा नहीं बल्कि एक सोची समझी साजिष थी। कार ने बाइक में एक बार के बजाय दो बार टक्कर मारी है। हादसे की खबर मृतक पूर्व प्रधान के परिजनों पर मानों पहाड़ बनकर टूटी। गांव से लेकर सीएचसी लहरपुर तक कोहराम मच गया। लहरपुर पुलिस जांच–पड़ताल में जुट गई है।

## क्विक न्यूज

### उजागर लाल इंटर कॉलेज में हुआ अधिवेशन

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट का जनपदीय अधिवेशन उजागार लाल इण्टर कॉलेज में हुआ। इसमें आरआरडी इण्टर कॉलेज के भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता सुशील पाण्डेय को संघ का जिलाध्यक्ष और कृषक इंटर कॉलेज महोली के षिक्षक पंकज गुप्त को महामंत्री चुना गया। कौशल कुमार यादव आय व्यय निरीक्षक बने है। सुभाष चंद्र गुप्ता, सचेन्द्र कुमार मिश्र, प्रफुल्ल कुमार मिश्र व राजेश शुक्ला उपाध्यक्ष बनाये गये। महमूद अहमद, अनुराग दीक्षित व मनु शर्मा संयुक्त मंत्री बने। जिला कार्यकारिणी में राजकुमार वर्मा, चंद्र प्रकाश मिश्र, रमेश कुमार वर्मा, सुशील कुमार, सुनील कुमार चौरसिया, रविंद्र कुमार वर्मा व ऋषि कुमार मिश्र को स्थान दिया गया। कमलेश कुमार वर्मा, अवधेश कुमार दीक्षित व चन्द्र प्रकाश मिश्र को प्रान्तीय प्रतिनिधि चुना गया।

### रक्तदान बढ़ाने को हुई मैत्री क्रिकेट प्रतियोगिता

**सीतापुर।** संजीवन रक्तदान समिति के तत्वावधान में सेक्रेड हार्ट हायर सेकेंड्री स्कूल में रक्तदान जागरुकता के लिए मैत्री क्रिकेट प्रतियोगिता का अयोजन किया। प्रतियोगिता में ओशा इलेवन, संजीवन इलेवन, प्रिंट मीडिया एकादश और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया स्पोर्ट क्लब ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के तहत तीन मैच हुए। पहला मैच प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया की टीम के मध्य हुआ। इसमें प्रिंट मीडिया ने जीत दर्ज की। गोविंद मिश्रा ने 69 रनों की आतिशी पारी खेली। दूसरा मैच संजीवन इलेवन व ओशा इलेवन के मध्य खेला गया। ओशा इलेवन ने जीत दर्ज की। तीसरा मैच ओशा और प्रिंट मीडिया के मध्य खेला गया। इसमें ओषा की टीम जीती। मैन ऑफ सिरीज अनुभव को दिया गया। सेक्रेड हार्ट हायर सेकेंड्री स्कूल के प्रधानाचार्य डेनिस नरेश लोबो और संस्कार ग्रुप के चेयरमैन सुमित अग्रवाल ने ट्राफी व मेडल प्रदान किया। संजीवन अध्यक्ष आकाश अग्रवाल ने बताया सीतापुर की सामाजिक संगठनों की सहभागिता से 13 व 14 मार्च को सेक्रेड हार्ट परिसर में ही रक्तदान महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें लखनऊ की पीजीआइ, मेडिकल कॉलेज, बलरामपुर अस्पताल, राम मनोहर लोहिया अस्पताल, हरदोई जिला अस्पताल सहित सीतापुर जिला अस्पताल की टीमें रक्त संग्रह करेंगी। इस दौरान एसडीएम अमित भट्ट, सीओ सिटी पीयूष सिंह, मुकेश अग्रवाल, कमलेश पांडेय, हर्षित गुप्ता, पीयूष श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

### विधायक ने की पंचायत चुनाव को लेकर बैठक

**सीतापुर।** महमूदाबाद विधायक नरेन्द्र सिंह वर्मा और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष महेन्द्र सिंह वर्मा ने क्षेत्र के गांव हैबतपुर, कंधईपुरवा के साथ ही महमूदाबाद में प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार में समाज का हर एक तबका परेशान है। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष रामपुर मथुरा अंगद रावत, ब्लॉक अध्यक्ष महमूदाबाद कुलदीप वर्मा, पूर्व प्रमुख प्रेम सागर मौर्य, निवर्तमान सदस्य जिला पंचायत ओंकार नाथ, शहाबुद्दीन, सुरेंद्र वर्मा, प्रमोद, अहमद अंसारी, अब्दुल कय्यूम, ब्लॉक प्रमुख मुकेश वर्मा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख रामाधार आदि मौजूद थे।

### पत्रकार जनता की आवाज : महेंद्र सिंह यादव

**सीतापुर।** बिसवां सीतापुर उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन बिसवां की और से आयोजित पत्रकार समारोह मे मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह यादव ने कहा कि पत्रकार जनता की आवाज होते हैं और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में मान्यता है। प्रेस की मजबूती पर लोकतंत्र की नींव टिकी होती हैं। अध्यक्षता करते हुए यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष हसीब सिद्धिकी ने कहा कि बंधन मुक्त प्रेस सरकारों को ताकत पहुचाता है। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए वरिष्ठ साहित्यकार पदमकान्त शर्मा प्रभात ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र की गंगा के भगीरथ होते हैं। सत्य,तथ्य व न्याय का पक्षधर होता है।समारोह को प्रदेश के पदाधिकारियों शिव शरण सिंह,के विश्वदेव राव,विनीता रानी बिन्नी, यूनियन के जिलाध्यक्ष हरिराम अरोड़ा,हिन्द मजदूर सभा के श्रमिक नेता गया प्रसाद पाण्डेय,हरिशंकर गुप्ता,ने भी संबोधित किया।समारोह मै आये हुए अतिथियों का माल्यर्पण व बैज अलंकरण करके बिसवां यूनियन राजीव मिश्र,अय्यूब खान,अवधेश शुक्ल,सुनील रस्तोगी,मधुकर वर्मा, संकेत वर्मा, भाजपा जिला महामंत्री रमेश भार्गव, डॉ शत्रुघ्न सिंह यादव सहित जिले के व ग्रामीण अंचलों के काफी संख्या मे पत्रकारों ने भाग लिया।

### होली परिक्रमा मार्ग पर सेवाभाव भागीदारी करेगा गायत्री परिवार

**मिश्रिख सीतापुर।** प्रख्यात मिश्रिख होली मेला को लेकर गायत्री परिवार ने तैयारियां शुरू कर दी है। 84 कोसीय परिक्रमा मार्ग के नौ पड़ावों पर गायत्री परिवार गुरूदेव साहित्य से लेकर दवा तक मुफ्त वितरित कराएगा। नैमिषारण्य– मिश्रिख के पवित्र इलाके में 15 दिन चलने वाली परिक्रमा इस बार 13 मार्च से शुरू हो रही है। परिक्रमा में पूरे देश के अलग–अलग क्षेत्रों से आए हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं। नैमिषारण्य में श्रीराम आराण्य की स्थापना के पश्चात पहली दफा पड़ने जा रहे रही होली परिक्रमा में गायत्री परिवार के परिजन बड़ी संख्या में कार्यक्रमों के साथ शामिल होने जा रहे हैं। श्रीराम आराण्य के प्रमुख ध्अभियानी ललित दीक्षित ने बताया कि परिक्रमा मार्ग पर पड़ने वाले नौ पड़ावों पर दीप महायज्ञ के साथ देव स्थापना की जाएगी। परिक्रमा कर रहे श्रद्धालुओं को शांतिकुंज हरिद्धार द्वारा संचालित गतिविधियों की जानकारी देते हुए आचार्य श्रीराम शर्मा का साहित्य निशुल्क वितरित किया जाएगा। दीक्षित ने बताया कि श्रद्धालुओं को प्राथमिक उपचार के लिए दवायें भी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि परिक्रमा अवधि के लिए समयदानी परिजनों को जोड़ा जा रहा है। प्रमुख अभियानी श्री दीक्षित ने बताया कि अधिकतम पंद्रह दिनों के लिए श्रमदान, गायन, वादन, भाषण,भोजन, वाहन के लिए उपयुक्तसमयदानी परिजनों की जरूरत होगी। इसके अतिरिक्त साइकिल से लेकर चौपहिया व ज्ञानरक्ष इत्यादि वाहन और खाद्य सामग्री तथा आर्थिक सहयोग व पुराना साहित्य भी अंश स्वरूप दिया जा सकता है। उन्होंने समाज से आयोजन में संभव सहयोग की अपील की है।

# खुद ही रची थी अपने अपहरण की साजिश

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**थाना गोला** पर वादी रविन्द्र सिंह पुत्र जोगिन्दर सिंह निवासी कन्धईपुर थाना मैलानी जनपद खीरी ने सूचना दी कि उनके जीजा जसपाल सिंह उम्र लगभग 55 वर्ष पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी रामपुर गोकुल थाना गोला 06 मार्च 21 को अपने घर से मोटरसाइकिल से गोला गए थे जो वापस घर नही लौटे। शाम पांच बजे उनके पुत्र रंजीत के मोबाइल पर गुमशुदा पिता जसपाल द्वारा स्वयं कॉल कर बताया गया कि कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उनका अपहरण कर लिया गया है तथा 25 लाख रुपये की फिरौती की मांग की गई है।

सूचना पर थाना गोला पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक खीरीए विजय ढुल द्वारा क्राइम ब्रान्च को घटना के अनावरण हेतु निर्देशित किया गया। क्राइम ब्रान्च द्वारा मोबाईल सर्विलांस एवं ह्यूमन इंटेलिजेन्स की सहायता से जसपाल सिंह उपरोक्त को बेहजम.कस्ता मार्ग से आज प्रातरू सकुशल बरामद किया गया। पूछताछ में जसपाल सिंह द्वारा बताया गया कि उन पर 22 लाख रुपये का कर्जा हैए जिसको चुकाने के लिए इनके द्वारा खुद ही अपने अपहरण की झूठी सूचना दी गई और फिरौती के रुप में 25 लाख रुपये इकट्ठा करने को कहा गया। इनका प्लान था कि परिजनोंध्रिश्तेदारो से फिरौती की धनराशि प्राप्त कर कर्जा एक मुश्त उतार दिया जायेगा। बाद में धीरे.धीरे सबके पैसे वापस कर देगें। झूठी सूचना देने एवं जालसाजी करके पैसे प्राप्त करने के प्रयास के आरोप में जसपाल को गिरफ्तार करके अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## करामाती गिलास के नाम पर ठगी करने वाले चार अभियुक्त गिरफ्तार

● एक गिलास, पांच छोटे बल्ब व ठगी के पांच हजार रुपये बरामद



**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक विजय ढुल के निर्देशन में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज थाना सिंगाही पुलिस द्वारा चार अभियुक्तों जमील अहमदए रफीकए कफील व आबिद को गिरफ्तार किया गया। जिनकी निशानदेही पर अभियुक्त जमील के घर से ठगी में प्रयुक्त एक गिलासए पांच अदद छोटे बल्ब व ठगी के पांच हजार रुपये नगद बरामद किया गया। अभियुक्तों द्वारा वादी मुकदमा से करामाती बल्ब बेचने के नाम पर 05 लाख रुपये के ठगी की योजना बनायी गई थी। पुलिस टीम में प्रदीप कुमार सिंह थानाध्यक्ष सिंगाहीए उप निरीक्षक बाबूरामए हेड कांस्टेबल राजमंगल सिंहए कांस्टेबल सुशील कुमारए महिला कांस्टेबल नीलम सैनी मौजूद रहे।

पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पुलिस टीम के उत्साहवर्धन हेतु 5ए000 रुपये का पुरस्कार की घोषणा की गई। गिरफ्तार करने वाली टीम में शिव कुमार क्राइम ब्रान्च, हे,का, शराफत अली, का. देवेन्द्र यादव, का. रविन्द्र त्रिपाठी, का. अजीत यादव, का. योगेश तोमर, का. विक्रान्त , का. सिकन्दर व का, तुषार शामिल रहे।

## पत्रकार के घर से चोर ले उड़े नगदी सहित लाखों का सामान

**लखीमपुर खीरी।** शनिवार की रात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। लखीमपुर के महेवागंज चौकी क्षेत्र के सैधरी गांव में शनिवार की बीती रात चोरों ने ताले तोड़कर दो घरों में नगदी समेत लाखों का सामान पार कर दिया। रविवार को महेवागंज चौकी में दी गई तहरीर में पत्रकार कृष्ण मोहन शुक्ला ने बताया कि उनका घर महेवागंज चौकी क्षेत्र के सैधरी गांव में प्रधान जी के घर के पीछे स्थित है। शनिवार शाम वे अपने परिवार के साथ रिश्तेदारी में गए थे। रविवार सुबह करीब दस बजे जब वह वापस लौटे तो उनके घर के मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। जब उन्होंने घर के अंदर जाकर देखा तो सारा का सारा सामान तहस नहस पड़ा हुआ था। कमरे का ताला टूटा पड़ा था। अलमारी का ताला कटा हुआ था। बेड पर अलमारी का सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी में देखा तो उसमें रखे करीब सत्तर हजार रुपए तथा पत्नी के कीमती जेवर गायब थे। इसी के साथ घरेलू सामान एलसीडीए मिक्सर, गैस सिलेंडर आदि गायब थे। पीड़ित ने महेवागंज पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। प्रार्थना पत्र प्राप्त करने के बाद महेवागंज चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर चोरों की तलाश कर रही है। आसपास के लोगों सुबह करीब ढाई से तीन बजे के आसपास एक चोर को समान लेकर जाते हुए भी देखा है।

मीडिया को दी गई जानकारी में पीड़ित पत्रकार कृष्ण मोहन शुक्ला ने बताया कि उनकी शादी को अभी महज आठ महीने ही हुए थे। पिछले साल 30 जून को उनकी शादी लखीमपुर के ही मोहल्ला कृष्णा नगर के रहने वाले एडवोकेट श्रवण कुमार की बेटी से हुई थी। मकान भी अभी नया ही बनवाया था। मकान बने हुए अभी महीना भर ही हुआ था तभी यह हादसा हो गया। हादसे से पीड़ित पत्रकार सहित पूरा परिवार अत्यंत सदमे में है।

## सांसद ने दिव्यांगों को बांटे उपकरण

**निघासन खीरी।** ब्लाक सभागार में दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग द्वारा कृत्रिमअंग सहायक उपकरण शिविर में पहुंचे मुख्य अतिथि खीरी सांसद अजय मिश्र टेनी दिव्यांजनों को उपकरण बांटे। सांसद टेनी द्वारा आज ब्लाक सभागार में दिव्यांजनों को माला पहनाकर स्वागत के बाद 50 ट्राई साइकिल दो बैसाखीए और तीन स्मार्ट केन दिव्यांजनों को वितरण किया। दिव्यांजनों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि सरकार दिव्यांजनों के लिए बहुत कुछ कर रही है। सभी को पेंशन अनिवार्य कर दिया है और शंशोधन में कानून का अधिकार दिया गया है। जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी वीरपाल ने बताया कि 21 लाख लोग पेंशन पा रहे है। सरकार का अभियान है कि कोई दिव्यांग पेंशन से वंचित नही रहेगा। कार्यक्रम का संबोधन सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय ने किया। इस दौरान नागेंद्र सिंह सेंगरए बीरेंद्र शुक्लाए प्रज्ञानन्द श्रीवास्तवए हरीश पाण्डेयए गुड्डूए केके तिवारीए हरिशंकर शर्माए मालचन्द मोदीए राजकुमारए राम आसरे मौर्य आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

## नारी के हाथों में है दुनिया की मजबूत डोर

● महिलाएं सक्षम और मजबूत बन अपने अधिकारों को जानें: स्वाति शुक्ला

**मोहम्मदी-खीरी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जनपद खीरी मे अपने साहसए हर क्षेत्र में किए गए कार्यों के साथ.साथ नारी सशक्तिकरण की एक मिसालए महिलाओं और बालिकाओं की प्रेरणा स्त्रोतए मिशन शक्ति की गोष्ठी के माध्यम से जागरूक करने का जज्बा और अपने नरम स्वभाव के मालिक उप जिलाधिकारी स्वाति शुक्ला से पायनियर की बेबाक बातचीत मे कहा कि मुख्य उद्देश्य महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक करना होता है। महिलाएं दुनिया का प्रतिनिधित्व व मजबूत आधार हैं। महिलाओं के बिना इस दुनिया की कल्पना करना असंभव सा है। कई जगह देखा गया है कि महिलाएं संघर्ष करती हैंए जूझती हैं परंतु घर से लेकर बाहर तक उनको सम्मान नहीं मिलता है। जबकि इस दुनिया को मजबूत बनाने महिलाओं का सबसे बड़ा योगदान है। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि लगभग 2 वर्षों से मोहम्मदी तहसील का कार्यभार संभाल रही हूं। लगातार महिला सशक्तिकरण और मिशन शक्ति की गोष्ठी आयोजित की जाती रही है और उन्हें जागरूक और आत्म निर्भर की प्रेरणा दी जाती रही है। मेरी कोशिश यही रहती है कि जब समाज में या किसी विभाग मे महिलाएं जागरूक होगी। अपने कर्तव्यों के बारे मे जानेगी तो वह खुद.ब.खुद शक्तिशाली बन जाएगी। उन्होंने बताया कि मुझसे आफिस से लेकर आवास तक सैकड़ों महिलाएं किसी न किसी रूप में मिलती रही है। मैने उनको हिम्मत और साहस दिया और वह आज बड़े हौसले के साथ आत्मनिर्भर बनी हैं।

## मैलानी से बहराइच तक शुरू हुआ ट्रेन का संचालन

**मैलानी-खीरी।** आज अपने निर्धारित समय से मैलानी से बहराइच तक के लिए पैसेंजर ट्रेन रवाना हुई।

आमान परिवर्तन के कारण मैलानी से लखनऊ तक ट्रेनों का संचालन पूर्ण रूप से स्थगित कर दिया था। इसी के साथ मैलानी से बहराइच तक का रेल संचालन भी 16ध02ध2020 को पूर्णत: स्थगित कर दिया गया था। अभी कुछ दिनो पूर्व मैलानी से लखनऊ तक ट्रेनों का संचालन शुरू किया गयाए जिसके कारण आज दिनांक 07ध03ध2021 को एक पैसेन्जर मैलानी से बहराइच के लिए रवाना हुई। ट्रेन में यात्रा कर रहै यात्रियों ने बताया कि ट्रेन न चलने से हम लोगों को किराया भी अधिक व्यय करना पड़ता था और समय भी अधिक लगता था।यात्रा करने वाले यात्रियों में मैलानी के राजेश उर्फ राजूए पीलीभीत के रहने वाले उत्तम बाला जो पलिया जा रहे थे और मिहीपुरवा तक यात्रा करने वाली महिला यात्री ने बताया कि अब हम लोग कम खर्च व कम समय में यात्रा कर सकेंगे।

## सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोग घायल

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के अन्तर्गत लखनऊ रोड पर शनिवार की शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से बाइक सवार दो लोग घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार थाने के पिलखिनी गांव निवासी राम सुमेर का 32 वर्षीय पुत्र संदीप व शिव प्रसाद का 26 वर्षीय पुत्र सुखराम शनिवार की शाम लगभग सात बजे मोटरसाइकिल द्वारा शहर किसी काम से आ रहे थे। जैसे ही यह लोग लखनऊ रोड पर पहुंचे तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से घायल हो गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एम्बुलेन्स ने घायलों को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

## भागवत कथा में नरसिंह अवतार की झांकी की प्रस्तुत

**फतेहपुर।** किशनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोदौरा गांव में चल रहे भागवत कथा के चौथे दिन आज नरसिंह अवतार की आकर्षक झांकी प्रस्तुत की गई एवं धुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र की कथा का वर्णन किया गया। कथावाचक आचार्य श्री देव शरण त्रिपाठी एवं वेदांत वार्ता कुमारी भक्ति त्रिपाठी ने श्रोताओं को महत्वपूर्ण जानकारियां दी।

## घर से कालेज के लिए निकली छात्रा लापता

● सहेली को साईकिल देकर कहा दोपहर तक वापस आ जाऊंगी

संवाददाता। बेहजम-खीरी

**नीमगांव कोतवाली** क्षेत्र के एक गांव की छात्रा घर से कालेज के लिए सुबह करीब नौ बजे निकली छात्रा लापता हो गई। परिजनों ने नीमगांव पुलिस को दी सूचना।

जानकारी के अनुसार कोतवाली नीमगांव के एक गांव की छात्रा ग्राम टिकौला के पास महाबली मेवा लाल महाविद्यालय में बीए की छात्रा है। लापता छात्रा के पिता ने बताया तीन दिन पूर्व 3 मार्च को छात्रा सुबह करीब नौ बजे घर से कालेज जाने की बात कह कर साईकिल से निकली थी लेकिन जब देर शाम तक छात्रा वापस घर नहीं पहुची। पता लगाने का प्रयास किया लेकिन कोई जानकारी नहीं हो पायी। दो दिनों तक परिजनो ने अपने रिश्तेदारी में पता लगाते रहे जिसके बाद नीमगांव पुलिस को तीसरे दिन परिजनो ने घटना की जानकारी दी है। वहीं छात्रा के लापता होने की सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर नीमगांव गजेंद्र सिंह ने हल्का एसआई संजीव तोमर को दिशा निर्देश देते हुए मामले को गम्भीरता पूर्वक लेते हुए छात्रा के लापता मामले की गम्भीरता पूर्वक छानबीन करने मे जुट गये है। इस मामले में लापता छात्रा के भाई की तहरीर के आधार पर गुमसुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तीन सहेलियों से पूछताछ भी की जा रही है। इंस्पेक्टर गजेंद्र सिंह ने बताया कि विद्यालय से लापता छात्रा के पिता की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। सम्भावित जगहों पर खोजबीन के पुलिस की दो टीमों का गठन कर छात्रा का पता लगाया जा रहा है। उधर सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से घटना के खुलासे के लिए प्रयास किया जा रहा है।

## तीन महिलाओं ने खाया जहर, एक की जान गई

संवाददाता। फतेहपुर




**जनपद के** अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत बीते चौबीस घण्टों के अंतराल में तीन महिलाओं ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां एक की इलाज के दौरान मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार गाजीपुर थाना क्षेत्र के मर्दनपुर गांव निवासी मन्नीलाल की 35 वर्षीय पत्नी ननकी देवी ने शनिवार की देर रात घरेलू कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। इसी प्रकार असोथर थाना क्षेत्र के सेमरी गांव निवासी राम सुमेर की 40 वर्षीय पत्नी गीता देवी ने जहर खाकर जान देने की कोशिश की। इसी तरह सदर कोतवाली क्षेत्र के झाऊपुर निवासी मनीष की 26 वर्षीय पत्नी रूबी देवी ने पति से लड़ने के बाद जहर खाकर जान देने का प्रयास किया। कुछ समय बाद जब तीनों की हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उन्हें सरकारी एम्बुलेन्स द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती करा दिया। जहां इलाज के दौरान ननकी ने दम तोड़ दिया। उधर परिजन शव को लेकर वापस अपने गांव चले गये।

## क्विक न्यूज

### सांसद ने आपदा राहत चेक बांटे

**सिंगाही-खीरी।** उत्तराखंड के तपोवन में हुई त्रासदी में मृतकों के परिजनों को उत्तराखंड आपदा राहत निधि की चेकें रविवार बेलरायां चीनी मिल के गेस्ट हाउस में खीरी सांसद अजय मिश्र टेनी द्वारा बांटी गई। गौरतलब है कि उत्तराखंड के तपोवन में आई जल प्रलय में इच्छानगर केए पंद्रहए भैरमपुर के आठए व बाबूपुर के चार लोग लापता हैं। इसमें इच्छानगर के अवधेश व जलाल बाबू पुरवा के सूरज और हीरालाल का शव बरामद हो चुकें। इसमें अवधेशए जलाल व सूरज के परिजनों को दो. दो लाख रूपये के चेक उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से दिए जा चुके हैं। रविवार को इन्ही तीन परिवारों को उत्तराखंड आपदा राहत निधि से चार चार लाख की चेकें दी गईं। विमलेश के परिजनों की सहायता राशि का अंश निर्धारित न होने के चलते उसके परिजनों को सहायता राशि का चेक दो दिन बाद मिल सकेगा। इस मौके सांसद ने सभी के परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस दुरू ख की घड़ी वह सबके साथ हैं। इस दौरान चेयरमैन उत्तम मिश्रए चीनी मिल के जीएम सुनील कुमार गौंड तहसीलदार धर्मेन्द्र पाण्डेयए मंडल अध्यक्ष विकास मिश्रए महामंत्री मोहित त्रिवेदीए लक्ष्मीनरायन वर्माए निवर्तमान प्रधान संतोष भार्गवए वीरेन्द्र सिंहए ध्रुव वर्मा व क्षेत्रीय लेखपाल मौजूद रहे।

### सांसद पुत्र ने जन औषधि केंद्रों की बताईं खूबियां

**सिंगाही-खीरी।** भाजपा युवा नेता सांसद पुत्र आशीष मिश्रा मोनू ने कस्बे के एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। सिंगाही रोड स्थित जन औषधि केंद्रों का तीन वर्ष पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सम्बोधन को सुनने के लिए सांसद पुत्र व युवा भाजपा नेता आशीष मिश्रा मोनू पहुंचे। औषधि केंद्र के प्रोपराइटर के पिता रामगोपाल गुप्ता ने युवा नेता सांसद पुत्र का माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्रोपराइटर अंकित गुप्ता ने सांसद पुत्र मोनू को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कस्बा के सिगांही रोड जन औषधि केंद्र पर सम्बोधन सुनने के बाद प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना के अन्तर्गत गरीबों को सस्ती दरों पर दवाइयां उपलब्ध कराने में चिकित्सकों से सहयोग करने की अपील की। जिससे गरीबों को सस्ती दवाई मिले जिससे गरीब को दवाई के बिना मरने की नौबत ना आए। इसलिए पूरे देश में जन औषधि केंद्रों का अभियान चलाया गया है। इस अभियान में 50: से 90: तक मार्केट के रेट से कम मूल्य पर दवा उपलब्ध है जन औषधि केंद्र के प्रोपराइटर अंकित गुप्ता ने बताया कि निघासन जन औषधि केंद्र की जिले में सबसे ज्यादा बिक्री है। ग्राहकों को सस्ती दवाई की सुविधा मिलती है। इस दौरान सासंद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजयए नागेंद्र सिंह सेंगरए प्रदीप गुप्ताए मोनू दीक्षितए रतीराम लोधीए प्रज्ञानन्द श्रीवास्तवए केके तिवारीए निर्वतमान प्रधानपति रामकुमार मौर्य व जन औषधि केंद्र के प्रोप्राइटर अंकित गुप्ता व रामगोपाल गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### मार्ग दुर्घटना में साइकिल सवार की मौत

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत शनिवार की शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से लगभग 52 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार थाने के लक्ष्मणपुर गांव निवासी स्व0 कल्लू का पुत्र सुरेन्द्र कल शाम साइकिल से बाजार जा रहा था। जैसे ही वह गांव से कुछ दूर पहुंचा तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एम्बुलेन्स उपचार के लिए अस्पताल ला रही थी तभी रास्ते में उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### सात पर शांतिभंग की कार्रवाई

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के दिशा-निर्देशन पर चलाये जा रहे अभियान के तहत आधा दर्जन थानों की पुलिस ने सात लोगों के विरूद्ध 151 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार सदर कोतवाली प्रभारी एक, सुल्तानपुर घोष दो, औंग एक, चांदपुर एक, हथगांव एक तथा असोथर थानाध्यक्ष ने एक पर शांति भंग के तहत कार्रवाई की है।

### शराब के साथ एक गिरफ्तार

**फतेहपुर।** सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के अन्तर्गत रविवार की सुबह गश्त के दौरान पुलिस ने अवैध शराब के साथ युवक को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर घोष थाने के उपनिरीक्षक दुर्विजय सिंह अपने हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे तभी मुखबिर की सूचना पर रामराज निषाद पुत्र गेंदालाल निवासी रामनगर मजरे किसोही को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से दस लीटर कच्ची शराब बरामद की है।

### चार बमों के साथ दो युवकों को दबोचा

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के दिशा-निर्देशन पर चलाये जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान चार देशी बमों के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली प्रभारी सतेन्द्र सिंह हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर तालिब पुत्र पन्नू उर्फ शफीक निवासी कबाड़ी मार्केट मोटे महादेवन व सोनी उर्फदिलशाद पुत्र मुमताज निवासी पीरनपुर को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से चार जिन्दा बम बरामद किया है। पुलिस ने उनके विरूद्ध 4/5 एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायालय भेजा है।

### क्षेत्रीय विधायक ने बीजेपी कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

**असोथर (फतेहपुर)।** प्रति वर्ष की भांति स्थानीय अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता ने रविवार दोपहर असोथर मंडल के एक सैकड़ा बीजेपी कार्यकर्ताओं को डायरी शाल पेन देकर सम्मानित किया। मंडल अध्यक्ष असोथर अमित अग्निहोत्री के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में जिला पंचायत के चुनावों में विधायक विकास गुप्ता ने भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को जिताने की कार्यकर्ताओ व पदाधिकारिओं से अपील की। इस मौके पर जिला महामंत्री नीरज सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा मनोज शुक्ला, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अभय प्रताप सिंह (पप्पू), मंडल प्रभारी रामप्रकाश गुप्ता, भाजपा नेता ओम मिश्रा, जिला प्रवक्ता प्रवीण सिंह, गौरव सिंह, शिवम अवस्थी, रामकिंकर अवस्थी, सनी मिश्रा, विमल गुप्ता, आशुतोष विश्वकर्मा आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### लड़की भगाने के आरोपी को पकड़ने में नाकाम रही पढ़ुहा चौकी पुलिस

**ढखेरवा खीरी।** पढ़ुहा चौकी इंचार्ज अशोक कुमार द्वारा बिना प्रमाणिक तथ्य एवं सबूतों के आधार पर वर्दी की हनक में ही अभियुक्त को रात्रि में ही घर से पकड़ कर ले गए पुलिस चौकी। सीआरपीसी की धारा 57 के तहत कानूनी अधिकारों को पलीता लगा रहे पढ़ुहा चौकी इंचार्ज अशोक कुमार बिना अरेस्ट् मेमो पर साइन कराए ही निर्दोष अभियुक्त को पुलिस कस्टडी में 24 घंटे से अधिक रखा। पत्रकारों द्वारा जानकारी ली गई तो चौकी इंचार्ज द्वारा बताया गया दबाव में आकर बैठाए हैं अगर कोई लड़की पक्ष से हमसे पूछता है तो हम बता देते हैं हमने एक अभियुक्त को पकड़ कर रखा है। निर्दोष अभियुक्त के परिवार वालों पर चौकी इंचार्ज अशोक कुमार लगातार दबाव बना रहे की लड़का-लड़की ढूंढ कर लाओ तो तुम्हें छोड़ देंगे। अब सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा हो रहा है कि अगर वही लोग काम करेंगे तो पुलिस क्या खाक छानने के लिए तैनात की गई है। ऐसे पुलिस वालों से आम आदमी कितनी न्याय की उम्मीद कर सकता है।

## आरक्षण गड़बड़ी: सामान्य वर्ग के लोग चुनाव लड़ने से वंचित

संवाददाता। फतेहपुर

**पंचायत चुनाव** आरक्षण में गडबड़ी की आपत्ति दर्ज कराना जारी हो गया है। अमौली ब्लाक क्षेत्र में खैराबाद ग्राम सभा प्रधान पद की सीट देश आजादी के बाद से सामान्य नहीं हुई। जबकि आरक्षण व्यवस्था लागू कर दिया गया। ग्रामीणों ने जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र भेज शिकायत की है।

ब्लाक अमौली की ग्राम पंचायत खैराबाद जो एक दशक पूर्व ग्राम पंचायत मंगलपुर टकौली का मजरा था लेकिन अब ग्राम पंचायत है जिसका मजरा फैजाबाद है। वर्ष 2010 व 2015 के पंचायत में इस ग्राम पंचायत को प्रधान पद हेतु आरक्षण अनुसार अनुसूचित जाति की सीट घोषित की गई। जबकि लगातार ग्राम पंचायत मंगलपुर टकौली सहित ग्राम पंचायत खैराबाद मे ग्राम पंचायत चुनाव के दरमियान प्रधान पद की दावेदारी हेतु बैकवर्ड जाति के ही लोगों को मौका दिया गया है बता दे कि आजादी से आज तक इस ग्राम पंचायत में निवास कर रहे सामान्य वर्ग के लोगों को प्रधान पद हेतु किस्मत आजमाइश का मौका नहीं मिला। जिसकामुख्य वजह पंचायत चुनाव के दौरान इस गांव में प्रधान पद हेतु सीट का आरक्षण कभी सामान्य नहीं किया गया मुख्य वजह पंचायत चुनाव के दौरान इस गांव में प्रधान पद हेतु सीट का आरक्षण कभी सामान्य नहीं किया गया जबकि इस ग्राम पंचायत में अनुसूचित, पिछडी व सामान्य जाति के लोग भी निवास करते है। गांव के समीर खान, रोहित, हफीजा बेगम,प्रेम प्रकाश, छोटे, सूरज बली सहित दर्जनों लोगों ने जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र भेज आपत्ति जाहिर करते हुए मांग की खैराबाद ग्राम पंचायत को प्रधान पद हेतु सामान्य सीट किया जाये। इस बार के चुनाव में सीट पिछडी महिला घोषित किया गया।

## सपा जिताऊ उम्मीदवार पर झोंकेगी ताकत: जिलाध्यक्ष

संवाददाता। फतेहपुर




**सपा प्रदेश** में होने जा रहे पंचायत चुनाव को आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी के रूप में लड़ेगी। पार्टी के चुनाव चिन्ह, झंडा व बैनर के बगैर उतरने वाले अपने समर्थक उम्मीदवारों के लिए सपा अपनी ताकत लगाएगी। इस चुनाव के जरिए मिलने वाली सफलता को पार्टी 2022 के मिशन को आगे बढायेगी। सपा के उम्मीदवार इस बार पंचायत चुनाव मे निर्दलीय होंगे और उनका झंडा अथवा चुनाव चिन्ह नहीं होगा। लेकिन सपाई अपने समर्थक उम्मीदवारों को जिताने के लिए पूरी ताकत झोंकेंगे। जिससे अधिक से अधिक सीटें अपनी झोली में कर सकेंगे। सपा विरोधी दलो की काट के लिए जिला पंचायत सदस्य, ब्लाक प्रमुख व गांव के प्रधान उम्मीदवार पर चुनावी गणित बिठानी शुरू कर दी है। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मिर्जापुर में हुए सपा कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा था कि पंचायत चुनाव को गंभीरता से लडा जाये और पंचायत चुनाव को लेकर रणनीति भी बनी थी। वहीं जानकारों का मामना है कि सपा सम्मेलन के जरिए अपनी जमीन मजबूत कर रही है। सपा जिलाध्यक्ष बिपिन यादव ने बताया की जिला ईकाई ने पंचायत चुनाव के उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। श्री यादव ने कहा सपा उम्मीदवार कार्यकर्ता को समझाकर एकल उम्मीदवार को चुनाव लडाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा जहां अधिक उम्मीदवार होंगे जिताऊ को पार्टी समर्थन देकर जिताने की ताकत झोंकेंगी।

## प्रेमी संग फरार हुई बुआ मासूम भतीजी को किया अगवा, की गई बरामद

**फतेहपुर।** सूबे के फतेहपुर जिले में बुआ ने तीन साल की भतीजी का कथित अपहरण इसलिए कर लिया ताकि अपने प्रेमी के साथ रहने में किसी को शक न हो और आसानी से जालंधर पहुंच गई। वही पुलिस ने जालंधर से बुआ कंउसकी तीन साल की भतीजी प्रेमी को बरामद कर लिया। पुलिस अपहरण मामले की रिपोर्ट दर्ज किया है।

पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने बताया बच्ची फतेहपुर शहर के शांतिनगर मोहल्ले की रहने वाली सहायक अध्यापिका मान्या तिवारी की है। उसे अपहरण करने वाली उसकी 20 वर्षीय बुआ शहर के ही तांबेश्वर मोहल्ले में रहती है। बताया दो मार्च की दोपहर बुआ ने कथित रूप से बच्ची का अपहरण कर लिया। इसके बाद वह बच्ची को लेकर पंजाब के जालंधर शहर में रह रहे अपने प्रेमी के पास चली गई।

इधर, बच्ची के गायब होने से उसके परिजन सहम गये और पुलिस से शिकायत की। खुलासे में जुटी पुलिस को उसकी बुआ की लोकेशन जालंधर में मिली। पुलिस टीम जालंधर पहुंचकर बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया। वहीं उसे अगवा करने वाली बुआ निशू और उसका प्रेमी नवदीप सिंह उर्फ गिन्नी (24) भी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्हें शनिवार न्यायालय में पेश किया।

## वेतन वृद्धि ग्रामीण बैंकों में भी किया जाए लागू: अध्यक्ष

संवाददाता। फतेहपुर

**मलवा विकास** खण्ड गोधरौली स्थित एक हाल मे रविवार को बड़ौदा यूपी बैंक इम्पलाइज युनियन एवं बैंक आफिसर्स एसोशियेशन की संयुक्त आम सभा आयोजित हुई।बैक कर्मचारियो द्वारा वर्तमान ज्वलंत मुद्दो पर विचार कर चर्चा हुई। कर्मचारियो ने अपनी अपनी समस्याये एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुख्य अतिथि सगुण शुक्ला के समक्ष रखा।आम सभा मे कर्मचारियो के बीच अभद्र व्यवहार व आचरण का मुद्दा छाया रहा।मुख्य अतिथि सगुण शुक्ला ने आम सभा को सम्बोधित किया। भारत सरकार से माग करते हुये कहा पूर्व दिनो मे वेतन वृद्धी को ग्रामीण बैंको मे भी लागू किया जाये। जब कमर्शियल बैंको मे पाच वर्षो बाद वेतन वृद्धी का समझौता होता है तब भारत सरकार नब्बे दिनो के अंदर ग्रामीण बैंको मे भी प्रभावी किया जाता रहा है किंतु वर्तमान नब्बे दिन बीत चुके है अभी इन्तजार ही करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा प्रतिज्ञा यात्रा द्वितीय फेस अप्रैल मे शुरु किया जायेगा। बैंको के निजीकरण पर नराजगी जाहिर किया।कहा 15 व 16 मार्च को देश व्यापी हड़ताल का ग्रामीण बैंक समर्थन करते हुये हड़ताल करेगा। सभा का संचालन आफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश त्रिपाठी ने किया।इस मौके पर संयुक्त सचिव रमेश मिश्रा,महामन्त्री डीएन त्रिपाठी, प्रदेश अध्यक्ष एसके सिंह, रामकृष्ण पाण्डेय, शिवकरन द्विवेदी ने भी आम सभा को सम्बोधित किया। प्रमुख रूप से एनके सिंह, डीसी तिवारी, कृष्णचंद्र, देवराज, अभिषेक पाठक आदि उपस्थित रहे।

# जूसहीटर क्षतिग्रस्त, दो मजदूर घायल

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**उत्तर प्रदेश** के जनपद फर्रुखाबाद के नगर कायमगंज स्थित चीनी मिल में रविवार को भीषण हादसा हो गया। मिल का जूस हीटर क्षतिग्रस्त हो गयाए जिससे दो मजदूर बुरी तरह झुलस गए। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों मजदूरों को लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद रेफर कर दिया गया। 70 प्रतिशत झुलस जाने के कारण मजदूरों की हालत गम्भीर बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार चीनी मिल कायमगंज में पांच गन्ने जूस के हीटर लगे हैं। जूस का टेंपरेचर करीब 105 डिग्री तक पहुंच जाता है। इसी तापमान को नियंत्रित करने के लिए मजदूर कायमगंज के ग्राम शिवरई बरियार निवासी मनोज कुमार यादव ;26वर्ष पुत्र महेंद्र सिंह तथा ग्राम उलियापुर निवासी दीपक पाल ;30वर्ष पुत्र रामवीर हीटर का बोल्ट खोल रहे थे। बोल्ट टूट जाने से हीटर का हजारों लीटर गर्म जूस मजदूरों के शरीर पर गिराए जिससे दोनों छटपटाने लगे। चीनी मिल के अकाउंटेंट मेवा लाल पासी आनन.फानन में दोनों मजदूरों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कायमगंज ले गए। चिकित्सक विपिन कुमार ने उनका प्राथमिक उपचार किया और लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

लेखाकार मेवालाल के साथ मिल के जीएम किशनलाल तथा अमित कुशवाहा भी लोहिया अस्पताल पहुंचे हैं। मजदूरों को लोहिया अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। 70 प्रतिशत झुलस जाने के कारण मजदूरों की स्थिति गम्भीर बनी हुई है। हादसे के बाद चीनी मिल में भय की स्थिति है। अधिकारी और कर्मचारी मजदूरों के स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना कर रहे हैं। जिले के आला अधिकारियों को भी घटना की सूचना दे दी गयी है।

## परामर्श और सुलह समझौते के आयोजन

**कानपुर देहात।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 8 मार्च महिला दिवस को महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता तथा महिलाओं के हितार्थ कल्याणकारी कार्य को समर्पित करने हेतु महिला पखवारा का आयोजन किया जा रहा है। इस संदर्भ में महिला दिवस से पूर्व पारिवारिक न्यायालयों के मामलों में परामर्श व सुलह समझौता हेतु वृहद लोक अदालत का आयोजन किया गया है। दिनांक को दीवानी न्यायालय परिसरकानपुर देहात में जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्षाए जिला विधिक सेवा प्राधिकरणए साधनारानी ठाकुर की अध्यक्षता में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गयाए जिसका संचालन साक्षी गर्गए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कानपुर देहात द्वारा किया गया। प्रधान पारिवारिक न्यायालय कानपुर देहात द्वारा 11 तथा अपर जनपद न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय कानपुर देहात द्वारा 26 को मिलाकर कुल 37 वादों का निस्तारण आपसी सुलह.समझौता के आधार पर किया गया।

# बाल-बाल बचे पीएसी कमांडेंट

संवाददाता घाटमपुर



**झाँसी** पीएसी कंम्पनी के जिला कमान्डेंन्ट कानपुर-कबरई राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज उस समय बाल-बाल बच गये जब उनकी गाड़ी में बगल से गुजरे ट्रक ने टक्कर मार दी, सूचना पर पंहुची कोतवाली पुलिस ट्रक सहित चालक को हिरासत में ले लिया। बताया जाता है कि 37 वीं वाहिनी पीएसीके कमान्डेन्ट राजेश कुमार सक्सेना इनोवा कार से झाँसी जा रहे थे शांम 4 बजे के करीब जैसे ही घाटमपुर बस स्टाप के सामने पंहुचे कि तभी बगल से गुजरे ट्रक ने उनकी गाड़ी में टक्कर मार दी, टक्कर से उनकी गाड़ी का अगला हिस्सा छति ग्रस्त होने के साथ पहिया पंचर हो गया। जानकारी पर कोतवाली प्रभारी धनेश प्रसाद मौके पर पंहुचे और कमान्डेन्ट राजेश कुमार सक्सेना को अपनी गाड़ी से कोतवाली ले आये जहाँ घटना की कार चालक की ओर से रिपोर्ट लिखाई गयी है। बाद में कार का पहिया बदल कर वो चले गये। कोतवाली प्रभारी धनेश प्रसाद ने बताया कि आरोप ट्रक व चालक को हिरासत में ले लिया गया है।

### रिवाल्वर लहराते फोटो अपलोडकरने पर युवक को किया गया गिरफ्तार

**घाटमपुर**-रिवाल्वर लहराते हुए फोटो खीचकर इंटरनेट मीडिया में वायरल करना कस्बे के एक युवक को मंहगा पड़ा जब एसटीएफ ने ठापा मार कर गिरफ्तार करने के साथ कोतवाली में मुकदमा दर्ज करा दिया। बताया जाता है कि कस्बे के जवाहर नगर में रहने वाले उक्त युवक ने बीते दिनों उसने रिवाल्वर लहराते हुए फोटो खीचकर इन्टरनेट मीडिया में वायरल किया था।

# निष्प्रयोज्य साबित हो रहा है रूरा का रेलवे फुट ओवरब्रिज

रविकान्त दुबे, कानपुर देहात।

**रूरा** के रेलवे स्टेशन पर पूर्वी दिशा की ओर बना फुट ओवरब्रिज निष्प्रयोज्य साबित हो रहा है। अधिकतर यात्री पश्चिमी दिशा की ओर आवागमन करते है। दक्षिणी हिस्से में बने पुल के आवागमन के रास्ता सुनसान के साथ खतरनाक साबित हो रहा है। महिलायें सहित अन्य यात्रियों के साथ कई बार अराजकतत्व अनहोनी घटना को अँजाम दे चुके है।

जनपद के प्रमुख रेलवे स्टेशन रूरा से कोरोना काल से पूर्व रोजाना हजारों की सँख्या में यात्री अपने गँतव्य की ओर आवागमन करते थे। कोरोना के बाद वर्तमान समय में मात्र तीन जोडी लखनऊ नई दिल्ली स्पेशल आगरा लखनऊ स्पेशल व चँडीगढ प्रयागराज एक्सप्रेस ट्रेनों का सँचालन किया जा रहा है। आरक्षण के तहत सँचालित की जाने वाली यात्रीगाडियों में हिचक के बाद दोबारा पहले की तरह लोग यात्रा करते नजर आने लगे है। कोरोना काल के दौरान ही फ्रेट कारीडोर का शुभारम्भ कर मालगाडियों का आवागमन होने लगा है। रूरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म व गँतव्य तक आवागमन के लिये फ्रेट कारीडोर के ऊपर से एक नया फुटओवरब्रिज का निर्माण कर उसे पुराने फुट ओवरब्रिज से जोडा गया है। दक्षिणी हिस्से में स्थित फुटओवरब्रिज को दिव्यॉग सहित अन्य वृद्ध यात्रियों की परेशानियों को देखते हुये बिना सीढियों के सडक मार्ग की तरह बनाया गया है। दक्षिणी हिस्से में स्थित फुटओवरब्रिज का प्रमुख द्वार सुनसान व खतरनाक स्थान पर स्थित है यहाॅ यात्रियों से मोबाइल छीन लेने की घटनायें घटित हो चुकी है। रूरा कस्बे सहित क्षेत्रीय अधिकॉश गॉवों की आबादी पश्चिमी दिशा की ओर है। चहल पहल सहित पश्चिमी दिशा की ओर ही बस स्टेशन, थाना, अस्पताल, बैंक, प्रमुख बाजार तथा अकबरपुर व कानपुर सहित अन्य स्थानों के लिये जाने वाले प्रमुख मार्ग मौजूद है। युवा भाजपा नेता चन्द्रभान सिंह राजू भदौरिया, सभासद राकेश शुक्ला, निशान्त सिंह, सॅजीव कुमार गुप्ता, अनुराग यादव सॅजय, आशुतोष मिश्रा छोटे भईया सॅजय सेंगर, अनीस सिंह, राजू सविता, बडे तिवारी सहित अन्य लोगों ने रेल प्रशासन से दोनों प्लेटफार्म को जोडते हुये पुराने मालगोदाम से अधिकारी विश्राम गृह के पास नया फुटओवरब्रिज बनाने की मॉग की है।

## प्रोजेक्ट नई किरण में आये 9 मामले

**कानपुर देहात।** स्थानीय पुलिस लाइन सभागार में प्रोजेक्ट नई किरण की शुरूआत पुलिस अधीक्षक श्रीमान केशव कुमार चौधरी की अध्यक्षता में की गई। नई किरण में 09 मामले आये जिनमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझानें के बाद 01 परिवारों में आपसी सुलह समझौते के आधार पर समझौता कराया गया दोनों परिवारों के पति.पत्नी खुशी.खुशी साथ.साथ रहने को तैयार हो गये शेष प्रार्थना पत्रों में आगे की तिथि दी गयी। नई किरण प्रोजेक्ट से जनपद में बिखरे हुये परिवारों में एक नई रोशनी आयेगी। पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि नई किरण प्रोजेक्ट के अन्तर्गत विखरे परिवार को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में थानाध्यक्ष रीना गौतमए म0हे0का0 227 संध्या देवीए म0हे0का0 112 मंजू देवी व नई किरण प्रोजेक्ट के सदस्यगण श्रीमती डॉ0 पूनम गुप्ताए श्रीमती कंचन मिश्रा व श्री रामप्रकाश सिंह आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

# महिला दिवस पर होंगी महिलाएं सम्मानित: सीडीओ

संवाददाता। कानपुर देहात

**मुख्य** विकास अधिकारी सौम्या पांडेय ने विकास भवन कार्यालय में मिशन शक्ति अभियान के तहत अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च के अवसर पर माती इको पार्क में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा लखनऊ से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसे जनपद में भी लाइव प्रसारण के माध्यम से दिखाया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिस विभाग के द्वारा जो दायित्व सौंपा गए हैं वह हर हाल में पूर्ण करें उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक है इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा इसमें महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा तथा शासन द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं में जो लाभार्थी लाभान्वित हुए हैं उन्हें प्रमाण पत्र आदि देकर सम्मानित किया जाएगा उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मिशन शक्ति अभियान के विगत दिनों चलाए गए कार्यक्रम में जिनके द्वारा अच्छा कार्य किया गया है उन्हें प्रशस्ति पत्र आदि देकर भी सम्मानित किया जाएगा कार्यक्रम में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रहें अतिथियों के बैठने के लिए व्यवस्था जलपान आदि रहे तथा कोविड.19 को ध्यान में रखते हुए कोविड.19 का पालन भी अवश्य किया जाए इस मौके पर अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई बैठक में एडीएम प्रशासन पंकज वर्माए जिला प्रोबेशन अधिकारी अभिषेक पांडेयए डीडीओए जिला सूचना अधिकारी आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### कार्यों की समीक्षा के निर्देश

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मुख्यमंत्री जी प्राथमिकताओं के 37 विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिस विभाग द्वारा रैंकिंग में कमी आई है वह हर हाल में रैंकिंग में सुधार लाएं उन्होंने कहा कि जो डी श्रेणी में पहुंच गए हैं ए श्रेणी में आने हेतु लगकर कार्य करें उन्होंने नहर विभाग की समीक्षा करते हुए कम प्रगति पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देशित किया कि अपने कार्य में सुधार लाएं तथा 5 दिन के अंदर सभी कार्य पूर्ण करे वहीं उन्होंने पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में कम प्रगति पर नाराजगी जारी करते हुए लक्ष्य को शत प्रतिशत किए जाने के निर्देश दिए वहीं जिलाधिकारी ने गोल्डन कार्ड आयुष्मान भारत योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा बनाए जाने के निर्देश दिए तथा कहा कि शासन की शीर्ष प्राथमिकता वाले कार्यों में प्रगति लाएं तथा किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## कोई नारी न हो विवश ऐसे मनाएं महिला दिवस

**कानपुर देहात।** महिला सृष्टि का पहिया है ईश्वर ने प्रथम पुरुष के सत्व के रुप में नारी की उत्पत्ति की थी इसीलिए नारी को अर्द्धांगिनी कहते हैं वैदिक काल में नारी और पुरुष दोनों को समता का स्थान प्राप्त था उक्त बातें मुख्य अतिथि के रूप में पधारीं सरस्वती शारदा विद्या मंदिर झींझक की प्रधानाचार्य अर्चना ने विश्व महिला दिवस की पूर्व संध्या पर सिठमरा में आयोजन संगोष्ठी एवं नारी सशक्तिकरण रैली को सम्बोधित करते हुए कही आगे उन्होंने बताया कि कन्या भ्रूण हत्याएविधवा उपेक्षाएपरित्यक्तताएबहुपत्नी प्रथा से महिलाओं का जीवन स्तर बिगड़ता रहा है हमारे संविधान के अनुच्छेद पन्द्रह की उपधारा तीन से राज्य सरकार को यह अधिकार प्राप्त है कि वो महिलाओं के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए नियम निर्माण कर सके।

# कोरोना वारियर्स टीम का समापन समारोह सम्पन्न



संवाददाता। फर्रुखाबाद

**नगर** पालिका परिसर टाउन हॉल में प्रशासन द्वारा कोरोना काल मे बनी कोरोना वारियर्स टीम का भव्य समापन समारोह का आयोजन किया गया । जिसमे नगर क्षेत्र के सभी वारियर्स को मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती वत्सला अग्रवाल व अधिशासी अधिकारी श्री रविंद्र कुमार के द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन से हुआ । नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती वत्सला अग्रवाल ने पूरी टीम की तारीफकरते हुए कहा कि महामारी के समय मे टीम के सदस्यों ने जिस लगन और मेहनत से कार्य किया है वो भविष्य में याद रखा जाएगा । कोरोना काल मे लोग घर से बाहर निकलने में भी डरते थे वहीं इस टीम के एक एक सदस्य ने अपने समाज , देशहित के लिए आगे आकर न सिर्फ सेवा की वल्कि ये भी दिखा दिया कि मुश्किल के समय मे हम अपने देश के साथ है।

अधिशासी अधिकारी रविंद्र कुमार ने कहा कि कोरोना वारियर टीम तो प्रदेश के लगभग प्रत्येक जिले में बनाई गई लेकिन फर्रुखाबाद की टीम ने जो कार्य किये वो काबिल तारीफ है । इस टीम ने कोरोना काल मे लोगो को जागरूक करना , राशन वितरण , स्ट्रीट वेंडर्स की जनकरी , प्रत्येक घर , वार्ड आदि की सूचना समेत काफी कार्य किये जो अत्यंत सराहनीय है ।

अधिशासी अधिकारी ने टीम लीडर शिवम दीक्षित की कार्यशैली की तारीफ करते हुए कहा कि इसी तरह युवाओ को आगे आकर अपने समाज व देश के लिए समर्पित रहना चाहिए । टीम लीडर शिवम दीक्षित ने कहा कि जिस उद्देश्य से इस टीम का गठन हुआ वो कार्य सफल हुआ। जिसका श्रेय इस टीम के प्रत्येक सदस्य को जाता है । अब ये टीम फर्रुखाबाद वारियर्स के रूप में अपने समाज व देशहित के लिए सदैव कार्य करती रहेगी । इस अवसर पर टीम के सभी सदस्यों ने अपने अपने विचार व्यक्त किये ।

इस अवसर पर टीम लीडर शिवम दीक्षित , रिंकी , लक्ष्मी , कल्पना , कीर्ति , प्रेरणा , दिशा , उज्ज्वल , अभय , अनुराग , संजीव , सुनील , अमित , हर्षित , हर्ष, अनमोल , शिवेंद्र , राहुल , रोहित , शशांक , आकाश , सागर , समेत सभी वारियर्स उपस्थित रहे । कार्यक्रम की व्यवस्था वरिष्ठ लिपिक अमित सक्सेना ने देखी । संचालन वैभव सोमवंशी ने किया।

# सपा कार्यकारिणी की बैठक में दिशा-निर्देश जारी

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**समाजवादी** पार्टी के जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुकी ने नवगठित कार्यकारिणी की बैठक में साफसाफ कहाए अब एक्शन का वक्त है। जो भी प्रभारी बनाए गए हैंए वह शीघ्र अपनी सेना तैयार करे और पार्टी हित में जुट जाए। उन्होंने बैठकों और कार्यक्रमों की शत.प्रतिशत उपस्थिति का भी फरमान सुनाया।आवास.विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर रविवार को जिला जिले की नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियो, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्षए नगर अध्यक्ष, फ्रन्टल संगठन के अध्यक्ष तथा ब्लॉक अध्यक्षों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक का संचालन जिला महासचिव मंदीप यादव कर रहे थे। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुकी ने पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने विधानसभा प्रभारियों, ब्लाक प्रभारियों से शीघ्र संगठन गठित कर सूची पार्टी कार्यालय पर उपलब्ध कराने के दिशा निर्देश दिए। नदीम ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष अपने.अपने क्षेत्र के प्रभारियों के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए अतिशीघ्र बूथ कमेटियों का गठन करें।,जिलाध्यक्ष ने पार्टी आह्वान पर आयोजित समस्त कार्यक्रमों, बैठकों, गोष्ठियों, धरना .प्रदर्शन कार्यक्रमों में शत प्रतिशत उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा सभी पदाधिकारी अपने अपने आवासों, प्रतिष्ठानों पर पार्टी झंडा, नेम प्लेट, बोर्ड आवश्यक रूप से लगाएंगे। इस अवसर पर यह भी निर्णय लिया गया कि पार्टी के पदाधिकारी अपने अपने क्षेत्रों से पंचायत चुनाव हेतु गोपनीय रिपोर्ट जिला कार्यालय पर अतिशीघ्र प्रस्तुत करेंगे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि विधानसभा कमेटी, नगर कमेटी, तथा ब्लाक कमेटियों के गठन के लिए पार्टी ने प्रभारियों की नियुक्ति की है जो अपने संबंधित क्षेत्र में जाकर कमेटियों का गठन कराएंगे।बैठक में अजय गंगवार सन्नू ,बृजेश पाल, रामविलास राजपूत, सुलक्षणा सिंह, सुभाष शाक्य एडवोकेट, बेंचेलाल यादव सुरेंद्र सिंह गौर, राघव दत्त मिश्रा, डॉ सीपी निर्मल, अजय श्रीवास्तव बिल्लू, मनोज यादव, आदि ने भी विचार एवं सुझाव दिए।बैठक में जिला सचिव संजय सिंह चौहान, मुजिबुल हसन, , वीना शर्मा, अरविंद सिंह यादव,विपिन पाल ,राजीव यादव, सुल्तान सिंह यादव, अजब सिंह शाक्य, इलियास मंसूरी, राहुल भाटिया आदि मौजूद रहे।

## नौकरी लगवाने के नाम पर आठ लाख ठगे, चार के विरुद्ध रिपोर्ट

**फर्रुखाबाद।** बेसिक शिक्षा विभाग में लिपिक के पद पर नौकरी लगवाने के नाम पर युवक से आठ लाख रुपये ठग लिए गए। पीड़ित की अर्जी पर सीजेएम ने शहर कोतवाल को दंपति समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट लिखने का आदेश दिया है।मोहल्ला महादेव प्रसाद स्ट्रीट निवासी उमाशंकर गुप्ता ने जहानगंज थाना क्षेत्र के गांव रतनपुर निवासी राजूए इनकी पत्नी गीतादेवी व सर्वेश और एक अन्य युवक के खिलाफ कोर्ट में अर्जी दायर की। इसमें कहा कि सर्वेश यादव उसके परिचित हैं। आरोपी 6 मई को घर आए। उन्होंने बताया कि राजू की पत्नी गीता देवी सरकारी शिक्षक हैं।वह बीएसए कार्यालय में लिपिक के पद पर नौकरी लगवा सकती है। भतीजे राहुल की नौकरी लगवाने के लिए आरोपियों ने आठ लाख रुपये मांगे। 12 मई 2017 को चार लाख रुपये और राहुल के सभी शैक्षिक अभिलेख दिए। इसके बाद 1 जून को चार लाख रुपये और दिए। भतीजे की नौकरी न लगने पर रुपये मांगे तो आरोपी टालमटोल करते रहे।16 मार्च 2020 को आरोपी घर आए और रुपये देने से इनकार कर दिया। विरोध करने पर गालीगलौज कर जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने धोखाधड़ी कर आठ लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित के अधिवक्ता दीपक द्विवेदी ने दलीलें पेश कीं। सुनवाई पूरी होने पर सीजेएम ने शहर कोतवाल को रिपोर्ट लिखने का आदेश दिया है।

# पीएचसी सिरौली में ताला पड़ा देख चढ़ गया डीएम का पारा

### डाक्टर को तत्काल निलम्बित करने के दिये निर्देश



संवाददाता। फर्रुखाबाद

**जिलाधिकारी** ने आज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिरौली ब्लाक नबावगंज का औचक निरीक्षण कर गुणवत्ता परखी। जहां स्वास्थ्य केन्द्र बंद देख जिलाधिकारी का पारा चढ गया और उन्होने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिरौली के प्रभारी ड़ाक्टर को तत्काल निलम्बित करने के निर्देश दिये। वहीं स्वास्थ्य केन्द्र में आरोग्य मेला लगाने को निर्देशित किया।शांसन की मंशानुरुप जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह आज रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिरौली ब्लाक नबावगंज पहुंचे। जिसमें उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिरौली में ताला पड़ा हुआ देखा। जिस पर उनका पारा चढ गया। जिससे नाराज जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 वंदना सिंह को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सिरोली को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर प्रभावी कार्यवाही की जाए। इसी के साथ निर्देशित कर कहा कि हर रविवार को सुबह 10:00 से 04:00 बजे तक मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का आयोजन कराया जाए।

## कोई भी सरकार नहीं छीन सकती अभिव्यक्ति की आजादी: सलमान खुर्शीद

**फर्रुखाबाद। का**ग्रेंस के वरिष्ठ नेता एंव पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने फतेहगढ़ में आयोजित फतेहगढ़ महोत्सव में शामिल होने से पूर्व मीडिया से कहा कि देश में न्याय पालिका के रहते अभिव्यक्ति की आजादी को कोई भी सरकार नहीं छीन सकती। श्री खुर्शीद ने पत्रकार से वार्ता के दौरान कहा कि अभी इतने बुरे दिन नहीं आये कि कोई अपनी बात को कहने से कतरा जाए।उन्होने कहा कि हमारा विश्वास है कि यदि कोई हमसे हमारी आजादी छीनना चाहे तो वह नहीं छीन सकता। क्योंकि हमारी सर्वोच्च न्याय पालिका सुप्रीम कोर्ट ने अभी हाल ही में कहा है कि सरकार का विरोध करना देशद्रोह नहीं हो सकता। उन्होने आगे कहा कि इस सरकार के पास सरकार चलाने तक के लिए पैसा नहीं है। इसलिए वह पेट्रो पदार्थो एंव शराब पर जीएसटी लागू नहीं कर रही है। बीते 100 दिन से चल रहे किसान आंदोलन पर उन्होने कहा कि इसका असर आसन्न पांच राज्यों पर हो रहे चुनाव पर अवश्य पड़ेगा। किसानों की समस्या ज्वलंत बिन्दु है। इसकी अनदेखी का असर इन चुनावों पर अवश्य पड़ेगा। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय कटियार, पुन्नी शुक्ला, प्रदेश सचिव कौशलेन्द्र सिंह यादव, हाजी वसीमुज्जमा खां आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रंगारंग कार्यक्रमों के साथ शुरू हुआ फतेहगढ़ महोत्सव



संवाददाता। फर्रुखाबाद

**रंगारंग** कार्यक्रमों के मध्य फतेहगढ़ महोत्सव का आगाज हुआ। इस दौरान विजय यादव नें फीता काटकर महोत्सव का शुभारम्भ कर दिया।शनिवार शाम फतेहगढ़ के डीएन डिग्री कालेज परिसर में महोत्सव के लिए पांडाल लगाया गया। विशाल मंच बनाकर उस पर कार्यक्रमों का आयोजन शुरू हुआ। शाम को महोत्सव के मुख्य संरक्षक व निवर्तमान जिला पंचायत सदस्य विजय यादव नें फीता काटकर महोत्सव का शुभारम्भ किया। उनके साथ राजा शमसी भी रहे। रखा बालिका इंटर कालेज की छात्राओं नें रंगारंग कार्यक्रम पेश किये। शुभारम्भ के दौरान दलीय सीमाँए भी टूटी। प्रसपा नेत्री अर्चना राठौर, भाजपा नेता व कालेज के प्राचार्य डॉ0 मुकेश राठौर, सपा नेता युनूस अंसारी, प्रसपा जिलाध्यक्ष अनस सिद्दीकी मुख्य रूप से रखे। विजय यादव नें कहा महोत्सव गंगा.जमुनी तहजीब व सर्व धर्म का एक केंद्र बनेगा। जिससे हम सभी को बहुत कुछ सिखने समझनें को मिलेगा। रिजवान अहमद ताजए शाकिर अली मंसूरी, अनिल मिश्रा आदि रहे।

# लाल जहर पीने को मजबूर

## चित्रकूट के दर्जनों गांवों में हैंडपंपों से निकल रहा लाल पानी

संवाददाता। चित्रकूट



**कहते** है जल ही जीवन, लेकिन पाठा मे जल ही जहर हो गया है। यहां का जल जहर बनकर स्वास्थ्य को खराब कर रहा है। जिसे लाल जहर के नाम से जाना जाता है। रविवार को पाठा क्षेत्र के गोपीपुर, करौंहा, खिचरी, जारौमाफी, छेरिहाखुर्द, अमचुर नेरूआ, मारकुंडी, इंटवा डुड़ैला, मनगवां, टिकरिया जमुनिहाई, मड़ैयन, कर्का पड़रिया, बराहमाफी, चुरेह केसरुआ, ऊंचाडीह, गोइया, पतेरिया, कटैयाडंडी, मनका, खोहर आदि गांवों के ग्रामीणों ने बताया कि हैण्डपम्पों से लाल पानी निकल रहा है। मानिकपुर ब्लाक के छेरिहाखुर्द, करौंहा, अमचुर नेरूआ और इंटवा डुड़ैला की हालत तो और बेहद खराब रहती है। गर्मी आते ही इन गांवों के हैंडपंप हवा फेंकना शुरू कर देते हैं। मीलों दूर से लोग साइकिल और बैलगाड़ियों से पानी लाने को मजबूर हो जाते हैं। लाल जहर को पीने से लोगों को तमाम तरह की बीमारियां घेर रही हैं। पेट, दांत, आर्सेनिक और फ्लोराइड से प्रभावित होने का खतरा मंडरा रहा है। पेट संबंधित बीमारियों के लोग भारी संख्या मे शिकार हो रहे हैं। यह लाल पानी तमाम तरह की बीमारी खुलेआम परोस रहा है। गर्मी के दिन शुरू होते ही पाठा क्षेत्र मे पेयजल की किल्लत शुरू हो जाती है। कुआं और तालाब तो सूख ही जाते हैं, जहां पानी है तो गंदा है। हैंडपंप लाल जहर उगल रहे हैं। लोगों के हर घूंट के साथ जहर उनके शरीर में जा रहा है। पाठा के पूरे इलाके का पानी ही लाल जहर बन गया है। यह तेजाब जैसा पानी स्वास्थ्य पर बेहद बुरा असर डाल रहा है। इसी क्रम में नौजवान भारत सभा के रामसलोने, सुरेश, रामप्रकाश, विश्वनाथ, सुग्गन प्रसाद, मुन्ना, सुनील आदि ने भैरमपुर गांव के इटहादेवीपुर में पानी की समस्या से परेशान लोगों को लेकर एसडीएम मऊ नवदीप शुक्ला से बताया कि मार्च की शुरुआत में ही गांव के तमाम हैण्डपम्पों में पानी देना बन्द कर दिया है। गांव के लोग एक ही पर पानी के लिए निर्भर हैं। उस हैण्डपम्प का पानी खारा होने से ग्रामीणों को तमाम समस्यायें झेलनी पड रही हैं।

# पीएम आवास में रिश्वत मांगने से क्षुब्ध ग्रामीण ने किया आत्महत्या का प्रयास

संवाददाता। चित्रकूट

**सूबे** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेंस की नीति का दावा खोखला साबित हो रहा है। प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिलाने के नाम पर चित्रकूट जिले के मऊ थाना क्षेत्र के मवईखुर्द गांव के मुन्ना सिंह से सचिव ने बीस हजार की रिश्वत मांगी तो लाभार्थी ने क्षुब्ध होकर घर के पास स्थित एक पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। ग्रामीणो ने समय रहते फांसी के फंदे से बचाकर मुन्ना सिंह को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जिसके चलते उसकी जान बच गई। चित्रकूट जिले के मऊ थाना क्षेत्र के मवईखुर्द गांव के मुन्ना सिंह ने प्रधानमंत्री आवास के लिए आवेदन किया था। गांव का सचिव कर पूर्व प्रधान उससे कालोनी दिलाने के नाम पर 20 हजार रूपये रिश्वत की डिमांड कर रहे थे। इसके साथ ही पैसा न देने पर लाभार्थी सूची से नाम कटवाने की धमकी दे रहे थे। रिश्वत दे पाने में असमर्थ एवं सचिव के रवैये से क्षुब्ध होकर मुन्ना सिंह ने रविवार को घर के बाहर स्थित एक पेड़ पर फांसी लगा कर आत्महत्या का प्रयास किया। वहीं परिजनों की चीख –पुकार सुनकर एकत्रित हुए ग्रामीणों ने किसी तरह मुन्ना सिंह को फांसी के फंदे से बचाकर गंभीर हालत में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ में भर्ती कराया जहां स्थित गंभीर देख डॉक्टरों ने उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया।वहीँ घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर डीएम सुभ्रांत कुमार शुक्ला ने सीडीओ अमित आसेरी समेत अन्य अधिकारियों के साथ जिला अस्पताल पहुंचकर पीड़ित का हाल जाना। डीएम सुभ्रांत शुक्ला ने मातहत अधिकारियों को मामले की जांचकर दोषी के खिलाफ कडी कार्यवाही के निर्देश दिये है। बीडीओ हिमांशु शुक्ला ने बताया कि डीएम के आदेश पर मामले की जांच की जा रही है। आत्महत्या का प्रयास करने वाले ग्रामीण की हालत खतरे से बाहर है। आवास की स्थायी पात्रता सूची में सामान्य वर्ग के तहत प्राथमिकता क्रमांक दस पर मुन्ना सिंह का नाम अंकित है। क्रमांक सात के लाभार्थियों को आवास मिल चुका है। प्रधानमंत्री आवास आवंटन में गांव के 15 अनसूचित जाति व पांच सामान्य वर्ग तथा दो अल्पसंख्यक को सुविधा दी गई है। मुन्ना सिंह ने डीएम को बताया कि आवास आवंटन के बारे में सचिव ने सही जानकारी न देकर बुरा बर्ताव किया, जिससे क्षुब्ध होकर उसने आत्महत्या का प्रयास किया था। इस मौके पर सीडीओ अमित आसेरी, एडीएम जीपी सिंह, एसडीएम सदर रामप्रकाश, सीएमओ डॉ विनोद कुमार आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# मौरंग रायल्टी की फर्जी सत्यापन रिपोर्ट बनाने में दो गिरफ्तार

संवाददाता। हमीरपुर

**मुख्यालय** स्थित एक जनसेवा केंद्र में खनिज विभाग की टीम ने छापेमारी कर मौरंग की रायल्टी से संबंधित फर्जी सत्यापन रिपोर्ट बनाने का खुलासा किया है इस मामले में कोतवाली हमीरपुर पुलिस ने दो लोगों को बंदी बना लिया है।

जिला खनिज अधिकारी एके राय ने बताया कि आज ए टू जेड सर्विस सेंटर (जनसेवा केंद्र) में एमएम–11 (रॉयल्टी) को फर्जी बनाकर बेचे जाने की सूचना खनिज विभाग को मिली। जिस पर विभाग की टीम ने पुलिस के साथ केंद्र पर छापेमारी की। जहां फर्जी रायल्टी तो नहीं मिली लेकिन कम्प्यूटर चेक करने पर रॉयल्टी चेक करने का प्रोफार्मा मिला। खान निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि रॉयल्टी चेक करने का प्रोफार्मा विभागीय अभिलेख है। सर्वेयर शिवप्रताप शुक्ला का कहना है कि रायल्टी की सत्यापन रिपोर्ट कंप्यूटर मे फर्जी ढंग से तैयार की जा रही थी जो बहुत बड़ा मामला है। इसे जनसेवा केंद्र के कम्प्यूटर में नहीं होना चाहिए। जिस पर केंद्र संचालक व आपरेटर को कोतवाली पुलिस के सुपुर्द किया है। साथ ही कम्प्यूटर व अन्य सामान सील किया है। कोतवाल तारा सिंह पटेल ने बताया खान निरीक्षक की तहरीर पर जनसेवा केंद्र संचालक अजय उर्फ प्रांशू पुत्र रमेश कुमार निवासी अमन शहीद व आपरेटर अनिल सिंह पुत्र कपूर सिंह निवासी पठकाना मोहल्ला के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ?खनिज विभाग का कहना है कि कम्प्यूटर का यह खेल कई महीनों से संचालित हो रहा है कैसे कैसे कूटरचित दस्तावेज बनाये जा रहे थे विभाग को राजस्व का भी लाखों रुपये का नुकसन उठाना पड़ा है। यह इतिहास में पहला मामला है जिससे चारो तरफ हड़कंप मच गया है।

# अपनों का होता रहा इंतजार नहीं हुआ अंतिम संस्कार

संवाददाता। बांदा

**टीला** ढहने से एक साथ तीन मजदूरों की मौत के मामले में दूसरे दिन भी गांव में मातम का माहौल रहा। स्वजन की सिसकियां गूंजती रहीं। पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही शव गांव पहुचे तो करुण रूदन का शोर तेज हो गए। रिश्तेदार एक दूसरे को ढ़ाढस बंधाते रहे। थाना क्षेत्र के ग्राम कुकुवाखास गांव में बंटू उर्फ नंदकिशोर महेश व चिड़ीबाज उर्फसुशील की खदान में टीला ढहने से शुक्रवार को मौत हो गई थी। आक्रोशित लोगों ने कई घंटे जाम लगाया था। पोस्टमार्टम के बाद चिड़ी बाज उर्फ सुशील का अंतिम संस्कार पिता गजराज ने मुक्तिधाम बांदा में किया। जबकि बंटू उर्फ नण्दकिशोर राजकीय इंटर कॉलेज पैलानी में हाई स्कूल का छात्र था । साथ ही वह मजदूरी कर स्वजन के भरण.पोषण में मदद कर रहा था। बड़े भाई शिवकरण ने बताया कि मेरा भाई गणित विज्ञान अंग्रेजी में दक्षता आगामी बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए मजदूरी के साथ.साथ रात में 6 घंटे पढ़ाई भी करता था। उसकी अचानक इस तरह मौत होने से परिवार को गहरा आघात लगा है। बड़ा भाई राज करन बेंगलुरू में प्राइवेट नौकरी कर रहा है। उसके आने के बाद ही अंतिम संस्कार होगा। इसी तरह मृतक महेश पुत्र रामशरण का अंतिम संस्कार भी रविवार को होगा। उसके भबड़े भाई के आने का स्वजन इंतजार कर रहे हैं।

एसडीएम राम कुमार सीओ सत्य प्रकाश शर्मा प्रभारी निरीक्षक पैलानी जितेंद्र कुमार चौकी इंचार्ज खपटिहा ओम प्रकाश द्विवेदी प्रभारी निरीक्षक जसपुरा पंकज कुमार सिंह पीड़ित परिजनों को सांत्वना देने के साथ गांव में डटे रहे। आसपास के अन्य थानों का फोर्स भी पोस्टमार्टम हाउस से लेकर गांव व अंतिम संस्कार के समय मौजूद रहा है। वही पूर्व जिला पंचायत सदस्य धर्मेंद्र सिंह उर्फ पप्पू परिहार प्रभु दयाल निषाद सीताराम वर्मा आदि ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है।

## कोंच में सम्मेलन 2021 के महामूर्ख की खोज पूरी हुई

**कोंच ( जालौन )।** हर साल परंपरागत रूप से महामूर्ख सम्मेलन का आयोजन करने वाली साहित्यिक संस्था बुंदेली संस्कृति एवं लोक कला संवर्धन संस्थान का महामूर्ख खोजी अभियान पूरा हो गया है। श्री मुरलीमनोहर मंदिर समिति के मंत्री अनिल कपूर स्वर्णकार को वर्ष 2021 के महामूर्ख सम्मेलन का मूर्खाधिराज चुन लिया गया है। शनिवार देर शाम संस्था के पदाधिकारियों की बैठक नई बस्ती स्थित कार्यालय पर संस्था के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार रमेश तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें गहन मंथन के बाद अनिल कपूर के नाम पर फाइनल मोहर लगाई गई। सर्वसम्मति से अनिल कपूर का नाम तय किए जाने के बाद सम्मेलन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। बैठक में संस्था के उपाध्यक्ष प्रबंधक वरिष्ठ पत्रकार पुरुषोत्तम रिछारिया, मंत्री नरोत्तम सोनी, कोषाध्यक्ष अतुल शर्मा, वीरेंद्र त्रिपाठी, अभिषेक रिछारिया पुन्नी, डॉ. मृदुल दांतरे, राहुल राठौर आदि मौजूद रहे। बैठक में बताया गया कि होली पर्व के अवसर पर महामूर्ख सम्मेलन 29 मार्च को दोपहर ठीक 1 बजे से केलर गंज के मैदान में आयोजित होगा। जल्द ही संस्था की एक और बैठक होगी जिसमें जिम्मेदारियां बांटी जाएंगी।

## कांग्रेस को करें मजबूत:मिश्रा

**उरई( जालौन )।** नव मनोनीत कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव नारायण मिश्रा ने जिला कांग्रेस कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी नेतृत्व द्वारा जो मुझे जिम्मेदारी दी गई है उसका पूरी ईमानदारी के साथ पालन करूंगा।

## युवक ने की फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हमीरपुर।** सुमेरपुर कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में युवकों द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का सिलसिला जारी है, कल पचखुरा गांव में एक कक्षा 10वीं के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी, रविवार को कस्बे के अमिलिया थोक में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है,रविवार को बीना सिंह का पुत्र किशन सिंह 20 वर्ष पशुबाड़े में जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, परिजनो की जब तक उस पर नजर पहुंची उसकी मौत हो चुकी थी, माँ ने घटना से पुलिस को अवगत कराया, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, परिजनो ने बताया कि युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त रहता था, युवक की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

# सांसद जी हमें कब मिलेगी ट्राई साइकिल

### पूर्व में भी कई बार सांसद से गुहार लगा चुका है दिव्यांग

संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)

**भले** ही सरकार व उनके प्रतिनिधि आम जनता को योजनाओं से जोड़ने का दावा करते हो, लेकिन आज भी कई ऐसे पात्र है जो योजनाओं का लाभ न मिलने से खुद को ठगा सा महसूस कर रहे है। ऐसा ही एक मामला उस दिव्यांग का है जो कई बार सांसद सहित स्थानीय भाजपा नेताओं से ट्राई साईकिल की गुहार लगा चुका है। लेकिन हर बार उसे पात्रता से वंचित रखा गया। जिससे उसने सरकार पर सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया है।

विगत लोकसभा चुनाव में सांसद सुब्रत पाठक का अपनी टीम के साथ खुलकर चुनाव प्रचार करने वाले नगर के मोहल्ला अफसरी निवासी दिव्यांग जब्बार को सांसद ने चुनाव जीतने के बाद गले लगाया था। जिसके बाद सांसद ने विगत वर्ष एवं विगत 3 फरवरी को अपने पिता की पुण्यतिथि पर सैकड़ों दिव्यांगों को ट्राई साइकिलें बांटी। लेकिन दिव्यांग इससे वंचित रह गया। जिसके बाद उसने कई बार साइकिल के लिए सांसद व प्रतिनिधियों से गुहार लगाई। लेकिन उसे लगातार सिवाय आस्वासन के कुछ न मिल सका। वंचित दिव्यांग का कहना है कि उसनें पार्टी की जनहितकारी नीतियों का खुलकर प्रचार कर रहा है। लेकिन जब उसी को हक व न्याय नहीं मिल रहा तो आखिर नगर व क्षेत्र के सैकड़ों लोगों को न्याय कैसे मिलेगा।

# नि:शुल्क टीकाकरण का लाभ उठाएं और सुरक्षित रहें: डीएम

संवाददाता। (कन्नौज)

**कोरोना** टीकाकरण 45 से 60 वर्ष की आयु एवं 60 वर्ष से ऊपर के व्यक्तियों हेतु अति आवश्यक। शासन द्वारा लगाए जा रहे नि:शुल्क टीकाकरण का लाभ उठाएं और सुरक्षित रहें। 15 मार्च से 24 मार्च 2021 के मध्य संचालित विशेष अभियान में जनता अपने गोल्डन कार्ड बनवाएं। उक्त जानकारी रविवार को जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि जनपद में दिनांक 08 मार्च 2021 को कोविड–19 वैक्सीनेशन के तृतीय चरण में कोविड–19 वैक्सीनेशन में 60 वर्ष से अधिक उम्र वाले सभी व्यक्तियों को समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रत्येक सप्ताह के सोमवार बृहस्पतिवार को शुक्रवार को एवं राजकीय मेडिकल कॉलेज, संयुक्त जिला चिकित्सालय व सौ सैया चिकित्सालय छिबरामऊ में प्रत्येक कार्य दिवस में प्रात: 9 बजे से शाम 5 बजे तक टीकाकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र में 60: पूर्व पंजीकरण एवं 40: मौके पर पंजीकरण तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 50 पूर्व पंजीकरण व 50 मौके पर पंजीकरण कर टीकाकरण किया जाएगा। बताया कि कोबिड बीमारियों वाले वह व्यक्ति जो 45 वर्ष से 60 वर्ष की आयु श्रेणी में आते हैं उनको भी चिकित्सक से प्रमाण पत्र के आधार पर टीकाकरण किया जाएगा, जिस हेतु सभी को केंद्र स्थल पर फोटो आईडी कार्ड, आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 10 मार्च से 24 मार्च 2021 तक जनपद में एक विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसके अंतर्गत संचालित आयुष्मान पखवाड़े में नि:शुल्क आयुष्मान कार्ड बनवाने का लाभ पात्र जनता ले सकती है, जिस हेतु उन्हें आधार कार्ड व राशन कार्ड लेकर केंद्र पर जाना होगा। उन्होंने बताया कि यह कार्ड सभी पंचायत घरों, आंगनवाड़ी केंद्रों, प्राथमिक विद्यालयों, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर नि:शुल्क बनाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त यह कार्ड सभी कॉमन सर्विस सेंटर एवं बी एल ई द्वारा दिनांक 15 मार्च से 24 मार्च के मध्य विशेष अभियान के अंतर्गत क्षेत्रों में कैंप आयोजित कर भी बनाए जाएंगे। इस दौरान अपर जिलाधिकारी गजेंद्र कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 के स्वरूप, डॉ0 के सी राय व अन्य चिकित्सक उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री करेंगे रसिन बांध का लोकार्पण

**चित्रकूट।** सूबे के लोनिवि राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने बताया कि जिले की एक–एक इंच भूमि को सिंचित करने की गरज से अधूरे पड़े रसिन बांध का निर्माण पूरा होने पर दस मार्च को सूबे के सीएम योगी आदित्यनाथ रसिन बांध का लोकार्पण करेंगे। सूबे के लोनिवि राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने बताया कि पूर्व सरकारों की लचर व्यवस्था से कई वर्षों से अधूरे पड़े जिले के रसिन बांध का निर्माण पूरा हो गया है। योगी सरकार ने महज तीन वर्ष में इस परियोजना को पूरा कराया है। बांध 2003 से प्रस्तावित था, सपा–बसपा की सरकारों की किसान विरोधी मानसिकता से 15 वर्षों में इसका निर्माण बीस फीसदी भी नहीं हो पाया था। उन्होंने 2017 से पत्राचार कर सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आग्रह कर परियोजना के लिए धन आवंटित करवाकर बांध का कार्य पूरा कराया। इस बांध पर पर्यटन विभाग के माध्यम से नौका बिहार का इंतजाम भी किया जा रहा है। दस मार्च को सवेरे दस बजे सूबे के मुख्यमंत्री बांध का लोकार्पण करेंगे। रसिन बांध से बाणगंगा में 17 गांव सिंचित होंगे। 2290 हे असिंचित भूमि सिंचित हो जायेगी। नहर की लम्बाई 24.10 किमी है। दाई मुख्य नहर की लम्बाई 5.20 किमी है। बाईं मुख्य नहर की लम्बाई 5.80 किमी समेत सुदिनपुर अल्पिका लम्बाई दो किमी है।

## नुक्कड नाटक से सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**चित्रकूट।** आधारशिला सामाजिक संस्थान ने सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग भारत सरकार से प्रायोजित नुक्कड़ नाटक पेशकर सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया। रविवार को रोडवेज बस स्टैण्ड पर संस्थान के कार्यकर्ताओं ने चालकों–परिचालकों व जनता के सामने नुक्कड़ नाटक पेश किया। बस स्टैण्ड प्रभारी सुरेश निगम व पीटीओ संतोष कुमार तिवारी तथा सत्यम वाजपेयी की मौजूदगी में पीटीओ ने कहा कि यातायात नियमों के प्रति नाटक से लोगों को जागरूक करने में मदद मिली है। उन्होंने यातायात नियमों के जानकारी देते हुए नशे में गाडी न चलाने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने की राय दी। पीटीओ संतोष तिवारी ने कहा कि ऐसा करने पर वाहन चालक का चालान हो सकता है।

## भाजपा सभी के हित में कर रही काम: अर्चना

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** सड़कों के अभाव में ग्रामवासियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता था। चुनाव से पूर्व ग्रामीणों के आग्रह पर सड़क बनवाने का वादा किया था। उसी के अनुरुप विधानसभा में सड़कों का प्रस्ताव दिया था सड़क निर्माण के शुभारंभ पर ग्रामीण बंधुओं के चेहरे पर संतोष व खुशी के भाव देखकर मुझे भी प्रसन्नता हुई। यह बात क्षेत्र के ग्राम मीरपुर से भुड़हा मार्ग के शिलापट का लोकार्पण एवं फीता काटकर सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने के दौरान पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने कही। कहा कि भाजपा सरकार देशवासियों के हित में कार्य करनें के लिये संकल्पित है। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजीव ठाकुर नें कहा कि सड़क मार्ग के निर्माण से ग्रामीणों सहित आमजन को आवागमन एवं अन्य कार्यो के करने में सुविधा रहेगी। इससे पूर्व ग्रामीणों नें पूर्व राज्यमंत्री का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर रानू ठाकुर, शशांक वर्मा, राहुल राठौर, विजय ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने चोरों को गिरफ्तार कर लाखों का माल पकड़ा

संवाददाता। राठ(हमीरपुर)

**कस्बा** सहित ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही चोरियों को रोकने के लिये आज कोतवाली पुलिस ने चार शातिर चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की घटनाओं का खुलासा किया है। पुलिस ने चोरों के पास से चोरी का माल भी बराबद किया है।कोतवाल राजेशचंद्र त्रिपाठी ने बताया कि बीते 27 फरवरी को बसेला गांव, बीते 2 मार्च को धनौरी गांव में हुई चोरी की घटनाओं में ममला पंजीकृत किया गया था। बताया कि उपरोक्त 2 चोरी की घटना का पुलिस अधीक्षक हमीरपुर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए जल्द से जल्द घटना का खुलासा करने के निर्देश दिए थे। जिसको लेकर एसएसआई ललित कुमार त्रिपाठी, एसआई यज्ञ नारायण भार्गव ने पुलिस बल के साथ मुखबिर की सूचना पर दीपक त्रिपाठी पुत्र शिवकुमार त्रिपाठी, विष्णु राजपूत पुत्र भागरीथी राजपूत, निवासीगण ग्राम छिबौली थाना जरिया, नरेन्द्र पाल पुत्र शंकरपाल निवासी बफरेथा थाना चरखारी जिला महोबा और वीरपाल उर्फ वंटा निवासी सरीला को चौपरा मन्दिर के पास गिरफ्तार किया है। बताया कि पुलिस ने चांदी की कमर की पेटी (बिछुआ), एक जोड़ी पाजेब, सोने की झुमकी और 13 हजार रुपये बरामद किये है। कोतवाल ने बताया कि आरोपियों द्वारा दुकानदार राजेन्द्र कुमार सोनी पुत्र मूलचन्द्र निवासी ग्राम औंता हाल मुकाम पठानपुरा कछियात मोहल्ले के यहां बेचना बताया। पुलिस ने दुकानदार राजेन्द्र कुमार सोनी घर पर दविश देकर दो जंजीर, दो जोड़ी पायल, तीन नग बिछिया, एक हाफ पेटी, एक मंगलसूत्र, दो छोटे लाकेट बरामद कर दुकानदार राजेन्द्र कुमार सोनी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शातिर चोरों के विरूद्ध मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है।

## गांधी इंटर कालेज में होगा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

**उरई (जालौन)।** मुख्य विकास अधिकारी डा. अभय कुमार श्रीवास्तव द्वारा अवगत कराया गया है कि 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर श्री गांधी इण्टर कालेज स्टेशन रोड उरई में महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम के तहत महिलाओं को देश में शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने उनको सुदृढ़ एवं जागरूक करने के उद्देश्य से अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं।उन्होंने बताया कि 8 मार्च राज्यमंत्री उच्च शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग उप्र सरकार/प्रभारी मंत्री श्रीमती नीलिमा कटियार द्वारा 10:30 बजे प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिये संचालित मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ करेगी। इसी कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री की उपस्थिति में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर लखनऊ में पूर्वान्ह 11 से अपरान्ह 1 बजे के मध्य आयोजित कार्यक्रम का लाईव प्रसारण किया जायेगा।

# क्विक न्यूज

## हिस्ट्रीशीटर ने की फायरिंग

**राठ( हमीरपुर )** मझगवां थाना क्षेत्र के नहदौरा गांव में पंचायत चुनाव में अपना दबदवा बनाने के लिये हिस्ट्रीशीटर अपराधी ने बीती शाम गांव के एक व्यक्ति के घर के सामने फायरिंग करते हुए जानमाल की धमकी दी। पीड़ित ने मझगवां थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। नहदौरा निवासी जितेंद्र कुमार पुत्र दुर्गा प्रसाद पे पुलिस को बताया कि उनके गांव का हिस्ट्रीशीटर अपराधी हत्या सहित अन्य मामलों में सजा काटकर जमानत पर है। बीते शनिवार की रात उसने पंचायत चुनाव में अपना दबदबा बनाने के लिए उसके घर के सामने जमकर फायरिंग की और उसे व उसके परिजनों को जानमाल की धमकी दी। जिससे वह व उसके परिजन दहशत में है। इस संबंध में थानाध्यक्ष मझगवां रामजीत गौड़ ने बताया कि मौके पर पुलिस को जांच के लिये भेजा गया है। जांच के बाद कार्यवाही की जायेगी। बताया कि युवक की तलाश की जा रही है।

## पुलिस नें चोरी के आरोपियों को दबोचा

**( कन्नौज )।** पुलिस नें मुखबिर की सूचना पर चोरी के मुकदमें से सम्बन्धित दो युवको अदनान पुत्र स्व0 अब्दुल हसीब व चाँद पुत्र लियाकत निवासीगण मोहल्ला शेखाना को के पास से चोरी की गयी 20 बोरी आलू व चोरी मे प्रयुक्त वाहन को बरामद करते हुये दबोच लिया। कोतवाली पुलिस द्वारा उपरोक्त मुकदमे में धारा 411 भा.द.वी. की बढोत्तरी करते हुए आरोपियों को जेल भेजनें की कार्यवाही की गई।

## दस्यु गौरी गैंग के बदमाश को बन्दूक समेत दबोचा

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर आपरेशन क्लीन के क्रम में दस्यु गौरी गैंग के सदस्य सत्यनारायण कोल को एक देशी बन्दूक व दो कारतूस तथा दो किलो गांजा के साथ दबोचा गया।रविवार को आपरेशन क्लीन के क्रम में मानिकपुर थानाध्यक्ष सुभाषचन्द्र चौरसिया ने गौरी गैंग के सदस्य सत्यनारायण कोल को एक देशी बन्दूक व दो जिन्दा कारतूस तथा दो किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया। दरोगा फिरोज खान पुलिस बल के साथ मुखबिर की सूचना पर कल्याणपुर से सत्यनारायण कोल पुत्र शिवमोहन कोल निवासी नागर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार बदमाश को आर्म्स एक्ट व एनडीपीएस एक्ट में जेल भेजा गया। आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है। उसके खिलाफ पुलिस मुठभेड़ अवैध शस्त्र बरामदगी जैसे एक दर्जन मामले दर्ज हैं। इसी क्रम में रैपुरा थानाध्यक्ष सुशीलचन्द्र शर्मा की टीम ने मारपीट, गाली–गलौज, एससी–एसटी एक्ट के आरोपी चुनकू पुत्र बद्री, धर्मेन्द्र पुत्र चिंकू व जितेन्द्र पुत्र चिंकू निवासी बसिला को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## पत्नी को भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**हमीरपुर।** कुरारा थाना क्षेत्र के भौली गाँव निवासी ग्रामीण ने तीन लोगों के खिलाफ पत्नी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट तीन लोगो के खिलाफ थाने में दर्ज करायी है।क्षेत्र के भौली गाँव निवासी जगभान पुत्र किसना ने पुलिस को बताया कि 1मार्च को वह खेत में काम करने गया था। घर में पत्नी आशा 32 वर्ष बच्चों के साथ थी । वह बच्चों से कुरारा जाने की बात कहकर निकली थी। लेकिन देर शाम तक घर वापस न आने पर उसकी खोजबीन की लेकिन उसका पता नहीं चला। वह घर में रखे सत्तर हजार रुपये नकद व जेवर ले गयी है। उसके चार बच्चे हैं। मोबाइल से पता चला कि जनपद जालौन के कदौरा थाना क्षेत्र के अकौना गाँव में है।उसको अकौना गाँव निवासी कुंदन पुत्र विजय निषाद ,ज्ञानी पुत्र सोमनाथ, अरविंद पुत्र मनीराम अपने साथ बहला फुसलाकर ले गए हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी है।

## भारतीय स्टेट बैंक के अंदर से चोरों ने उड़ाए चार लाख कैश

**बांदा।** आपको बता दे पूरा मामला उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में कचहरी परिसर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के पास भारतीय स्टेट बैंक के अंदर अमित कुमार गुप्ता चावल व्यापारी अतर्रा का रहने वाला है आज बैंक में व्यापार संबंधित रुपया लेने आया की चोरो ने उड़ाए 4 लाख रुपए बैंक की लापरवाही के चलते कई बार हुई इसी घटना। अमित कुमार पुत्र लक्ष्मीचंद्र निवासी नैरनी रोड अतर्रा जिसका भारतीय स्टेट बैंक कचहरी शाखा बांदा में चालू खाता संख्या 11147090600 संचालित। है प्रार्थी आज लगभग 11 बजे अपने खाते से पैसा निकलवाने आया था जिससे मैन चेक के माध्यम से चेक दव 04925 रुपया 4 लाख की निकासी की जिनमे अन्य भुगतान में प्राप्त हुए जो लाल रंग के बैग में भरकर रख दिए और काउंटर दव 4 में स्टेटमेंट से संबंधित कुछ बातें करने लगा तभी 4 लाख से भरा बैग चोर लेकर फरार हो गया बैंक के सी सी टी वी कैमरा में इस घटना को देखा गया घटना इस घटना की जानकारी शाखा प्रबंधक को दी गई व 112 में पुलिस को सूचित कर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्राथना पत्र दिया गया बांदा के व्यापारी जिलाधक्ष अमित सेठ भोलू व अन्य व्यापारियों ने सूचना पर मौके पर पहुंचे और बैंक शाखा प्रबंधक से बात की अमित सेठ ने कहा बैंक के 8/8 सिक्योरिटी के बावजूद भी 4 लाख से भरा बैग चोर ले गए व्यपारियों ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र दिया और कहां इस मामले को जल्दी ही खुलासा किया जाए।

## धार्मिक कार्य करके मन को खुशी मिलती है-अमित गुप्ता

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** सनातन धर्म के अनुयाईयों को धार्मिक कार्य करके मन को खुशी मिलती है। हम सभी को धर्म के मार्ग पर चलकर हिंदुत्व एकता की मिसाल कायम करनी है। धार्मिक कार्यक्रमों से आपसी भाईचारा बढ़ता है। एक धर्म ही है जो हमें एक दूसरे से बांधे रखता है।यह बात रविवार को भाजपा नगर कोषाध्यक्ष अमित गुप्ता ने मिरगांवा स्थित हनुमान मंदिर में शिखर पर स्थापित होने बाले कलश ध्वज दान करने के दौरान कही। पेट्रोलियम एसोसिएशन व उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाउपाध्यक्ष संजीव गुप्ता संजू ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रम आपसी मनमुटाव को दूर कर एकता के सूत्र में बंधे रहनें का संदेश देते हैं। अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के जिलाध्यक्ष रघुनन्दन सिंह ने कहा कि सनातन धर्म आपस में प्रेम भाव बढ़ाने का संदेश देता है। इस अवसर पर शासकीय सभासद परशुराम देवल, भाजपा नगर अध्यक्ष अनुराग गुप्ता, नगर मंत्री के के राजपूत आदि मौजूद रहे।

## राजस्व वसूली की धीमी प्रगति पर एडीएम ने जतायी नाराजगी

**उरई ( जालौन )।** कर करेत्तर एवं राजस्व वसूली की माह फरवरी की समीक्षा बैठक अपर जिलाधिकारी प्रमिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी द्वारा व्यापार कर, की समीक्षा की।समीक्षा के दौरान लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली की प्रगति धीमी पायी जाने पर वसूली बढ़ाये जाने के कड़े निर्देश दिये गये। उन्होने स्टाम्प रजिस्ट्रेशन एवं आबकारी की समीक्षा के दौरान लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति सही पायी गयी। उन्होंने वाहन कर एवं यात्री कर तथा वन की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान राजस्व वसूली कम पाये जाने पर उसे बढ़ाये जाने के निर्देश दिये गये। अपर जिलाधिकारी द्वारा विद्युत देयों की वसूली में प्रगति बहुत कम पाये जाने पर अधिशाषी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित करते हुये कहा कि राजस्व वसूली को शीघ्र बढ़ाये जाये। उन्होने जोल्हुपुर के पास जाम की समस्या पर अधिशाषी अभियन्ता सेतु निगम को निर्देशित किया कि सड़क को ठीक कराये जाये जिससे जाम की समस्या का निस्तारण हो सके। उन्होंने समस्त नगर पालिका/नगर पंचायतों के राजस्व वसूली की समीक्षा की।

## गोपूजन के बाद बताईं सरकार की उपलब्धियां

**बांदा।** पंण् दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला में गो पूजन के बाद क्षेत्रीय विधायक चंद्रपाल कुशवाहा ने सरकार की उपलब्धियां गिनाई। कहा कि गाय हमारी माता है इसके अवयव शरीर व जमीन को पोषित करने वाले हैं। किसान गोपालन कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। मेला में 100 से अधिक मवेशियों का इलाज किया गया।विकासखंड के ग्राम शिव में पंण् दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉण् लाखन सिंह ने बताया कि 73 मवेशियों का उपचार किया गया। नौ जानवरों का बधियाकरण किया।

# कर्ज वसूली के दबाव बनाने पर अमरेन्द्र ने की आत्महत्या

● भाकिम प्रतिनिधिमंडल ने परिजनों से की मुलाकात, कहा-कर्ज माफी व 10 लाख रूपये मुआवजा मिले किसान के परिवार को

**रायबरेली।** 5 मार्च को कर्ज मे फंस कर आत्महत्या करने वाले किसान के परिवार से आज अखिल भारतीय किसान महासभा का प्रतिनिधिमण्डल उसके गांव केसौली मे जाकर मिला। परिवार से बात करके पता चला की अमरेन्द्र यादव घर का बडा था ,पिता के न रहने के बाद वही परिवार का जिम्मेदार था ,उसने ग्रामीण बडौदा बैंक निहस्था से 2016 मे 60 हजार रूपये का कर्ज लिया था ,जो वो अदा नही कर पाया,2016 मे ही उसने छोटे भाई की शादी की थी,घर मे मात्र दो बीघा जमीन थी, खेती के लिए उसने सोसाइटी से उधार खाद ली थी ,जिसको अदा न कर पाने के कारण उसका भी कर्ज बाकी था,अमरेन्द्र के तीन बच्चे है, माता है, एक बहन है जिसकी शादी उसने तय कर रखी थी जो 24 जून को होनी थी जिसका भी उसे इंतजाम करना था।मात्र दो बीघा जमीन मे उसके सामने इतनी जिम्मेदारियों का बोझ था, परिवार ने बताया आवारा पशुओं के कारण फसल को पहले ही नुकसान हो गया था ,जो फसल हुई भी उसका समर्थन मूल्य नही मिला। औने-पौने दाम मे फसल बेचनी पड़ी थी, ऐसे मे कर्ज कहां से अदा करता। पहले कर्ज के लिए बैंक से नोटिस आये ,फिर आर .सी .कट गयी ,अमीन वसूली के लिए दबाव बनाने लगा ,जिस दिन किसान ने आत्महत्या की परिवार ने बताया कि उसके एक दिन पहले भी वसूली अमीन घर आया था और कर्ज अदा करने के लिए दबाव बना रहा था ,बैक व तहसील द्वारा कर्ज वसूली के लिए बनाये गये दबाव व बहन की शादी की चिंता मे किसान अमरेन्द्र यादव ने फांसी लगाकर बाग मे आत्महत्या कर ली। किसान महासभा के प्रतिनिधिमण्डल मे शामिल किसान-मजदूर नेता विजय विद्रोही ने कहा मोदी सरकार पूंजीपतियों के हजारों- लाखों करोड़ रूपये कर्ज हर साल माफ कर रही है मगर किसान की कर्ज माफी के लिए उनके पास पैसे नही है,कर्ज मे फंस कर जिस किसान ने आत्महत्या की उससे अभी हर किसान गुजर रहा है। किसान महासभा के जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा पिछले साल भी खीरो में कर्ज मे फंस कर एक किसान ने आत्महत्या कर ली थी, और अब अमरेन्द्र ने,उन्होने जिला प्रशासन व सरकार से मांग की कि आत्महत्या करने वाले किसान के सभी कर्ज माफ किये जाये व परिवार को 10 लाख रूपये मुआवजा दिया जाये।

# बच्चियों व महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहीं शिवानी

**बछरावां रायबरेली।** विकासखंड बछरावां कस्बे की रहने वाली शिवानी साहू जो कि अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं पदक विजेता है के द्वारा संपूर्ण बछरावां में मुहिम चलाकर बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मरक्षा के गुण लगातार सिखाए जा रहे हैं वह चाहे कैंप का माध्यम हो विद्यालय हो या कोई प्रशासनिक कार्यक्रम इन महिलाओं ने ठाना है कि हर नारी को सशक्त बनाना है बताते चलें इससे पहले उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए गए कार्यक्रम मिशन शक्ति व महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हुए जिले के विद्यालयों में जाकर कई हजारों की तादाद में बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए जिसके लिए जिला अधिकारी, सीडीओ, एसडीएम और अभी हाल ही में महिला आयोग की अध्यक्षा के द्वारा इस सराहनीय कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया जा चुका है। बछरावां क्षेत्र में मार्शल आर्ट की शुरुआत सौरभ सर के द्वारा की गई जिसमें आज कई महिलाएं कोच है तथा राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर की बेहतरीन खिलाड़ी भी हैं जो राज्य व प्रदेश स्तर अच्छा प्रदर्शन कर मेडल ला रही है जिससे बछरावां क्षेत्र के साथ साथ रायबरेली जिले व देश का भी गौरव बढ़ाने का कार्य कर रही हैशिवानी के साथ उर्वशी पटेल जो कि राष्ट्रीय स्तर खिलाड़ी व पदक विजेता भी है शिवानी के साथ कदम मिलाकर बालिकाओं एवं महिलाओं को सशक्त बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही उर्वशी जोकि दयानंद पीजी कॉलेज की छात्रा है साथ ही एनसीसी कैडेट भी है अनुशासन के साथ-साथ आत्मरक्षा (जूडो कराटे) हम सभी लड़कियों को सीखना बहुत ही आवश्यक है कोरोना काल की वजह से काफी सारे प्रोग्राम रद्द करने पड़े लेकिन माहौल को देखते हुए हम सब विद्यालयों में जाकर कैंप के माध्यम से सभी लड़कियों को ट्रेनिंग देने-व उनको सशक्त बनाएंगे।

## दुर्घटना में युवक की मौत

**करनैलगंज( गोंडा )।** सत्संग में शामिल होने जा रहे बाइक सवार दम्पत्ति को एक बस ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइक समेत एक दुकान में जा गिरे और गम्भीररूप से घायल हो गये। जिन्हें आसपास के लोगों द्वारा आनन फानन में सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद दोनो को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मगर गोंडा पहुंचने के पूर्व ही रास्ते मे पति ने रास्ते मे ही दम तोड़ दिया।कोतवाली देहात अन्तर्गत ग्राम ठकुरापुर निवासी देवेंद्र प्रसाद गौड़ उम्र 48 वर्ष जो पेशे से अधिवक्ता हैं। वे अपनी पत्नी रत्नेश्वरी के साथ बाइक से सत्संग में जा रहे थे। करनैलगंज अस्पताल तिराहे के पास पीछे से आ रही एक प्राइवेट बस ने ठोकर मारकर घायल कर दिया। ठोकर लगने के बाद देवेंद्र प्रताप बाइक व पत्नी समेत एक दुकान में जाकर गिरे और गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें लोगों ने सीएचसी पहुंचाया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल भेजा गया। एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते मे अधिवक्ता देवेंद्र की मौत हो गई।

## क्विक न्यूज

### फैशन शो 2021 में बच्चों ने बिखेरी प्रतिभा

**रायबरेली।** मानव सेवा संस्थान व शुक्ला खादी ग्रामोद्योग संस्थान ने मिलकर महिला शसक्तीकरण पखवारे में रविवार को रायबरेली क्लब में एक रंगारंग कार्यक्रम फैशन शो 2021 का आयोजन किया। जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चो के साथ ही महिलाओं ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। फैशन शो के अलावा कई वर्गों में गायन और नृत्य का भी आयोजन किया गया। जिसमें भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया। नृत्य में जहाँ छोटी छोटी बच्चियों ने अपनी प्रस्तुति से मौजूद लोगों को दांतों तले उंगली दबाने को मजबूर कर दिया। वही दूसरी ओर गायन में बच्चो के साथ ही कुछ अभिभावकों ने भी अपनी कला का प्रदर्शन किया।आयोजको और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करने के लिये विधायक शैलेंद्र सिंह शैलू , रिदम अकादमी की संस्थापक डॉ श्रेया , अवतार सिंह छाबड़ा उनकी पत्नी जीत कौर छाबड़ा , डॉ संजीव जायसवाल की पत्नी श्वेता जायसवाल , राइजिंग प्ले ग्रुप के डायरेक्टर अरविंद श्रीवास्तव, सूचना अधिकारी प्रमोद कुमार , त्रिलोचन सिंह छाबड़ा , रघुवीर सिंह छाबड़ा सहित कई गड़मान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की आयोजक प्रियंका अवस्थी और सारिका शुक्ल ने सभी अतिथियों का आभार जताया और कार्यक्रम में उपस्थित सभी अभिभावकों और बच्चो के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की । कार्यक्रम के संचालन की जिम्मेदारी अमित सिंह ने निभाई।

### चोरी की घटनाओं मे इजाफा

**डलमऊ रायबरेली** कोतवाली क्षेत्र में बाइकसवार बदमाश ने अपना ठिकाना चुनते हुए लूट का आतंक शुरू कर दिया है। रविवार को छिनैती की एक घटना सामने आई। जिनमें बाइकसवार लुटेरे ने ससुराल से मायके जा रही महिला निशाना बनाया। उनकी तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी है।नेवादापट्टी निवासी रंजू पत्नी नीतेश रविवार को शाम के करीब भाई के साथ ससुराल पूरे धुआंधार उन्नाव से मायके जा रही थी डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के पूरे ज्वाला के पास पीछे से आ रही अज्ञात पल्सर पर सवार युवक ने महिला के कान से झूमका खींच कर मुराई बाग रफूचक्कर हो गया पीड़ित महिला के भाई ने घटना की जानकारी डायल 112 पर करने का प्रयास किया जिससे संपर्क नहीं हो पाया पीड़िता ने चौकी मुराई बाग पहुंच कर घटना की तहरीर देते हुए आपबीती बताई जिसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कार्यवाही शुरू कर दिया।

### डलमऊ के बाजारों मे मोबाइल चोरों की चांदी

**डलमऊ रायबरेली** कोतवाली क्षेत्र पिछले एक वर्ष से मोबाइल चोरों के लिए मुफीद जगह बनी हुई है जहां लगने वाली बाजारों से अक्सर चोरों द्वारा कीमती मोबाइल पार कर दिए जाते हैं यह सिलसिला डलमऊ मुराई बाग क्षेत्र में लगने वाले सभी बाजारों में लगातार चल रहा है जिसमे पीड़ित सिर्फशिकायत दर्ज करा कर संतोष कर लेता है ताकि उसके चोरी हुए फोन के दुरुपयोग से बचा जा सके बाकी मोबाइल मिलने की उम्मीद तो शायद ही कोई करता होण् विज्ञान के इतने आधुनिक संसाधनों से परिपूर्ण होने के बावजूद प्रौद्योगिकी का मजाक बनाया जा रहा है यूं तो कहने के लिए पुलिस आधुनिक संसाधनों से परिपूर्ण है पर उपयोग करने के नाम पर प्रौद्योगिकी के साथ कंजूसी बरती जा रही है कारण लापरवाही से बढ़कर कुछ नहीं हो सकता है मोबाइल चोरी की घटनाओं से पीड़ित को ही नुकसान पहुंचता है जिसके लिए पुलिस विभाग अपनी ऊर्जा को व्यर्थ खर्च क्यों करें अब तक क्षेत्र के बाजारों से खोने वाले महंगे मोबाइलों की संख्या लगभग सैकड़ा पर कर चुकी होगी या शायद उसका लेखाजोखा भी पुलिस विभाग के पास ना हो ऐसी स्थिति में मोबाइल चोरों का हौंसला बुलंद होना लाजिमी हैण्

### आशियाना ढ़हा, किशोरी की गई जान

**सुलतानपुर।** गोसाईगंज थानाक्षेत्र अंतर्गत बाबूगंज गांव में कच्चा मकान गिरने से एक किशोर की मौत हो गई। अचानक हुए हादसे से गांव में कोहराम मच गया है। परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, गोसाईंगंज थाने के बाबूगंज भरथीपुर गांव निवासी शुभम अग्रहरि (12) पुत्र गुड्डू अग्रहरि शनिवार को घर पर मौजूद था। अचानक पक्के मकान की छत ढह गई। मलबे में दबकर शुभम गंभीर रूप से जख्मी हो गया। हल्ला-गुहार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आनन-फानन में मलबा हटाकर किशोर को बाहर निकाला। घायल को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। हादसे से गांव में कोहराम मच गया है। महिलाओं की चीत्कार सुनकर हर किसी की आंखें डबडबा जा रही हैं।

### जनप्रतिनिधियों को सौंपा ज्ञापन

**सुलतानपुर।** पुरानी पेंशन बहाली एवं निजीकरण के विरोध में जयसिंहपुर के विधायक सीताराम वर्मा को अपने दल बल के साथ में ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने कहाकि करोड़ों शिक्षक, कर्मचारी, अधिकारी के परिवार हितों को ध्यान में रखकर पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल किया जाना चाहिए। अटेवा सुल्तानपुर जिलाध्यक्ष अशोक सिंह गौरा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल द्वारा विधायक सीताराम वर्मा एवं अबरार अहमद को ज्ञापन सौंप कर पुरानी पेंशन बहाली के लिए मांग की गई। इस मौके पर जिला कोषाध्यक्ष अटेवा विवेकानंद मिश्र, जिला मीडिया प्रभारी मनोज प्रभाकर, शिव कुमार जयसवाल, जिला कार्यकारिणी सदस्य राजनाथ, अध्यक्ष दुबेपुर प्रमोद तिवारी, देशराज, संदीप वर्मा, राजेश गौतम, दिनेश कुमार, रमेश जौनपुरी, दिनेश प्रजापति, मेवालाल प्रजापति, शरद सिंह, जसवंत सिंह, संजय मौर्य, शिवेंद्र सिंह, रामजतन यादव, अजय पाल, स्वर्ण प्रताप सिंह, कृष्ण कुमार, विजय बहादुर यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

### पांच पर लगा गुण्डा एक्ट

**गोंडा।** जिला मजिस्ट्रेट मार्कण्डेय शाही ने कानून व्यवस्था को लेकर सख्ती बढ़ा दी है। डीएम ने पांच लोगों के विरूद्ध उप्र गुण्डा नियत्रंण अधि. के तहत कार्यवाही करते हुए जिला बदर कर दिया है। जिला मजिस्ट्रेट शाही ने बताया कि गुण्डा एक्ट की कार्यवाही के तहत दिलावर उर्फदिलशाद पुत्र जाल मो. निवासी नई बाजार कस्बा करनैलगंज, बजेश कुमार उर्फगुड्डन उर्फटुनटुन पुत्र कमला शरन उपाध्याय निवासी बंजरिया परसोहनी कोतवाली मनकापुर, रमेश लोध पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम करियापुरवा गौरिया थाना कटरा बाजार, आशीष बाल्मीकि पुत्र बजरंग निवासी सिविल लाइन थाना कोतवाली नगर तथा बृजेश सिंह पुत्र श्याम सुन्दर सिंह ग्राम बनगांव थाना तरबगंज जनपद गोण्डा के विरूद्ध कार्यवाही की गई है तथा अगले छः महीनों के लिए जिला बदर किया गया है।

### लोक अदालत में सुलह समझौते से निर्णीत हुए 18 वाद

**सुलतानपुर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद न्यायाधीश की संरक्षता मे महिला पखवाड़ा के अनुक्रम में प्रधान न्यायाधीश उत्कर्ष चतुर्वेदी की अध्यक्षता में परिवार न्यायालय से संबंधित वादों को जरिए सुलह समझौता निस्तारित कराए जाने हेतु रविवार को वृहद पारिवारिक लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें सुलह समझौता के आधार पर 18 वादों का निस्तारण किया। इस लोक अदालत में माननीय प्रधान न्यायाधीश श्री उत्कर्ष चतुर्वेदी के आदेशानुसार तथा माननीय समस्त अपर प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय सुल्तानपुर द्वारा कुल 18 वादो को जरिए सुलह समझौता निस्तारित कराया गया। माननीय प्रधान न्यायाधीश द्वारा समस्त पक्षकारों को अपना आशीर्वाद देते हुए कहा गया कि आप अपना जीवन सुखमय पूर्वक मिलजुल कर बिताएं यह जानकारी सतीश कुमार मगन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुल्तानपुर द्वारा दी गई। इस अवसर प्रधान न्यायाधीश उदय भान सिंह, प्रीति श्रीवास्तव, प्रतिभा नारायण एवं पुष्पा सिंह तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुल्तानपुर के सचिव सतीश कुमार मगन उपस्थित रहे।

# टीम भावना के साथ कार्य करें अधिकारीगणः सांसद

● जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति की बैठक सम्पन्न

**श्रावस्ती।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ;दिशाद्ध की बैठक सांसद रामशिरोमणि वर्मा के अध्यक्षता में कलेक्ट्रट सभागार में समपन्न हुई। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि जिले मे सभी अधिकारी टीम भावना के साथ करके जनपद का चहुँमुखी विकास करेंए और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जन.जन को लाभान्वित भी किया जाय और ये भी ध्यान रखा जाय कि कोई भी गरीब असहाय एवं निर्धन व्यक्ति सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ से अछूता न रहने पाये। बैठक की अनुपालन आख्या से सदन को अवगत कराया गया तद्पश्चात बैठक प्रारम्भ हुई पिछली बैठक के अनुपालन आख्या एवं विभागीय कार्यकमों की प्रगति पर चर्चा की गयी। पीएम आवास योजना शहरी के संबंध में परियोजना अधिकारी डूडा राजमुनि द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान वर्ष का विभागीय परियोजना रिपोर्ट आ गयी हैए वर्तमान वर्ष में लाभार्थियों को द्वितीय एवं तृतीय किश्त अवमुक्त कर आवासों को पूर्ण कराया जा रहा है। शिक्षा विभाग के कार्यकमों की चर्चा में निशुल्क पाठ्य् पुस्तकोंए ड्रेसए जूता एवं स्वेटर वितरण के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि बच्चों में स्वेटर वितरण समय से करा दिया गया था। जनप्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि स्वेटर या ड्रेस के वितरण की सूचना नही दी जाती है इस प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुए। डीएम टीके शिबु द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि भविष्य में ड्रेस वितरण करने के पूर्व जनप्रतिनिधियों को भी सूचित करें।

## आरोग्य मेले में बंटा गोल्डन कार्ड

**सुलतानपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.डीके त्रिपाठी ने बताया कि रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के दूसरे चरण का मेला आयोजित किया गया। जिसमें स्वास्थ्य सेवाओ में इलाज, जांच, कोविड-19 जांच व संबंधित जानकारी तथा गोल्डन कार्ड बांटे जाने से यह मेला काफी लोकप्रिय रहा। सीएमओ ने पीएचसी धम्मौर व दूबेपुर का निरीक्षण कर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले की व्यवस्थाओं तथा उपचार आदि की जानकारी ली। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 त्रिपाठी ने बताया कि 07 मार्च को जनपद में समस्त सीएचसी/पीएचसी में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 120 चिकित्सक, 685 पैरामेडिक ने योगदान दिया। जिससे 3139 लाभार्थी को लाभ प्राप्त हुआ, जिनमें 1114 पुरुष, 1704 महिला, 321 बच्चों को चिकित्सा व्यवस्था दी गई, 155 गोल्डन कार्ड, 523 कोविड -19 एंटीजन की जांच की गई।

# धूमधाम से निकलेगी बाबा जगमोहन ईश्वर महादेव की अद्भुत और विशाल शिव बारात

● कन्या विवाह और विशाल नगर भोज व भंडारा भी होगा



**रायबरेली।** सुपर मार्केट स्थित सिद्ध जगमोहनेश्वर महादेव मंदिर चंदापुर धाम में महाशिवरात्रि का पावन पर्व बड़ी धूमधाम एवं श्रद्धा से मनाया जाएगा। बाबा जगमोहन ईश्वर महादेव की अद्भुत एवं विशाल शिव बारात सदर क्षेत्र के कई हिस्सों से होकर गुजरेगी महादेव मंदिर न्यास चंदापुर भवन में प्रेस वार्ता आयोजित करके व्यवस्थापक एवं आयोजक कमेटी के सदस्यों ने बताया वर्षों से आयोजित होने वाली शिव बारात में बड़ी भव्यता के साथ आयोजन किया जाएगा प्रत्येक नागरिक को आमंत्रित किया जा रहा है। भगवान शंकर की अद्भुत बरात को लेकर सारी तैयारियां तेज कर दी गई हैं। व्यवस्थापक आयोजक राघव मुरारका ने बताया 12 मार्च को नगर भोज अयोजिय किया जाएगा। कमेटी ने बताया कि 11 मार्च को दोपहर 2:00 बजे एक विशाल शिव बारात भी विगत वर्षों की भांति निकाली जाएगी। अलग-अलग तरह के बैंड डीजे शामिल रहेंगे या बारात राजकीय इंटर कॉलेज मैदान रायबरेली से दोपहर 2:00 बजे रायबरेली के विभिन्न मार्गों से होकर निकलेगी और रात्रि 9:00 बजे चंदापुर धाम पहुंचेगी। और यही नहीं 11 मार्च को प्रातः 4:00 बजे से जलाभिषेक प्रारंभ होगा तथा इस वर्ष बाबा के दर्शन हेतु 40 फुट ऊंचे दरबार में 12 ज्योतिर्लिंग बनाया जाएगा इस कार्य के लिए कोलकाता और पश्चिम बंगाल से कलाकारों का आना शुरू किया जा चुका है। पूरे मंदिर परिसर को भव्य ताजे फूल एवं लाइटों व घरों की सजावट से सजाया जाएगा।मंदिर परिसर में जयपुर राजस्थान के कारीगरों द्वारा भव्य मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है मुख्य व्यवस्था प्रभारी राघव मुरारका ने बताया कि इस वर्ष मंदिर परिसर में जयपुर राजस्थान के कारीगरों द्वारा भव्य मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है जिसमें राम दरबार हनुमानजी का दरबार जगन्नाथ स्वामी जी का दरबार व लक्ष्मी नारायण जी का दरबार का निर्माण कार्य प्रारंभ है।

# राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की ओर से नारी सशक्तीकरण की पहल

**संवाददाता।** सुलतानपुर

दीनदयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की ओर से राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों की दीदीयों द्वारा विभिन्न उत्पादित सामग्रियों की प्रदर्शनी तथा विक्रय हेतु एक केंद्र की स्थापना विकास भवन परिसर में की गई है। जिसका शुभारम्भ विधायक सुलतानपुर सूर्यभान सिंह एवं विधायक लम्भुआ देवमणि द्विवेदी द्वारा संयुक्त रुप से मुख्य विकास अधिकारी सुलतानपुर अतुल वत्स की उपस्थिति में रविवार को किया गया।

इस केंद्र पर रखे जाने वाले संपूर्ण उत्पाद समूहों की दीदीयों द्वारा निर्मित होगे इसलिये इसका नामकरण के नाम से किया गया है। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त स्वतः रोजगार जितेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा योजना पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए योजनान्तर्गत जनपद की अब तक की उपलब्धि प्रस्तुत की गयी। उन्होंने बताया कि जनपद के समस्त 14 विकास खण्डोंमें योजना इन्टेन्सिव रुप से संचालितहै। योजनान्तर्गत जनपद में अब तक 13801 स्वयं सहायता समूह, 1004 ग्राम संगठन एवं 50 संकुल स्तरीय संघ गठित है।

योजनान्तर्गत 1,51,811 परिवार समूहों से जुड़े है। समूहो में संगठित दीदीयों द्वारा विभिन्न प्रकार की सामाग्रियों का निर्माण किया जा रहा है। जिनकी खपत स्थानीय स्तर पर उपलब्ध बाजारों, विभिन्न जनपदोंध्प्रदेशों में समय-समय पर आयोजित होनेवाले मेलोंध्हाटो इत्यादि में की जार ही है। परन्तु इसका जनपद स्तर पर प्रकटीकरण नही पोरहाथा। इस कमी को दूर करने हेतु विकास भवन परिसर में एक केन्द्र स्थापित किया गया। इस केन्द्र पर रखे जाने वाले सम्पूर्ण उत्पाद समूहों की दीदीयों द्वारा निर्मित होगे इसलिये इसका नामकरण दीदीज शॉपी के नाम से किया गया है।

मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स द्वारा उपस्थित मा0 विधयकगण का कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा इस प्रकार के केन्द्र की स्थापना जनपद के प्रमुख स्थलों पर करने का निर्देश एनआरएलएम टीम को दिया गया। विधायक लम्भुआ की पत्नी रेखा द्विवेदी की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी डॉ.डीआर विश्वकर्मा, परियोजना निदेशक राम उदरेज यादव, उपायुक्त मनरेगा विनय कुमार श्रीवास्तव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी पन्नालाल, जिला प्रोवेशन अधिकारी अशोक कुमार, डीएमएम रामराज, मो.जासेफ नीरज, आशीष, शाशिकांत एवं रामानन्द एवं पत्रकार बन्धु तथा बड़ी संख्या में समूहों की दीदीयों की उपस्थिति रही।

## भाई की मौत पर सदमे से बृद्ध की मौत

**श्रावस्ती।** इकौना थाना अंतर्गत ग्राम इटौंझा गा में उस समय हडकम्प मच गया जब भाई की मौत से दुखी होने पर दूसरे वृद्ध भाई की हृदय गति रुकने से मौत हो गयी। रविवार को गमगीन माहौल में दोनो भाइयों का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया इस घटना ने पूरे गांव को झकझोर दिया। इकौना थाना के ग्राम इटौंझा निवासी 54 वर्सिये बच्छराज पासवान पुत्र आज्ञाराम चौदह वर्षों से थाना धनसौली न्यू मुम्बई मे पाव भाजीए होटल सब्जी आदि की दुकान करते थे ।लाकडाउन मे इटौंझा घर पर रहने के बाद एक मार्च को पुनः मुंबई चले गए थे। तबीयत खराब होने पर उन्हें गुरुवार को अस्पताल मे भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान शुक्रवार को मौत हो गई थी। परिवार के लोग उनका शव मुंबई से पैतृक स्थान इकौना ला रहे थे। ग्राम इटौंझा में मृतक के बड़े भाई 60 वर्षीए परमेश्वर पासवान की भाई के अंतिम संस्कार की लकड़ी कटवा रहे थे। तबियत खराब हो गई जिन्हें आनन फानन में सीएचसी इकौना में लाया गया। चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# रंग पकड़ रहा पंचायत चुनाव

**संवददाता।** सुलतानपुर

**त्रिस्तरीय** पंचायत चुनाव की सरगर्मियां बढने लगी हैं। गांव से लेकर गलियों तक माहौल दिखने लग गया है। चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी की दावेदार अपने समर्थकों के साथ मतदाताओं को लोक-लुभावने वादे करने लगे हैं। यहां तक कंबल, गिफ्ट एवं कोटेदारों के यहां अनाज मुफ्त कर दिए हैं। सीटों के आरक्षण की घोषणा के बाद अब पंचायत चुनाव को लेकर गांवों में सरगर्मियां तेज होने लगी हैं। चुनावी समीकरण बैठाने के लिए चुनावी बिसातें बिछने लगी हैं।

आरक्षण की घोषणा के बाद क्षेत्र की ग्राम पंचायतें पहली बार अनुसूचित जनजाति व अनुसूचित जाति में आने के बाद कई लोगों के चुनाव लड़ने के सपने अधूरे ही रह गए। कई गांवों में पैंतरेबाज दावेदार दूसरे के कंधे पर बंदूक रख मुकाबला करने जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर आरक्षण की घोषणा के बाद नए चेहरे भी चुनाव मैदान में नजर आने लगे हैं। कई पुराने चेहरे भी दोबारा अपनी किस्मत आजमाने को तैयार हैं। गांव की चौपाल भी चर्चा तेज हो गई है।

वहीं कुछ गांवों में मतदाताओं को रिझाने के लिए कोटेदार के यहां अपने हिसाब से वोटों की गिनती करके कार्डधारकों का पैसा जमा करके उन्हें मुफ्त में राशन दिलवा रहे हैं। गरीब तबके के लोगों को रिझाने के लिए तरह-तरह की लालच दी जा रही है। कहीं कंबल बांटते फिर रहे हैं प्रत्याशी तो कहीं दावतों की पेशकश की जा रही है। भदैंया ब्लॉक के एक गांव में दूसरे के कंधे पर बंदूक रखकर दागने की कोशिश में जुटे एक चालबाज ने कोटेदार के यहां पैसा जमा करके कार्डधारकों को राशन मुफ्त करवा दिए हैं। फिलहाल, गांव-गांव के गिने-चुने एवं स्वामिभानी व्यक्तियों को मुफ्त राशन से वंचित किया गया हैं।

# मिशन शक्ति के तहत महिला जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**करनैलगंज( गोंडा )।** करनैलगंज पुलिस द्वारा मिशन शक्ति एवं महिला जागरूकता कार्यक्रम के तहत एक विशाल महिला जन जागृति समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें करीब एक दर्जन स्कूल व कॉलेजों की बालिकाओं को मिशन शक्ति के तहत जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम गोंडा लखनऊ मार्ग पर स्थित सनराइज गार्डन में आयोजित किया गया। जिस के मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उप जिला अधिकारी करनैलगंज शत्रुघ्न पाठक एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी मुन्ना उपाध्याय शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त रूप से याकूब सिद्दीकी अज्म गोंडवी एवं कन्हैयालाल इंटर कॉलेज के शिक्षक अशोक कुमार पाठक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों की बालिकाओं ने नाटक, नृत्य, देशभक्ति गीत के साथ साथ रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही महिला सिपाहियों एवं मिशन शक्ति के पुलिस कर्मियों द्वारा बालिकाओं को उनके शिक्षा और सुरक्षा के प्रति सचेत किया। जागरूक बालिकाओं को कार्यक्रम के दौरान 60 बालिकाओं को प्रशस्ति व प्रसंसा पत्र एवं 30 बालिकाओं को मोमेंटो देकर मिशन शक्ति के तहत सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में पीएस इंटर कॉलेज, कन्हैया लाल इंटर कॉलेज, चित्रगुप्त इंटर कॉलेज, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय करनैलगंज, सरयू बालिका इंटर कॉलेज एवं मदरसा आईटी की छात्राएं शामिल रहीं। यह कार्यक्रम देर शाम तक चलता रहा। देर शाम कार्यक्रम का समापन होने के बाद बालिकाओं को वाहनों से उनके घरों तक पहुंचाया भी गया। कार्यक्रम में नगर के जनप्रतिनिधियों व व्यापरियों के साथ स्कूल के शिक्षकों ने भी हिस्सा लिया। मिशन शक्ति के टीम प्रभारी एसआई अजय कुमार सिंह, अशफाक आलम, संदीप कुमार, अभय प्रताप यादव, ज्योति राजभर एवं सुमन ने बालिकाओं को उनकी सुरक्षा के प्रति सचेत करते हुए जानकारी दी।

## प्रेम स्नेह और आपसी भाईचारा बढ़ाते हैं खेल प्रतियोगिताएंः पूर्व एमएलसी

**बछरावां रायबरेली।** खेल प्रतियोगिताए समाज में प्रेम, सौहार्द और आपसी भाईचारा बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जहां खेल से व्यक्ति का स्वास्थ्य अच्छा बनता है तो समाज में एक दूसरे के बीच सुंदर माहौल भी बनता है उक्त उद्गार भारतीय जनता पार्टी कार्यसमिति के सदस्य पूर्व एमएलसी शिवगढ़ रियासत के राजा राकेश प्रताप सिंह ने बछरावां विकासखंड के सेहंगो गांव में आयोजित दो दिवसीय सरदार वल्लभभाई पटेल वालीबॉल प्रतियोगिता के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। युवा समाजसेवी वरिष्ठ व्यवसाई अमन सिंह दउवा ने कहा कि सेहंगो शहीदों की तपोस्थली है। देश के स्वतंत्रता संग्राम में इस गांव का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। गांव में आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता से युवाओं को अपने खेल की प्रतिभा दिखाने का सुंदर मौका मिला है जिससे प्रतिभाएं निकाल कर बाहर आ सकेगी।

# धनाभाव के चलते नहीं रूकेगा बेटियों का विवाहः रमापति शास्त्री

● 32 गरीब बेटियों के हुए हाथ पीले

**गोंडा।** धनाभाव के कारण प्रदेश के किसी भी गरीब व्यक्ति की बेटी के हाथ पीले होने से नहीं रहेगें। प्रदेश के हर गरीब की बेटी का विवाह प्रदेश की सरकार करा रही है। विगत 04 वर्षों में प्रदेश में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत तीन लाख से अधिक गरीब व्यक्तियों की बेटियों की शादी प्रदेश सरकार द्वारा कराई गई है और आने वाले दिनों में कोई भी ऐसा गरीब व्यक्ति नहीं बचेगा जिसकी बेटी का विवाह पैसे न होने के कारण रूका रहे। यह बातें प्रदेश के मा. कैबिनेट मंत्री समाज कल्याण रमापति शास्त्री ने नगर पालिका नवाबगंज न्यू मैरिज हॉल में समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही।

नपा नवाबगंज कस्बे के न्यू मैरिज हाल मे रविवार को समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत बत्तीस जोडे दांपत्य बंधन के सूत्र मे बंधे। पांच ब्लाक से युगल इसमें शामिल हुए। समाज कल्याण मंत्री रमापति शास्त्री, सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह, डीएम मार्कण्डेय शाही, सीडीओ शंशाक त्रिपाठी, चेयरमैन सत्येन्द्र सिंह समेत अनेक अधिकारी और जनप्रतिनिधिगण इस मौके वर वधू को आशिर्वाद देने समारोह मे पहुंचे। मुख्य अतिथि शास्त्री ने अपने संबोधन मे कहा की मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश भर के कमजोर वर्ग के बेटियों को इस योजना के द्वारा हाथ पीले कराए जाने के फैसले को समाज कल्याण विभाग बखूबी अंजाम दे रहा है। सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम को अविस्मरणीय बताते हुए वर वधू को सफल वैवाहिक जीवन के कुछ सूत्र अपने अनुभव के आधार पर साझा किये।



डीएम मार्कण्डेय शाही ने कहा कि प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आज 32 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया है जिसमें 03 मुस्लिम बेटियां तथा 29 हिन्दू बेटियों का विवाह कराया गया है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा गरीबों की बेटियों के लिए 35 हजार रूपए आर्थिक सहायता के अतिरिक्त पायल, बिछुआ, टंकी, कई तरह के बर्तन, साड़ी, दूल्हे के लिए पगड़ी व दुल्हन के लिए चुनरी सहित डिनर सेट प्रदान किए जा रहे हैं। जनपद में हर ब्लाक से ऐसे गरीब परिवार जिनकी बेटी की आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी हो और आर्थिक तंगी के कारण वे अपनी बेटी का विवाह न कर पा रहे हों, वे लोग प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत पंजीकरण कराएं। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना वर्तमान में सामाजिक समरसता का कार्य कर रही है। हर जाति, धर्म व सम्प्रदाय के लोगों को लाभ मिल रहा है तथा एक ही मण्डप में विभिन्न धर्मों के मानने वाले लोगों की बेटियों की शादियां उनकी रीति रिवाज से कराई जा रही है।

सीडीओ शंशाक त्रिपाठी ने कहा कि बेहतर आयोजन के लिए समाज कल्याण और पंचायत विभाग बधाई के पात्र है। संस्कृत महाविद्यालय के विद्वान आचार्य पण्डित मनोज पाण्डेय के वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य रीति-रिवाज से विवाह सम्पन्न हो जाने के बाद सभी अतिथियों ने मंच से नीचे हाल मे पहुंच कर फूलों की बारिश करते हुए आशीष प्रदान किया और सभी युगलों को विभाग द्वारा दी जाने वाली उपहार सामग्रियां भी भेंट किया। समारोह में समाज कल्याण अधिकारी मोती लाल, सीओ महाबीर सिंह, खण्ड विकास अधिकारी इन्जिनीयर हरी ओम सिंह, सीडीपीओ रमा सिंह, मंत्री के अनुज बाबूलाल शास्त्री, रिटायर्ड प्रोफेसर डा विक्रमा प्रसाद पाण्डेय, सांसद गोण्डा के प्रतिनिधि कमलेश पाण्डेय आदि रहे।

### मुस्लिम कन्याओं का भी हुआ निकाह

**गोंडा।** मैरिज हाल में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम मे तीन मुस्लिम जोडों का भी निकाह पढाया गया। जिनमे नवाबगंज, तरबगंज और बेलसर ब्लाक के एक-एक जोडों के नाम शामिल हैं। नवाबगंज ब्लाक के 17, वजीरगंज के 3, तरबगंज के 4, बेलसर के 7 और मनकापुर के एक जोडे शामिल रहे।

# दलितों के साथ हो गया बड़ा दांव!

## 120 ग्राम पंचायतों के 22 हजार से अधिक दलितों को नहीं मिला आरक्षण

संवाददाता। बस्ती

**पारदर्शी** आरक्षण सूची का ढोलक बजाने वाली भाजपा सरकार के दावे की पोल उन्हीं के अधिकारियों ने खोल कर रख दी है। आरक्षण की सूची जारी होने से पहले डीपीआरओ कार्यालय पर इच्छित आरक्षण लेने के लिए जिस तरह भारी धन की उगाही करने का आरोप लग रहा था। इच्छित सीट पाने के लिए कईयों ने तो मुंह मांगी रकम देने तक का आफर कर दिया था।

सैकड़ों की संख्या में आपत्ति आने से आरोपों को बल मिलता है। मगर जो सबसे अधिक हैरान करने वाली बात यह है कि इस आरक्षण सूची में 120 ग्राम पंचायतों के लगभग 22 हजार दलितों को काफी निराश किया। इन ग्राम पंचायतों के हजारों दलितों को जब से आरक्षण लागू हुआ तब से आरक्षण का लाभ नहीं मिला। पंचायत के छह चुनाव बीतने को है, मगर आज तक 120 ग्राम पंचायतों में इस वर्ग का एक भी व्यक्ति या महिला प्रधान नहीं बन सकी। इस बार के चुनाव में इन लोगों को उस समय उम्मीद बंधी थी, जब सरकार ने आरक्षण की गाइड लाइन जारी करते हुए कहा था, कि इस बार उन ग्राम पंचायतों को एससी आरक्षण का लाभ सबसे पहले मिलेगा जो ग्राम पंचायत अभी तक एससी के आरक्षण से वंचित रही है।

मगर इस बार भी हजारों दलितों का सपना पूरा नहीं हुआ। उक्त ग्राम पंचायतों में अच्छी खासी संख्या होने के बावजूद दलितों को आरक्षण का लाभ न मिलना पूरी आरक्षण प्रकिया को ही सवालों के कटघरें में खड़ा कर दिया है। आरक्षण का लाभ पाने से वंचित रहने वालों में सबसे अधिक विक्रमजोत और परसुरामपुर के 24-24 ग्राम पंचायतें हैं।

**इन ग्राम पंचायतों के दलितों को तक नहीं मिला आरक्षण का लाभ**

हर्रैया के ग्राम अमारी 97, भैरोपुर 126 एवं मझौवाकुवंर 148, साउंघाट के बागडीह 129, मझौवा जगत 170 एवं मझौवामीर 319, सल्टौआ के आमा द्वितीय 299, अजगैवाजंगल 844, अमरौली सुमाली 852, बहेरिया 219, बेतौहा 147, भीतरी पचानू 197, दसिया 324, देईपार खुर्द 225, जगदीशपुर 54, जाता 189, ककरहिया 102, केवटाखोर 155, खरहरा जस्ती 116, पुरैना 196, साड़ी कल्प 218 एवं शेखुई 117, विक्रमजोत के अकवारा 190, छितौना 91, फरेंद्रा 148, खमहरिया 62, मड़ना माझा 96, माझाकिता अव्वल 90, मलौली गोसाई 164, पैकोलिया 89, रानीगांव 27, शेरवाडीह 151, सोनबरसा 298 विक्रमजोत 146, रुधौली के बजहा 143, बरगदवा 240, बारीजोत 209, भुसड़ी उर्फ रायनगर 203, बिजलपुर 214, डडवा भैया 152, धनसी 71, डुमरी 207, सेहुडाकला 264 एवं मल्हवार 323, रामनगर के आदमपुर 207, असनहरा 250, असनहरी 171, बडौगी 227, बारहकोनी 191, भीवापार 151, छितिरगांवा 209, धवाय 551, खाजेपुर 145, खम्हरिया पश्चिम 186, मैलानी उर्फ हिंदु नगर 54, मोहम्मदनगर 84, नौवागांव 169, नरकटहा 45, परसाखुर्द बुजुर्ग उर्फ दरियापुर जंगल 712, परसाकुतुब 309, पटवरिया 257, रामनगर 427, सिलवटिया 98, तेनुआ असनहरा 505एवं थुम्हवापांडेय 161, सदर ब्लॉक के बनतला 48, भूपालपुर पांच, चंदोखा 70, हवेलीखास 56 एवं खौरहवा 29, परसुरामपुर के अचरौल 114, अहिरौली 95, बैजलपुर 209, भटिनिया 52, हैदराबाद 241, जगदीशपुर 123, जगन्नाथपुर 394, खमहरिया 111, खंडवा कुंवर 124, कोहराएं 248, लोहरौली प्रथम 53, मदनापुर 165, महेवा सरहदी 121, मिश्रौलियाधीष 182, मुकुंदपुर 170, नागपुर टिकैत 269, नारायनपुर 216, परसरामपुर 185, रघुपुर 120, रोहदा 91, सेहरिया प्रथम 137, सिंकदरपुर 573, तल्हवापुर 149 एवं तिरुखा 124, गौर के एकटेवा 39, बैदोलिया 99, धधरिया 75, हलुवा 250, कुर्दा 311, करनपुर षून्य, माझामानपुर 222, मझौआ दूधनाथ 209, मझौवा चौधरी 123, पैकोलिया मुस्लिम छह, मझौआ चौधरी 123 एवं सुजिया 164, कुदरहा के माझाकला 147, लालगंज 209, माधवपुर 142, अकेला कुबेरपुर 52, गंगापुर 32 एवं हरखोरिया उर्फ मटियरिया 70, कप्तानगंज के ग्राम पंचायत महादेवरी में 218 और बहादुरपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत भरवलिया में दलितों की संख्या तीन है। इस तरह जिले के 120 ग्राम पंचायतों के लगभग 22 हजार दलित प्रधान पद के लिए आरक्षण से वंचित है।

# मुख्यमंत्री ने 27 विद्युत उपकेन्द्रों का किया लोकापर्ण व शिलान्यास

## लोकार्पित होने वाली परियोजनाओ में 132 केबी के अहरौरा व कछवा विद्युत उपकेन्द्र भी शामिल

संवाददाता। मीरजापुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास लखनऊ पर वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से विद्युत प्रणाली के सुदृढ़ीकरण हेतु उत्तर प्रदेश पावर ट्रांस्मिशन कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा 1920 करोड़ की लागत से 200/132/33 केबी की प्रदेश के विभिन्न जिलो के 27 विद्युत उपकेन्द्रो लोकापर्ण एवं शिलान्यास किया लोकार्पित होने वाले परियोजनाओं में जनपद मीरजापुर के 132 केबी के अहरौरा एवं 132 केबी कछवा विद्युत उपकेन्द्र भी शामिल है। इस असवर पर मुख्यमंत्री के साथ ऊर्जा मंत्री श्रीकान्त शर्मा ऊर्जा, राज्य मंत्री राज्यमंत्री रमाशंकर पटेल, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न जिलों के सांसद व विधायक से वार्ता भी की गयी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प आत्मनिर्भर भारत की दिशा मे प्रदेश को निर्वाद रूप से ट्रिपिंग फ्री बिजली उपलब्ध करायी जा रही है उसी के क्रम में प्रदेश मे 27 और उपकेन्द्रों का लोकापर्ण एवं शिलान्यास किया गया। उन्होने कहा कि प्रदेश मे बिना भेद भाव के प्रत्येक क्षेत्र में निर्धारित रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति की जा रही है जिससे किसानो की लागत कम खर्च मे अधिक उत्पादन को बढ़ाने का काम किया जा रहा है। उन्होने यह भी कहा कि बिजली से सम्बन्धित शिकायतों को दर्ज कराने के जिले टोल फ्री नम्बर जारी किया गया, जिससे ग्रामीण व शहरी क्षेत्रो मे रहने वाले लोगो के शिकायतो का निस्तारण त्वरित गति से करते हुये बिजली के समस्याओ का निदान किया गया। मुख्यमंत्री ने बिजली विभाग अधिकारियो कर्मचारियो की प्रशंसा करते हुये कहा कि कोविड-19 लाकडाउन के दौरान जब लोग घरो मे बैठे हुये थे तब विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा निर्वाद रूप से विद्युत आपूर्ति किया गया जिससे लोगो को लाकडाउन के दौरान काफी राहत मिला है इसके अलावा कोविड अस्पालो एवं टेलीमेडसिन सहित अन्य स्वास्थ सुविधाओ बनाने मे विद्युत विभाग का बड़ा योगदान रहा है।

## नदी अधिकार यात्रा का कांग्रेस कार्यकर्ता ने किया जोरदार स्वागत

**मिर्जापुर।** जिला काग्रेस कमेटी ने पार्टी के राश्टीय महासचिव द्वारा इलाहाबाद मल्लाह केवट बिंद निषाद भाइयों के नाव को तोड़ने के विरोध में पदयात्रा चल रहा है जिसका स्वागत जिले में पार्टी के जिलाध्यक्ष शिव कुमार पटेल अध्यक्ष ने यात्रा का पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष भगवती प्रसाद चौधरी, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन मंत्री अनिल यादव, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं मिर्जापुर मंडल के प्रभारी मकसूद खान, देवेन्द्र निषाद, ओम प्रकाश ठाकुर, पीसीसी सदस्य शिव शंकर चौबे, राजधर दुबे, शहर अध्यक्ष राजन पाठक, जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता छोटे खान, अमिताभ पाण्डेय, दिनेश चौधरी, रोहित कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# जांच के नाम पर नतीजा सिफर

## धौरहरा ग्राम पंचायत के डिडईमाफी में बिना कार्य कराए धन के बंदरबांट का मामला

संवाददाता। बस्ती

**विकास** खण्ड रामनगर के धौरहरा ग्राम पंचायत के डिडईमाफी में इंटरलाकिंग कार्य ना कराकर कागजो में कार्य पूरा दिखाकर सरकारी धन का बंदरबांट कर लिया गया। इंटरलाकिंग, मिट्टी पटाई, सफाई, खडण्जा कार्य के नाम पर ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक, ग्राम पंचायत अधिकारी, तकनीकी सहायक पर सांठगांठ कर सरकारी धन का लूट खसोट करने की शिकायत की गई। मनरेगा श्रमिकों और सामाग्री के नाम पर धन आहरित कर लिया गया। जब की मौके पर कार्य कराया ही नहीं गया। डीएम से शपथपत्र के साथ धौरहरा ग्राम पंचायत निवासी अमरूल्लाह, श्यामनाथ सोनी ने षिकायत की। शिकायत बाद डीएम ने सीडीओ और डीपीआरओ को मामले की जांच के लिए शिकायती पत्र प्रेषित किया। डिडईमाफी गांव में तिलकराम के घर से राम जियावन के घर तक इंटरलाकिंग कार्य न कराकर भुगतान ले लेने के मामले की जांच एडीओ पंचायत बृजेश कुमार त्रिपाठी को सौपी गई। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जांच के लिए उसने कई बार स्वयं मिलकर जांच अधिकारी से अनुरोध किया, लेकिन वे कोई ना कोई बहाना बनाकर जांच टालते रहे। जांच के लिए तेल के नाम पर उससे पहले 800, फिर एक हजार और पांच 500 रुपये लिए, लेकिन जांच के लिए नहीं आए। जांच के लिए बार-बार कहने के बाद ऊपर के अधिकारियों और बच्चों के नाम पर 50 हजार रुपए की मांग की। शिकायतकर्ता का कहना है कि इसकी रिकार्डिंग उसके पास मौजूद है। कमिश्नर को इस बावत शिकायती पत्र देते हुए जांच के नाम पर रुपया मांगने और जांच को टालने वाले एडीओ, पंचायत प्रशासक सल्टौआ के विरूद्ध विधिक कार्रवाई करने की मांग की है।

# बी व डी श्रेणी प्राप्त योजनाओं में प्रगति लाएं अधिकारी: डीएम

संवाददाता। बस्ती



**मुख्यमंत्री** की प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों में बी और डी श्रेणी प्राप्त योजनाओं में प्रगति लाने का डीएम सौम्या अग्रवाल ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है। विकास भवन सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में पाया कि 64 योजनाओं में से 53 में ए श्रेणी, 4 में बी तथा 7 में डी प्राप्त हुई है। जिला प्रदेश में आठवे स्थान पर है। भूमि विकास बैंक द्वारा वितरित ऋण के अनुसार 70 लाख रूपये की वसूली करने, 1185 में से 900 सामुदायिक शौचालय निर्माण पूरा होने, 15 हजार पशुओं की ईयर टैंगिंग होने, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अन्तर्गत लाभार्थियों के आवेदन में त्रुटियों को ठीक कराने, आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनवाने, पंचायत भवनों का निर्माण कराने, गोवंशीय पशुओं का संरक्षण करने, मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत निर्माणाधीन 101 आवासों को पूर्ण कराने पर ए श्रेणी प्राप्त हो सकेगी। समीक्षा में पाया कि सरकारी विभागों का विद्युत बिल बकाया लगभग 39 करोड़ रूपया है, जिसमें जल निगम, बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूल, पंचायती राज आदि विभागों का बकाया सर्वाधिक है। समीक्षा के दौरान विक्रमजोत ब्लाक में 4 कोटे की दुकान के लिए कोटेदार का चयन 15 मार्च के पूर्व पूर्ण कराने, उपायुक्त उद्योग को मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के चयनित लाभार्थियों को शतप्रतिशत ऋण वितरण कराना सुनिश्चित करने, श्रम प्रवर्तन अधिकारी को छूटे हुए श्रमिको का पंजीकरण, नवीनीकरण, प्रधानमंत्री श्रमधन योजना में अधिक से अधिक श्रमिको को आच्छादित करने का निर्देश दिया।

# पारिवारिक मामलों के निस्तारण के लिए वृहद लोक अदालत का आयोजन

संवाददाता। मीरजापुर

**राष्ट्रीय** विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशन में अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला पखवारा मनाये जाने हेतु जनपद न्यायाधीश लाल चन्द गुप्ता के आदेशानुसार महिलाओं के हितार्थ पारिवारिक मामलों के निस्तारण के लिए गत दो से सात मार्च तक वृहद लोक अदालत का आयोजन पारिवारिक न्यायालय में किया गया। पारिवारिक न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश दिवाकर प्रसाद चतुर्वेदी ने बृहद लोक अदालत में सुलह - समझौता के आधार पर श्रीमती रिता देवी-चन्द्रदीप हेला, गीता देवी-बब्बू एवं मीरा देवी-भानू मिश्रा को पति के साथ रहने के लिए राजी किया और अनिता मौर्या-सूरज मौया, शीला-अमरनाथ, सत्यमिन्दर-विनय कौर एवं अमरनाथ-शीला के मामलों में सुलह के माध्यम से (विवाह-विच्छेद), एक मुस्त भरण -पोषण राशि दिलाने और अलग-अलग रहने को राजी हुए । उन्होने बताया कि महिलाओं के पारिवारिक मामलों में प्रतिदिन न्यायालय समय में कौन्सलिंग सुलह . समझौता काउंसलर द्वारा वार्ता कराया जाता है। पीडित महिला अपन-अपने मुकदमों में कौंसलिंग सुलह- समझौता कराकर लाभान्वित हो सकती है। पूर्ण कालिक सचिव अमित कुमार यादव-द्वितीय ने उपस्थित पति -पत्नी को एक साथ रहने हेतु सुझाव देते हुए बताया कि प्रत्येक घर में छोटे-मोटे विवाद होते रहते है किन्तु उसे दिल से नहीं लगाना चाहिए जिससे घर की बात न्यायालय तक पहुचेए उसे आपस में घर पर ही बैठकर प्यार से समझ लेना चाहिए । वृहद लोक अदालत में सुलह-समझौता न्यायालय में नियुक्त काउंसलर द्वारा कराया गया।

# युवाओं को स्वरोजगार के लिए चलाया जाएगा जागरूकता अभियान: रामकुमार

## अखिल भारतीय राष्ट्रीय स्नातक संघ की कार्यशाला सम्पन्न

संवाददाता। संतकबीरनगर



**जनपद** स्तरीय बैठक अखिल भारतीय राष्ट्रीय स्नातक संघ, के जिलाध्यक्ष राम कुमार सिंह के अध्यक्षता में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। संगठन के उददेश्य पर प्रकाश डालते हुए राम कुमार सिंह ने कहा कि यह भारत का केंद्रीय स्नातकों का संगठन है। इसकी स्थापना स्वामी विवेकानंद की जयंती पर गत 12 जनवरी 2019 को हुई। इसके तहत जिले व ब्लॉक स्तर तक के टीम का गठन कर दिया गया है। स्वरोजगार मेले की कार्ययोजना बनाई जा रही है। युवाओं को स्वरोजगार के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश पांडेय ने बताया की यह देश का पहला स्नातक किए या कर रहे युवाओं का संगठन है जो किसी राजनीतिक दल की इकाई नहीं, बल्कि स्नातकों का, स्नातकों के लिए, स्नातकों द्वारा संचालित अपने में एक स्वतंत्र संगठन है। अन्य संगठन सरकार से केवल मांग करते हैं, धरना प्रदर्शन करते हैं, जातिवाद या धर्म के नाम पर बनाए जाते हैं, जो समाज को केवल बांटने का कार्य करते हैं, उनके लिए राष्ट्रहित प्रिय नहीं स्वार्थ प्रिय होता है। वह केवल अपने स्वार्थ सिद्ध करने के लिए बनाए जाते हैं और स्वार्थ सिद्ध होते ही संगठन निष्क्रिय हो जाते हैं। हमारे देश का विकास आने वाली पीढ़ी पर निर्भर है, किसी देश की उन्नति सबसे अधिक उस देश के युवा पीढ़ी के कंधों पर होते हैं, वर्तमान पीढ़ी भारत के भविष्य का निर्माण करेंगे। आज कोई भी ऐसा देश नहीं जो भारत जैसी बड़ी आबादी वाले युवाओं को रोजगार दे सके।

## समग्र मानवाधिकार एसो. की समीक्षा बैठक संपन्न

**मीरजापुर।** नगर के संग मोहाल स्थित रतन गंज जूनियर हाई स्कूल में समग्र मानवाधिकार एसोशिएशन की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुआ। बैठक में मुख्य रूप से समाज में फैले हुए धर्म जाती ऊंच-नीच जैसी कुरूतियों को समाप्त करने के लिए विशेष अभियान चलाकर भारतीय समाज को मजबूत किया जायेगा। सर्व समाज को जागरूक कर समाज जोड़ने का कार्य किया जाएगा।

संस्था के सभी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित समाजसमाज में एक दूसरे को जोड़ने का कार्य किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्था के राष्ट्रीय चेयरमैन बीयू अंसारी ने कहा की ऐसा कार्य करने से समाज मजबूत होगा तथा देश मजबूत होगा। राष्ट्रीय प्रवक्ता कुतुबउद्दीन अंसारी ने कहा कि खुद को बदलने के बाद ही समाज को बदला जा सकता है। उक्त कायक्रम में रीता गौतम, पिंकी देवी, सुनीता देवी, रीतिका पुरवार, शुभांजीज अग्रवाल, रजत पांडेय, गुलाम कादिर, कैलाश भारती, पर्मेश दुबे, लालवर्ति सिंह आदि मौजूद रहे।

# एक दूजे के हुए 98 जोड़े




संवाददाता। बस्ती

**मुख्यमंत्री** विवाह समारोह का आयोजन रूधौली मण्डी समिति परिसर में आयोजित किया गया। 98 जोड़ों का परम्परागत ढंग से धूमधाम से विवाह और निकाह सम्पन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार एवं मौलवियों द्वारा निकाह के मंगलकामनाओं की गूंज परिसर में बनी रही। विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि वे नए जीवन में प्रवेश कर रहे हैं, उन्हें खुशहाली मिले। प्रदेश सरकार गांव, गरीब, किसान, मजदूरों आदि के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। सामूहिक विवाह के आयोजनों से लोगों का धन बच जाता है।नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद के साथ ही गृहस्थी के जरूरी सामान भी उपलब्ध कराए गए। विधायक के मीडिया प्रभारी अमर सोनी ने बताया कि कार्यक्रम में क्षेत्र पंचायत सल्टौआ गोपालपुर के प्रमुख अशोक मिश्र, रामनगर के प्रमुख रामनरेश चौधरी, रूधौली प्रमुख श्रीमती तीर्थ देवी, उप जिलाधिकारी नीरज पटेल, विमल चौधरी, मंजू त्रिवेदी, विधायक प्रतिनिधि विजय उर्फ राजू पाण्डेय, मनोज सिंह, जयेश प्रताप जायसवाल, महेश सिंह, उमेश ठाकुर, राकेश चौरसिया, विकास शर्मा, विद्यामणि, प्रत्युष विक्रम सिंह, विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों, क्षेत्रीय सम्भ्रान्त नागरिकों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। दिन भर रूधौली मण्डी समिति परिसर में विवाह की चहल पहल रही। नात रिश्तेदार भी आयोजन में बड़ी संख्या में शामिल रहे।

## नपा का कारनामा चंद दिनों में ही बदल दिया मालिकाना

संवाददाता। बस्ती

**पीड़ित** इद्रावती देवी पत्नी चंद्रिका प्रसाद के परिवार की माने तो उनकी माता के नाम मकान नंबर 1601 पता सिविल लाइन नगरपालिका में वर्ष 2011 से दर्ज चला रहा है। वह पिछले 11 सालों से वाटर और हाउस टैक्स जल देते आरहे है। अचानक पता चलता है कि पालिका के रिकार्ड में उनके विरोधी रामरति पत्नी त्रिभुवन प्रसाद के नाम दर्ज हो गया, वह भी बिना किसी सक्षम अधिकारी के आदेष के। पता चलाकि पालिका के रजिस्टर में उनकी माता के स्थान पर माह नवंबर 20 में दर्ज कर दिया। क्यों और कैसे दर्ज हुआ, इसकी जानकारी कोई नहीं दे रहा है। उन्होने बताया कि उन लोगों ने इसकी शिकायत ईओ से की है। कहा कि अगर पालिका ने उनकी पत्नी का नाम दर्जकर विरोधी का नाम नहीं निरस्त किया तो सबको कोर्ट में घसीटूगां।

# महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान को लोगों को आगे आने की जरूरत

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस**

## हर क्षेत्र में अपना नाम बनाने में सक्षम हैं महिलाएं

संवाददाता। सोनभद्र

**महिलाओं** को आत्मनिर्भर बनाने तथा उनके सुरक्षा व सम्मान के लिए जिले में तमाम योजनाएं संचालित हैं। नारी सशक्तिकरण के साथ ही विशेष मिशन शक्ति व राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत महिलाओं को उनके हक और अधिकार के प्रति जागरूक किया जाता है। लेकिन कई क्षेत्रों में आज भी महिलाओं को भेदभाव व लैंगिक असमानता का शिकार होना पड़ता है। ऐसे में उनको इन परिस्थितियों से उबारने के लिए लोगों को आगे आने की आवश्यकता है। जिससे उन्हें मानसिक व शारीरिक रूप से संपूर्ण आजादी मिल सके। विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान प्रशंसा और प्यार प्रकट करने हेतु आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। समाज, राजनीति, संगीत, साहित्य व शिक्षा के क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने हेतु उन्हें इस दिन सम्मानित भी किया जाता है।पहले महिलाएं अपने हक में कम बोलती थी लेकिन आज महिलाओं ने स्वयं की शक्ति को पहचान लिया है और काफी हद तक वह अपने अधिकारों के लिए लड़ना भी सीख लिया है। आज महिलाओं ने साबित कर दिया है कि वह हर क्षेत्र में अपना नाम बनाने में सक्षम है। हमारे देश में महिलाओं को शिक्षा व वोट देने का मौलिक अधिकार प्राप्त है। अब धीरे धीरे परिस्थितियां बदल रही हैं जिससे देश में आज महिलाएं आर्मी, एयरफोर्स, आईटी, इंजीनियरिंग, चिकित्सा, राजनीत, साहित्य व खेल जैसे क्षेत्रों में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। महिलाएं समाज में सामाजिक व्यवहार परिवर्तन संचार के माध्यम से रूढ़ीवादी मान्यताओं को दूर करने के लिए सकारात्मक भूमिका निभा रही हैं। साथ ही साथ संचालित योजनाओं से लाभान्वित हो कर आत्मर्निभर बन कर दूसरों के लिए प्रेरणास्रोत बनी है।

**पुनम को मिली नई किरण**

पूनम देवी चोपन विकास खंड के बिल्ली मारकुंडी की रहने वाली है वर्ष 2014 में वह समूह सखी से जुड़ी। शुरुआती दौर में उन्हें काफी संघर्षों का सामना करना पड़ा लेकिन मेहनत व लगन से काम किया तो उन्हें कुछ समय पश्चात ब्लॉक रिसोर्स पर्सन के रूप में प्रशिक्षण देने का कार्य सौंपा गया। पूनम देवी बताती हैं कि वह समूह से ऋण लेकर बच्चों को अच्छी शिक्षा दी और सिलाई मशीन खरीद कर सिलाई करना शुरू किया। बाद में बैग भी बनाने का कार्य किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2016 में क्षेत्र में संयुक्त संघ बना जिसमें उन्हें मास्टर बुक कीपर के पद पर तैनात कर लिया गया उन्होंने बताया कि जब समूह नहीं था तब गांव के ग्रामीण महिलाओं के पास पैसा नहीं था। लेकिन उन्हें प्रेरित करते हुए स्वयं सहायता समूह से जोड़ा गया तो वह ऋण लेकर आत्मनिर्भर बनने लगी और समूह के चलते उनकी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हो गया है।

# जब प्रभु वन को निकले तब पूरी अयोध्या हो गई वीरान

संवाददाता। सोनभद्र

**जीव** जन मानव सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में यज्ञाचार्य पं. नीरज कुमार मिश्र के आचार्यत्व में अन्यान्य स्थानों से पधारे हुए आचार्यों गणों द्वारा श्री हरि हर: द्वादश ज्योतिर्लिंग महायज्ञ एवं श्रीराम चरित मानस कथा में प्रतिदिन के अनुसार भगवान का पूजन हुआ। भक्तों द्वारा यज्ञ मंडप की परिक्रमा लगाई गई। यज्ञाचार्य पं. नीरजानंद शास्त्री ने बताया कि श्री हरि हर: यज्ञ में प्रमुख यजमान अनिल कुमार शुक्ल सपत्निक रहे। काशी से पधारी कथा वाचिका बाल व्यास आराधना चतुर्वेदी ने सायं कालीन कथा के सत्र में भगवान के विवाह के बाद के उत्साह का वर्णन किया। विवाह के अवसर पर सभी को प्रसाद रूप में चूड़ी, बिंदी, सिंदूर बांटा गया। अयोध्या में वधू आने के बाद छह माह तक विवाहोत्सव मनाया गया। रामजी को युवराज बनाने की बात चली और राज्याभिषेक की तैयारी होने लगी परंतु राम जी का भाव ऐसा था कि जब सभी भाई एक साथ जन्मे साथ ही शिक्षा दीक्षा हुई यहां तक कि विवाह भी साथ ही सम्पन्न हुआ। परन्तु यह रीति कि बड़ा भाई राजा व छोटा भाई सेवक बने यह तो ठीक नहीं है बल्कि होना तो यह चाहिए कि छोटे भाई को राजा बनाना चाहिए। जिससे उसकी गरिमा बढ़े क्योंकि बड़ा भाई तो पहले ही बड़ा है और कह सकता है मैं राजा का बड़ा भाई हूँ। राज्याभिषेक के स्थान पर जब वनवास मिला उस समय भी उनके मुखमंडल पर मुस्कान थी। अयोध्या से जब प्रभु वन को निकले तब पूरी अयोध्या वीरान हो गयी। भरत चरित्र की कथा सुन कर सभी श्रोता भावविभोर हो कर रोने लगे। यज्ञ मे मनीष त्रिपाठी, संरक्षक कपिल मुनि मिश्र आदि मौजूद रहे।

# विशेष लोक अदालत में छह महिलाओं के वाद का निस्तारण



संवाददाता। संतकबीरनगर

**उत्तर** प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार महिला पखवारा के अनक्रम में रविवार को विशेष लोक अदालत आयोजन हुआ। जिसमें विशेष रूप पारिवारिक एवं महिलाओं से सम्बंधित वादों का निस्तारण किया गया। महिला दिवस के पूर्व आयोजित विशेष लोक अदालत जनपद एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महफूज़ अली की अध्यक्षता में तथा प्रधान न्यायाधीश शकील अहमद खां के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा परिवार न्यायालय परिसर में पारिवारिक मामलों हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन हुआ। प्राधिकरण के सचिव/सिविल जज सीनियर डिवीजन सत्य प्रकाश आर्य ने बताया कि इस विशेष लोक अदालत में प्रधान न्यायाधीश की कोर्ट में छह मुकदमे लगाए गए, जिसमें से तीन का निस्तारण किया गया।

# महिलाओं की ताकत को सब करेंगे सलाम

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

**संवाददाता**। देवरिया



**अंतरराष्ट्रीय** महिला दिवस के अवसर पर मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत कल 8 मार्च को टाउन हॉल ऑडिटोरियम में महिला सशक्तिकरण एवं जन जागरूकता से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे। साथ ही विद्यालयों में चौपाल आदि आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के आयोजन हेतु अधिकारियों को इसके सफल क्रियान्वयन के लिए सभी तैयारियों को सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। यह जानकारी जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन देते हुए बताया है कि तय कार्यक्रम अनुसार प्रात: 8 बजे राजकीय इंटर कॉलेज के परिसर से सीएमओ कार्यालय तक जन जागरूकता रैली निकाली जाएगी। पूर्वान्ह 10 बजे से सायं 5 बजे तक मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से आवेदन हेतु नि:शुल्क पंजीयन कैंप का आयोजन टाउन हॉल ऑडिटोरियम में किया जाएगा। टाउन हॉल ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले विविध कार्यक्रमों के विवरण में उन्होंने बताया कि किशोरी क्लब हेतु 20 ग्राम पंचायतों को स्पोर्ट्स किट महिलाओं में वितरित किया जाएगा। मिशन शक्ति कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को सम्मानित किया जाएगा एवं नुक्कड़ नाटक, कठपुतली नृत्य का भी आयोजन होगा। सभी तहसीलों के उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदारए महिला राजस्व कर्मियों एवं महिला लेखपालों को भी सम्मानित किया जाएगा। वरासत अभियान के दौरान दर्ज महिला, खातेदारों, महिला सह खातेदारों को खतौनी की नकल वितरण इस दौरान भी की जाएगी। बालिकाओं तथा महिलाओं को आत्मरक्षा से संबंधित प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। प्रदर्शनी व स्टेक होल्डर्स को जागरूक किए जाने का भी कार्य किया जाएगा। महिलाओं एवं बालिकाओं के नाम से वृक्षारोपणए वन स्टॉप सेंटर सहित अन्य स्थानों पर इस दिवस पर कराया जाएगा। पूर्वान्ह 9 बजे से शाम 5 बजे तक विद्यालयों में महिला जागरूकता से जुड़े चौपाल कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। टाउन हॉल ऑडिटोरियम में महिला सफाई कर्मियों, प्रत्येक नगर पालिका परिषद से एक एक.एक तथा जिला पंचायत से 4 महिला सफाई कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। टाउनहाल ऑडिटोरियम में आयोजित जन जागरूकता कार्यक्रम में भ्रूण हत्या रोकने एवं प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजनाओ के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जाएगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्तिओं एवं सुपरवाइजर को भी प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर सभी विभागों के स्टाल व प्रदर्शनी लगाई जाएगीए जिसके लिए जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने विभाग की स्टाल व प्रदर्शनी अनिवार्य रूप से लगायेगे। सायं 4 से 5 बजे

## महिलाओं के लिए विशेष लोक अदालत

**देवरिया** । रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व संध्या पर जनपद न्यायालय के पारिवारिक न्यायालय में महिलाओं के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश रवि नाथ ने फीता काटकर तथा माँ सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के सचिव न्यायाधीश शिवेन्द्र कुमार मिश्र ने कहा कि महिलाओं के लिए विशेष लोक अदालत में कुल 28 पारिवारिक मुकदमों का निस्तारण परिवार न्यायालय द्वारा किया गया जिसमें लोक अदालत का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश रवि नाथ ने फीता काटकर तथा मॉ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया।

## काफी सुविधाजनक है जनऔषधि केन्द्र



**मऊ**। प्रधानमंत्री जन औषधि दिवस पर जिला अस्पताल में रविवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के केंद्र संचालकों व लाभार्थियों से संवाद स्थापित किया। इस दौरान लोगों ने बड़ी सादगी से पीएम का संबोधन सुना। घोसी विधायक विजय राजभर ने कहा कि जनपद में इस समय कुल दस जन औषधि केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। यहां पर गरीब लोगों को न्यूनतम दर पर सभी दवाएं आसानी से मिल रही है। प्रधानमंत्री की यह योजना गरीबों के लिए वरदान साबित हो रही है। बताया कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए केंद्र और राज्य सरकार पूरी तरह संकल्पित है। अस्पतालों में जितनी सुविधाएं मिलनी चाहिए वह लोगों को दी जाएगी।

## समाज सेवा का संदेश देता है एनएसएस

**सकलडीहा,चन्दौली**। सकलडीहा पीजी कॉलेज में रविवार से सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना कैम्प शिविर का उद्घाटन हुआ। बतौर मुख्य अतिथि प्रोफेसर डाण् आरिफ विभागाध्यक्ष राजनित शास्त्र महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ ने मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यापर्ण कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। इस दौरान एनएसएस के उद्देश्य से स्वंय सेवकों को विस्तार से जानकारी दी। उद्घाटन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुएबतौर मुख्य अतिथि प्रोफेसर डा. आरिफ विभागाध्यक्ष राजनित शास्त्र महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना एक संकल्प है। यह एक समाज सेवा है। वही विशिष्ठ अतिथि प्रोफेसर डा. शिव सहाय सिंह यादव ने कहा कि एनएसएस समाजिक कुरितियों को दूर करने का संदेश देता है। इसके पूर्व डाण् अरूण उपाध्याय ने कहा कि राष्ट्रीय एकता और अंखडता का संदेश मिलता है। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना और अतिथिगण द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया।

## जनपद प्रभारी मंत्री का आगमन आज

**देवरिया**। जनपद प्रभारी मंत्रीध्कृषि विपणन व उद्यान राज्यमंत्री श्रीराम चौहान कल 8 मार्च को जनपद में आयेगें। प्राप्त प्रोटोकाल कार्यक्रम अनुसार श्री चौहान पूर्वान्ह 11.30 बजे देवरिया आयेंगे। तदुपरांत टाउन हॉल ऑडिटोरियम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाए बालिकाओंध् कार्मिकों को सम्मानित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। इसके उपरांत अपरान्ह 01045 बजे निरीक्षण भवन देवरिया में जाएंगे । अपरान्ह 3 बजे संतकबीर नगर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

## श्रद्धा के साथ मना 22 रजब का पर्व

**जौनपुर**। 22 रजब को इमामे जाफर सादिक की नजरो नियाज पर मुस्लिम मुफ्ती मोहल्लाए मखदूम शाह अढ़नए पान दरीबाए बलुआ घाटए सिपाहए कटघरा में चहल.पहल नजर आयी। लोगों ने भाईचारे का सबूत देते हुई एक.दूसरे घर पहुंचकर मीठे पकवान सहित अन्य व्यंजनों को खाया। साथ ही देश की खुशहाली और अमन की दुआ किया। इस मौके पर शिया सुन्नी मुसलमानों के अलावा अन्य धर्मावलम्बी जिनकी मन्नतें पूरी हुईंए उन्होंने भी नजर में शिरकत की जिससे कौमी एकता मजबूत हुई। शेख नूरुल हसन मेमोरियल सोसायटी चहारसू मखदूम शाह अढ़न में नजर का आयोजन हुआ जहां समाजसेवी वरिष्ठ नेता सैय्यद परवेज हसन, तहसीन अब्बास सोनी,नासिर रजा गुड्डू, सैय्यद असलम नकवी,शाकिर अब्बास, कुमैल, हसन रिजवी उपनिरीक्षक मछलीशहर आदि उपस्थित रहे।

## दीपचन्द का सपाइयों ने किया भव्य स्वागत

**जौनपुर**। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के समक्ष समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण वाले दीपचंद्र राम का रविवार को नगर पालिका परिषद के मैदान पर स्वागत किया गया। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष लाल बहादुर यादव ने कहा कि दीपचंद्र को सपा में आने से पार्टी जौनपुर सहित पूर्वांचल में बहुत मजबूत होगी। आज जहां इन्होंने विभिन्न जिलों के काशीराम बहुजन दल के सभी पदाधिकारियों का सपा विलय करने पर बहुत बधाई होए वहीं सपा इन सभी का सम्मान हमेशा रहेगी। मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व सांसद तूफानी सरोज ने कहा कि दीपचन्द के सपा आने से मजबूती मिलेगी। दीपचन्द का दल भले ही दूसरा रहा हो लेकिन उनकी सोच सदा समाजवादी विचारधारा की रही है। वे सदा पिछड़े व दलित की आवाज उठाते रहते हैं। वहीं सभी का स्वागत करते हुये दीपचन्द्र राम ने कहा कि आज समाजवादी पार्टी में आकर मेरा पूर्ण रुप से आत्मविश्वास बढ़ा है। हम राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के कदम से कदम मिलाकर चलेंगे। जौनपुर की सीट जीता करके अखिलेश यादव को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाकर ही दम लिया जायेगा।

## बड़ौदा यूपी बैंक के यूनियन का गठन शिवानंद तिवारी अध्यक्ष रमेश महामंत्री बने

**मऊ**। नगर के पृथ्वीराज चौहान पीजी कालेज में बड़ौदा यूपी बैंक कर्मचारियों की बैठक हुई। जिसमें यूनियन का गठन कर शिवानंद तिवारी को अध्यक्ष तथा रमेश खरवार को महामंत्री और लालधर को कोषाध्यक्ष बनाया गया। बैठक की अध्यक्षता इम्प्लाइज एसोसिएशन के अमित राय के मार्गदर्शन में हुई।यूपी इम्प्लाइज फेडरेशन के अध्यक्ष एल के सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि बड़ौदा यूपी बैंक में काम करने वाले दैनिक वेतन भोगीए सफाई कर्मीए एवं ड्राइवर आदि कर्मचारी सेवारत है। रविवार को यूनियन की मऊ क्षेत्र की क्षेत्रीय कार्य समिति का गठन किया गया है। सभी पदाधिकारी अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर धर्मेंद्र यादवए रवि सिंहए हरिनाथए हरिकेश शर्माए अमितए प्रकाश आदि कर्मचारी मौजूद थे।

## अपर पुलिस अधीक्षक डा. रामयश सिंह की हुई विदाई



**देवरिया**। रविवार को पुलिस लाईन देवरिया के मनोरंजन कक्ष में अपर पुलिस अधीक्षक देवरिया डा रामयश सिंह के स्थानान्तरण 4 वीं वाहिनी पीएसी प्रयागराज होने के फलस्वरूपए पुलिस अधीक्षक देवरिया डा श्रीपति मिश्र द्वारा आज उनके विदाई समारोह का आयोजन करते हुए उन्हें स्थानान्तरित जनपद हेतु विदा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय, रूद्रपुर अम्बिका प्रसाद, सलेमपुर श्रीयश त्रिपाठी, भाटपार रानी पंचमलाल, बरहज दिनेश कुमार यादव, निरीक्षक प्रज्ञान डा राधेश्याम शर्मा, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली राजू सिंह, प्रभारी निरीक्षक साइबर सेल देवरिया अनिल कुमार पाण्डेय, प्रतिसार निरीक्षक प्रकाशचन्द्र पाण्डेय पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

## नारी शक्ति व स्वावलंबन को पेंटिंग में उकेरा

**संवाददाता**। देवरिया



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में अंतराष्टीऊ्र महिला दिवस के पूर्व संध्या पर जनपद न्यायालय के एडीआर सेन्टर पर नारी शक्ति एवं स्वावलंबन पर गोष्ठी का आयोजन करते हुये महिलाओं के सामाजिक उत्थान हेतु नारी शक्ति एवं स्वावलंबन पर प्रदर्शनी पेंटिंग लगाकर महिलाओं को जागरूक किया गया। पेंटिंग प्रदर्शनी में नारी स्वावलंबनए नारी ममत्वए नारी हेतु शिक्षाए सामाजिक अवचेतना, कोविड-19 के बच-बचाव में नारी का योगदान चिकित्सक एवं नर्स के रूप मेंए नारी सम्मानए भ्रूण हत्याए दहेज प्रथा आदि बिंदुओं प्रदर्शनी लगायी गयी। जनपद न्यायाधीश द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया द्वारा किये जा रहें कार्यो का सराहना करते हुये कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं के प्रति सम्मानए नारी स्वावलंबन व सामाजिक अवचेतना पर आमजनमानस जागरूक होगा। उन्होंने कहा अभी पूर्व में राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर महिलाओं के जज्बों को सम्मानित किया गया था पुन: अंतराष्टीऊ्र महिला दिवस के शुभ अवसर महिलाओं के सम्मान के प्रति समस्त आमजनमानस को एक साथ आगे आने आह्वान किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के सचिव की पहल पर न्यायालय में कार्यरत महिला पुलिस कर्मी प्रियंका यादव जो अपने 3 वर्ष के बेटे के साथ अपने दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ कार्य कर रही हैं उनको जनपद न्यायाधीश ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। महिलायें जिनमें न्यायालय महिला कर्मीए महिला शिक्षाविद महिला अधिवक्ता, महिला पुलिस कर्मी, विधि के विद्यार्थी तथा विभिन्न आयामों से जुड़ी महिलाओं के सम्मान हेतु आमजनमानस को जागरूक किया गया। जनपद न्यायाधीश ने इस कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं के प्रति सम्मान, सामाजिक अवचेतना और नारी सशक्तिकरण पर आमजनमानस को जागरूक किया।

## छात्रसंघ चुनाव की घोषणा न होने पर फांसी लगाने की दी धमकी

**सकलडीहा,चन्दौली**। सकलडीहा पीजी कॉलेज में छात्र संघ चुनाव कराने को लेकर मामला तूल पकड़ने लगा है। दो दिनों से आमरण अनशन पर बैठे छात्र नेताओं का हालत बिगड़ने से छात्रों में उबाल है। सूचना के बाद भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी तो दूर पुलिस प्रशासन भी मौन है। धरनारत छात्रों ने सोमवार को चुनाव की घोषणा नही होने पर फांसी लगाने की चेतावनी दिया है। जिसे लेकर कॉलेज प्रशासन में खलबली मचा है।सकलडीहा पीजी कॉलेज में चुनाव अधिकारी की ढुलमुल रवैया के कारण दो साल से छात्र संघ का चुनाव नही हो रहा है। पिछले कई दिनों से छात्र संघ चुनाव कराने को लेकर आन्दोलनरत है। चुनाव अधिकारी और कॉलेज प्रशासन के कोरा आश्वासन के कारण छात्र शनिवार से आमरण अनशन पर बैठ गये है। दो दिनों से आमरण अनशन पर बैठे छात्र नेताओं की हालत बिगड़ने पर छात्रों में उबाल है। छात्रों ने चेताया कि सोमवार को दोपहर तक चुनाव की घोषणा नही किया गया तो आमरण अनशन पर बैठे छात्र फांसी लगाकर आत्महत्या करेंगे।अंत में प्राचार्य डा् पीके सिंह को पत्रक देकर अवगत कराया।

## मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला हेल्प डेस्क की कर्मियों को प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण



**देवरिया** । रविवार को पुलिस लाईन देवरिया के प्रेक्षागृह में मिशन शक्ति के अन्तर्गत जनपद देवरिया के समस्त थानों के महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला आरक्षियों को रोटरी क्लब तथा भारत स्काउट एण्ड गाइड्स के तत्वाधान में प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण दिये जाने का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहॉ पर पुलिस अधीक्षक देवरिया डा श्रीपति मिश्र की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए जिला चिकित्सालय देवरिया के डा आरके श्रीवास्तव, सचिव इण्डियन रेड क्रास सोसाइटी देवरिया अखिलेन्द्र शाही,सचिव रोटरी क्लब देवरिया नितिन बरनवाल के सहयोग से समस्त थानों पर महिला हेल्प डेस्क हेतु फर्स्ट एड किट का वितरण समस्त थानों से आयी महिला हेल्प डेस्क की महिला आरक्षियों को वितरित किया गया। तत्पश्चात डा आरके श्रीवास्तव द्वारा महिला पुलिस कर्मियों, प्रशिक्षणाधीन आरक्षियों, अन्य पुलिस कर्मियों एवं उपस्थित पत्रकार बन्धुओं को सम्बोधित करते हुए बताया गया कि मिशन शक्ति के अन्तर्गत समस्त थानों पर महिला हेल्प डेस्क की स्थापना महिलाओं की समस्याओं को सुनने तथा उनके निराकरण हेतु किया गया हैए जहॉ पर प्राय: महिलाएं अपनी समस्याओं को लेकर आती हैं। कभी.कभी मार.पीट में घायल महिलाएं सर्वप्रथम चिकित्सालय जाने की बजाय वह थाने पर उसी अवस्था में आ जाती हैए जिसके लिए नितान्त आवश्यक है कि महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला आरक्षियों को प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी हो जिससे वह घायल अवस्था में थाने पर आयी महिलओं को वहीं पर प्राथमिक चिकत्सा प्रदान कर सकें। इसी क्रम में डा आरके श्रीवास्तव व इण्डियन रेड क्रास सोसाइटी के पदाधिकारियों द्वारा वहॉ उपस्थित समस्त महिला पुलिस कर्मियों को प्राथमिक चिकित्सा के संबन्ध में जानकारी देते हुए उन्हें बताया गया कि यदि किसी महिला को कहीं चोट है तो उसका सर्वप्रथम बैण्डेज कैसे किया जाये।

# बहुत सशक्त हैं महिलाएं : रामलखन

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गोष्ठी आयोजित

**संवाददाता**। चन्दौली



**अंतर्राष्ट्रीय** महिला सप्ताह के अवसर पर एक पत्रिका द्वारा सैयदराजा स्थित राजकीय बालिका इंटर कालेज सैयदराजा के प्रांगण में शनिवार देर शाम को आज की नारी शक्ति विषयक एक संगोष्ठी तथा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में समाज सेवा से जुड़े महान विभूतियों को विभिन्न अवार्डों जैसे राष्ट्रीय स्मिता अवार्डए सेवाश्री अवार्डए कलाश्री अवार्डए मातृशक्ति अवार्ड आदि से नवाजा गया तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसमे जनपद चन्दौली की उड़ीसा में कार्यात डी आई जी कविता जालानए डॉ सरिता मौर्या को विद्या श्री एसमाज मे कार्य करने वाली समाज सेविका प्रियंका गुप्ता व सबा को सेवा श्री एदुर्गेश राजपूत व राकेश रोशन को भी सेवा श्री सम्मानएपूजा व सरिता को कलाश्री इसी क्रम में अध्यापिका विजया को मातृ शक्ति अख्तरी को अपराजिताएतेजस्वी सम्मान स्वेता सिंह को दिया गया। जिसमे कमांडेंट रामलखन, एएसपी प्रेमचंद, कोतवाल लक्ष्मण पर्वत, चेयरमैन के अलावा विद्यालय की पूर्व छात्रा रही आईपीएस अधिकारी कविता जालान के पिता विनय कुमार जालान, दादाश्री आत्माराम जालान, मनोज उपाध्याय, राकेश शर्मा अशोक सैनी,डॉ रत्न कुमार दीक्षित विजय कुमार अनुज जायसवालएमृदुला श्रीमाली, विनय कुमार वर्माएअनूप गुप्ता उपस्थित रहे। सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीआरपीएफ कमांडेंट रामलखन एवं विशिष्ट अतिथि एएसपी प्रेमचंद व चेयरमैन ने संयुक्तरूप से मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं ने बेजोड़ नृत्य कला का एक से बढ़कर एक सुंदर प्रदर्शन किया। जिसमें कक्षा 11 की छात्रा रिजवाना व आकांक्षा ने मांए मेरी मांए प्यारी मांए प्यारी मां के गीत पर थिरकते हुए भाव नृत्य की सुंदर प्रस्तुति की। वहीं कक्षा 10 की छात्राओं में पल्लवी, सानिया, सोनाली, रुचि आदि ने गंगा पर गीत केहू गंगा की नीर ना बिगाड़े, गंगा माता जीवन दाता। ओ मैया सबही के गीत पर सामूहिक नृत्य की अद्भुत छटा बिखेरी। तदुपरांत कक्षा 9 की छात्राओं ने सरस्वती वंदना में जय जय हे भगवती जय मां सरस्वती की सुंदर प्रस्तुति कर सभी अतिथियों को भाव विभोर कर दिया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीआरपीएफ कमांडेंट रामलखन ने महिला सशक्तिकरण पर अपना विचार रखते हुए कहा कि नारी शक्ति की जब बात होती है तो सबसे पहले हमे नारी के अधिकारों की लड़ाई लड़नी होगी। आखिर हम अपने घर की महिलाओं को कैसे कमजोर मान सकते हैं इसका मतलब कहीं ना कहीं हमारे मन मे दुविधा है। उन्होंने कहा कि हमारे देश की महिलाएं कहीं से भी कमजोर नही हैं।

## थारु बस्ती में 156 लोगों की नि:शुल्क जांच की गई, दवा बांटी

### चिकित्सक ने थारु बस्ती के बच्चों के किया सहभोज

**मऊ**। जिले के वरिष्ठ चिकित्सक डॉण् संजय सिंह ने अपने जन्म दिन के अवसर पर थारु बस्ती में निरूशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने 156 लोगों की निरूशुल्क जांच करते हुए दवा वितरण के साथ ही थारु बस्ती के बच्चों के साथ सहभोज भी किया। साथ ही साथ उन्होंने टीबी रोग से पीडित एक बस्ती निवासी को छह हजार रुपये की आर्थिक मदद भी प्रदान किया। निरूशुल्क जांच शिविर के दौरान डॉण् संजय सिंह ने कहा कि अपनी स्थापना के साथ ही थारु बस्ती से परिवार जैसा जुडाव है। रोजमर्रा की व्यस्तता के बीच अपने जन्मदिन पर इनके बीच होकर आत्मा को संतुष्टि मिला। इसके विकास के लिए सतत प्रयास जारी रहेगा। थारु बस्ती संयोजक पुरुषार्थ सिंह ने कहा कि दिल्ली की चकाचौंध को छोड़ अपनी माटी की सेवा का व्रत लेने वाले चिकित्सक हमारे प्रेरणा स्रोत हैं। समाजसेवी सचिंद्र सिंह ने एक आदर्श नागरिक होने के साथ संवेदनशील व्यक्तिव का धनी बताया। डाण् सुजीत सिंह ने कहा कि गरीबों व असहायों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य होता है। इस अवसर पर मुख्य रुप से आदर्श, हड्डी रोग विशेषज्ञ डा के राहुल, डा रुपेश के सिंह,पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मुन्ना दुबे,विकास सिंह निकुंभ, भाजपा नेता भगत सिंह, चैंपियन क्रिकेटर मंजीत सिंह, शिव कुमार सिंह, प्रदीप, मदन, श्रवण,श्रीकिशुन आदि लोग उपस्थित रहे।




## वरिष्ठ नागरिकों के लिए कोविड का नि:शुल्क टीकाकरण शुरू

### कुल चार स्वास्थ्य केंद्र पर होगा टीकाकरण

**संवाददाता**। धानापुर,चन्दौली

वरिष्ठ नागरिकों के लिए कोविड वैक्सिनेशन के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिक टीकाकरण का शुरुआत हो गया है। जिसके लिए धानापुर स्वास्थ्य केंद्रए हिंगुतरगढ़ए जीयनपुर एवं कमालपुर को केंद्र बनाया गया है। जिसकी जानकारी देते हुए चिकित्साधीक्षक डॉ जेपी गुप्ता ने बताया कि टीका लगवाने के लिए भरपूर भोजन करके अपना आधार कार्ड या कोई पहचानपत्र लाना होगा।

किसी बिमारी का इलाज चल रहा है तोए डॉक्टर की पर्ची और दवाओं के नाम लिख कर ले आएं। टीकाकरण में कम से कम एक घंटा लगता है। आधी बांह की कमीजए टीशर्टए कुर्ता पहनकर आएं। साथ ही उन्होंने कहा कि कोविड टीकाकरण एक बहुत ही साधारण सी प्रक्रिया हैए इससे घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है।

# पूर्वांचल विवि में सम्मानित की गयीं तमाम नारी शक्तियां

### विशिष्ट व प्रेरक सम्मान दिये गये

मिशन शक्ति की तरफ से राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी को उनकी अनुपस्थित में सम्मान की घोषणा की गयी। इसके साथ ही लेखिका डा अंकिता राज, स्वास्थ्य के क्षेत्र में कुमुद शर्माए समाजसेवा के लिये डा अंजू रानी, शिक्षिका प्रीति श्रीवास्तव, डा सरोज सिंह, महिला आयोग की सदस्य शशि मौर्यए सुरक्षा के क्षेत्र में तारावती यादवए लायंस क्लब की प्रथम महिला अध्यक्ष सोना बैंकर्स, राष्ट्रीय सेवा योजना में विशेष कार्य करने डा राजश्री को विशिष्ट सम्मान दिया गया। अधिवक्ता मंजू शास्त्री, समाजसेविका आशा मौर्या, सखी वेलफेयर की प्रीति गुप्ता, राष्ट्रीय सेवा योजना की शरियत फातमा,स्वयंसेविका स्नेहा मिश्रा, समाजसेविका किरण श्रीवास्तव, महिला थाना प्रभारी किरण मिश्रा, उषा मौर्या, क्रीड़ा से जुड़ी गीता प्रजापति, समाजसेवा से जुड़ी मंजरी कौर, गूगल गर्ल वैष्णवी, समाजसेविका विमला सिंह को प्रेरक सम्मान से सम्मानित किया गया।

**संवाददाता**। सिद्दीकपुर, जौनपुर

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को विविध क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को कुलपति प्रो निर्मला एसच मौर्य ने सम्मानित किया। महिला सशक्तिकरण सम्मान समारोह मिशन शक्ति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो निर्मला एसण् मौर्य ने कहा कि 21वीं सदी में हर क्षेत्र में महिलाएं अपना परचम लहरा रही हैं। प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं की संख्या तेजी से बढ़ी है। जिस तरह पुरुष की सफलता के पीछे महिला का हाथ होता हैए उसी तरह महिला की सफलता के पीछे भी पुरुष का हाथ और साथ दोनों होता है। इसी क्रम में कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि आज का यह कार्यक्रम महिलाओं को प्रोत्साहित और उत्साहित करने के लिए आयोजित किया गया है। सम्मान समारोह में आंगनवाड़ी, आशा, एएनएमए महिला पुलिस, गायत्री परिवार की महिलाओं समेत प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा में बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इनके अतिरिक्त विशिष्ट और प्रेरक सम्मान भी दिये गये।

## बाबू बैजनाथ शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**जलालपुर, जौनपुर**। बाबू बैजनाथ प्रसाद शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान एवं आशीर्वाद नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कालेज छितौना के सभागार में विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर द्वारा विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जनपद सत्र एवं न्यायाधीश एमपी सिंह द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया। अध्यक्षता डा पीसी विश्वकर्मा न्यायविद् जौनपुर ने किया। स्वागत चेयरमैन डा विनोद कुमार एमएस, आथो सर्जन,एवं डा अंजू चौधरी स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपर जिला जज महेंद्र सिंह,प्रकाश चंद्र शुक्ला, अशोक यादव, अशोक सिंह, रजनीश त्यागी ,मण्डी जी, अंजनी सिंह, सिविल जज फिरोज, न्यायिक मजिस्ट्रेट आलोक वर्माए डा दिलीप सिंह ने न्यायिक प्रक्रिया के बारे में जानकारी दिया। मुख्य अतिथि ने कहा कि लोक अदालत एवं विधिक साक्षरता के माध्यम से सभी निर्धन एवं समस्त जनता को न्याय सस्ता एवं आसानी से प्राप्त हो।

# परिषदीय विद्यालय अब निजी विद्यालय से भी बेहतर: सांसद



भव्य प्रेरणा ज्ञानोत्सव व शिक्षा चौपाल कार्यक्रम

**संवाददाता**। मुफ्तीगंज,जौनपुर

**उच्च** प्राथमिक विद्यालय उमरी तारा के प्रांगण में प्रेरणा ज्ञानोत्सव व शिक्षा चौपाल में बतौर मुख्य अतिथि सांसद मछलीशहर बीपी सरोज ने कहा कि हमारे परिषदीय विद्यालय अब निजी विद्यालयों से बेहतर हैं। हमारे शिक्षक भी निजी विद्यालयों के अपेक्षा अत्यधिक योग्य कुशल व प्रशिक्षित हैं। कार्यक्रम का संचालन कर रही कक्षा 6 की बच्ची आकांक्षा विश्वकर्मा की तारीफ करते हुए सांसद ने कहा कि ऐसा संचालन एक बच्ची द्वारा आज तक नहीं देखा। इसके लिए पूरे विद्यालय परिवार को बधाई कि ऐसे प्रतिभाओं को खोज करके सामने लाकर निखारा और उचित मंच मुहैया कराया। साथ ही सांसद ने बेसिक शिक्षा विभाग में हो रहे रचनात्मक व सकारात्मक परिवर्तन के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण तिवारी के कुशल नेतृत्व की तारीफ किया। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री तिवारी ने बच्चों के सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की तारीफ करते हुए संचालन कर रही कक्षा 6 की बच्ची आकांक्षा को माला पहनाकर सम्मानित किया।

## शिक्षकों की मूलभूत समस्याओं को लेकर माशिसं नवीन ने की बैठक

**जौनपुर**। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ नवीन की जिला इकाई की बैठक जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र प्रताप सरोज की अध्यक्षता में हुई जहां शिक्षकों की पुरानी पेंशन बहाल करने पर रणनीति बनाने एनपीएस के तहत की गयी 10 प्रतिशत की कटौती के साथ राज्यांश ब्याज सहित प्रान खाते में भेजे जाने, चयन बोर्ड से चयनित शिक्षकों का नियुक्ति पत्र निर्गत कर कार्यभार ग्रहण करानेए सत्यापन के बाद प्रथम वेतन लगवाने में व्याप्त भ्रष्टाचार को खत्म करने चयन,प्रोन्नति वेतनमान को समयबद्ध वेतनमान स्वत: मंगाकर लगवाने के लियेए सिटीजन चार्टर ,कार्यालय, लागू करने सहित दर्जनों समस्याओं पर विचारविमर्श किया गया। प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव ने कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय अपनी नाकामी को छिपाने के लिये एनपीएस के बहाने जनपद में विद्यालयों का वेतन फरवरी माह का रोक रखा है जबकि पिछले ढाई वर्ष से शिक्षक कर्मचारियों के वेतन से की जा रही 10 प्रतिशत कटौती उनके प्रान खाते में डीआईओएस कार्यालय द्वारा नहीं भेजा गया है।

# कर्ज में डूबे युवक ने खुद ही रची थी अपने अपहरण की साजिश

## हेम बहादुर ने अपने ही घरवालों को अपहर्ता बनकर मैसेज कर मांगी फिरौती, गया जेल

संवाददाता। प्रतापगढ़

**रेलवे** में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला युवक ने खुद के अपहरण की झूठी साजिश रच डाली। ठगी की रकम न लौटानी पड़े इसके लिए शातिर ने अपने अपहरण की झूठी सूचना घर वालों को दे दी। गायब होकर घरवालों को मैसेज भेज 30 लाख रुपये की फिरौती मांगने लगा। उसके पिता ने पुलिस से शिकायत की तो मामला उजागर हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कई धाराओं में एफआईआर दर्ज की और जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अंतू थाना क्षेत्र में नेवादा गौरा डांड के मूल निवासी राम जियावन वर्मा लालगंज के वर्मा नगर खजुरी में रहते हैं। उनका बेटा हेम बहादुर (30) चार मार्च को घर से निकला तो वापस नहीं आया। दोपहर में उसकी पत्नी व एक अन्य परिचित महिला के मोबाइल नम्बर पर मैसेज आया कि 'हेम बहादुर मेरे कब्जे में है, जिंदा देखना चाहते हो तो 30 लाख रुपये का इंतजाम कर लो, पुलिस और नेतागीरी करने पर लाश भी नहीं नसीब होगी। राम जियावन ने लालगंज पुलिस से गुहार लगाई तो अज्ञात के खिलाफ अपहरण की धारा में एफआईआर दर्ज कर पुलिस छानबीन करने लगी। एएसपी पश्चिमी दिनेश द्विवेदी ने रविवार को पुलिस लाइन में प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि लालगंज पुलिस व स्वॉट टीम की पड़ताल में पता चला कि हेम बहादुर ने रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर दर्जनभर लोगों से कई लाख रुपये ले लिए हैं। रुपये खर्च कर दिए और नौकरी भी नहीं लगवा पाया। इसलिए रुपये मांगने कोई ना कोई रोज आ जाता था। इससे बचने के लिए उसने अपने अपहरण की साजिश रची। वह लखनऊ चला गया और खुद घरवालों को अपहर्ता बनकर मैसेज कर फिरौती मांगने लगा। पुलिस के मुताबिक हेम बहादुर को लगा कि उसके पिता जमीन बेचकर रुपये दे देंगे। जिनको उसे रुपये लौटाना है उनको अपहर्ता बताकर फंसा देगा। इससे उसे रुपये भी नहीं लौटाने पड़ेंगे। उसके पिता ने जमीन बेचने की बजाय पुलिस से शिकायत कर दी और मामला बिगड़ गया। पुलिस ने कानपुर, रायबरेली व लखनऊ में उसकी लोकेशन ट्रेस करते हुए शनिवार रात उसे पकड़ लिया। उसके कब्जे से उसका वह मोबाइल फोन भी बरामद हुआ जिससे फिरौती मांगी जा रही थी।

# भाजपा किसान मोर्चा ने पंचायत चुनाव के लिए कसी कमर

संवाददाता। बाराबंकी

**भारतीय** जनता पार्टी किसान मोर्चा पंचायत चुनाव मैं प्रत्येक वार्ड में अपने 5 कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देगा। यह बात रविवार को भाजपा जिला कार्यलय में बैठक में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री सुधीर कुमार सिंह सिद्धू ने कहीं उन्होंने यह भी कहा कि पंचायत चुनाव भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न है। इस चुनाव में हम घर-घर जाएंगे। किसानों की हितकारी सरकार व भारतीय जनता पार्टी ने जो किसानों के हित में निर्णय लिए हैं उनको जन.जन तक पहुंचाएंगे। देश में एकमात्र भाजपा ही है जो मोदी जी के नेतृत्व में किसानों की चिंता कर रही है। आज किसानों की आय को दोगुना करने का स्वप्न जो पूरा हुआ है, यह मोदी जी की देन है। आने वाले पंचायत चुनाव में इसका परिणाम सामने आएगा।

# मसौली पुलिस के सतत प्रयास से परिजनों से मिली वृद्ध महिला

मसौली ( **बाराबंकी** )। मसौली पुलिस ने सराहनीय पहल करते हुए मानसिक रूप से कमजोर 80 वर्षीय वृद्ध महिला को उसके परिजनों से मिलवाया महिला एक महीने पहले अपने घर जनपद देवरिया से अपनी बेटी की ससुराल जनपद के थाना बड्डूपुर के ग्राम चांदेपुरवा के लिए निकली थी। बेटी एव मां के मिलन से निकली अश्रुधारा से मौके पर मौजूद सभी की आंखे नम हो गयी। उल्लेखनीय हो कि गत 12 फरवरी को पीआरवी 1713 को बांसा- बड़ागांव मार्ग पर स्थित पेट्रोल पम्प के निकट एक 80 वर्षीय वृद्ध महिला भटकती मिली। जिसे पीआरवी पुलिस ने थाने पर लाकर प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र शर्मा के सुपुर्द कर दिया। प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र शर्मा ने मानसिक रूप से बीमार महिला को पहले जिला अस्पताल में भर्ती कराया 10 दिन बाद जब अस्पताल से वापस आयी तो प्रभारी निरीक्षक ने महिला से बातचीत की महिला भोजपुरी भाषा मे मात्र साकरापार खुर्द बैतालपुर ही बता पा रही थी। गोरखपुर एसटीएफ में रहे प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र शर्मा पहले से ही साकरापार से परिचित थे तत्काल वहाँ की पुलिस से सम्पर्क महिला के परिजनों तक पहुँचने का भरसक प्रयास किया परन्तु पता नही चला। परिजनों तक न पहुँचा पाने से थकहार चुकी मसौली पुलिस ने वृद्ध महिला को वृद्धाश्रम में पहुचाँने के लिए बरेली से लेकर लखनऊ तक के वृद्धाश्रम की गणेश परिक्रमा की परन्तु हर जगह पर क्षमता से अधिक वृद्धों की संख्या होने से निराशा मिली। मसौली पुलिस जिला प्रोवेशन अधिकारी से भी मदद की अपील की, परन्तु विभाग द्वारा वृद्ध महिला को कही भी आसरा दिलाने की पहल नही की। महिला एक मार्च से बिना किसी भेदभाव के ब्लाक मुख्यालय के निकट होम में रह रही थी। बेटी एंव नाती को देख फफक्र पड़ी वृद्धा।

# अब तक 306 किसानों को मत्स्य पालन के लिए पट्टे किए आवंटित

## मनरेगा योजना के अंतर्गत तालाबों का हुआ जीर्णोद्धार

संवाददाता। अमेठी

**गत** वर्ष कोरोना काल के दौरान मनरेगा योजना अंतर्गत प्रदेश के बाहर से आए हुए 18591 प्रवासी श्रमिकों एवं जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों के श्रमिक परिवार जो मनरेगा योजना अंतर्गत कार्य करने के इच्छुक थेए उनकी सहायता से खुदवाए गए तालाबों को अब मछली पालन हेतु पट्टे पर दिए जा रहे हैं।

इससे ना सिर्फकिसानों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे बल्कि उनकी आय भी दोगुनी होगी। डीएम अरुण कुमार ने बताया कि इसके लिए राजस्व विभाग द्वारा कारवाई की जा रही है। गत वर्ष कोरोना काल में देश के विभिन्न हिस्सों से अपने घर वापस लौटे प्रवासी मजदूरों को मनरेगा योजना के अंतर्गत विभिन्न विकास खंडों की ग्राम पंचायतों में रोजगार देते हुए 18592 प्रवासी मजदूरों के सहयोग से ग्रामीण इलाकों में 20 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल वाले तालाबों पर राजस्व अधिकारियों द्वारा मत्स्य पालन हेतु पट्टा आवंटित करते हुए रोजगार के अवसर विकसित किए गए। योजना के अंतर्गत मुसाफिरखाना तहसील के जगदीशपुर के 71 ग्राम पंचायतों में स्थित 270 तालाबों का जीर्णोद्धार कराते हुए खुदाई हुई वहीं शुक्ल बाजार के 54 व मुसाफिरखाना की 56 ग्राम पंचायतों मे 100-100 तालाबों को योजना के अंतर्गत शामिल करते हुए रोजगार के अवसर विकसित किए गए हैं। तिलोई के बहादुरपुर की 34 सिंहपुर की 58 व तिलोई की 59 ग्राम पंचायतों में क्रमश:174 206 व 204 तालाब जो राजस्व अभिलेखों में दर्ज थे को खुदाई कार्य पूर्ण कराया गया। अमेठी तहसील अन्तर्गत अमेठी ब्लॉक के 50 ग्राम पंचायतों 71 भादर की 53 ग्राम पंचायतों में 140 की भेटूवा की 47 ग्राम पंचायतों में 177 व संग्रामपुर की 37 ग्राम पंचायतों में 124 गौरीगंज विकास खंड की 58 ग्राम पंचायतों में 206 जामो की 66 ग्राम पंचायतों में 203 व शाहगढ़ की 39 ग्राम पंचायतों में 125 तालाबों को योजना में अच्छादित किया गया है। के लगभग एक हेक्टेयर भूमि पर गेहूं, धान, गन्ना आदि फसलों के उत्पादन पर लगभग रुपये 90 हजार से सवा लाख तक वार्षिक लाभ होता है जबकि इतनी ही भूमि पर तालाब में मछली पालन कर कृषकों की वार्षिक आमदनी लगभग ढाई लाख रुपये तक हो सकती है।

# कार दुर्घटना दो युवकों की मौत, दो की हालत गम्भीर

संवाददाता। प्रतापगढ़

**थाना** रानीगंज के लच्छीपुर बाजार के पास एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार सवार चार लोगों में जहां दो युवकों की मौत हो गई वही दो को गंभीर हालत में जिला अस्पताल से प्रयागराज रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद कानपुर के नौबस्ता थाना क्षेत्र में आवास विकास हंसपुरम निवासी हरिश्चंद्र शुक्ल का बेटा निखिल (24), नौबस्ता निवासी रमेशचंद्र सैनी का बेटा पवन (24) और किदवई नगर कानपुर निवासी विजय पाल सिंह के दो बेटे साहिल (23) व आर्यन (21) एक गैर सरकारी संस्था (एनजीओ) में काम करते हैं। संस्था के किसी काम से चारों युवक एक कार से कानपुर से वाराणसी जा रहे थे। रविवार सुबह करीब पांच बजे उनकी कार लच्छीपुर बाजार के पास स्थित टंडवा के करीब मोड़ पर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जाकर चिलबिल के पेड़ से टकरा गई।

तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण व सेना एवं पुलिस भर्ती की तैयारी के लिए दौड़ लगा रहे युवक भागकर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। कार से निकालकर चारों को रानीगंज सीएचसी फिर जिला अस्पताल भेजा गया। वहां डॉक्टरों ने पवन सैनी व साहिल सिंह को मृत घोषित कर दिया और निखिल व आर्यन की हालत गंभीर देख प्रयागराज रेफर कर दिया।

## घायल युवक की इलाज के दौरान मृत्यु

मसौली बाराबंकी। शनिवार को डीजल लेकर आ रहे बाईक सवार के अनियंत्रित होकर गिरने से घायल युवक की इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। परिजनों ने पोस्टमार्टम के बाद मृतक का दाह संस्कार कर दिया है।

## कांवड़ियों के साथ सेवादारों की बढ़ी तादात

**बाराबंकी**। जैसै-जैसे महाशिवरात्रि का पर्व नजदीक आ रहा है वैसे.वैसे कावरियो के आगमन भी तेज हो गया है। इसी के साथ सेवादारों की तादाद भी बढ़ती जा रही है। जगह-जगह कैंप लगाकर सेवादार रात दिन कावरियो की सेवा मे लगे है । कोई जलपान करा रहा है तो अन्य फल इत्यादि को प्रसाद के रूप मे वितरण कर पुण्य कमा रहा है इसको लेकर सामाजिक लोगो मे होड़ लगी है। बाबा केदारनाथ सेवा समिति भी इसमे पीछे नही है। बीते दो दिनो से पटेल तिराहे पर भण्डारा संचालित करवा रहा है ।समिति के उपाध्यक्ष डाण्वीरेन्द्र वर्मा ने बताया कि सेवाभाव से जो सुख प्राप्त होता है वह किसी और मे नही है इसी उद्देश्य को लेकर सेवा समिति कई वर्षों से निरन्तर कार्य कर रही है ।

अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, संरक्षक रामेश्वर पांडेय, शिव कुमार सिंह, मनोज शुक्ला, सुन्दर लाल यादव, सुशील गुप्ता, बाला जी समेत दर्जनो लोग सेवाभाव मे लगे है ।

# 54 जोड़ों ने दाम्पत्य जीवन में किया प्रवेश



संवाददाता। फतेहपुर (बाराबंकी)

**रविवार** को कस्बे के साई पीजी कालेज में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 54 जोड़ों नें वेदमन्त्रों की गूंज और मंगल ध्वनि के बीच दाम्पत्य जीवन मे प्रवेश किया। वहीं दो मुस्लिम समुदाय के जोड़ो का विवाह मौलवी द्वारा कराया गया। विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा ने सरकार की ओर से सभी वर वधु को आशीर्वाद स्वरूप घरेलू सामान भेंट किए गए। इस अवसर पर उन्होंने कहा की हमारी सरकार ने कई जन कल्याणकारी योजनाओं को चलाया है। उसी में यह एक योजना मुख्यमंत्री समूहिक विवाह योजना है। इस योजना से उन कन्याओं का सरकार द्वारा विवाह कराया जाता है। जिनके माता पिता अपनी बेटी की शादी करने में अपने को कमजोर महसूस करते है।

# जन आरोग्य योजना के तहत निशुल्क बनेंगे गोल्डन कार्ड

संवाददाता। ललितपुर

**जिलाधिकारी** ए. दिनेशकुमार की अध्यक्षता में शासन के नवीन विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों के निर्धारित 37 प्रपत्रों पर माह फरवरी तक की प्रगति की समीक्षा बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा समस्त विभागों के विकास कार्यों की बिंदुवार समीक्षा प्रारंभ की गयी।

बैठक में अवैध कब्जों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन लोगों ने सरकारी हैंडपंपों में व्यक्तिगत समरसेबल डाल रखी है ऐसे लोगों को चिन्हित कर उन पर कार्रवाई करें। इसके उपरांत जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि जनपद में कई सरकारी विभागों से विद्युत बिल बकाया है जिनमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय बेसिक शिक्षा विभाग कृषि विभाग जैसे कई अन्य विभाग शामिल हैं। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन विभागों के विद्युत देयक बाकी हैं वह शासन से उक्त धनराशि की मांग कर सिगराते क्षेत्र विद्युत बिल जमा कराएं।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना के तहत जनपद में 89435 लाभार्थी परिवार है जिनमें से अब तक 93385 परिवारों के गोल्डन कार्ड बनाये जा चुके है। इसके साथ ही बताया गया कि जनपद में रोगियों को लाने.ले जाने के लिये 102 की 16 व 108 की 22 एम्बुलेन्स संचालित हैं। इस पर जिलाधिकारी द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करें साथ ही शासन द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि अब से गोल्डन कार्ड निशुल्क बनाए जाएंगे तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि अब से सभी नए लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड नि:शुल्क ही बनाये जाएं।

# शिवाला महोत्सव की तैयारियों का सदर विधायक ने लिया जायजा



संवाददाता। प्रतापगढ़

**सदर** विधानसभा क्षेत्र के पूरे ईश्वरनाथ स्थित शिवाला मंदिर पर 10 मार्च से आयोजित होने वाले दो दिवसीय शिवाला महोत्सव का जायजा लेने रविवार को सदर विधायक राजकुमार पाल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सर्वप्रथम भगवान भोलेनाथ के चौखट पर माथा टेक कर लोगों की कुशलता की दुआ मांगा। इसके उपरांत उन्होंने होने वाले कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया तथा मंदिर की साफ- सफाई व रंगाई-पुताई को भी देखा। इस दौरान सदर विधायक राजकुमार पाल ने आयोजक गणों से कार्यक्रम के संदर्भ में जानकारी हासिल की। आयोजक गणों द्वारा लिए गए निर्णय और कार्यक्रमों की विधायक ने सराहना करते हुए लोगों से वार्ता कर हर तैयारी पर नजर रखे रहने का आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। इस दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में शिवेश शुक्ल ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 10 मार्च को गरीब,असहाय के लिए निशुल्क स्वास्थ्य कैंप के आयोजन के साथ ही विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम व महिलाओं को आत्मरक्षा हेतु गुर सिखाए जाने का कार्यक्रम तथा विविध मनोहर झांकियां आयोजित की गई है। 11 मार्च को सम्मान समारोह के साथ ही विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। श्री शुक्ल ने बताया कि महोत्सव की तैयारी तेज कर दी गई है।

# जले दीपक का नाम है भरत: स्वामी रामभद्राचार्य

संवाददाता। गौरीगंज ( **अमेठी** )



**रणंजय** इंटर कालेज मैदान में चल रही श्री रामकथा के सातवें दिन भरत चरितएसमुद्र से निकले 14 रत्नों की कथा सुनाते हुए स्वामी रामभद्राचार्य ने कहा कि भगवान का प्रेम ही सही पुरुषार्थ है। धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष क्षणिक पुरुषार्थ हैं। केवल भगवान के प्रति मन में प्रेम की उत्पत्ति ही व्यक्ति का सही पुरुषार्थ है। पत्नि का पति से या पति का पत्नि से प्रेम, प्रेम नहीं होता। प्रेम केवल नित्य जीव का ईश्वर से होता है। प्रेम वासना मूलक नहीं उपासना मूलक होता है। गोपियों का प्रेमए प्रेम तो है लेकिन प्रथम नहीं, प्रेम जन्मा कहाँ से इसकी व्याख्या करते हुए कहा कि प्रेम की जन्मदात्री गोपियां नहीं है। प्रेम का जन्म भरत से होता है। गोपियों ने प्रेम के दौरान कृष्ण को कई तानेए उलाहने दिए, लेकिन श्री राम के प्रेम उपासक भैया भरत ने कभी स्वप्न में भी नहीं कहा कि मैंने आपके लिए राजपाट छोड़ दिया। भरत के तीन शब्दों भ, र तथा त की व्याख्या करते हुए उन्होंने बताया कि भ माने भक्ति, र माने रस, त माने तत्व । भक्ति रस गंगा, राम रस रूपी यमुना और ज्ञान तत्व सरस्वती का जहां प्रवाह है उस प्रयाग का नाम है भरत। भ के पांच शब्दार्थ भगवान, भक्त, भक्ति, भाव और भजन में जो रत वही भरत है। पूजा में दीपक 12वें स्थान पर है । इसी प्रकार कैकेयी के 12 कष्टों राम, लक्ष्मण, सीता वनवास, दशरथ मरण, विधवापन, अपयश, शोक, संताप, कुराज्य, अपमान, अकाज के बाद भरत का नाम आता है। जानहुं भरत सकल कुलदीपा व्याख्या करते हुए कहा कि दीपक में तीन चीजें होती हैं बाती, घी और अग्नि। 14 वर्ष की राम भक्ति रूपी बाती, राम के प्रति प्रेम का घी, राम के बिरह की अग्नि इन तीनों से जले दीपक का नाम है भरत।

# महाविद्यालय के कक्ष लोकार्पण व प्रशासनिक भवन का लोकापर्ण

सिरौलीगौसपुर (बाराबंकी)। विधान परिषद सदस्य व शिक्षक विधायक ने महाविद्यालय में बनाये गए कक्ष लोकार्पण एवं प्रशासनिक भवन का किया उद्घाटन किया। श्री संत कबीर संत भगवान रामशरण महाविद्यालय बाबा पुरवा डूडी लालगंज में कक्ष लोकार्पण एवं श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया।

जिसमें क्षेत्र के डिग्री कॉलेज के प्रबंधक सहित तमाम संभ्रांत लोग मौजूद रहे। रविवार को ग्राम पंचायत बाबा पुरवा मजरे डूडी के श्रीसंत कबीर संत भगवान रामशरण महाविद्यालय में कक्ष लोकार्पण एवं प्रशासनिक भवन का उद्घाटन तथा ब्रह्मलीन महंत श्री हरि नाम गोस्वामी संस्था अध्यक्ष की श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम कवि सम्मेलन स्वागत सम्मान समारोह आदि कार्यक्रम किए गए।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में गरीबों का हो रहा बेहतर इलाज: डा. त्रिपाठी



संवाददाता। जगदीशपुर (अमेठी)

**मुख्यमंत्री** जन आरोग्य मेले से गरीबों का हो रहा इलाज उक्त बातें डॉक्टर प्रदीप त्रिपाठी ने रानीगंज पीएचसी पर स्वास्थ्य शिविर के दौरान कही।

जगदीशपुर विकास खण्ड के अंतर्गत रानीगंज बाजार स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर डॉक्टर प्रदीप त्रिपाठी व डॉक्टर प्रज्ञा बाजपेयी के कुशल नेतृत्व में शासन के निर्देश पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया जहाँ मरीजों की शुगर बीपी मलेरिया टाइफाइड टीबी कोविड-19 व गर्भवती महिलाओं की जांच कर उन्हें नि:शुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। वहीं स्वास्थ्य मेले के दौरान डॉक्टर प्रदीप त्रिपाठी ने कहा कि मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले से गरीबों का इलाज हो रहा है शासन की मंशा के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को गांव में ही अच्छी स्वास्थय सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। थौरी पीएचसी अधीक्षक डॉक्टर इला सिंह ने कहा कि क्षेत्र के रहने वाले गरीब मजदूर व असहाय लोग इसका लाभ उठा रहे हैं जिससे लोगों को गांव में ही अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही है। इस मौके पर रानीगंज फार्मासिस्ट पुष्पेंद्र तिवारी रमेश कुमार होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर कुल भास्कर, जितेंद्र कुमार, यूनानी चिकित्सक डॉक्टर मोहम्मद शोएब, डॉक्टर अम्बर, रमेश श्रीवास्तव, राम सुमेर, नूतन सिंह, ताबारकुन, निशा सुमन, शकुन्तला, शिव लली, सुभाष तिवारी सहित तमाम कर्मचारियों के साथ साथ सैकड़ों मरीज मौजूद रहे।

## जूनियर बार एसो. का चुनाव 24 को

**प्रतापगढ़**। जूनियर बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के चुनाव के लिए सोमवार से नामांकन से होगा। 24 मार्च को मतदान कराया जाएगा। एल्डर कमेटी के चेयरमैन देवनारायण शुक्ल ने बताया कि सोमवार व मंगलवार को सुबह 10 से अपरान्ह तीन बजे तक नामांकन होगा। 10 मार्च को आपत्तियां ली जाएंगी और उसी दिन उनका निस्तारण भी होगा। 11 मार्च को नाम वापस लिए जाएंगे। मतगणना 25 मार्च को सुबह आठ बजे से कराई जाएगी। उन्होने बताया कि जूनियर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों को सात हजार रुपये शुल्क देना होगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशी को पांच हजार, उपाध्यक्ष को चार हजार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए तीन हजार, संयुक्त मंत्री और कार्यकारिणी सदस्य पद के प्रत्याशियों को दो-दो हजार रुपये शुल्क देना होगा।

## डीएम ने टास्क फोर्स का किया गठन

**प्रतापगढ़**। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के लिए डीएम ने टास्क फोर्स का गठन किया है। इसमें सीडीओ अध्यक्ष व डीआईओएस को सचिव नामित किया गया है। इसके अलावा आठ सदस्य व 13 आमंत्रित सदस्य भी नामित किए गए हैं।डीएम डॉ. नितिन बंसल ने टास्क फोर्स में कौशिल्या देवी राजकीय महिला महाविद्यालय ढिढुई की प्राचार्य को उपाध्यक्ष नामित किया है। इसके अलावा डायट प्राचार्य, डीआईओएस, बीएसए, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, डीपीआरओ, डीपीओ, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र तथा राजकीय पॉलीटेक्निक के प्राचार्य को सदस्य नामित किया गया है। आमंत्रित सदस्यों में एमडीपीजी कालेज, न्यू एंजिल्स, प्रभात एकेडमी, संत एंथोनी, जीजीआईसी, गुलशने मदीना, जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य हैं। इसके अलावा छह स्कूलों के प्रबंधक, प्रवक्ता व सामाजिक संस्था को भी आमंत्रित सदस्य में शामिल किया गया है।

## आज के दौर में महिलाएं हर क्षेत्र में आगे

**बाराबंकी**। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को गाडगे यूथ ब्रिगेड व राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ओर सेभुहेरा गांव में वृद्ध आश्रम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां परमहिलाओं को फल वितरण किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार व महामंत्री संतोष वर्मा ने कहा कि आज के दौर में महिलाएं हर क्षेत्र में आगे हैं। चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो या फिर खेल का क्षेत्र हो, इसके अलावा हर क्षेत्र में महिलाएं उत्कृष्ट कार्य कर रही है। कार्यक्रम में संघ के मीडिया प्रभारी अतुल दिवाकर ने केक काटकर बुजुर्ग महिलाओं को वितरित किया। इस अवसर पर शेखर चौधरी, मनीष कनौजिया, विकास शुक्ला, सूरज वर्मा, धीरेंद्र प्रताप सिंह, पर्यावरण प्रेमी विजय प्रताप सिंह, पवन शंकर दीक्षित, पवन, मनीष, दिवाकर वर्मा, लाल बहादुर, अमित आदि मौजूद रहे।

## मेडिकल कैम्प का आयोजन

**बाराबांकी**। रविवार को निशुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन रैनबो चिल्ड्रेन एवम आर्थो स्पाइन क्लीनिक के द्वारा किया गया। जिसमें सैकड़ों मरीजों को देख कर जांच भी की गई। मसौली थाना क्षेत्र सहादगंज में रैनबो चिल्ड्रन एवम आर्थो स्पाइन क्लीनिक द्वारा रविवार को निशुल्क मेडिकल कैंप लगया गया था। जिसमें कई गांव के लोग दिखाने और जांच कराने के लिए आए हुए थे। कैंप में डा.निसार अंसारी, डा. मो काशिफ, डॉक्टर एम जावेद व डॉक्टर इमरान द्वारा निशुल्क परामर्श, दवा एवं सहारा पैथोलॉजी की तरफ से मुफ्त ब्लड जांच की गई। इस अवसर पर असरार अंसारी, अजीमुददीन, एडवोकेट एहतिशाम, ईमामुल, शाकिर, डा जकीउददीन,डा. जहीर आदि लोग मौजूद रहे।

## निर्मल मन से भगवान की पूजा करें

**फतेहपुर**।कस्बे के जैन सन्मति भवन में चल रहे आठ दिवसीय आनन्द महोत्सव के पांचवे दिन रविवार को भावलिंगी श्रमणाचार्य विमर्श सागर गुरुदेव के सानिध्य में भगवान का अभिषेक शांतिधारा आरती की गई। आचार्य श्री ने अपने प्रवचन में कहा कि भगवान की पूजा निर्मल व स्वच्छ मन से करनी चाहिये। भगवान की आराधना आत्मा के निर्मल भावों के सिवाय अन्य कोई उपाय नही है।आत्म कल्याण के लिये प्रभु की आराधना सच्चे व पवित्र मन से ही करनी चाहिए।कर्मों का नाश करने के लिये इसके अलावा कोई दूसरा मार्ग नही है। शाम को आरतीए गुरुवंदनाएआरती की गई।

## महाशिवरात्रि महापर्व 11 को

**बाराबंकी**। महाशिवरात्रि का पर्व 11 मार्च को है। इस दिन हजारों की संख्या मे कांवरिएं समेत तमाम श्रद्धालु प्रसिद्ध महादेव मंदिर पर जलाभिषेक कर भगवान भोले को प्रसन्न कर मनोवांछित फल की कामना करते है । इससे पूर्व कावरियो के आगमन का सिलसिला पहले से ही शुरू हो जाता है । यहा इस अवसर पर मेला भी लगता है, जिसे फाल्गुनी मेला भी कहते है । उन्नाव, बिठूर, जालौन, झांसी के अलावा कई प्रान्तों से आने वाले कांवड़ियों की आमद से सड़क पर लाइन लगी है। हर हर महादेव का उदघोष करते हुए कांवड़िये जत्था के जत्था चलते है। पुरुष कांवड़ियो के साथ साथ महिलाए भी कन्धे से कन्धा मिलाकर चल रही है ।

## 72 केंद्रों पर बुजुर्गों को लगाया जाएगा टीका

**प्रतापगढ़**। स्वास्थ्य विभाग सोमवार को कोरोना टीकाकरण का वृहद अभियान शुरू करेगा। इसके लिए जिले में कुल 72 केंद्र तय किए गए हैं। इन केंद्रों पर सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक बुजुर्ग व गंभीर रोग से ग्रसित लोग टीका लगवा सकेंगे। सहायक जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. महेश कुमार सिंह ने बताया कि टीकाकरण के लिए मुख्यालय पर जिला अस्पताल, जिला महिला अस्पताल के साथ संडवा चंद्रिका व लक्ष्मणपुर ब्लॉक में पांच-पांच केंद्र एवं शेष 15 ब्लॉकों में चार-चार केंद्र तय किए गए हैं। इनमें सीएचसी, पीएचसी, एपीएचसी, स्वास्थ्य केंद्र आदि शामिल हैं। सीएमओ डॉ. अरविंद कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि जिले के बुजुर्ग व बीमारों को कम समय में टीका लगाने के लिए टीकाकरण केंद्र बढ़ाए गए हैं।

## वर्षा राजे कुश्ती में बनी स्टेट चौंपियन

**प्रतापगढ़**। कंधई के आसलपुर निवासी वर्षा राजे कुश्ती में जूनियर स्टेट चौंपियन बन गई है। इस कामयाबी के कारण उसका चयन कर्नाटक में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। इंटर कॉलेज के शिक्षक विनोद कुमार की बेटी वर्षा राजे मिर्जापुर के सत्य नारायण खेल संस्थान में कोच विनोद यादव के निर्देशन में कुश्ती का अभ्यास करती है। 5 व 6 मार्च को नोएडा में आयोजित राज्यस्तरीय जूनियर ओपन कुश्ती प्रतियोगिता में उसने प्रतिभाग किया। इसमें उसने विरोधी पहलवानों को चित करते हुए 73 किलोग्राम भारवर्ग में पहला स्थान हासिल किया। अब वर्षा राजे का चयन 18 व 19 मार्च को कर्नाटक में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

## तीन परिवारों का कराया मिलन



**ललितपुर**। स्थानीय पुलिस लाइन्स सभागार में पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार के निर्देशन में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया। प्रोजेक्ट नई किरण में पांच परिवारों को बुलाया गया। नई किरण मे तीन मामले में दोनों पक्ष आये जिनमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद तीनों परिवारों में समझौता कराया गया। सभी परिवार खुशी से साथ रहने को तैयार हो गये व दो मामलों में अग्रिम तिथि दी गई। इस पुनीत कार्य में प्रोजेक्ट के सदस्य डॉ दीपक चौबे, अजय बरया, डा संजीव कुमार शर्मा, मनोवैज्ञानिक एडवोकेट अरमान करैशी नई किरण में महिला थानाध्यक्ष नीतू सिंह महिला प्रकोष्ठ प्रभारी उपनिरीक्षक मनोज सिंह ,महिला आरक्षी अर्चना राजपूत, महिला आरक्षी दिव्या विश्वकर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा ।